I.19 वैश्विक व्यापार की मात्रा और पण्य कीमतों में गिरावट के कारण 2023-24 में भारत के व्यापारिक निर्यात में कमी आई। 2023-24 में, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में, व्यापारिक निर्यात में 3.1 प्रतिशत की गिरावट तथा आयात में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई। परिणामस्वरूप, 2023-24 के दौरान भारत का पण्य व्यापार घाटा एक साल पहले के 264.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम होकर 238.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। मजबूत सेवा निर्यात और आवक विप्रेषण के स्थिर प्रवाह के कारण अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान सीएडी घटकर सकल घरेलू उत्पाद का 1.2 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.6 प्रतिशत था।

I.20 बेहतर आर्थिक संवृद्धि और घरेलू समष्टि आर्थिक बुनियादी स्थितियों में सुधार के कारण 2023-24 के दौरान पूंजी प्रवाह मजबूत रहा। निवल विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह में 2023-24 में 41.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का महत्वपूर्ण परिवर्तन दर्ज किया गया, जो 2014-15 (45.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरा उच्चतम है। वर्ष के दौरान ईएमई साथियों के बीच भारत को सबसे अधिक निवल एफपीआई प्राप्त हुआ। 2023-24 में सकल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह 71.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर बना रहा, जो मोटे तौर पर एक साल पहले 71.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर था। तथापि, निवल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह मुख्य रूप से उच्च प्रत्यावर्तन के कारण 28.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम होकर 10.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो

गया। अन्य प्रमुख पूंजी प्रवाह - बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) और अनिवासी जमा - वर्ष के दौरान अधिक थे। समग्र निवल पूंजी प्रवाह सीएडी से अधिक होने के साथ, अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 32.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर (भुगतान संतुलन के आधार पर, अर्थात मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर) की वृद्धि हुई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 17 मई 2024 को 648.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जिससे 11.4 महीने का आयात और बाहरी क्षेत्र के जोखिमों और प्रतिकूल स्पिलओवर से बचाव किया जा सकता है।

I.21 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) बेहतर स्तर पर पूंजीकृत रहे। उन्होंने सितंबर 2023 के अंत तक विनियामक न्यूनतम से ऊपर पूंजी पर्याप्तता बनाए रखी। 2023-24 के दौरान बैंक ऋण वृद्धि में गति बनी रही। सितंबर 2023 के अंत में सकल अनर्जक अस्तियों (जीएनपीए) में कमी आई और एससीबी की आस्ति गुणवत्ता में और सुधार हुआ। इक्विटी प्रतिलाभ (आरओई) और आस्ति प्रतिलाभ (आरओए) जैसे लाभप्रदता संकेतक भी मजबूत थे। ऋण जोखिम संबंधी समष्टि दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि एससीबी गंभीर दबाव परिदृश्य में भी, समग्र और व्यक्तिगत बैंक, दोनों स्तरों पर न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं का अनुपालन करने की स्थिति में होंगे।

I.22 सितंबर 2023 के अंत तक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की पूंजी पर्याप्तता संतोषजनक स्तर पर थी और आस्ति गुणवत्ता में सुधार था। लाभप्रदता के मोर्चे पर आरओए और निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) मजबूत थे और लागत-आय अनुपात में सुधार था। खुदरा ऋण की मांग के कारण ऋण वृद्धि मजबूत बनी रही। शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) की पूंजी पर्याप्तता में सुधार हुआ। सितंबर 2023 में उनका जोखिम-भारित आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) सभी स्तरों पर न्यूनतम आवश्यकता को पार कर गया।

I.23 अभिशासन, जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और पूंजी बफर को मजबूत करने की दिशा में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप वर्ष के दौरान कई विनियामकीय और पर्यवेक्षी दिशानिर्देश जारी किए गए। विनियामकीय दिशानिर्देशों में शामिल हैं: (ए) डिजिटल ऋण में चूक हानि की गारंटी; (बी) समझौता निपटारा और तकनीकी राइट ऑफ के लिए ढांचा; (सी) वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो के वर्गीकरण, मूल्यांकन, संचालन के लिए विवेकपूर्ण मानदंड; (डी) परिचालन जोखिम के लिए न्यूनतम पूंजी आवश्यकताएं; और (ई) यूसीबी के लिए एक छत्र संगठन की स्थापना। जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिमों पर सार्वजनिक परामर्श के लिए फरवरी 2024 में प्रकटीकरण रूपरेखा का एक मसौदा जारी किया गया।

I.24 पर्यवेक्षण पक्ष की बात करें तो रिज़र्व बैंक अभिशासन और आश्वासन कार्यों से संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं के निष्पादन और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षित संस्थाओं (एसई) के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। रिज़र्व बैंक ने प्रमुख पर्यवेक्षित संस्थाओं का व्यापक रूप से ऑनसाइट साइबर जोखिम मूल्यांकन किया। पहचान किए गए जोखिम क्षेत्रों में अनुपालन की बारीकी से निगरानी के अलावा अधिक यूसीबी और चुनिंदा एनबीएफसी को शामिल करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जांच के दायरे का विस्तार किया गया। *दक्ष*[6], जो एक सुप-टेक साधन है, के प्रयोग ने एसई के लिए जोखिम जानकारी के संचार और प्रसार को काफी हद तक बेहतर किया। 14 दिसंबर 2021 को एनबीएफसी (सरकारी एनबीएफसी को छोड़कर) के लिए जारी किए गए 'त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई' (पीसीए) ढांचे में 1 अक्टूबर 2024 से सरकारी एनबीएफसी (बेस लेयर की एनबीएफसी को छोड़कर) को शामिल किया गया।

I.25 2023-24 के दौरान रिज़र्व बैंक ने केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा-खुदरा (e₹-R) के साथ-साथ e₹-थोक (e₹-W) क्षेत्रों में उनकी विभिन्न उपयोगिता के मामलों पर प्रायोगिक

6 बैंक की उन्नत पर्यवेक्षी निगरानी प्रणाली।

कार्यक्रम आयोजित किए। सीबीडीसी-आर क्षेत्र के प्रायोगिक प्रयोग में 15 बैंकों और 81 स्थानों को शामिल किया गया। यूपीआई स्वीकृती संरचना ढांचे का लाभ उठाने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) और सीबीडीसी के बीच अंतरपरिचालनीयता की शुरुआत की गई ताकि उपयोगकर्ताओं को सुविधा और सहजता उपलब्ध कराई जा सके। e₹-W की तकनीकी संरचना में बदलाव किया गया और अंतरबैंक ऋण और उधार लेनदेनों को शामिल करने के लिए उसका दायरा बढ़ाया गया।

I.26 ऋण के सभी क्षेत्रों में, जहां नियम-आधारित ऋण देना संभव है, वहां लागत में कमी, त्वरित संवितरण और दायरा बढ़ाने के मामले में दक्षता लाने के उद्देश्य से रिज़र्व बैंक द्वारा एक बाधा रहित ऋण सार्वजनिक तकनीक व्यवस्था (पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म फॉर फ्रिक्शनलेस क्रेडिट)(पीटीपीएफसी) की संकल्पना की गई जिसे रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) द्वारा विकसित किया गया। इसके लिए 2022 में आयोजित डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और डिजिटल डेयरी परियोजनाओं के प्रायोगिक प्रयोग से प्राप्त अनुभवों का उपयोग किया गया। इस व्यवस्था का प्रायोगिक प्रयोग 17 अगस्त 2023 को शुरू हुआ और हितधारकों से मिले अनुभव और प्रतिसूचना के आधार पर इसमें अधिक उत्पादों, डेटा प्रदाताओं और ऋणदाताओं को शामिल करने के लिए इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है।

I.27 ऑनलाइन रिटेल और ई-कॉमर्स क्षेत्र के तीव्र गति के साथ बढ़ने तथा टियर 2 और टियर 3 केंद्रों में उनकी बढ़ती स्वीकार्यता से कार्ड माध्यम से लेनदेनों में समग्र वृद्धि हुई है। *भारत बिल* भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) ने अपनी गति बनाए रखी। इस प्रणाली से देश भर में 1,272 डिजिटल और लगभग 92 लाख भौतिक आउटलेट के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 21,000 से अधिक बिलकर्ताओं को बिल संग्रह और भुगतान की सुविधा मिली। वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक बेहतर पहुंच के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक डेटा विनिमय की सुविधा के रूप में डिज़ाइन किए गए अकाउंट एग्रीगेटर (एए) पारितंत्र ने बेहतर वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 के दौरान नए जुड़े खातों और सहमति अनुरोधों की संख्या 10 गुना बढ़ गई। इन सभी के साथ *आधार* के माध्यम से सफल ई-केवाईसी अधिप्रमाणन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्तीय क्षेत्र के डिजिटलीकरण-संचालित कायापलट का प्रतीक है।

I.28 अन्य भुगतान माध्यमों के साथ ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए रिज़र्व बैंक ने ई-रुपी (ई-आरयूपीआई) वाउचर (उद्देश्य-विशिष्ट डिजिटल वाउचर) के दायरे और पहुंच का विस्तार किया, बीबीपीएस प्रक्रियाओं और सदस्यता मानदंडों को सुव्यवस्थित किया, और कार्ड जारीकर्ताओं को इस आशय का एक परिपत्र जारी किया कि वे ग्राहकों को अपने कार्ड जारी करने के लिए एकाधिक कार्ड नेटवर्क में से चयन करने की सुविधा प्रदान करें। विभिन्न प्रकार के डिजिटल भुगतान विकल्पों का जैसे-जैसे उपयोग बढ़ा, तदनुसार उन्हें उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। 2023-24 में कुल डिजिटल भुगतान में मात्रा और मूल्य के संदर्भ में क्रमशः 44.3 प्रतिशत और 16.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष में क्रमशः 58.3 प्रतिशत और 19.7 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर थी।

I.29 मार्च 2024 में एक ही महीने में 13 बिलियन लेनदेनों को पार करके यूपीआई प्लेटफॉर्म ने महत्वपूर्ण उंचाइयां हासिल कीं। इसकी संख्या में एक और बिलियन जोड़ने में लगने वाले समय में उल्लेखनीय कमी और औसत लेनदेन लागत में आई कमी खुदरा भुगतानों को सुविधाजनक बनाने में यूपीआई द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण को रेखांकित करती है। उपयोगकर्ता की पहुंच और सुविधा को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न भुगतान प्रणालियों में संवर्द्धन वर्ष के दौरान जारी रहा। ऑफ़लाइन लेनदेनों में भुगतान की आसानी बढ़ाने के लिए यूपीआई-लाइट में नियर फील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया। एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण में लेनदेन शुरू करने और उसे पूरा करने के लिए एक अभिनव भुगतान माध्यम, अर्थात, 'संवादी भुगतान' (कन्वर्जेशनल पेमेंट्स) भी यूपीआई में शुरू किया गया।

वस्तुओं और सेवाओं की आयात-निर्यात के लिए सीमा पार भुगतान लेनदेनों की सुविधा प्रदान करने वाली संस्थाओं को रिज़र्व बैंक के प्रत्यक्ष विनियमन के तहत लाया गया। भारत और मॉरीशस के बीच रुपे कार्ड और यूपीआई कनेक्टिविटी, और भारत तथा श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी स्थापित की गई। लेनदेनों के लिए बीमा की अनुमति, वित्त प्रदाताओं की संख्या में वृद्धि और फैक्टरिंग इकाइयों (एफयू) के लिए द्वितीयक बाजार स्थापित करके ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) का दायरा बढ़ाया गया।

I.30 रिज़र्व बैंक का वित्तीय समावेशन सूचकांक (एफआई-इंडेक्स), जो देश में वित्तीय समावेशन के विस्तार का आकलन करने का एक माप है, मार्च 2022 के 56.4 से बढ़ कर मार्च 2023 में 60.1 हो गया, जिसमें तीनों उप-सूचकांकों, पहुंच, उपयोग और गुणवत्ता, में वृद्धि देखी गई। एफआई-इंडेक्स में सुधार मुख्य रूप से उपयोग और गुणवत्ता आयामों के कारण था, जो वित्तीय समावेशन की दूर तक पहुंच को दर्शाता है। वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन और निगरानी करने और वित्तीय वंचन की स्थिति का आकलन करने के लिए एक वित्तीय समावेशन डैशबोर्ड - *अंतरदृष्टि* - जून 2023 में शुरू किया गया।

I.31 फाइनेंस ट्रैक के तहत जी20 भारतीय अध्यक्षता[7] ने विभिन्न कार्य समूहों में प्राथमिकताओं के साथ जलवायु परिवर्तन, डिजिटलीकरण और ग्लोबल साउथ की चिंताओं संबंधी व्यापक विषयों को प्राथमिकता दी। *'वसुधैव कुटुंबकम'* - एक पृथ्वी: एक परिवार: एक भविष्य - के दृष्टिकोण को साकार करते हुए जी20 भारतीय अध्यक्षता ने इस बात को पुष्ट किया कि जी20 उभरती चुनौतियों के माध्यम से दुनिया को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच बना हुआ है। भारतीय अध्यक्षता ने बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित किया और विशेष रूप से विकास वित्त, ऋण कमजोरियों और वित्तीय समावेशन के क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ की आवाज को उठाया।

3. 2024-25 के लिए संभावनाएँ

वैश्विक अर्थव्यवस्था

I.32 वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण कई विपरीत परिस्थितियों से घिरा हुआ है, जैसे कि - मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है और अवस्फीति की गति कम हो रही है; प्रमुख प्रणालीगत अर्थव्यवस्थाओं में लोक ऋण का उच्च स्तर पर होना और अव्यवस्थित समायोजन की स्थिति में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उनका प्रभाव; लंबी अवधि के लिए अधिक ब्याज दरों के परिदृश्य से वित्तीय स्थिरता जोखिम; लंबे समय तक चल रहा भू-राजनीतिक तनाव; भू-आर्थिक विखंडन से उत्पन्न अक्षमताएं; और जलवायु संबंधी आघातों में वृद्धि। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2024 के साथ-साथ 2025 में भी 3.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की समान गति है।[8] 2024 में एई में 1.7 प्रतिशत की संवृद्धि होने का अनुमान है जो एक साल पहले के 1.6 प्रतिशत से मामूली रूप से अधिक है। उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) का विस्तार 4.2 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो एक साल पहले के 4.3 प्रतिशत से कम है।

I.33 सख्त मौद्रिक नीति रुख और अंतरराष्ट्रीय पण्य कीमतों के कम हो जाने से वैश्विक मुद्रास्फीति 2023 के 6.8 प्रतिशत से घटकर 2024 में 5.9 प्रतिशत और 2025 में 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। तथापि, जैसा कि पहले कहा गया है अवस्फीति का अंतिम चरण चुनौतीपूर्ण होने वाला है। प्रतिकूल मौसमी घटनाओं और भू-राजनीतिक शत्रुताओं के कारण बार-बार होने वाले आपूर्ति आघात अवस्फीति प्रक्रिया के विपरीत दिशा में जाने का जोखिम पैदा करते हैं। प्रमुख एई में केंद्रीय बैंकों को उम्मीद है कि मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगी और तदनुसार उन्होंने इस वर्ष की दरों में कटौती का संकेत दिया है। हालाँकि, हाल के आंकड़ों के अनुसार मुद्रास्फीति में चौंकाने वाली वृद्धि से बाजार की उम्मीदों में लगातार पुनर्मूल्यांकन हो रहा है जिससे प्रमुख वित्तीय बाजार

[7] भारत ने 1 दिसंबर 2022 को जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की जो 30 नवंबर 2023 को संपन्न हुई।

[8] वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अप्रैल 2024, आईएमएफ।

क्षेत्रों - मुद्रा, बॉण्ड और इक्विटी, में काफी अस्थिरता पैदा हो रही है। वित्तीय बाजार में बढ़ी अस्थिरता और पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव ईएमडीई के सामने आने वाली व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता संबंधी चुनौतियों को बढ़ाते हैं।

I.34 मुद्रास्फीति में कमी और माल व्यापार में अपेक्षित उछाल आने से वैश्विक व्यापार की मात्रा (वस्तु और सेवा) में 2023 के 0.3 प्रतिशत से 2024 में 3.0 प्रतिशत और 2025 में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।[9] तथापि, 2024-2025 में वैश्विक व्यापार में अपेक्षित वृद्धि 2000-19 के दौरान प्राप्त 4.9 प्रतिशत विस्तार की तुलना में कम होगी।

I.35 प्रमुख एई और ईएमई में लोक ऋण का उच्च स्तर और उनकी भावी स्थितियां इन अर्थव्यवस्थाओं में लोक वित्त की स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा रही हैं और वित्तीय बाजार में पहले से ही बढ़ी हुई अस्थिरता को बढ़ाने का जोखिम उठा रही हैं। प्रणालीगत अर्थव्यवस्थाओं में बढ़े हुए लोक ऋण के कारण इन बाजारों में जोखिम प्रीमियम और सोवरिन बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि हो सकती है, जिसका बाद में अन्य वित्तीय बाजार क्षेत्रों में प्रभाव-प्रसार हो सकता है। पूंजी प्रवाह में परिणामी कटौती पहले ही मंद चल रही वैश्विक संवृद्धि में बाधा बन सकती है। ये संभावित विघटनकारी घटनाएं प्रभावित देशों में स्थिर वैश्विक समष्टि आर्थिक और वित्तीय वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय राजकोषीय समेकन योजनाओं की मांग करती है। मध्यम से दीर्घावधि में जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, क्रिप्टो मुद्रा, फिनटेक, सीबीडीसी और एआई/मशीन लर्निंग (एमएल) के माध्यम से प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों के लिए भी वैश्विक स्तर पर समन्वित नीति प्रयासों की आवश्यकता है।

घरेलू अर्थव्यवस्था

I.36 भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य उज्ज्वल है जो समष्टि-आर्थिक बुनियादी ढांचों, मजबूत वित्तीय और कॉरपोरेट क्षेत्रों और एक समुत्थानशील बाह्य क्षेत्र की निरंतर मजबूती पर आधारित है। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को ध्यान में रखते हुए पूंजीगत व्यय पर सरकार का निरंतर जोर, और उपभोक्ता तथा व्यापार आशावाद निवेश और उपभोग मांग के लिए अच्छा संकेत है।

I.37 *अल नीनो* प्रभाव के कम होने और दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से अधिक होने की उम्मीद के कारण कृषि और ग्रामीण गतिविधि की संभावनाएं अनुकूल दिखाई दे रही हैं। *प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना* (पीएमजीकेएवाई) योजना को 1 जनवरी 2024 से पांच वर्षों के लिए बढ़ाया गया है जिससे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में *आत्मनिर्भर ऑयलसीड्स अभियान*, सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ नैनो डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) का विस्तार और एक नई जैव-विनिर्माण और जैव-फाउंड्री योजना के माध्यम से जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर सरकार का ध्यान केंद्रित है जिससे कृषि क्षेत्र को भी समर्थन मिलेगा।

I.38 आवासीय और गैर-आवासीय स्थावर संपदा की मांग रहने के कारण निर्माण गतिविधि में गति बरकरार रहने की संभावना है। नवीकरणीय ऊर्जा और सेमी-कंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में हालिया पहलों के कारण तेजी से प्रगति होने की उम्मीद है। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में सेमी-कंडक्टर और डिस्प्ले फैब के लिए 6,903 करोड़ आबंटित किए गए हैं जिससे भारत को चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का एक वैश्विक केंद्र बनने में मदद मिलेगी। आगे चलकर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत निवेश में अधिक तेजी आने की संभावना है। इन कारकों से रोजगार के नए अवसर पैदा होने, श्रम आय में सुधार और घरेलू मांग मजबूत होने की उम्मीद है। इन कारकों को विचार में लेते हुए 2024-25 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर, समान रूप से संतुलित जोखिमों के साथ, 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

[9] वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अप्रैल 2024, आईएमएफ।

I.39 '*अनुसंधान* राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023' के पारित होने से *अनुसंधान* राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है जिससे आधारभूत विज्ञान, स्वास्थ्य देखभाल और मानविकी में अनुसंधान और नवोन्मेष को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा लगभग ₹6,000 करोड़ (2023-24 से 2030-31) की कुल लागत वाला स्वीकृत राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान तथा विकास (आरएंडडी) और क्वांटम प्रौद्योगिकी (क्यूटी) में अभिनव पारितंत्र को आगे बढ़ाएगा। यह डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और धारणीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा। इन सभी प्रयासों और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकार के नेतृत्व वाले निवेश तथा डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में वृद्धि से मध्यम अवधि में उत्पादकता और संभावित विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

I.40 हेडलाइन मुद्रास्फीति 2023-24 में वार्षिक औसत आधार पर 1.3 प्रतिशत अंक कम होकर 5.4 प्रतिशत हो गई। आपूर्ति शृंखला दबाव के कम होने, मूल मुद्रास्फीति में व्यापक स्तर पर नरमी आने और सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून होने के शुरुआती संकेत 2024-25 में मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए अच्छे संकेत हैं। तथापि, जलवायु से जुड़े आघातों की बढ़ती घटनाएं खाद्य मुद्रास्फीति और समग्र मुद्रास्फीति दृष्टिकोण में काफी अनिश्चितता पैदा करती हैं। विशेषकर दक्षिणी राज्यों में कम जलाशय स्तरों और 2024-25 के शुरुआती महीनों में सामान्य से अधिक तापमान की स्थिति पर कड़ी निगरानी की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव और बढ़ी हुई वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता भी मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम पैदा करती है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति, जोखिमों को समान रूप से संतुलित करते हुए, 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

I.41 चूंकि मुद्रास्फीति के टिकाऊ रूप से 4 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने तक अवस्फीति के मार्ग को जारी रखने की आवश्यकता है, एमपीसी ने अपनी अप्रैल 2024 की बैठक में नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा और इस बात का उल्लेख किया कि मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं को नियंत्रित रखने और पूर्ण संचरण को सुनिश्चित करने के लिए मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से अवस्फीतिकारी रहना चाहिए। एमपीसी ने यह सुनिश्चित करने के लिए समायोजन सुविधा (एकोमोडेशन) को वापस लेने का भी निर्णय लिया ताकि संवृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति उत्तरोत्तर लक्ष्य तक पहुंच सके। रिज़र्व बैंक रेपो और रिवर्स रेपो, मुख्य और फाइन-ट्यूनिंग परिचालनों, दोनों के माध्यम से अपने चलनिधि प्रबंधन में चुस्त और लचीला बना रहेगा। बैंक अस्थिर (फ्रिक्शनल) और टिकाऊ चलनिधि को नियंत्रित करने के लिए उपायों का एक उचित मिश्रण प्रयोग में लाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुद्रा बाजार की ब्याज दरें व्यवस्थित तरीके से विकसित हों और वित्तीय स्थिरता बनी रहे।

I.42 संवृद्धि-प्रेरित पूंजीगत व्यय के लिए केंद्र सरकार का प्रयास 2024-25 में बरकरार रहने की संभावना है जिसमें आधे से अधिक उधार पूंजी परिव्यय के वित्तपोषण के लिए उपयोग किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों के पूंजीगत व्यय के लिए वित्तीय सहायता योजना को ₹1.3 लाख करोड़ के परिव्यय के साथ 2024-25 तक बढ़ाया। सकल बाजार उधार को 2023-24 (आरई) के सकल घरेलू उत्पाद के 5.3 प्रतिशत से घटाकर 2024-25 (बीई) में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत करने से निजी क्षेत्र में धन का प्रवाह बढ़ेगा और निजी निवेश को समर्थन मिलेगा। पूंजीगत व्यय को जारी रखने के लिए पर्याप्त राजकोषीय गुंजाइश के साथ राज्यों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण अनुकूल बना हुआ है। कर प्रणाली के डिजिटलीकरण से कर संग्रह में वृद्धि हुई है। केंद्र का प्रत्यक्ष कर राजस्व 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो तीन दशकों में सबसे अधिक है।

I.43 वैश्विक व्यापार में अनुमानित उछाल से भारत के व्यापारिक निर्यात को लाभ होना चाहिए। लेकिन चल रहे भू-राजनीतिक संघर्ष और भू-आर्थिक विखंडन जोखिम इसके लिए बाधा बन सकते हैं। समुत्थानशील सेवा व्यापार संतुलन और बड़ी आवक विप्रेषण प्राप्तियों के साथ-साथ स्थिर पूंजी प्रवाह स्थिति रहने से सीएडी के 2024-25 में नियंत्रणाधीन बने रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक के अनुसार विश्व प्रेषण प्राप्तियों में भारत की हिस्सेदारी 2019 के 11.1 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 15.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। वित्त पक्ष पर गौर करें तो घरेलू आर्थिक संवृद्धि के लिए अनुकूल दृष्टिकोण, घरेलू मुद्रास्फीति में कमी, और व्यापार-अनुकूल नीति सुधार, प्रत्यक्ष और पोर्टफोलियो दोनों में, विदेशी निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भविष्य में प्रमुख वैश्विक बॉण्ड सूचकांकों में भारत के सॉवरेन बॉण्ड को शामिल किए जाने से भी एफपीआई प्रवाह को समर्थन मिलने की उम्मीद है। वैश्विक मूल्य शृंखलाओं (जीवीसी) में अधिक भागीदारी को संभव बनाने के लिए नए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों के अवसर, नए बाजारों तक बढ़ती पहुंच और भारतीय रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने से निर्यात और एफडीआई प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा और बाह्य क्षेत्र की समुत्थानशीलता मजबूत होगी।

I.44 बैंकों और एनबीएफसी की पूंजी और आस्ति गुणवत्ता अच्छी बनी हुई है जिससे बैंक ऋण संवृद्धि और घरेलू गतिविधि को लाभ हो रहा है। अत्यधिक उपभोक्ता ऋण और एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर अंकुश लगाने और वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में निवेश के उद्देश्य से विनियामक पूर्वोपाय किए जाने से वित्तीय संस्थाओं के तुलनपत्रों में संभावित दबाव निर्माण को रोकने और वित्तीय स्थिरता में मदद मिलने की उम्मीद है। यद्यपि घरेलू बैंकों और एनबीएफसी ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच समुत्थानशीलता दिखाई है फिर भी हाल की घटनाएं सतर्क जोखिम प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करती हैं। ब्याज दर जोखिम के बदलते रहने की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए बैंकों को, खासकर एनआईएम में कमी के आलोक में, ट्रेडिंग और बैंकिंग बुक जोखिम, दोनों का सामना करना पड़ सकता है। देयताओं की बात करें तो जमाराशि के स्रोतों के विविधीकरण पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि थोक जमा पर निर्भर रहने से ब्याज दर में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है। इसके अलावा जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिम और परिणामी सूक्ष्म और समष्टि-विवेकपूर्ण चिंताओं के लिए ऐसे जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचे की आवश्यकता है। तदनुसार, रिज़र्व बैंक अपने विनियमों को इकाई-उन्मुख बनाने के बजाय अधिक सिद्धांत-आधारित, गतिविधि-उन्मुख और प्रणालीगत जोखिम के पैमाने के अनुपात में बनाने का प्रयास कर रहा है।

I.45 वित्तीय संस्थाओं को और मजबूत करने के लिए 2024-25 में कई विनियामक और पर्यवेक्षी उपाय किए जाएंगे, जैसे कि - (ए) मौजूदा आईआरएसीपी[10] मानदंडों और दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचे की व्यापक समीक्षा; (बी) परियोजना वित्तपोषण करने वाली सभी विनियमित संस्थाओं के लिए समरूप विवेकपूर्ण दिशानिर्देश; (सी) सभी विनियमित संस्थाओं के संबंध में अग्रिमों की ब्याज दरों पर मौजूदा विनियामक निर्देशों की व्यापक समीक्षा; (डी) दूरंदेशी अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में पहल; (ई) दबावग्रस्त आस्ति प्रतिभूतिकरण ढांचा जारी करना; और (एफ) वित्तीय प्रणाली के लिए जलवायु परिवर्तन की बहुमुखी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने, क्षमता निर्माण करने और हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास करना।

[10] आय पहचान, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान।

I.46 रिज़र्व बैंक द्वारा की गई पर्यवेक्षी पहलों का उद्देश्य जोखिमों और कमजोरियों की शीघ्र पहचान करना, कमजोरियों के मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करना और वित्तीय प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यवेक्षी कार्य को सुसंगत बनाना है। पर्यवेक्षी हस्तक्षेप की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए एसई के साथ लगातार और व्यापक बातचीत एक महत्वपूर्ण साधन बना रहेगा । एसई के अभिशासन और आश्वासन कार्यों को मजबूत करना रिज़र्व बैंक की प्राथमिकता बनी रहेगी।

I.47 यूसीबी के लिए पीसीए ढांचा नाम के तहत एक संशोधित पर्यवेक्षी कार्रवाई ढांचा (एसएएफ) विचाराधीन है ताकि यूसीबी को अपनी वित्तीय स्थिति को पुन:स्थापित करने के लिए उपचारात्मक उपाय शुरू करने और उन्हें लागू करने में सक्षम बनाने के लिए समय पर पर्यवेक्षी हस्तक्षेप को सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाया जा सके। कमजोरियों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करने और सुधारात्मक कार्रवाई शुरू करने में आश्वासन कार्यों के महत्व को पहचानते हुए, उनकी प्रभावशीलता को और बढ़ाने के लिए, एससीबी, यूसीबी और एनबीएफसी के लिए लागू आश्वासन कार्यों पर दिशानिर्देशों के सामंजस्य की जांच की जा रही है।

I.48 रिज़र्व बैंक 2024-25 में e₹-R और e₹-W के चल रहे प्रायोगिक प्रयोग के दायरे का विस्तार करेगा, जिसमें पूर्ण पैमाने पर अधिक वित्तीय संस्थानों/डेटा सेवा प्रदाताओं और उत्पाद पेशकशों वाला पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म शुरू करने के अलावा विभिन्न उपयोग के मामलों के साथ-साथ नए डिजाइनों, प्रौद्योगिकीय संभावनाओं और अधिक प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा।

I.49 भुगतान प्रणालियों के संबंध में रिज़र्व बैंक पेमेंट्स विज़न 2025 दस्तावेज़ में निर्धारित कार्यक्रम का अनुपालन करना जारी रखेगा। ग्राहक केंद्रीयता बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने और विस्तार का समर्थन करने के उपायों के समेकन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 'अखंडता' (इंटीग्रिटी) स्तंभ के तहत केंद्रीय भुगतान धोखाधड़ी सूचना रजिस्ट्री (सीपीएफआईआर) को भुगतान संबंधी धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग करने के लिए स्थानीय क्षेत्र के बैंकों (एलएबी), राज्य सहकारी बैंकों, जिला सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) और गैर-अनुसूचित यूसीबी तक विस्तारित करने की योजना है। भुगतान में जोखिमों को दूर करने के लिए अधिप्रमाणन के अतिरिक्त कारक (एएफए) के लिए एसएमएस-आधारित वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के विकल्प के रूप में एक जोखिम-आधारित अधिप्रमाणन तंत्र को लागू किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, यूरोपीय संघ (ईयू), राष्ट्रमंडल देशों और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) जैसे देशों के समूह के सहयोग से त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) के साथ-साथ बहुपक्षीय अंतर-संबंधों की संभावना का पता लगाया जाएगा।

I.50 डिजिटल भुगतान को अखंडता, समावेशन, नवाचार, संस्थागतीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण स्तंभों के माध्यम से आउटरीच, ग्राहक केंद्रितता, साइबर सुरक्षा और डिजिटल उन्नति पर अधिक ध्यान देते हुए आकार दिया जाएगा। भारत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में ज्ञान साझा करने में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए तैयार है, जिससे अन्य उभरते देशों में समान ढांचे के निर्माण की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, भारतीय वित्तीय क्षेत्र के लिए क्लाउड सुविधा की स्थापना और फिनटेक रिपॉजिटरी के निर्माण जैसी दूरंदेशी पहलों से परिचालन दक्षता में वृद्धि, जटिलता कम होने और वित्तीय नवोन्मेष को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

I.51 रिज़र्व बैंक देश भर में समाज के सभी वर्गों के लिए बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों, विशेष रूप से कृषि और सूक्ष्म और लघु उद्यमों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ऋण वितरण प्रणाली को मजबूत करने पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा। 2024-25 के दौरान रिज़र्व बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण दिशानिर्देशों की भी समीक्षा करेगा और 2025-30 की अवधि के लिए वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय रणनीति (एनएसएफआई) के अगले संस्करण के निर्माण की दिशा में काम करेगा।

I.52 वित्तीय प्रणाली में जनता का विश्वास स्थापित करने और विनियमित संस्थाओं के ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए रिज़र्व बैंक शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) में एआई और अन्य संबंधित साधनों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक सुसंगतता सुनिश्चित की जा सके। ग्राहक सेवा में सुधार के लिए सक्रियता से उपाय करने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आंतरिक शिकायत निवारण (आईजीआर) ढांचे को अधिक मजबूत किया जाएगा।

I.53 1 अप्रैल 2024 को रिज़र्व बैंक ने अपनी स्थापना का 90वां वर्ष मनाया। इन नौ दशकों में रिज़र्व बैंक विनियमन, पर्यवेक्षण और मौद्रिक नीति के क्षेत्रों में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर, घरेलू अर्थव्यवस्था को वित्तीय स्थिरता और समुत्थानशीलता प्रदान करके एक कुशल और मजबूत वित्तीय प्रणाली विकसित करने की दिशा में निष्ठा के साथ और पेशेवर तरीके से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में दृढ़ रहा है। आगे के लिए देखें तो रिज़र्व बैंक एक स्थिर और मजबूत वित्तीय प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए अर्थव्यवस्था के सर्वोत्तम हित में सक्रिय रूप से उचित उपाय करने का प्रयास जारी रखेगा, और साथ ही वित्तीय क्षेत्र में विकसित हो रही प्रौद्योगिकी, नवाचारों, कारोबार प्रथाओं और बढ़ती जटिलताओं से उत्पन्न जोखिमों के प्रति सचेत रहेगा।[11]

4. निष्कर्ष

I.54 संक्षेप में कहें तो भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टिआर्थिक और वित्तीय माहौल से गुजर रही है। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि ठोस निवेश मांग के कारण मजबूत है जो बैंकों और कॉरपोरेट्स के सुदृढ़ तुलन-पत्रों, पूंजीगत व्यय पर सरकार के विशेष प्रयास और विवेकपूर्ण मौद्रिक, विनियामक और राजकोषीय नीतियों द्वारा समर्थित है। जैसे-जैसे हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर बढ़ेगी, उपभोग मांग विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार के रूप में बाह्य क्षेत्र की ताकत और बफर घरेलू आर्थिक गतिविधि को वैश्विक प्रसार-प्रभाव से बचाएंगे। भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतरराष्ट्रीय पण्य मूल्य में उतार-चढ़ाव और अनियमित मौसम की घटनाएं संवृद्धि संभावना में गिरावट आने और मुद्रास्फीति संभावना के बढ़ने का जोखिम पैदा करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को कृत्रिम बुद्धिमत्ता/एमएल प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और बार-बार होने वाले जलवायु आघातों से उत्पन्न मध्यम अवधि की चुनौतियों से भी निपटना होगा। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के माहौल में अगले दशक में अपने संवृद्धि पथ को आगे बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है और वह अपने जनसांख्यिकीय लाभांश को प्राप्त करके और अपने प्रतिस्पर्धी लाभों का फायदा उठाकर, जिनके कारण इसे दुनिया की सबसे तेज़ बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जाता है, अपनी विकासात्मक आकांक्षाओं को प्राप्त करेगी।

[11] शक्तिकान्त दास (2024), 'RBI@90 स्मरणोत्सव समारोह में स्वागत भाषण', 1 अप्रैल, मुंबई। यह https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_SpeechesView.aspx?Id=1427 पर उपलब्ध है

II आर्थिक समीक्षा

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2023-24 के दौरान लंबे भू-राजनीतिक तनावों और अस्थिर वैश्विक वित्तीय बाज़ारों की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए समुत्थानशीलता प्रदर्शित की है। टिकाऊ मुद्रास्फीति-रोधी मौद्रिक नीति रुख और सक्रिय आपूर्ति प्रबंधन उपायों के संयोजन के परिणामस्वरूप हेडलाइन मुद्रास्फीति काफी हद तक सहन सीमा के भीतर बनी रही। मौद्रिक और ऋण स्थितियां मौद्रिक नीति के रुख के अनुरूप विकसित हुईं। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण प्रतिबद्धता के भीतर पूंजीगत व्यय पर जोर दिया गया। वर्ष के दौरान बाह्य क्षेत्र की धारणीयता संबंधी संकेतकों में सुधार हुआ जिससे वैश्विक समष्टि वित्तीय आघातों के प्रतिकूल प्रभाव- विस्तार से अर्थव्यवस्था का बचाव हुआ।

II.1.1 प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति रुख, भू-राजनीतिक तनाव और भू-आर्थिक विखंडन के परिणामस्वरूप वित्तीय स्थितियों के जटिल रहने के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था 2023 में समुत्थानशील रही। यूएस और प्रमुख उभरते बाज़ारों एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में उछाल के प्रभाव से वैश्विक जीडीपी वर्ष 2023 में 3.2 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 3.5 प्रतिशत[1]) बढ़ी। मौद्रिक सख्ती और आपूर्ति शृंखलाओं की बहाली के कारण वैश्विक मुद्रास्फीति 2023 में घटकर 6.8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 8.7 प्रतिशत थी। राजकोषीय नीति में महामारी के कारण लाई गई नरमी, धीमी संवृद्धि और उच्च ब्याज दर के माहौल में वैश्विक लोक ऋण-जीडीपी अनुपात पर बढ़ने का दबाव पड़ा। वैश्विक पण्य व्यापार की मात्रा, जिसका 2022 में 3.0 प्रतिशत विस्तार हुआ था, 2023 में 1.2 प्रतिशत तक संकुचित हुई[2], ऐसा बढ़ते व्यापार प्रतिबंधों और वस्तुओं की मांग की बजाय सेवाओं की ओर परिवर्तित होने के कारण था। केंद्रीय बैंकों द्वारा व्यक्त किए गए दीर्घावधि उच्च रुख के बावजूद बाजार सहभागियों के बीच मौद्रिक नीति की भावी दिशा संबंधी अनिश्चित धारणाओं के कारण वैश्विक वित्तीय बाजारों ने अस्थिरता को दर्शाया। सॉवरेन बॉण्ड प्रतिफल में 2023-24 की पहली छमाही में वृद्धि हुई और दूसरी छमाही में उसमें बड़े दो-तरफा परिवर्तन हए। यूएस डॉलर वर्ष के दौरान दृढ़ रहा जिससे उभरती बाजार अर्थव्यवस्था (ईएमई) मुद्राओं पर मूल्यह्रास होने का दबाव पड़ा।

II.1.2 वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 के दौरान समुत्थानशीलता प्रदर्शित की। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि[3], जो 2022-23 में 7.0 प्रतिशत थी, बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई, जिसे मजबूत निश्चित निवेश का समर्थन मिला। आपूर्ति पक्ष की बात करें तो आर्थिक गतिविधियों को विनिर्माण क्षेत्र में हुए लाभप्रदता सुधार से सहायता मिली जिसे निविष्टि लागत में कमी आने और सेवा गतिविधि में निरंतरता बने रहने से लाभ हुआ, और परिणामस्वरूप कृषि क्षेत्र में आई मंदी की भरपाई हुई।

II.1.3 मुद्रास्फीतिरोधी मौद्रिक नीति, सक्रिय आपूर्ति प्रबंधन उपायों और वैश्विक पण्य कीमतों में सुधार के कारण 2023-24 के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति कम होकर सहन सीमा के भीतर आ गई। मूल मुद्रास्फीति व्यापक आधार पर अवस्फीति स्थिति में थी और दिसंबर 2023 से 4 प्रतिशत से कम हो गई।

[1] विश्व आर्थिक परिदृश्य (अप्रैल 2024), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष।

[2] वैश्विक व्यापार परिदृश्य और सांख्यिकी, विश्व व्यापार संगठन (अप्रैल 2024)।

[3] इस रिपोर्ट के अध्याय I के फुटनोट 4 का संदर्भ लें।

II.1.4 पूंजीगत व्यय पर अधिक ध्यान दिए जाने, संवृद्धि-अनुकूल उपायों की दिशा में सार्वजनिक व्यय किए जाने तथा राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के प्रति बेहतर प्रतिबद्धता होने के परिणामस्वरूप सामान्य सरकारी वित्त संबंधी प्रमुख घाटे और ऋण संकेतकों में सुधार हुआ। समुत्थानशील आर्थिक गतिविधि और अनुपालन में सुधार के परिणामस्वरूप कर राजस्व में तीव्र वृद्धि हुई।

II.1.5 वर्ष के दौरान घरेलू वित्तीय बाजारों में स्थिति के अनुरूप परिवर्तन हुए। चलनिधि अधिशेष घटने के कारण मुद्रा बाजार की दरें बढ़ गईं, जिसमें सरकारी नकदी शेष में वृद्धि होना भी आंशिक कारण रहा। ऋण मांग निरंतर बने रहने के बीच जमा प्रमाण पत्र (सीडी) निर्गम में वृद्धि हुई। घरेलू मुद्रास्फीति के कम होने, प्रमुख वैश्विक बॉण्ड सूचकांकों में भारतीय सॉवरेन बॉण्ड को शामिल करने की घोषणा और अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषित भारत सरकार (जीओआई) के अपेक्षित से कम बाजार उधार कार्यक्रम के कारण सॉवरेन बॉण्ड प्रतिफल में, जो 2023-24 की पहली छमाही के दौरान सीमा के भीतर था, कमी आई। आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के प्रदर्शन से शेयर बाजारों में मजबूत लाभ दर्ज हुआ। मजबूत घरेलू संभावनाओं और भारत की बाह्य स्थिति में सुधार के परिणामस्वरूप भारतीय रुपये (आईएनआर) ने स्थिरता प्रदर्शित की। भारी पूंजी अंतर्वाहों और चालू खाता घाटे (सीएडी) में आई कमी के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई।

II.1.6 इस पृष्ठभूमि के साथ शेष अध्याय छह खंडों में संरचित है। वास्तविक अर्थव्यवस्था का विश्लेषण खंड 2 में किया गया है। खंड 3 में मुद्रास्फीति और उसके चालकों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। कुल मौद्रिक राशियों और वित्तीय बाजारों में हुए विकास का उल्लेख क्रमशः खंड 4 और 5 में किया गया है। सरकारी वित्त (केंद्र और राज्यों) में हुए परिवर्तनों की चर्चा खंड 6 में की गई है, और बाह्य क्षेत्र में हुए उतार-चढ़ाव खंड 7 में शामिल हैं।

II.2 वास्तविक अर्थव्यवस्था

II.2.1 भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 के दौरान कमजोर बाहरी मांग, दीर्घकालिक भू-राजनीतिक तनावों और अस्थिर वैश्विक वित्तीय बाजारों में लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद आघात - सहनीयता को प्रदर्शित किया। 2023-24 में लगातार तीसरे वर्ष वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद संवृद्धि 7 प्रतिशत और उससे अधिक बनी रही, जो पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान केंद्रित करने के कारण स्थिर निवेश में मजबूत वृद्धि द्वारा अनुसमर्थित थी। भले ही कृषि क्षेत्र की गतिविधि में मंदी देखी गई लेकिन आपूर्ति पक्ष पर, इनपुट कीमतों में सुधार और सेवा गतिविधि में निरंतर गति से विनिर्माण क्षेत्र की लाभप्रदता को बढ़ावा मिलने से आर्थिक गतिविधि में सुधार देखने को मिला।

II.2.2 इस खंड में, समग्र मांग का घटक-वार विश्लेषण उप-खंड 2 में दिया गया है। कृषि, उद्योग और सेवाओं के प्रदर्शन के संदर्भ में समग्र आपूर्ति स्थितियों में हुई प्रगति के आकलन की चर्चा उप-खंड 3 में की गई है। रोजगार और श्रम बाजार में हुए बदलावों के बारे में उप खंड 5 में निष्कर्षात्मक टिप्पणियों सहित उपखंड 4 में चर्चा की गई है।

2. समग्र मांग

II.2.3 राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के दूसरे अग्रिम अनुमानों (एसएई) के अनुसार वास्तविक जीडीपी ने 2022-23 में 7.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2023-24 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की [सारणी II.2.1 और परिशिष्ट सारणी 1]। इस तेजी को निवेश मांग में ठोस विस्तार से बल मिला, जो निजी उपभोग मांग में मंदी और बाहरी मांग के दबाव की भरपाई से कहीं अधिक है (परिशिष्ट सारणी 2)। 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.2 प्रतिशत पर बने रहकर मजबूत थी। ति 2 में हासिल हुई तेजी बरकरार रहते हुए ति3:2023-24 में और गति पकड़ ली। (चार्ट II.2.1)।

उपभोग

II.2.4 निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) - घरेलू कुल मांग का मुख्य आधार - 2023-24 में कमजोर पड़ गया। अपर्याप्त और असमान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण ख़रीफ़ और रबी दोनों ही फसलों का उत्पादन कम हो गया दोपहिया वाहनों की बिक्री, जोकि ग्रामीण मांग का एक संकेतक है, 2023-24 की दूसरी छमाही में बढ़ी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत काम की मांग भी दूसरी छमाही में कम हुई, जिससे ग्रामीण मांग में कुछ सुधार का संकेत मिलता है। श्रम बाजार की स्थितियों में सुधार, उच्च प्रयोज्य आय, खुदरा मुद्रास्फीति में कमी और खुदरा ऋण में दोहरे अंक की वृद्धि से शहरी मांग को समर्थन मिला। घरेलू हवाई यात्री यातायात, रेलवे यात्री यातायात और यात्री वाहन बिक्री में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और ई-वे बिल जारी करने दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई। सरकार के अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) में 2023-24 में मामूली बढ़ोत्तरी हुई क्योंकि सरकार अपने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रही। (चार्ट II.2.2)

सारणी II.2.1. वास्तविक जीडीपी वृद्धि

घटक	वृद्धि (प्रतिशत में)				
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5	6
I. कुल उपभोग व्यय	**5.0**	**-4.6**	**9.8**	**7.1**	**3.0**
निजी	5.2	-5.3	11.7	6.8	3.0
सरकार	3.9	-0.8	0.0	9.0	3.0
II. सकल पूंजी निर्माण	**-6.0**	**-10.6**	**25.4**	**2.0**	**10.2**
सकल स्थिर पूंजी निर्माण	1.1	-7.1	17.5	6.6	10.2
शेयरों में बदलाव	-58.7	-76.4	525.4	14.5	5.0
मूल्यवान स्टॉक	-14.2	29.9	32.5	-19.1	13.8
III. निवल निर्यात					
निर्यात	-3.4	-7.0	29.6	13.4	1.5
आयात	-0.8	-12.6	22.1	10.6	10.9
IV. जीडीपी	**3.9**	**-5.8**	**9.7**	**7.0**	**7.6**

स्रोत: एनएसओ।

निवेश और बचत

II.2.5 भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू निवेश की दर, मौजूदा कीमतों पर सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) और सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात से मापी जाती है, जो पिछले वर्ष के

चार्ट II.2.1: वास्तविक जीडीपी संवृद्धि -तिमाही



एसएएआर - मौसमी रूप से समायोजित वार्षिक दर।
टिप्पणी: बाहरी सीमा के लिए उचित नियंत्रण के साथ पूर्ण नमूना अवधि (ति 3:2023-24 तक) का उपयोग करके मौसमी कारकों का अनुमान लगाया गया है।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.2.2: जीडीपी संवृद्धि में भारित योगदान



नोट: घटक-वार योगदान विकास दर में वृद्धि नहीं करते हैं क्योंकि स्टॉक में परिवर्तन, मूल्यवान आस्ति और सांख्यिकीय विसंगतियां शामिल नहीं हैं।
स्रोत: एनएसओ।

चार्ट II.2.3: निवेश मांग के संकेतक



स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति, आर्थिक सलाहकार कार्यालय, एनएसओ और डीजीसीआई एंड एस।

32.4 प्रतिशत से मामूली रूप से कम होकर 2022-23 में 32.2 प्रतिशत हो गई। 2023-24 के लिए जीसीएफ के घटकों के लिए उपलब्ध जानकारी आवास क्षेत्र में तेजी के साथ-साथ बुनियादी ढांचे पर सरकार के निरंतर जोर के कारण निवेश में बढ़ोतरी का संकेत देती है। जीडीपी के मुकाबले वास्तविक सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) का अनुपात पिछले वर्ष के 33.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 34.1 प्रतिशत हो गया। जीएफसीएफ के घटकों में, निर्माण क्षेत्र ने गति पकड़ी है, जो इसके निकटतम संयोग संकेतकों - इस्पात की खपत और सीमेंट उत्पादन में मजबूत वृद्धि से स्पष्ट है (चार्ट II.2.3)। विनिर्माण क्षेत्र का क्षमता उपयोग (सीयू) अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर बना हुआ है। यह पिछली तिमाही[4] के 74.0 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 की तीसरी तिमाही में 74.7 प्रतिशत हो गया। 2023-24 की तीसरी तिमाही में मौसमी रूप से समायोजित सीयू 74.6 प्रतिशत था।

II.2.6 सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (जीएनडीआई) के प्रतिशत के रूप में सकल घरेलू बचत 2022-23 में घटकर 29.7 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष में 30.8 प्रतिशत थी। ऐसा परिवार वित्तीय बचत (निवल) में पिछले वर्ष के 7.2 प्रतिशत (सारणी II.2.2 और परिशिष्ट सारणी 3) की तुलना में 2022-23 में जीएनडीआई के 5.2 प्रतिशत की गिरावट के कारण हुआ क्योंकि इसने घरेलू स्तर पर उपभोग और निवेश को निधि देने के लिए महामारी के दौरान संचित हुई अतिरिक्त बचत को कम कर

सारणी II.2.2 : परिवार क्षेत्र की वित्तीय बचत

(जीएनडीआई का प्रतिशत)

मद	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
ए. सकल वित्तीय बचत	**10.4**	**9.9**	**10.7**	**10.4**	**11.9**	**11.8**	**11.4**	**15.2**	**10.9**	**10.9**
जिसमें:										
1. मुद्रा	0.9	1.0	1.4	-2.1	2.8	1.4	1.4	1.9	1.1	0.9
2. जमाएं	5.8	4.8	4.6	6.3	3.0	4.2	4.3	6.2	3.5	4.0
3. शेयर और डिबेंचर	0.2	0.2	0.2	1.1	1.0	0.9	0.5	0.5	0.9	0.8
4. सरकार पर दावे	0.2	0.0	0.5	0.7	0.9	1.1	1.3	1.3	1.1	0.9
5. बीमा निधि	1.8	2.4	1.9	2.3	2.0	2.0	1.7	2.8	2.0	2.0
6. भविष्य निधि एवं पेंशन निधि	1.5	1.5	2.1	2.1	2.1	2.1	2.2	2.5	2.3	2.3
बी. वित्तीय देयताएं	**3.1**	**3.0**	**2.7**	**3.0**	**4.3**	**4.0**	**3.8**	**3.7**	**3.8**	**5.7**
सी. निवल वित्तीय बचत (ए-बी)	**7.2**	**6.9**	**7.9**	**7.3**	**7.5**	**7.8**	**7.6**	**11.6**	**7.2**	**5.2**

जीएनडीआई : सकल राष्ट्रीय निपटान आय।
टिप्पणी: पूर्णांकन (राउंडिंग ऑफ के कारण) आंकड़े कुल देय की जोड़ के बराबर नहीं भी हो सकते हैं।
स्रोत: एनएसओ।

4 रिज़र्व बैंक की ऑर्डर बही, इन्वेंट्री और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस) पर आधारित।

चार्ट II.2.4 : अतिरिक्त परिवार बचत की मात्रा



टिप्पणी: भारत संबंधी डेटा में अतिरिक्त पारिवारिक वित्तीय बचत की मात्रा शामिल है।
स्रोत: सोएर्स ईटी. एएल.,(2023)[5]और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

दिया। वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप, भारत ने 2020-21 के दौरान घरेलू वित्तीय बचत (निवल) में जीएनडीआई के 11.6 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज किया था, क्योंकि गतिशीलता पर महामारी से उपजे प्रतिबंध और संपर्क-गहन सेवाओं पर खर्च में कटौती

चार्ट II.2.5 : क्षेत्रीय संसाधन अंतर



एनपीआईएसएच : नॉन-प्रॉफिट इन्स्टीट्यूशन सर्विंग हाउसहोल्ड।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

हुई थी। परिणामस्वरूप, मार्च 2021 के अंत तक महामारी के कम होने और दबी हुई मांग के बने रहने के कारण अतिरिक्त वित्तीय बचत[6] की संचित मात्रा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 4.1 प्रतिशत हो गया;, अतिरिक्त वित्तीय बचत का स्टॉक मार्च 2023 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद के 0.7 प्रतिशत तक कम हो गया (चार्ट II.2.4)।

II.2.7 गैर-वित्तीय निगमों के प्रभाव के कारण, 2022-23 के दौरान बचत-निवेश अंतर बढ़ गया, जो बचत दर में कमी के साथ-साथ निवेश मांग में वृद्धि को दर्शाता है (चार्ट II.2.5)। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के कारण, सामान्य सरकारी क्षेत्र द्वारा अधिव्यय उच्च स्तर से कम हो गया।

3. समग्र आपूर्ति

II.2.8 एनएसओ के एसएई के अनुसार, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र से हासिल गति के चलते मूल कीमतों पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) द्वारा मापी जाने वाली समग्र आपूर्ति, 2022-23 में

5 डी सोयर्स, फ्रेंकोइस, डायलन मूर, और जूलियो एल. ऑर्टिज (2023), 'महामारी के दौरान संचित बचत: ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के साथ अंतरराष्ट्रीय तुलना', एफईडीएस नोट्स, वाशिंगटन डीसी।

6 अतिरिक्त बचत के प्रवाह (बचत दर में बचत दर रुझान को घटाते हुए) की गणना हैमिल्टन रुझान का उपयोग करके अनुमानित बचत दर से विचलन के रूप में की जाती है। स्टॉक 0 से t=-1 पर संचित होना शुरू होता है, जहां t=0 COVID-19 के कारण कम वृद्धि की पहली अवधि है।

सारणी II.2.3: वास्तविक जीवीए संवृद्धि

(प्रतिशत)

क्षेत्र	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5	6
I. कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन	**6.2**	**4.0**	**4.6**	**4.7**	**0.7**
II. उद्योग	**-2.5**	**1.1**	**9.6**	**-0.6**	**8.3**
II.1 खनन और उत्खनन	-3.0	-8.2	6.3	1.9	8.1
II.2 विनिर्माण	-3.0	3.1	10.0	-2.2	8.5
II.3 बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएँ	2.3	-4.2	10.3	9.4	7.5
III. सेवाएँ	**5.8**	**-7.9**	**10.6**	**9.9**	**7.9**
III.1 निर्माण	1.6	-4.6	19.9	9.4	10.7
III.2 व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएँ	6.0	-19.9	15.2	12.0	6.5
III.3 वित्तीय, रियल इस्टेट और पेशेवर सेवाएँ	6.8	1.9	5.7	9.1	8.2
III.4 लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएँ	6.6	-7.6	7.5	8.9	7.7
IV. आधार कीमतों पर जीवीए	**3.9**	**-4.1**	**9.4**	**6.7**	**6.9**

स्रोत: एनएसओ।

6.7 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 में 6.9 प्रतिशत तक बढ़ी, जबकि कृषि क्षेत्र 2023-24 में गति कम की गई (सारणी II.2.3)। 2023-24 की दूसरी और तीसरी तिमाही में गति में तेजी देखी गई (चार्ट II.2.6)।

चार्ट II.2.6: वास्तविक जीवीए संवृद्धि -तिमाही



एसएएआर: मौसमी रूप से समायोजित वार्षिक दर।
टिप्पणी: बाहरी सीमा के लिए उचित नियंत्रण के साथ पूर्ण नमूना अवधि (ति 3:2023-24 तक) का उपयोग करके मौसमी कारकों का अनुमान लगाया गया है।
स्रोत: एनएसओ तथा आरबीआई स्टाफ अनुमान।

कृषि एवं संबद्ध गतिविधियाँ

II.2.9 कृषि और संबद्ध गतिविधियों के क्षेत्र को अल नीनो[7] की मजबूत स्थिति के साथ-साथ असमान और दक्षिण-पश्चिम मानसून (एसडब्ल्यूएम) से होने वाले कम वर्षा से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। 2023 (जून-सितंबर) में समग्र एसडब्ल्यूएम वर्षा अखिल भारतीय स्तर पर दीर्घावधि औसत (एलपीए)[8] से 6 प्रतिशत कम थी (चार्ट II.2.7 ए)। एसडब्ल्यूएम की देर से शुरुआत के साथ-साथ अस्थायी और स्थानिक असमान वर्षा के कारण, ख़रीफ़ की बुआई शुरू होने में देरी हुई और समग्र ख़रीफ़ बुआई में कमी आई। उत्तर-पूर्वी मानसून (एनईएम) [अक्टूबर-दिसंबर] भी कम वर्षा (9 प्रतिशत) के साथ समाप्त हुआ। सामान्य से कम एसडब्ल्यूएम और एनईएम वर्षा ने जलाशयों के भंडारण स्तर को कम कर दिया (चार्ट II.2.7बी)।

II.2.10 एसएई के अनुसार, 2023-24 में खरीफ और रबी खाद्यान्न का उत्पादन पिछले वर्ष के अंतिम अनुमान से 1.3 प्रतिशत कम था (सारणी II.2.4)। उत्पादकता लाभ से बाजरा

[7] ऐतिहासिक रूप से, 23 अल नीनो वर्षों में से 14 वर्षों में एसडब्ल्यूएम मानसून वर्षा कम रही है। 1997 आखिरी अल नीनो वर्ष था जिसके दौरान एसडब्ल्यूएम सीज़न में सामान्य वर्षा हुई थी।

[8] भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सामान्य वर्षा सीमा दीर्घावधि औसत (एलपीए) का 96-104 प्रतिशत है।

चार्ट II.2.7: वर्षा एवं जलाशय स्तर

ए. दक्षिण-पश्चिम मॉनसून (स्थानिक)



बी. जलाशय स्तर (28 मार्च, 2023 की स्थिति के अनुसार)



स्रोत : आईएमडी और केंद्रीय जल आयोग (सीडबल्यूसी), भारत सरकार।

के उत्पादन को लाभ होने की संभावना है (बॉक्स II.2.1)। पहले अग्रिम अनुमान (एफएई) के अनुसार, 2023-24 के दौरान बागवानी फसलों का उत्पादन 2022-23 के अंतिम अनुमान से 0.1 प्रतिशत कम था, जिसका मुख्य कारण सब्जियों का कम उत्पादन था।

II.2.11 2023-24 में *खरीफ* और *रबी* दोनों मौसमों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों की उत्पादन[9] लागत पर 50 प्रतिशत का न्यूनतम प्रतिलाभ सुनिश्चित किया। 31 मार्च 2024 को खाद्यान्न का कुल सार्वजनिक स्टॉक कुल त्रैमासिक बफर मानदंड का 2.9 गुना था (चार्ट II.2.8)।

सारणी II.2.4: कृषि उत्पादन 2023-24

(लाख टन)

फसल	2022-23 अंतिम अनुमान**	2023-24 द्वितीय एई (एसएई)	2023-24 2022-23 के अंतिम अनुमान के दौरान (एसएई) घट-बढ़ (प्रतिशत)
1	2	3	4
1. खाद्यान्न	3,135.5	3,093.5	-1.3
चावल	1,255.2	1,238.2	-1.4
गेहूं	1,105.5	1,120.2	1.3
पोषक मोटा अनाज	535.0	500.7	-6.4
दालें	239.8	234.4	-2.2
तूर	33.1	33.4	0.8
चना	122.7	121.6	-0.9
उड़द	24.0	20.6	-14.4
मूँग	18.3	15.1	-17.6
2. तिलहन	403.0	366.0	-9.2
3. गन्ना	4,905.3	4,464.3	-9.0
4. कपास #	336.6	323.1	-4.0
5. जूट और मेस्ता ##	93.9	96.3	2.6

* खरीफ और रबी फसलें ** गर्मियों की फसलें छोड़कर #: हरेक 170 किलोग्राम की लाख गाँठें ##: हरेक 180 किलोग्राम की लाख गाँठें

स्रोत: कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।

[9] वास्तविक भुगतान लागत और परिवार श्रम का आरोपित मूल्य का जोड़ (ए2+एफएल)।

बॉक्स II.2.1

भारत में मोटे अनाज उत्पादन को बढ़ावा देना: आपूर्ति पक्ष के संवाहकों की पहचान करना

एशिया के लगभग 80 प्रतिशत और वैश्विक मोटे अनाज उत्पादन का 20 प्रतिशत भाग भारत द्वारा उत्पादित[10] होता है। हालाँकि, बाजरा का रकबा और उत्पादन पिछले कुछ वर्षों में स्थिर रहा है (चार्ट 1ए और 1बी), जो आंशिक रूप से एमएसपी-समर्थित खरीद के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहन और गुणवत्तापूर्ण अनाज के प्रति उपभोक्ता प्राथमिकताओं में एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है (राव, 2021)। मोटे अनाज आम तौर पर बिना/न्यूनतम सिंचाई के वर्षा आधारित परिस्थितियों में उगाया जाता है (चार्ट 1सी)। भारत में मोटे अनाज की उत्पादकता दुनिया भर के प्रमुख उत्पादकों की तुलना में कम बनी हुई है (चार्ट 1डी)।

2021-22 के लिए प्लॉट स्तर की खेती की व्यापक लागत सर्वेक्षण (सीसीसीएस) डेटा सीमांत[11] किसानों से एक महत्वपूर्ण उपज अंतर को दर्शाता है, जिससे सुधार की काफी गुंजाइश बनती है। इस पृष्ठभूमि में, 2021-22 के लिए सीसीसीएस डेटासेट का उपयोग करते हुए एक सामान्यीकृत रैखिक मॉडल के परिणाम वर्षा की स्थिति पर बाजरा के लिए उपज अंतर[12] की एक महत्वपूर्ण निर्भरता दिखाते हैं (सारणी 1)।

चार्ट 1 :भारत में मोटे अनाज की तुलना में प्रमुख अनाजों का उत्पादन



*:जवार को छोड़कर।
नोट: डेटा 5 वर्ष के चल औसत पर आधारित है।
स्रोत: कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, और एफ़एओएसटीएटी, यूएनओ।

(जारी)

10 'भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2021-22 में रिकॉर्ड 315.7 मिलियन टन तक पहुंच गया', पीआईबी, 31 जनवरी 2023।

11 अधिकतम प्राप्य (संभावित) उपज सबसे अधिक उत्पादक कृषि भूखंडों की औसत उपज है। (प्रत्येक राज्य के लिए सर्वेक्षण किए गए नमूने का शीर्ष 10 प्रतिशत)। उपज अंतर को संभावित और वास्तविक उपज के बीच के अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है।

12 परिणाम चर (उपज अंतर) प्रतिशत के संदर्भ में है; इसलिए, मान शून्य (कोई उपज अंतर नहीं) से लेकर अधिकतम एक या 100 प्रतिशत तक होता है। परिणाम चर की इस प्रकृति के कारण, पैपके और वूल्ड्रिज (1996) के बाद विश्लेषण के लिए एक भिन्नात्मक लॉजिस्टिक प्रतिगमन मॉडल का चयन किया गया था। यह परिकल्पना की गई है कि अधिक इनपुट उपयोग निम्न स्तर के उपज अंतर से जुड़ा है।

सारणी 1 : मोटे अनाज उत्पादन में उपज अंतर के निर्धारक

आश्रित चर: उपज अंतर

	मॉडल 1	मॉडल 2	मॉडल 3	मॉडल 4
वर्षा				
वास्तविक वर्षा (मिलीमीटर)	-1.27***	-0.98***	-	-
	(0.26)	(0.23)		
एलपीए से विचलन (1 = सामान्य और सामान्य से अधिक वर्षा@)	-	-	-0.04**	-0.04**
			(0.02)	(0.02)
इनपुट चर				
श्रम (घंटे/हेक्टेयर)	-0.60*	-0.84***	-0.88***	-0.85***
	(0.33)	(0.27)	(0.29)	(0.28)
सिंचाई (घंटे/हेक्टेयर)	-0.01	0.01	0.02	-
	(0.02)	(0.01)	(0.01)	
सिंचाई का स्वामित्व (1=स्वामित्व)	-	-	-	-0.01*
				(0.01)
बीज (किलो/हेक्टेयर)	0.16	0.15	0.12	0.10
	(0.15)	(0.10)	(0.11)	(0.11)
उर्वरक (किलो/हेक्टेयर)	-0.17***	-0.16***	-0.17***	-0.16***
	(0.04)	(0.04)	(0.05)	(0.04)
प्रौद्योगिकी चर				
संकर बीजों का उपयोग (1=अपनाया गया)	-0.06**	-0.05**	-0.03	-0.04*
	(0.03)	(0.02)	(0.02)	(0.02)
मशीन (घंटे/हेक्टेयर)	-0.19**	-0.11*	-0.12**	-0.13**
	(0.09)	(0.07)	(0.06)	(0.06)
मांग चर				
विलंबित कीमत# (₹/क्विंटल)	-1.73	-	-	-
	(1.55)	-	-	-
अपेक्षित निवल प्रतिलाभ# (1= सकारात्मक प्रतिलाभ)	-	-0.14***	-0.15***	-0.14***
	-	(0.02)	(0.02)	(0.02)
राज्य डमी	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ
पर्यवेक्षणों की संख्या	448	448	427	427
छद्मसंभावना लॉग	-288.67	-282.00	-272.17	-272.13

-: लागू नही।
***, ** और * क्रमशः 1 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत पर महत्व स्तर दर्शाते हैं।
@: एलपीए से +/-19 प्रतिशत का वर्षा विचलन जिला स्तर पर सामान्य माना जाता है।
#: पिछले वर्ष की कीमतों के आधार पर।
टिप्पणी: 1. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े मजबूत मानक त्रुटियां हैं (डेल्टा विधि का उपयोग करके गणना की जाती है और ब्लॉक स्तर पर क्लस्टर की जाती है)।
2. जिला स्तर पर ली गई कीमतों और वर्षा को छोड़कर, सभी चर के डेटा का उपयोग प्लॉट स्तर पर किया गया है।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान।

हालाँकि मोटे अनाज को सूखा प्रतिरोधी फसल माना जाता है, लेकिन न्यूनतम किंतु सुनिश्चित[13] सिंचाई उपज के अंतर को पाटने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। श्रम, उर्वरक और मशीन का उपयोग भी उपज अंतर से नकारात्मक किन्तु महत्वपूर्ण रूप से संबंधित है। संकर बीज अपनाने से पैदावार बेहतर होती है। उच्च अपेक्षित निवल प्रतिलाभ (पिछली कीमतों और प्रचलित लागत का उपयोग करके अनुमानित) भी किसानों को उच्च उपज वाले इनपुट में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और इस प्रकार उपज अंतर को कम करेगा।

सन्दर्भ:

1. पपके, एल.ई., और वूल्ड्रिज, जे.एम. (1996), 'इक्नोमेट्रिक मेथड्स फॉर फ्रैक्शनल रिस्पॉन्स वेरिएबल्स विद एन एप्लीकेशन टू 401 (के) प्लान पार्टिसिपेशन रेट्स', *जर्नल ऑफ एप्लाइड इकोनोमेट्रिक्स*, 11(6), 619-632।
2. राव, बी.डी., भंडारी, आर. और टोनापी, वी.ए. के. (2021), 'बाजरा पर श्वेत पत्र - पोषण सुरक्षा के लिए बाजरा को मुख्यधारा में लाने पर एक नीति नोट', आईसीएआर-भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), हैदराबाद, भारत।

[13] सारणी 1 में सिंचाई के स्वामित्व को डमी द्वारा समझाया गया।

चार्ट II.2.8 : स्टॉक और बफर नॉर्म की मासिक स्थिति



स्रोत: उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार।

चार्ट II.2.9 : संगठित विनिर्माण फर्म



स्रोत: सीएमआई उद्योग परिदृश्य।

29 नवंबर 2023 को, सरकार ने प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण को 1 जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया।

औद्योगिक क्षेत्र

II.2.12 भारत के औद्योगिक क्षेत्र ने 2023-24 में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसमें इनपुट लागत के दबाव में कमी और साथ ही बेहतर कॉरपोरेट मुनाफे से मदद मिली (चार्ट II.2.9)।

II.2.13 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) द्वारा मापे गए औद्योगिक उत्पादन में 2023-24 के दौरान 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष में यह 5.2 प्रतिशत थी (चार्ट II.2.10ए)। विनिर्माण क्षेत्र के भीतर, 23 उद्योग समूहों में से 13 ने परिवहन उपकरण, मोटर वाहन और बुनियादी धातुओं के नेतृत्व में साल-दर-साल वृद्धि दर्ज किया। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के संदर्भ में, सभी श्रेणियों में वर्ष-दर-वर्ष विस्तार दर्ज किया गया (चार्ट II.2.10बी)। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार , सभी श्रेणियों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज किया गया (चार्ट II.2.10बी)।

चार्ट II.2.10: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक - उपयोग-आधारित वर्गीकरण



स्रोत: एमओएसपीआई, भारत सरकार।

II.2.14 विनिर्माण क्षेत्र को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से लाभ हुआ। दिसंबर 2023 तक ₹1.07 लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप ₹8.7 लाख करोड़ का उत्पादन/बिक्री हुई, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 7.0 लाख से अधिक नौकरियों का सृजन हुआ और निर्यात ₹3.4 लाख करोड़ से अधिक हो गया। योजना की शुरुआत से अब तक लगभग ₹4,415 करोड़ का प्रोत्साहन संवितरित किया जा चुका है। इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स पीएलआई योजना के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं।

II.2.15 कोयला उत्पादन में वृद्धि के कारण खनन क्षेत्र सूचकांक में 2023-24 में 7.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। नवीकरणीय ऊर्जा, जो कुल बिजली उत्पादन का लगभग 13 प्रतिशत है, ने 2023-24 के दौरान बेहतर वृद्धि दर्ज की (चार्ट II.2.1)। 31 मार्च, 2024 तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 190.6 गीगावाट (जीडब्ल्यू) थी।

सेवा क्षेत्र

II.2.16 2023-24 में सेवा क्षेत्र की वृद्धि को निर्माण गतिविधि और वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं द्वारा बढ़ावा मिला। हवाई यातायात, रेलवे माल ढुलाई, ऑटोमोबाइल बिक्री, स्टील की खपत, जीएसटी ई-वे बिल और विदेशी पर्यटकों के आगमन जैसे सेवा क्षेत्र के अनुमानित संकेतकों में उछाल दर्ज किया गया (सारणी II.2.5)।

II.2.17 भारत का निर्माण क्षेत्र, जो वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है, ने 2023-24 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। 2023-24 में स्टील की खपत और सीमेंट उत्पादन में क्रमशः 11.9 प्रतिशत और 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महामारी के बाद से घरेलू स्वामित्व के लिए संचित मांग और मजबूत उपभोक्ता परिदृश्य ने 2023-24 में गति बनाए रखी (चार्ट II.2.12)। वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र 2023-24 में सुस्त रहा। निरंतर अवकाश और कॉरपोरेट यात्रा मांग के साथ, आतिथ्य क्षेत्र ने और अधिक लाभ कमाया। वित्तीय क्षेत्र में, कुल जमा और वाणिज्यिक क्षेत्र में बैंक ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज हुई। सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं (पीएडीओ) ने निरंतर वृद्धि दर्ज की।

चार्ट II.2.11: नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन



GWh: गिगावाट आवर्स।
स्रोत: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण।

चार्ट II.2.12: आवासीय इकाई की बिक्री



स्रोत: प्रोप टाइगर।

सारणी II.2.5: उच्च आवृत्ति संकेतक: संवृद्धि दर

(प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)

	2022-23				2023-24			
संकेतक	**ति1**	**ति2**	**ति3**	**ति4**	**ति1**	**ति2**	**ति3**	**ति4**
1	2	3	4	5	6	7	8	9
शहरी मांग								
ऑटोमोबाइल बिक्री	51.8	16.9	10.0	8.7	12.2	0.9	20.6	21.7
यात्री वाहन बिक्री	33.9	34.4	21.4	10.7	9.5	5.7	8.7	10.8
कृषि / ग्रामीण मांग								
ट्रैक्टरों की घरेलू बिक्री	15.8	4.8	10.5	18.7	-1.9	-5.8	-4.9	-22.9
दुपहिया वाहनों की बिक्री	55.0	13.6	7.2	6.7	11.2	-1.6	22.6	24.9
तिपहिया वाहनों की बिक्री	211.3	71.2	68.2	84.4	89.6	62.2	35.2	7.3
यातायात								
कुल वाहन पंजीकरण	61.3	1.4	19.0	15.1	6.0	13.9	10.7	10.8
घरेलू हवाई यात्री यातायात	206.2	64.1	18.5	52.2	19.1	23.0	9.1	5.2
अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात	403.3	263.9	98.1	93.6	35.0	21.6	18.5	17.0
घरेलू हवाई कार्गो	32.1	10.0	-3	0.5	-1.0	-1.0	9.5	10.0
अंतरराष्ट्रीय हवाई कार्गो	-1.7	-3.8	-11	-2.8	0.1	3.7	10.7	23.9
माल यातायात निवल टन किलोमीटर @	19.4	14.5	-66.7	4.7	-3.5	0.9	4.6	-
माल यातायात माल प्रारंभ स्थान*	11.8	8.4	3.2	-33.5	1.1	4.8	6.4	8.2
पोर्ट कार्गो	9.3	12.8	5.2	8.6	0.8	2.9	10.0	2.7
घरेलू व्यापार								
जीएसटी ई-वे बिल	45.6	20.1	17.2	18.1	15.8	15.0	17.1	16.3
जीएसटी ई-वे बिल इंट्रा-स्टेट	46.6	23.8	23.6	22.3	19.3	18.4	22.1	18.2
जीएसटी ई-वे बिल अंतर-राज्यीय	43.8	14.6	7.4	11.4	10.0	9.3	8.6	13.1
जीएसटी राजस्व	34.5	27.5	14.2	12.6	11.6	10.6	12.9	11.3
निर्माण								
स्टील की खपत	10.0	14.3	16.1	12.9	11.1	16.8	11.6	8.6
सीमेंट उत्पादन*	17.3	4.9	10.1	3.8	12.7	10.3	5.1	8.5
पर्यटन और आतिथ्य								
होटल अधिभोग दर	64.7	62.2	65.0	66.3	63.0	60.9	65.2	67.8
विदेशी पर्यटकों का आगमन*	895.4	521.5	218.2	121.0	38.2	17.5	14.0	13.1

← संकुचन   विस्तार →

* : @: ति3:2023-24 का डेटा अक्टूबर 2023 से संबंधित है।   *: ति4:2023-24 का डेटा जनवरी-फरवरी 2024 के लिए है।   -: उपलब्ध नहीं है।

स्रोत: सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम); ट्रैक्टर और मशीनीकरण संघ; वाहन; भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण; रेल मंत्रालय, भारत सरकार; भारतीय बंदरगाह संघ; वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन); संयुक्त संयंत्र समिति ; वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार; एचवीएस एनारॉक, और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार।

II.2.18 सेवा क्षेत्र समग्र सूचकांक (एसएससीआई)[14], जिसमें निर्माण, व्यापार, परिवहन और वित्तीय सेवाओं से जुड़ी गतिविधि आदि शामिल है और पीएडीओ को छोड़कर सेवा क्षेत्र में जीवीए वृद्धि का एक संयोग संकेतक है, 2023-24 में ऊंचे स्तर पर रहा (चार्ट II.2.13).

4. रोजगार

II.2.19 2022-23 और 2023-24 के दौरान श्रम बाजार की स्थितियों में सुधार हुआ। वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) में वृद्धि के साथ-साथ 2022-23 में बेरोजगारी

[14] एसएससीआई का निर्माण उच्च आवृत्ति संकेतकों, अर्थात् स्टील की खपत, सीमेंट उत्पादन, प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री/उत्पादन, रेलवे माल यातायात, हवाई यात्री/माल यातायात, पर्यटक आगमन, गैर-तेल आयात, बैंक ऋण और जमा आदि से एकत्र की गई जानकारी को उपयुक्त रूप से संकलित और संयोजित करके किया गया है।

चार्ट II.2.13: सेवा क्षेत्र में संवृद्धि (पीएडीओ को छोड़कर) और सेवा क्षेत्र समग्र सूचकांक



*: मार्च 2024 तिमाही के लिए एसएससीआई उपलब्ध आंशिक आंकड़ों पर आधारित है।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

दर (यूआर) घटकर 3.2 प्रतिशत (पिछले वर्ष 4.1 प्रतिशत से) हो गई। महामारी के बाद बेहतर सामान्यीकरण के साथ, 55.2 प्रतिशत[15] से 57.9 प्रतिशत हो गया। 2022-23 के लिए एलएफपीआर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यपीआर) 2017-18 में पीएलएफएस शृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे अधिक थे (चार्ट II.2.14ए)। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में सुधार हुआ (चार्ट II.2.14बी)।

II.2.20 शहरी क्षेत्रों को कवर करने वाले त्रैमासिक पीएलएफएस, के अनुसार, एलएफपीआर के साथ-साथ ति4: 2023-24 के दौरान श्रमिक-जनसंख्या अनुपात 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से सबसे अधिक था, जिसने बेरोजगारी दर को उसके न्यूनतम स्तर 6.7 प्रतिशत तक ले जाने में मदद की (चार्ट II.2.15)। पेरोल डेटा द्वारा मापे गए संगठित क्षेत्र के रोजगार में भी 2023-24 में वृद्धि का संकेत मिला (चार्ट II.2.16)।

II.2.21 उत्पादकता वृद्धि मध्यम अवधि की संवृद्धि का एक प्रमुख चालक है। 1990 के दशक से भारत में उत्पादकता वृद्धि में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण कारकों में निम्न-उत्पादक से उच्च-उत्पादक क्षेत्रों में संसाधनों का पुनर्वितरण और सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी)[16] का तीव्र विस्तार शामिल है [बॉक्स II.2.2]

चार्ट II.2.14: श्रम बाजार संकेतक - वार्षिक पीएलएफएस



स्रोत: एमओएसपीआई, भारत सरकार।

[15] वार्षिक संकेतक सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति + सहायक स्थिति) पर आधारित होते हैं जबकि त्रैमासिक पीएलएफएस संकेतक वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) पर आधारित होते हैं। सभी संकेतक 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लिए हैं।

[16] आईसीटी क्षेत्र में विनिर्माण और सेवा उद्योग शामिल है, जिनके उत्पाद ट्रांसमिशन और डिस्प्ले (ओईसीडी, 2020) सहित इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सूचना प्रसंस्करण और संचार के कार्य को पूरा करते हैं।

चार्ट II.2.15: त्रैमासिक श्रम बाजार संकेतक - शहरी क्षेत्र



स्रोत: एमओएसपीआई, भारत सरकार।

चार्ट II.2.16: कर्मचारी भविष्य निधि और राष्ट्रीय पेंशन योजना - ग्राहक वृद्धि



स्रोत: एमओएसपीआई और श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार

बॉक्स II.2.2
भारत में उत्पादकता और डिजिटलीकरण

उत्पादकता पर डिजिटलीकरण[17] के प्रभाव का आकलन दो अलग-अलग चैनलों के माध्यम से किया जाता है, अर्थात्, अर्थव्यवस्था में आउटपुट और श्रम उत्पादकता वृद्धि में इनपुट के रूप में आईसीटी की भूमिका के माध्यम से; और आईसीटी और गैर-आईसीटी क्षेत्रों (दास और एरुंबन, 2016) के बीच अंतर की जांच करके उत्पादकता संभावनाओं का अनुमान लगाना।

उत्पादन कार्य में इनपुट के रूप में आईसीटी की भूमिका

भारत के लिए, 1980 से 2020 तक 27 केएलईएमएस उद्योगों के लिए उत्पादकता और उत्पादन वृद्धि का अनुमान इस प्रकार बनाया गया था:

$\Delta lnY \equiv \bar{\upsilon}_{ictK}\,\Delta lnICTk+\bar{\upsilon}_{ictnonK}\,\Delta lnICTnonk+\bar{\upsilon}_{L}\,\Delta lnL+\Delta TFP$ .... (1)[18]

अगले चरण में, श्रम उत्पादकता वृद्धि का विघटन इस प्रकार प्राप्त होता है:

$\Delta lnLp \equiv \bar{\upsilon}_{ictK}\,\Delta lnICTk+\bar{\upsilon}_{ictnonK}\,\Delta lnICTnonk+\bar{\upsilon}_{L}\,\Delta lnLQ+\Delta TFP$ .... (2)[19]

विघटन परिणाम[20] दर्शाते हैं कि उत्पादन वृद्धि में आईसीटी पूंजी सेवाओं का योगदान 1981-90 के दौरान 5.0 प्रतिशत से बढ़कर 1992-2023 के दौरान 13.2 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि में श्रम उत्पादकता वृद्धि में आईसीटी पूंजी का योगदान 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 15.3 प्रतिशत हो गया।

टीएफपी वृद्धि पर आईसीटी क्षेत्रों का प्रभाव

निम्नलिखित समीकरण का उपयोग करके आईसीटी और गैर-आईसीटी क्षेत्रों के बीच उत्पादकता अंतर की जांच करने के लिए 27 केएलईएमएस उद्योगों को आईसीटी और गैर-आईसीटी क्षेत्रों में विभाजित किया गया है:

(जारी)

[17] ओईसीडी (2020) के अनुसार, आर्थिक विकास में आईसीटी क्षेत्र के योगदान का अनुमान लगाकर डिजिटलीकरण की सीमा को मापा जा सकता है।

[18] जहां कुल मूल्य वर्धित (Y) उद्योग मूल्य वर्धित वृद्धि के योग द्वारा प्राप्त किया जाता है। ΔlnK और ΔlnL कारक इनपुट - पूंजी और श्रम में वृद्धि को दर्शाते हैं। पूंजीगत इनपुट को आईसीटी पूंजी और गैर-आईसीटी पूंजी में विभाजित किया गया है। इन्हें क्रमशः ICTK और ICTnonK के रूप में दर्शाया गया है। $\bar{\upsilon}_{ictK}$ और $\bar{\upsilon}_{ictnonK}$ कुल जोड़े गए मूल्य में आईसीटी और गैर-आईसीटी पूंजी के दो-अवधि के औसत मुआवजे के हिस्से को दर्शाते हैं। $\bar{\upsilon}_{L}$ कुल जोड़े गए मूल्य में श्रम मुआवजे का दो-अवधि का औसत हिस्सा है। ΔTFP समग्र TFP वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है।

[19] जहां $\Delta lnLp$ श्रम उत्पादकता वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, $\bar{\upsilon}_{ictK}$ और $\bar{\upsilon}_{ictnonK}$ क्रमशः आईसीटी और गैर-आईसीटी उद्योगों में पूंजी गहनता में वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है, और $\Delta lnLQ$ श्रम गुणवत्ता में वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है।

[20] 1991 और 2020, क्रमशः बीओपी संकट और सीओवीआईडी वर्ष होने के कारण, नकारात्मक श्रम उत्पादकता वृद्धि के कारण विश्लेषण से हटा दिए गए हैं।

सारणी 1 : उत्पादकता और आईसीटी क्षेत्र

अवधि/चर	आश्रित चर (Δपी):				
	1980-2020	1980-1990	1990-2000	2000-2010	2010-2020
1	2	3	4	5	6
आईसीटी क्षेत्र डमी	0.16***	0.31*	0.52	0.68*	-0.31
	(3.46)	(1.83)	(1.39)	(1.99)	(-0.91)
गैर-आईसीटी क्षेत्र डमी	0.12*	0.27	0.45	0.60*	-0.33
	(2.69)	(1.56)	(1.24)	(1.82)	(-0.99)
आईसीटी और गैर-आईसीटी के बीच अंतर	0.04***	0.04***	0.07*	0.07**	0.01
	(5.46)	(9.15)	(2.69)	(3.24)	(1.33)
पर्यवेक्षणों की संख्या	1053	243	243	243	243

***, ** और * क्रमशः 1 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत पर महत्व स्तर दर्शाते हैं।

टिप्पणी : 1. मॉडल में श्रम गुणवत्ता, पूंजी स्टॉक, पूंजी संरचना, उद्योग और वर्ष-निर्धारित प्रभावों के नियंत्रण शामिल हैं।
2. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े टी-सांख्यिकी हैं।

स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

$$\Delta P_{it} = \alpha + \beta * ICT\ Dummy + \gamma X_{it} + \epsilon_{it} \quad .... (3)$$[21]

परिणाम बताते हैं कि, औसतन, आईसीटी क्षेत्र की उत्पादकता पूरे नमूना अवधि (1980-2020) और दशकीय उप-अवधि (सारणी 1) के लिए गैर-आईसीटी क्षेत्र की तुलना में बेहतर रही। आईसीटी का उत्पादकता प्रभाव 1980 से 2010 के दौरान बढ़ता रहा, जिसने भारत के लिए सोलो के उत्पादकता विरोधाभास[22] की अवधारणा को खारिज कर दिया।

हालाँकि, हाल की अवधि (2010-2020) में भारत में विरोधाभास का उद्भव आम तौर पर दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ते डिजिटलीकरण के बावजूद जीएफसी उत्पादकता मंदी के अनुरूप है, जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों या उनकी गुणवत्ता तक असमान पहुंच को दर्शाता है; और अग्रणी और पिछड़ी फर्मों के बीच प्रौद्योगिकी लाभों के धीमे प्रसार (डाइप्पे एट अल., 2020) को दर्शाता है।

सन्दर्भ:

1. डाइप्पे, ए., किलिक सेलिक, एस., और किंडबर्ग-हैनलॉन, जी (2020), 'ग्लोबल प्रोडक्टिविटी:ट्रेंड्स, ड्राइवर्स,एंड पॉलिसीस', विश्व बैंक, वाशिंगटन
2. एरुंबन, ए.ए., और दास, डी.के. (2016), इन्फोर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नॉलजी एंड इकोनमिक ग्रोथ इन इंडिया', टेलीकम्यूनिकेशंस पॉलिसी 40(5), 412-431।
3. ओईसीडी (2020), 'ए रोडमैप टुवार्ड अ कॉमन फ्रेमवर्क फॉर मीसरिंग द डिजिटल इकोनॉमी' , रिपोर्ट फॉर द जी 20 डिजिटल इकोनॉमी टास्क फोर्स।
4. वैन आर्क, बी. (2016), 'द प्रोडक्टिविटी पैराडॉक्स ऑफ द न्यू डिजिटल इकोनॉमी', इंटरनेशनल प्रोडक्टिविटी मॉनिटर, 31, 3-18।

5. निष्कर्ष

II.2.22 कमजोर बाहरी मांग के होते हुए भी मजबूत निवेश गतिविधि के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था ने 2023-24 में मजबूत वृद्धि को दर्शाया। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आपूर्ति पक्ष में प्रमुख वाहक थे जबकि असमान और न्यून मॉनसून वर्षा के कारण कृषि गतिविधि धीमी रही। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को बनाए रखते हुए पूंजीगत व्यय पर सरकार के निरंतर ध्यान को देखते हुए, संवृद्धि का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। मजबूत कॉरपोरेट तुलनपत्र, बढ़ती क्षमता उपयोग, दोहरे अंक की ऋण वृद्धि, स्वस्थ वित्तीय क्षेत्र और जारी अवस्फीति आदि के विकास के अन्य कारक बनने की संभावना है। लंबे समय तक बने रहने वाले भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन और प्रतिकूल जलवायु संबंधी दबाव परिदृश्य के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं।

[21] जहां ΔP_{it} वार्षिक उत्पादकता वृद्धि दर है, i उद्योग है, और t वर्ष (1980-2020) है। आईसीटी उद्योग डमी है, जो मान 1 लेता है, यदि उद्योग आईसीटी क्षेत्र से संबंधित है और 0 अन्यथा। X_यह श्रम गुणवत्ता, पूंजी गुणवत्ता, कुल पूंजी स्टॉक, उद्योग निश्चित प्रभाव और वर्ष निश्चित प्रभाव सहित नियंत्रण चर का एक वेक्टर है। X_{it} गैर-आईसीटी क्षेत्र से संबंधित उद्योग के लिए अनुमानित औसत उत्पादकता है, और $\alpha + \beta$ आईसीटी क्षेत्र से संबंधित उद्योग के लिए अनुमानित औसत उत्पादकता है। इसलिए, β आईसीटी और गैर-आईसीटी उद्योग की उत्पादकता वृद्धि दर में अंतर दिखाता है।

[22] नई डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उद्भव कई अर्थव्यवस्थाओं में उत्पादकता में गिरावट के साथ हुआ है। जिसे अक्सर 'सोलो उत्पादकता विरोधाभास' (वैन आर्क 2016) के रूप में जाना जाता है।

II.3 कीमतों की स्थिति

चार्ट II.3.1: सभी प्रमुख घटकों की मुद्रास्फीति



टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सीपीआई-संयुक्त में भार दर्शाते हैं। अप्रैल और मई 2020 के आंकड़े एनएसओ द्वारा अभ्यारोपित हैं।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

II.3.1 भारत में, मौद्रिक नीति को सख्त करने, आपूर्ति प्रबंधन उपायों और इनपुट लागत दबावों को कम करने के फलस्वरूप, 2023-24 अवधि के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति[23] कम होकर सहन स्तर में आ गई (अध्याय III देखें)। लगातार आपूर्ति दबावों के कारण खाद्य मुद्रास्फीति अस्थिर रही। दूसरी ओर, मुख्य मुद्रास्फीति निरंतर आधार पर कम हुई, जिससे मौजूदा सीपीआई शृंखला[24] में मार्च 2024 में सबसे कम प्रिंट दर्ज किया गया। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में नरमी के कारण ईंधन और बिजली समूह सितंबर 2023 से अपस्फीति में बना हुआ है (चार्ट II.3.1)।

II.3.2 हालांकि 2023-24 में औसत हेडलाइन मुद्रास्फीति सीमित रही, लेकिन मानक विचलन द्वारा मापी गई अस्थिरता, चरम मौसमी घटनाओं के कारण रुक-रुक कर खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के कारण बढ़ गई (सारणी II.3.1)

II.3.3 इस पृष्ठभूमि में, उप-खंड 2 में वैश्विक मुद्रास्फीति और वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का मूल्यांकन दिया गया है। उप-खंड 3 भारत में मुद्रास्फीति की गतिशीलता का विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जिसमें उप-खण्ड 4 में इसके प्राथमिक घटकों की विस्तृत जानकारी दी गई है। उप-खंड 5 में कीमतों और लागत के अन्य संकेतकों का विश्लेषण करते हुए निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है।

सारणी II.3.1: सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति - प्रमुख सांख्यिकी सारांश

(प्रतिशत)

	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
माध्य	9.4	5.8	4.9	4.5	3.6	3.4	4.8	6.2	5.5	6.7	5.4
मानक विचलन	1.3	1.5	0.7	1.0	1.2	1.1	1.8	1.1	0.9	0.7	0.9
स्क्यूनेस	-0.2	-0.1	-0.9	0.2	-0.2	0.1	0.5	-0.7	-0.1	-0.1	1.5
कर्टोसिस	-0.5	-1.0	-0.1	-1.6	-1.0	-1.5	-1.4	-0.7	-1.0	-0.6	1.6
माध्यिका	9.5	5.5	5.0	4.3	3.4	3.5	4.3	6.5	5.6	6.7	5.1
अधिकतम	11.5	7.9	5.7	6.1	5.2	4.9	7.6	7.6	7.0	7.8	7.4
न्यूनतम	7.3	3.3	3.7	3.2	1.5	2.0	3.0	4.1	4.2	5.7	4.3

टिप्पणी: स्क्यूनेस और कर्टोसिस की कोई इकाई नहीं होती। वार्षिक मुद्रास्फीति वर्ष के दौरान मासिक मुद्रास्फीति दरों का औसत है और इसलिए यह वर्ष के लिए औसत सूचकांक से गणना की गयी वार्षिक मुद्रास्फीति से भिन्न हो सकती है।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

[23] राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) भारत सरकार (जीओआई) द्वारा जारी अखिल भारतीय सीपीआई-संयुक्त (ग्रामीण + शहरी) [आधार वर्ष: 2012=100] में वर्ष -दर- वर्ष बदलाव से हेडलाइन मुद्रास्फीति को मापा जाता है।
[24] मुद्रास्फीति आगे अप्रैल 2024 में अनुकूल रही।

2. वैश्विक मुद्रास्फीति परिदृश्य

II.3.4 वैश्विक स्तर पर, मुद्रास्फीति 2022 में अपने बहु-दशक शिखर से 2023 में कम हो गई, लेकिन यह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में उनके लक्ष्य और पूर्व-महामारी स्तर से ऊपर रही। मजबूत और समकालिक मौद्रिक नीति को सख्त बनाने, आपूर्ति शृंखलाओं को सामान्य बनाने और वैश्विक ऊर्जा और खाद्य कीमतों में नरमी ने मुद्रास्फीति के दबाव पर नियंत्रण लाने में मदद की। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, वैश्विक मुद्रास्फीति 2022 में 8.7 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 6.8 प्रतिशत हो गई, हालांकि यह 2010-19[25] के दौरान 3.5 प्रतिशत के औसत से ऊपर रही।

II.3.5 विश्व बैंक ऊर्जा मूल्य सूचकांक (चार्ट II.3.2) के अनुसार, प्रमुख पण्य में, 2023-24 के दौरान ऊर्जा की कीमतों में लगभग 28 प्रतिशत की कमी आई। जबकि ओपेक+ देशों द्वारा उत्पादन में कटौती जारी रखने से कच्चे तेल की कीमतों पर विपरीत दबाव पड़ा, लेकिन वैश्विक मांग में कमी और गैर-ओपेक+ आपूर्ति में वृद्धि से इसकी भरपाई हो गई। कमजोर चीनी और यूरोपीय मांग के कारण 2023-24 में धातु की कीमतों में लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट आई। अच्छी फसल से आपूर्ति में सुधार के कारण अंतरराष्ट्रीय खाद्य कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। हालाँकि, आपूर्ति-माँग के अंतर के कारण चावल और चीनी की कीमतें बढ़ गई हैं। चरम जलवायु घटनाओं की बढ़ती घटनाएं और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए जोखिम पैदा करती हैं।

3. भारत में मुद्रास्फीति

II.3.6 भारत की हेडलाइन मुद्रास्फीति मई 2023 में पूरे वर्ष के न्यूनतम 4.3 प्रतिशत से बढ़कर जुलाई 2023 में 7.4 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई, लेकिन दिसंबर और फिर 5.7 प्रतिशत तक बढ़ गई। मार्च 2024 में कम होकर 4.9 प्रतिशत हो गया, जो खाद्य कीमतों में अस्थिरता को दर्शाता है (चार्ट II.3.3)। मुद्रास्फीति के प्रति

चार्ट II.3.2: अंतरराष्ट्रीय पण्य कीमतें



स्रोत: विश्व बैंक पिंक शीट डेटाबेस।

चार्ट II.3.3: हेडलाइन मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव



टिप्पणी: अप्रैल और मई 2020 का डेटा एनएसओ द्वारा दिया गया है।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

25 विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ), अप्रैल 2024, आईएमएफ।

संवेदनशील कृषि वस्तुओं के संबंध में लक्षित हस्तक्षेप, स्टॉक सीमा और सक्रिय व्यापार नीति पहल सहित आपूर्ति पक्ष के उपायों ने मूल्य दबाव को कम करने में मदद की। मौद्रिक सख्ती, वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में सुधार और इनपुट लागत दबाव में सुधार से मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी आई। लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) के बाद की अवधि में मुख्य मुद्रास्फीति पर आघात का प्रभाव काफी कम हो गया है, जो मुद्रास्फीति की अपेक्षाओं के अनुरूप स्थिरता का संकेत देता है (बॉक्स II.3.1)।

बॉक्स II.3.1
भारत में मुद्रास्फीति वृद्धि की गतिशीलता

मौसमी रूप से समायोजित त्रैमासिक हेडलाइन और मुख्य मुद्रास्फीति प्रदर्शनों का अनुमान वृद्धि की अवधि में मुद्रास्फीति की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए एक प्रतिगमन-आधारित घटना अध्ययन ढांचे में विलंबित मुद्रास्फीति और विलंबित वृद्धि घटना डमी के एक प्रकार्य के रूप में किया जाता है (ब्लैंको एट एला, 2022)। वृद्धि की घटनाओं को दीर्घकालिक मुद्रास्फीति प्रसार के 90वें प्रतिशत तक की सीमा स्तर से ऊपर या वितरण के दाएं मान में मुद्रास्फीति में परिवर्तन से परिभाषित किया जाता है (चार्ट 1)।

घटना की अवधि का चयन मुद्रास्फीति वृद्धि को उनके पूर्व-वृद्धि स्तर तक पहुंचने में लगने वाले औसत समय (तिमाहियों की संख्या) पर आधारित होता है। मुद्रास्फीति पथ की गतिशीलता का अनुमान इस प्रकार लगाया गया है:

$$y_{i,t} = \alpha_i + \sum_{j=0}^{J} \beta_j \, y_{i,t-1-j} + \sum_{k=-K_1}^{K_2} \gamma_k D_{i,t-k} + \varepsilon_{it} \qquad ....(1)$$

जहां $y_{i,t}$ वीं अवधि में मौसमी रूप से समायोजित त्रैमासिक मुद्रास्फीति दर (हेडलाइन या मुख्य) है, $D_{i,t-k}$ डमी वैरिएबल है जो मुद्रास्फीति वृद्धि अंतर (t) की शुरुआत में मान 1 लेता है और 0 अन्यथा और, ε_{it} यादृच्छिक त्रुटि शब्द है। J और K क्रमशः मुद्रास्फीति अंतराल और घटना के अंतराल हैं। K_1 और K_2 घटना की अवधि की शुरुआत और अंत हैं।

अनुमानित गुणांक $\hat{\beta}_j$ and $\hat{\gamma}_k$ से क्रमशः विलंबित मुद्रास्फीति और विलंबित डमी से प्राप्त औसत मुद्रास्फीति पथ का अनुमान इस प्रकार है:

$$\hat{y}_t = \sum_{k=-K_1}^{\min\,(t-1,\,K_2)} \prod_{j=0}^{\min\,(t-2-k,\,J)} \hat{\beta}_j \hat{\gamma}_k, \text{ for } t \geq -K_1 + 1 \qquad ....(2)$$

अंतर –देशीय साक्ष्य से पता चलता है कि मुद्रास्फीति में वृद्धि लगातार बनी हुई है, लेकिन अवस्फीति की अवधि मुद्रास्फीति वृद्धि के चरण से अधिक है (ब्लैंको एट एल 2022; एरी एट अल 2023)। भारत में, मुख्य मुद्रास्फीति को किसी भी अतिव्यापी आघात के अभाव में अपने पूर्व-उछाल स्तर पर लौटने में औसतन एक वर्ष लगता है; हालाँकि, खाद्य मुद्रास्फीति (चार्ट 2 ए और 2 बी) में अस्थिरता के कारण हेडलाइन मुद्रास्फीति का इसके पूर्व-आघात स्तर तक प्रसार बाधित है। पूर्व-एफआईटी (1995-2016) और एफआईटी के बाद (2017-2023) अवधियों का अलग-अलग विश्लेषण, विशेष रूप से मुख्य मुद्रास्फीति के

चार्ट 1 : मुद्रास्फीति संवितरण (1995 -2023)



टिप्पणी: लाल रेखा मुद्रास्फीति में परिवर्तन के प्रसार का 90वां प्रतिशत दर्शाती है।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

(जारी)



स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

लिए, प्रसार के पैटर्न में बदलाव का संकेत देता है। जबकि संरचनात्मक कारकों और नीति प्रसार अंतराल के कारण संतुलन में वापस आने की समय-सीमा समान रहती है, मुख्य मुद्रास्फीति में उछाल पूर्व-एफआईटी अवधि की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम है। यह स्थिर मुद्रास्फीति अनुमानों की ओर इशारा करता है। इस प्रकार, विश्वसनीय और समय पर कार्यान्वित की गई मौद्रिक नीति आकार और अवधि दोनों के संदर्भ में मुद्रास्फीति पर आघात के प्रभाव को नियंत्रित कर सकती है।

सन्दर्भ:

1. एरी ए., सी. एम-ग्रेनाडोस, वी मायलोनास, एल रत्नोवस्की, और डब्ल्यू झाओ (2023), 'वन हंड्रेड इन्फ्लेशन शॉक्स: सेवन स्टाइलिज्ड फैक्ट्स', आईएमएफ वर्किंग पेपर डब्ल्यूपी/23/190।
2. ब्लैंको ए., पी. ओटोनेलो और टी. रानोसोवा (2022), 'द डायनेमिक्स ऑफ लार्ज इन्फ्लेशन सर्जेज', एनबीईआर वर्किंग पेपर सीरीज, नं. 30555।

II.3.7 खाद्य और पेय पदार्थों में मुद्रास्फीति हेडलाइन मुद्रास्फीति का प्रमुख वाहक बनी रही, हेडलाइन मुद्रास्फीति में इसका योगदान एक साल पहले के 46 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 के दौरान 60.3 प्रतिशत हो गया। वर्षा के असमान स्थानिक और अल्पकालिक वितरण और चरम मौसमी घटनाओं के कारण फसल की क्षति हुई और प्रमुख कृषि पण्य के उत्पादन में कमी आई। सब्जियों की कीमतों में बार-बार आघात, गेहूं के कम स्टॉक और दालों और मसालों के उत्पादन में गिरावट के कारण, खाद्य मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर बनी रही। राज्य-स्तरीय मुद्रास्फीति पर आपूर्ति के दबाव का प्रभाव राज्य की सीमाओं के बाहर उनके प्रभाव विस्तार का आकलन प्रदान करता है (बॉक्स II.3.2)।

बॉक्स II.3.2

भारत की स्थानिक संयोजकता और उप-राष्ट्रीय मुद्रास्फीति की गतिशीलता: घटनाओं का आकलन

राज्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी मार्क-अप को कम करके परिवहन और व्यापार लागत को आसान बनाती है। आपूर्ति आघात के स्थानिक संचरण और सीपीआई खाद्य मुद्रास्फीति पर प्रभाव का विश्लेषण निम्नलिखित रूप के विषम स्थानिक ऑटो रिग्रेशन (एसएआर) मॉडल के माध्यम से किया जाता है:

$$\pi_{it} = \rho_i \sum_j w_{ij} \pi_{jt} + \theta_{1i} Shock_{it} + \epsilon_{it} \quad ....(A)$$

जहां π_{it} यह वर्ष t में राज्य i के लिए मुद्रास्फीति है। आपूर्ति का आघात राज्य स्तर पर सामान्य[26] से पूर्ण वर्षा विचलन द्वारा अनुमानित है और w_{ij} राज्यों i और j ($w_{ii} = 0$)[27] को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या द्वारा मापा गया पंक्ति-सामान्यीकृत स्थानिक लिंकेज है। मॉडल का अनुमान 2013-24 के दौरान 27 राज्यों में वार्षिक सीपीआई मुद्रास्फीति डेटा का उपयोग करके विषम गुणांक (एक्वारो एट एल।, 2021) के साथ समीकरणों की एक प्रणाली के रूप में लगाया गया है। यह देखा गया है कि

26 पूर्ण वर्षा विचलन सामान्य वर्षा के सापेक्ष वर्षा की स्थिति को दर्शाता है। उच्च विचलन उच्च कमी या अधिक वर्षा का संकेत देते हैं, जो दोनों कृषि उत्पादन के लिए प्रतिकूल हो सकते हैं।

27 बेहतर कनेक्टिविटी से जुड़े राज्य के लिए i, $w_{ij} > 0$ अधिकांश j के लिए जहां $j \neq i$.

(जारी)

सारणी 1 : मुद्रास्फीति[28] में स्थानिक भिन्नताओं पर आपूर्ति आघात का प्रभाव

मॉडल →	(1)	(2)	(3)	(4)
	पूर्ण अवधि सैंपल (2013-24)		कोविड के पूर्व (2013-19)	
1	2	3	4	5
स्थानिक स्वसंबंध	0.715*** *(0.072)*	0.725*** *(0.077)*	0.701*** *(0.059)*	0.710*** *(0.059)*
पूर्ण वर्षा विचलन	0.021*** *(0.010)*	0.020*** *(0.010)*	0.029*** *(0.011)*	0.029*** *(0.011)*

*** 1 प्रतिशत स्तर पर महत्व दर्शाता है।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े मानक आधारित त्रुटियां हैं जिनका अनुमान एक्वारो ईटी एल(2021) द्वारा सुझाए गए तटस्थ व्युत्पत्ति का उपयोग करके किया गया है।) गुणांक औसत प्रभाव, राज्यों पर लिया गया औसत दर्शाते हैं।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

राज्यों के बीच सकारात्मक और महत्वपूर्ण स्थानिक स्व-सहसंबंध है, जो परिवहन संबद्धता माध्यम से आपूर्ति दबावों के प्रसार का संकेत देता है। अधिक वर्षा विचलन से खाद्य मुद्रास्फीति पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ जाता है (सारणी 1)।

स्थानिक ढांचे का उपयोग करते हुए, वर्षा के दबावों के कुल प्रभाव को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव (पेस और लेसेज, 2009) में बांटा जाता है। प्रत्यक्ष प्रभाव राज्य-स्तरीय वर्षा विचलन के कारण मुद्रास्फीति पर राज्य-वार प्रभाव को दर्शाता है, जबकि अप्रत्यक्ष प्रभाव परिवहन नेटवर्क के माध्यम से अन्य राज्यों में वर्षा के दबावों के प्रसार के कारण दूसरे दौर के प्रभाव को दर्शाता है। निष्कर्षों से पता चलता है कि वर्षा विचलन का प्रत्यक्ष प्रभाव औसतन खाद्य मुद्रास्फीति पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण है। अप्रत्यक्ष प्रभाव कुल प्रभाव का 75 प्रतिशत है जो राज्यों के बीच मजबूत परिवहन कनेक्टिविटी का संकेत देता है (सारणी 2)।

अप्रत्यक्ष योगदान में स्थानिक-अस्थायी भिन्नताओं को हीटमैप (चार्ट 1) में शामिल किया गया है। अधिकांश राज्यों में कुल खाद्य मुद्रास्फीति में अप्रत्यक्ष प्रभाव[29] का योगदान अधिक है, जो आपूर्ति प्रबंधन में सड़क बुनियादी ढांचे की भूमिका को रेखांकित करता है।

निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि आपूर्ति संबंधी आघात जोकि खाद्य मूल्य दबाव को उत्पन्न करते हैं, खराब कनेक्टिविटी वाले दूर-दराज के राज्यों में बढ़ सकते हैं। बेहतर कनेक्टिविटी वाले राज्यों में व्यापार लागत का दबाव कम होता है।

सारणी 2: मुद्रास्फीति पर वर्षा के आघात का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव

मॉडल →	(1)	(2)	(3)	(4)
	पूर्ण अवधि सैंपल (2013-24)		कोविड के पूर्व (2013-19)	
1	2	3	4	5
प्रत्यक्ष प्रभाव	0.045*** *(0.010)*	0.047*** *(0.010)*	0.041*** *(0.012)*	0.044*** *(0.012)*
अप्रत्यक्ष प्रभाव	0.128*** *(0.024)*	0.131*** *(0.025)*	0.121*** *(0.023)*	0.122*** *(0.023)*
कुल प्रभाव में प्रत्यक्ष प्रभाव का हिस्सा (प्रतिशत)	27.01	27.50	25.31	26.51

*** 1 प्रतिशत स्तर पर महत्व दर्शाता है।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े बूटस्ट्रैप का उपयोग करके अनुमानित मानक आधारित त्रुटियां हैं।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

(जारी)

[28] विशिष्टताएँ (2) और (4) राज्य-स्तरीय वर्षा में उच्च भिन्नता के कारण विंसोराइज्ड वर्षा विचलन मूल्यों का उपयोग करती हैं। विशिष्टताएँ (1) और (3) सटीक वर्षा विचलन का उपयोग करती हैं।

[29] योगदान को कुल प्रभाव में अप्रत्यक्ष प्रभाव के हिस्से के रूप में प्राप्त किया जाता है। कुछ वर्षों में कम अप्रत्यक्ष प्रभाव उन वर्षों में उच्च प्रत्यक्ष प्रभाव को प्रतिबिंबित कर सकता है।

चार्ट 1: राज्य और समय सीमा पर अप्रत्यक्ष प्रभाव का योगदान

वर्ष	आंध्र प्रदेश	असम	बिहार	छत्तीसगढ़	दिल्ली	गुजरात	हरियाणा	हिमाचल प्रदेश	झारखंड	कर्नाटक	केरल	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र	मणिपुर	मेघालय	मिजोरम	नागालैंड	ओडिशा	पंजाब	राजस्थान	सिक्किम	तमिलनाडु	त्रिपुरा	उत्तर प्रदेश	उत्तराखंड	पश्चिम बंगाल
2013-14	0.61	0.15	0.12	0.31	0.46	0.12	0.40	0.28	0.16	0.46	0.51	0.12	0.26	0.12	0.12	0.17	0.12	0.48	0.51	0.34	0.12	0.68	0.16	0.89	0.12	0.12
2014-15	0.30	0.89	0.90	0.77	0.65	0.55	0.12	0.63	0.47	0.20	0.62	0.47	0.81	0.12	0.12	0.23	0.12	0.73	0.12	0.89	0.53	0.84	0.21	0.34	0.48	0.78
2015-16	0.86	0.83	0.87	0.65	0.51	0.89	0.46	0.49	0.39	0.79	0.40	0.80	0.22	0.57	0.12	0.25	0.12	0.61	0.84	0.69	0.58	0.57	0.89	0.12	0.65	0.77
2016-17	0.62	0.12	0.83	0.72	0.79	0.22	0.87	0.90	0.86	0.71	0.12	0.43	0.51	0.15	0.17	0.84	0.49	0.86	0.15	0.87	0.90	0.64	0.88	0.14	0.50	0.87
2017-18	0.21	0.82	0.18	0.54	0.12	0.12	0.12	0.57	0.12	0.52	0.89	0.12	0.90	0.13	0.19	0.16	0.12	0.37	0.12	0.12	0.75	0.16	0.14	0.15	0.25	0.41
2018-19	0.53	0.52	0.12	0.59	0.85	0.59	0.17	0.78	0.29	0.86	0.13	0.90	0.90	0.24	0.19	0.25	0.16	0.39	0.59	0.14	0.25	0.38	0.54	0.67	0.90	0.89
2019-20	0.56	0.17	0.88	0.67	0.15	0.12	0.45	0.34	0.53	0.14	0.69	0.45	0.84	0.15	0.12	0.37	0.53	0.66	0.31	0.61	0.24	0.72	0.30	0.64	0.50	0.81
2020-21	0.12	0.81	0.28	0.89	0.90	0.12	0.74	0.38	0.12	0.33	0.24	0.24	0.12	0.12	0.44	0.32	0.18	0.90	0.61	0.41	0.12	0.36	0.26	0.55	0.12	0.12
2021-22	0.64	0.15	0.82	0.86	0.86	0.90	0.12	0.89	0.84	0.77	0.18	0.90	0.52	0.31	0.33	0.41	0.21	0.87	0.67	0.36	0.69	0.42	0.66	0.67	0.89	0.36
2022-23	0.62	0.67	0.21	0.12	0.46	0.40	0.85	0.81	0.89	0.90	0.68	0.75	0.19	0.47	0.51	0.46	0.25	0.86	0.42	0.74	0.15	0.88	0.90	0.58	0.87	0.34
2023-24	0.63	0.65	0.25	0.10	0.51	0.51	0.80	0.82	0.87	0.82	0.65	0.72	0.25	0.45	0.55	0.52	0.22	0.81	0.40	0.70	0.21	0.83	0.86	0.61	0.85	0.37

टिप्पणी: नीला अप्रत्यक्ष प्रभाव के उच्च योगदान को दर्शाता है, जबकि लाल कम योगदान को दर्शाता है।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

सन्दर्भ:

1. आर्मिंगटन, पी. (1969), 'ए थ्योरी ऑफ डिमांड फॉर डिमांड डिस्टिंगुइश्ड बाय प्लेस ऑफ प्रोडक्शन', इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड स्टाफ पेपर्स, वाशिंगटन डीसी, 159-78।
2. डियरडॉर्फ, ए. (2004), लोकल कम्पेरिटिव एडवांटेज: ट्रेड कॉस्ट एंड द पैटर्न ऑफ द ट्रेड ', मिशिगन विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र चर्चा पत्र में अनुसंधान संगोष्ठी, मिशिगन विश्वविद्यालय, एन आर्बर।
3. लेसेज, जे. और रॉबर्ट। के.पी. (2009), इन्ट्रोडक्सन टू स्पेशियल इक्नोमेट्रीस, सीआरसी प्रेस, न्यूयॉर्क, जनवरी।
4. एक्वारो, एम., नतालिया बी., और हाशेम पी.एम. (2021), एस्टिमेशन एंड इन्फेरेंस फॉर स्पेशियल मॉडल्स विद हीट्रोजीनस कोईफ़ीसीएंटस : एन अप्लीकेशन टू यूएस हाउस प्राइसेस, एप्लाइड इकोनोमेट्रिक्स जर्नल, 36 (1), 18-44.

II.3.8 ईंधन और विद्युत समूह में मुद्रास्फीति 2023-24 के दौरान औसतन 1.2 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के 10.3 प्रतिशत से काफी कम है। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में सुधार के कारण तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और केरोसिन की कीमतों में कमी के बाद सितंबर 2023 से इस समूह में साल-दर-साल कीमतें अपस्फीति में चली गईं। हालाँकि, कई राज्यों में टैरिफ बढ़ोतरी के कारण बिजली की कीमत मुद्रास्फीति बढ़कर औसतन 9.7 प्रतिशत हो गई।

II.3.9 2023-24 के दौरान, मुख्य मुद्रास्फीति एक साल पहले के 6.1 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत हो गई, क्योंकि सितंबर-मार्च के दौरान व्यापक आधार पर अवस्फीति ने गति पकड़ी। यह सहजता घरेलू सामान, कपड़े और जूते की कीमतों, और व्यक्तिगत देखभाल और वस्तुओं पर प्रभाव (सोने और चांदी को छोड़कर) और घर का किराया,मनोरंजन और आमोद-प्रमोद, और सेवा पक्ष में परिवहन किराए की कीमतों से उत्पन्न थी। कुल मिलाकर, 2023-24 के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति गिरकर 5.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल

चार्ट II.3.4: मुद्रास्फीति के वाहक (वर्ष-दर-वर्ष)



*: इसमें मनोरंजन और आमोद-प्रमोद, और व्यक्तिगत देखभाल और प्रभाव शामिल हैं।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.3.5: खाद्य मुद्रास्फीति के वाहक (वर्ष-दर-वर्ष)



*: इसमें मांस और मछली, अंडे और दूध और उससे बने उत्पाद शामिल हैं।
#: चीनी और मिष्ठान्न, मसाले, एल्कोहोल मुक्त पेय-पदार्थ और तैयार भोजन शामिल हैं।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

पहले की तुलना में 129 आधार अंक (बीपीएस) कम है (परिशिष्ट सारणी 4)।

4. सीपीआई मुद्रास्फीति के घटक

II.3.10 2023-24 के दौरान, सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों से प्रभावित थी, इसके बाद स्वास्थ्य और शिक्षा, आवास तथा कपड़े और जूते -चप्पल आदि का स्थान था (चार्ट II.3.4)

खाद्य

II.3.11 खाद्य और पेय पदार्थों में मुद्रास्फीति (भारांक: सीपीआई में 45.9 प्रतिशत) 2023-24 में 3.3 प्रतिशत से 10.6 प्रतिशत की विस्तृत सीमा में रही। अनाज, मसालों, दालों और पशु प्रोटीन में लगातार मूल्य दबाव, सब्जियों, मुख्य रूप से टमाटर और प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी हुई , जोकि खाद्य मुद्रास्फीति के प्रमुख वाहक थे (चार्ट II.3.5)। हालाँकि, वैश्विक खाद्य तेल की कीमतों में नरमी के कारण तेल और वसा पूरे वर्ष अपस्फीति में रहे।

II.3.12 खाद्य और पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति 2023-24 में औसतन 7.0 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के 6.7 प्रतिशत से अधिक है। खाद्य समूह के भीतर, छह उप-समूहों में मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई, जबकि शेष छह उप-समूहों में यह कम हुई (चार्ट II.3.6)। दालों और मसालों (संयुक्त भार: सीपीआई-

चार्ट II.3.6: प्रमुख खाद्यान्न उप-समूह में मुद्रास्फीति



स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

खाद्य और पेय पदार्थों में 10.6 प्रतिशत) में क्रमशः 15.2 प्रतिशत और 18.9 प्रतिशत की दोहरे अंक की मुद्रास्फीति दर्ज की गई। जुलाई 2023 में खाद्य मुद्रास्फीति 10.6 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो जनवरी 2020 के बाद सबसे अधिक है।

II.3.13 नवंबर 2022-जून 2023 के दौरान अपस्फीति में रहने के बाद, फसलों की क्षति और आपूर्ति में व्यवधान के कारण जुलाई 2023 में सब्जियों की कीमतें (खाद्य और पेय पदार्थ समूह में 13.2 प्रतिशत का भार) 37.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ गईं। देश के उत्तरी भागों में भारी वर्षा और बाढ़ के कारण टमाटर, प्याज और आलू (टॉप) के साथ-साथ गैर-टॉप सब्जियों (चार्ट II.3.7ए और II.3.7बी) की कीमतों में तेज वृद्धि हुई। आपूर्ति की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने और ताजा फसल की आवक में बढ़ोतरी से सब्जियों की मुद्रास्फीति अक्टूबर 2023 में 2.8 प्रतिशत तक कम हो गई। नवंबर 2023 में प्याज और टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ गैर-टॉप सब्जियों की कीमतों में और प्रतिकूल आधार पर वृद्धि हुई। प्रभावों के कारण मार्च 2024 में सब्जियों की मुद्रास्फीति 28.3 प्रतिशत तक फिर से बढ़ गई।

II.3.14 ताजा रबी फसल से बाजार में मजबूत आवक के कारण अप्रैल-मई 2023 के दौरान माह-दर-माह आधार पर प्याज की कीमतों में गिरावट आई। हालाँकि, प्याज की कीमतें जून 2023 में बढ़ीं और कम उत्पादन के कारण नवंबर तक दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई [2022-23 के अंतिम अनुमान (एफई) की तुलना में पहले अग्रिम अनुमान (एई) के अनुसार, 2023-24 में 15.7 प्रतिशत की गिरावट]। प्याज की कीमतों में मौसमी उछाल अगस्त में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण बढ़ गया था, जिसके परिणामस्वरूप फसल खराब हो गई। रबी स्टॉक की कम उपलब्धता के बीच खरीफ प्याज की कटाई में देरी के कारण कीमतों पर दबाव बढ़ गया, जिससे नवंबर 2023 में साल-दर-साल मुद्रास्फीति 86.3 प्रतिशत हो गई। मूल्य दबाव को नियंत्रित करने के लिए, केंद्र सरकार ने बहु-आयामी उपायों का सहारा लिया: 2022-23 में प्याज के बफर स्टॉक में 2.5 एलएमटी से 2023-24 में 7 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की वृद्धि; खुले बाज़ार में बिक्री के माध्यम से स्टॉक का निपटान; विभिन्न चैनलों के माध्यम से सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री; 29 अक्टूबर, 2023 से 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम

चार्ट II.3.7: सीपीआई-सब्जी कीमतों और वर्षा विसंगति में मौसमी प्रभाव



टिप्पणी: चार्ट बी के लिए, वर्षा विचलन को 50-वर्षीय औसत (1971 से 2020) से विचलन के रूप में परिभाषित किया गया है; औसत वर्षा के आंकड़े कैलेंडर वर्ष पर आधारित होते हैं।
स्रोत: एनएसओ, एन्वीस्टेट्स इंडिया 2023, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

निर्यात मूल्य (एमईपी) लागू करना; और 8 दिसंबर 2023[30] से प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध आदि इसमें शामिल हैं। इन उपायों और ताजा फसल की आवक के कारण, दिसंबर 2023-फरवरी 2024 के दौरान प्याज की कीमतों में संचयी रूप से लगभग 58 प्रतिशत की गिरावट आई।

II.3.15 टमाटर की कीमतों में 2023-24 में महत्वपूर्ण अस्थिरता देखी गई। विशेष रूप से उत्तर भारत में अत्यधिक बारिश और बाढ़ के कारण फसल क्षति और आपूर्ति में और कर्नाटक में कीटों के हमले के कारण जुलाई में इस श्रेणी में मुद्रास्फीति बढ़कर 202.1 प्रतिशत हो गई, जो वर्तमान सीपीआई शृंखला में सबसे अधिक है। इसके बाद सितंबर-अक्टूबर के दौरान नई फसल की आवक में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। प्रमुख उत्पादक राज्यों में अत्यधिक/बेमौसम वर्षा के कारण नवंबर 2023 में टमाटर की कीमतें फिर से बढ़ गईं। कुल मिलाकर, कम उत्पादन के कारण आपूर्ति में गिरावट [2022-23 में (-)1.3 प्रतिशत] ने मूल्य दबाव में योगदान दिया। टमाटर की कीमतों में अगस्त-अक्टूबर 2023 में और उसके बाद दिसंबर 2023-जनवरी 2024 में उच्च उत्पादन (2022-23 एफई की तुलना में 2023-24 प्रथम एई में 1.9 प्रतिशत) के कारण सुधार हुआ। दूसरी ओर, अधिक उत्पादन (2022-23 में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि) के कारण फरवरी 2023 से जनवरी 2024 तक आलू की कीमतें अपस्फीति में रहीं। हालाँकि, फरवरी 2024 में आलू की मुद्रास्फीति सकारात्मक हो गई और 2023-24 में कम उत्पादन [2022-23 से अधिक (-) 1.9 प्रतिशत)] और प्रतिकूल आधार प्रभावों के कारण मार्च 2024 में 41 प्रतिशत तक पहुंच गई। बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने के कारण जुलाई में अदरक, लहसुन, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैंगन और हरी मिर्च जैसी सब्जियों की कीमतों में भी उच्च दबाव देखा गया। गैर-टीओपी सब्जियों में असामान्य रूप से उच्च संचयी मूल्य गति ने जुलाई-अगस्त 2023 के दौरान सब्जियों की मुद्रास्फीति में वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ताजा फसल की आवक के साथ, बाद के महीनों में इन सब्जियों की कीमतों में सुधार हुआ, हालांकि उच्च न्यून तापमान के कारण यह नवंबर-दिसंबर 2023 में सामान्य से कम रहा।

II.3.16 अनाज और उत्पादों की कीमतों में मुद्रास्फीति (सीपीआई-खाद्य और पेय पदार्थों में 21 प्रतिशत का भार) अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान द्वि-अंकीय वुद्धिं हुई, जो चावल और गेहूं की कीमतों से प्रेरित थी। फरवरी 2023 में अत्यधिक तापमान, मार्च 2023 में बेमौसम बारिश और कम स्टॉक स्तर की वजह से कम उत्पादन के कारण गेहूं की कीमतों में वृद्धि हुई। वर्ष 2022-23 के दौरान खरीफ की फसल के कम उत्पादन के साथ वर्ष 2023-24 में कम आवक के कारण अक्टूबर 2022 से चावल की कीमतों में द्वि-अंकीय मुद्रास्फीति दर्ज की गई है। घरेलू आपूर्ति में सुधार और अनाज में मूल्य दबाव को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2023-24 में मुक्त-बाजार-बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत बिक्री के लिए 101.5 एलएमटी गेहूं और 25 एलएमटी चावल के आवंटन सहित विभिन्न उपाय किए जैसे कि भुजिया (उबला) चावल पर निर्यात शुल्क लगाना; गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध; गेहूं पर स्टॉक सीमा; सस्ती दरों पर बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए सब्सिडी वाले मूल्यों पर 'भारत' ब्रांड आटा और चावल की खुदरा बिक्री शुरू करना; इथेनॉल उत्पादन के लिए डिस्टिलरियों को सब्सिडी वाले चावल के विपथन पर प्रतिबंध लगाना आदि। मार्च 2024 में अनाज की मुद्रास्फीति घटकर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें गेहूं/आटा 4.7 प्रतिशत था। हालांकि चावल की मुद्रास्फीति 12.7 प्रतिशत के उच्च

[30] 4 मई, 2024 को, सरकार ने 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी के अधीन प्याज की निर्यात नीति को 'प्रतिबंध' से 'मुक्त' कर दिया।

चार्ट II.3.8: सीपीआई – पशु प्रोटीन: कीमतों में मौसमी परिवर्तन



टिप्पणी: अप्रैल 2020 के लिए, मांस और मछली के लिए सूचकांक संख्या एनएसओ द्वारा तैयार किया गया है।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

स्तर पर बनी हुई है। सरकार ने *प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना* (पीएमजीकेएवाई) को जनवरी 2024 से पांच साल के लिये बढ़ा दिया है।

II.3.17 अंडे, मांस और मछली (जिनका सीपीआई-खाद्य और पेय पदार्थों में 8.8 प्रतिशत का भारांक है) जैसी पशु-प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में मई-जून 2023 के दौरान गर्मी की वजह से में वृद्धि देखी गई, जिससे दक्षिणी भारत के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अंडे का उत्पादन और कुक्कुटपालन में उपज को प्रभावित किया (चार्ट II.3.8ए)। जुलाई-अगस्त 2023 के दौरान श्रावण-मास के कारण मांग में गिरावट के कहलते बाद में मूल्य-दबाव कम हो गए। हालांकि, मूल्य-दबाव फिर से उभरे विशेष रूप से सितंबर 2023 से अंडे के मामले में, जो मौसमी मांग और उच्च निर्यात को दर्शाता है। अनुकूल आधार प्रभावों के कारण 2023-24 के दौरान दूध और पण्यों की कीमतों में मुद्रास्फीति कम हो गई, प्रमुख दूध सहकारी समितियों द्वारा कोई महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि नहीं हुई, और 2023 (मार्च-मई) के शुरुआती भाग में बेमौसम बारिश के बाद गर्मियों की देरी से शुरुआत के कारण दूध और उत्पादों (जैसे आइसक्रीम, दही और छाछ) की चरम मांग कम हो गई। इसके अलावा, वैश्विक डेयरी कीमतों ने निर्यात को हतोत्साहित किया, जिससे मक्खन और घी जैसे दुग्ध-वसा की घरेलू आपूर्ति अधिक हो गई। बेहतर घरेलू उपलब्धता के कारण वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में पशु-खाद्य और चारे की लागत कम हो गई। इसके अलावा, जैसे-जैसे डेयरी क्षेत्र 2022 के गांठदार-त्वचा-रोग के प्रकोप से उबर गया और उत्पादन में सुधार हुआ, दूध की कीमत बढ़ने लगीं। (चार्ट II.3.8बी)।

II.3.18 तेल और वसा की कीमतें (सीपीआई-खाद्य और पेय पदार्थों में 7.8 प्रतिशत का योगदान) 2023-24 के दौरान दोहरे अंक की अपस्फीति में थीं, जो 2022-23 के दौरान तिलहन के अधिक घरेलू उत्पादन (8.9 प्रतिशत तक)), अंतरराष्ट्रीय कीमतों में गिरावट और प्रमुख खाद्य तेलों पर कम आयात शुल्क (चार्ट II.3.9) के कारण औसतन (-) 14.8 प्रतिशत थी। 2023-24 में तिलहनों का कम ख़रीफ़ उत्पादन [(-) 2022-23 एफई की तुलना में 2023-24 द्वितीय एई के अनुसार 12.7 प्रतिशत] के कारण कुछ तिलहन (जैसे सरसों और मूंगफली तेल) में दबाव पड़ा। सरकार ने 15 जून 2023 को रिफाइंड सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 17.5 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया। कच्चे पाम, सूरजमुखी और सोयाबीन पर कम आयात शुल्क संरचना मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई थी। घी और मक्खन की मुद्रास्फीति

चार्ट II.3.9: सीपीआई-तेल औमर वसा (संचयी उतार-चढ़ाव)



स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.3.10: सीपीआई में घटक-वार योगदान - दाल मुद्रास्फीति



*: इसमें मूंग, मसूर, मटर, खेसारी, बेसन और अन्य दाल उत्पाद शामिल हैं।
टिप्पणी: 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े, सीपीआई-दालों और उससे बने उत्पादों में भार को इंगित करते हैं।
2. एनएसओ द्वारा मार्च-मई 2020 के दौरान मदवार सीपीआई आंकड़े जारी नहीं किये गये थे।
स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

कम हो गई जोकि दूध की कीमत में नरमी और अनुकूल आधार प्रभाव को दर्शाता है।

II.3.19 वर्ष के दौरान दालों की कीमतों में मुद्रास्फीति (जिनका सीपीआई-खाद्य और पेय पदार्थों में 5.2 प्रतिशत का योगदान है) लगातार बढ़ी, जो वर्ष 2023-24 में औसतन 15.2 प्रतिशत थी (चार्ट II.3.10)। वर्ष 2022-23 के साथ ही ख़रीफ़ 2023-24 सीज़न (अर्थात् उड़द और मूंग) में दालों के कम उत्पादन [2022-23 एफई की तुलना में 2023-24 द्वितीय अग्रिम अनुमान (एसएई) के अनुसार (-) 6.6 प्रतिशत] ने कीमतों पर दबाव डाला। घरेलू उपलब्धता में सुधार और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए, सरकार ने कई महत्वपूर्ण प्रयास किए, जैसे कि 'मुक्त श्रेणी' के तहत तुअर और उड़द के आयात को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया; न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) प्रतिबंध के बिना, चने के निकटतम विकल्प, पीली मटर का मुक्त आयात अक्टूबर 2024 तक बढ़ाया गया; 31 दिसंबर, 2023 तक तुअर और उड़द पर स्टॉक सीमा लगाई गई; अधिक बुआई रकबे को प्रोत्साहित करने के लिए 2023-24 के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर के लिए 40 प्रतिशत की खरीद सीमा हटा दी गई; तुअर को राष्ट्रीय बफर से अंशांकित तरीके से जारी किया गया; और '*भारत दाल*' ब्रांड नाम के तहत सब्सिडी वाली चना दाल की बिक्री को प्राथमिकता प्रदान किया।

II.3.20 फलों की कीमतों में मुद्रास्फीति (जिनका सीपीआई-खाद्य और पेय पदार्थों में 6.3 प्रतिशत का भारांक है) अप्रैल-जून 2023 में भी कम रही, जिसे उच्च उत्पादन (2021-22 एफई की तुलना में 2022-23 बागवानी एफई के अनुसार 2.5 प्रतिशत) द्वारा समर्थन मिला। हालांकि, जुलाई 2023 से मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई क्योंकि हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ ने सेब के बागानों को नुकसान पहुंचाया और आपूर्ति में व्यवधान पैदा किया। मजबूत उत्पादन के कारण जून-सितंबर के दौरान केले में मुद्रास्फीति मध्यम रही, जो कि इसके बाद उत्पादक क्षेत्र में आपूर्ति बाधाओं के साथ-साथ उच्च त्योहारी मांग के कारण दिसंबर 2023 में 16.6 प्रतिशत तक सख्त हो गई। वर्ष 2023-24 में उच्च उत्पादन (2022-23 की तुलना में 1.7 प्रतिशत) के कारण जनवरी 2024 से फलों की मुद्रास्फीति कम हो गई।

II.3.21 अन्य खाद्य वस्तुओं में, मसालों में द्वि-अंकीय मुद्रास्फीति बनी रही (2023-24 के दौरान औसतन 18.9

चार्ट II.3.11: ईंधन मुद्रास्फीति के वाहक



चार्ट II.3.12: एलपीजी की कीमतों में उतार-चढ़ाव



*: इसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मिट्टी का तेल और अन्य स्रोतों से प्राप्त मिट्टी का तेल शामिल है।

**: इसमें डीजल, कोक, कोयला, काठकोयला और अन्य ईंधन शामिल हैं।

टिप्पणी: 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े सीपीआई-ईंधन और बिजली के भार को दर्शाते हैं।

2. एनएसओ द्वारा मार्च-मई 2020 के दौरान मदवार सीपीआई आंकड़े जारी नहीं किये गये थे।

3. घरेलू गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी की कीमतें चार मेट्रो शहरों (दिल्ली, मुंबई कोलकाता और चेन्नई में कीमतों का औसत हैं।

स्रोत: एनएसओ, पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी), और ब्लूमबर्ग।

प्रतिशत), मुख्य रूप से जीरा (क्यूमिन) द्वारा संचालित - जिसने प्रतिकूल मौसम की स्थिति और स्थिर उत्पादन के कारण जुलाई-दिसंबर 2023 के दौरान 100 प्रतिशत से अधिक मुद्रास्फीति दर्ज की। सितंबर 2023 में जीरे की कीमतों में मासिक गति तेजी से गिर गई और दिसंबर 2023 से नकारात्मक हो गई, जो खेती के तहत उच्च रकबे को दर्शाती है और इसके परिणामस्वरूप 2023-24 में उच्च उत्पादन (2022-23 के दौरान 49 प्रतिशत) हुआ। वर्ष के दौरान सूखी मिर्च में मुद्रास्फीति अप्रैल 2023 में 27.5 प्रतिशत से घटकर मार्च 2024 में 3.7 प्रतिशत हो गई.

ईंधन

II.3.22 हेडलाइन मुद्रास्फीति में ईंधन समूह (सीपीआई में 6.8 प्रतिशत का भारांक) का योगदान 2023-24 में घटकर 1.6 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 10.5 प्रतिशत था। केरोसिन और एलपीजी मूल्य मुद्रास्फीति में कमी के कारण ईंधन मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 10.8 प्रतिशत से घटकर मार्च 2024 में (-) 3.4 प्रतिशत हो गई (चार्ट II.3.11)। दिनांक 30 अगस्त, 2023 को एलपीजी की कीमतों में ₹200 प्रति घरेलू सिलेंडर की कटौती ने सितंबर 2023 से देखी गई अपस्फीति को कम किया (चार्ट II.3.12)। 8 मार्च, 2024 को एलपीजी की कीमत में 100 रुपये प्रति घरेलू सिलेंडर की कटौती की घोषणा की गई।

मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन को छोड़कर मुद्रास्फीति)

II.3.23 अस्थिर खाद्य और ईंधन वस्तुओं को छोड़कर मुद्रास्फीति, यानी, मुख्य मुद्रास्फीति, एक साल पहले के 6.1 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 4.3 प्रतिशत हो गई, जिसमें वस्तु और सेवा मुद्रास्फीति दोनों में नरमी शामिल है (चार्ट II.3.13)।

चार्ट II.3.13: खाद्य और ईंधन मुद्रास्फीति से इतर सीपीआई के वाहक



*: इसमें मनोरंजन और आमोद-प्रमोद, और व्यक्तिगत देखभाल और प्रभाव शामिल हैं।

टिप्पणी: अप्रैल और मई 2020 के आंकड़े एनएसओ द्वारा दिए गए हैं।

स्रोत: एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.3.14: तेल की घरेलू कीमतों के रुझान



चार्ट II.3.15: मुद्रास्फीति : महत्वपूर्ण वस्तुएं



टिप्पणी: 1. कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत डब्ल्यूटीआई, ब्रेंट और दुबई फतेह की औसत कीमत को दर्शाती है।
2. मार्च-मई 2020 के दौरान एनएसओ द्वारा वस्तुगत सीपीआई डेटा जारी नहीं किया गया था।
स्रोत: वर्ल्ड बैंक पिंक शीट डेटाबेस, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, और पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ एनएसओ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

II.3.24 कोर सीपीआई के प्रमुख घटकों में से, कपड़े और जूते में मुद्रास्फीति कम हो गई, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कपास की कीमतों में तेजी और कपड़ा और पहनने के परिधान के लिए कमजोर निर्यात मांग को दर्शाती है। मार्च 2024 में घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम होकर 2.7 प्रतिशत हो गई। अगस्त 2022 (चार्ट II.3.14) के बाद से बड़े पैमाने पर अपरिवर्तित घरेलू पेट्रोल और डीजल की कीमतों और परिवहन किराए में कमी को दर्शाते हुए, परिवहन और संचार कीमतों में मुद्रास्फीति 2023-24 में एक साल पहले की 5.9 प्रतिशत से घटकर 1.9 प्रतिशत हो गई।। दिसंबर 2022-अगस्त 2023 के दौरान 6 प्रतिशत से ऊपर रहने के बाद, स्वास्थ्य उप-समूह में मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम हो गई क्योंकि महामारी से प्रेरित स्वास्थ्य सेवाओं की मांग कम हो गई और चिकित्सा आपूर्ति सामान्य हो गई। मार्च 2024 में लगभग 75 प्रतिशत मुख्य सीपीआई वस्तुओं में 4 प्रतिशत से कम मुद्रास्फीति दर्ज की गई, जो व्यापक आधार पर नरमी का संकेत देती है (चार्ट II.3.15)।

II.3.25 आवास मुद्रास्फीति अप्रैल 2023 में 4.9 प्रतिशत से गिरकर मार्च 2024 में 2.7 प्रतिशत हो गई। निवल आवास मुद्रास्फीति, भोजन और ईंधन को छोड़कर 2023-24 में औसतन 4.4 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के 6.6 प्रतिशत से काफी कम रही।

II.3.26 व्यक्तिगत देखभाल और प्रभावों में मुद्रास्फीति 2023-24 में मामूली रूप से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 7.6 प्रतिशत थी, यह मुख्य रूप से युद्ध-प्रेरित सेफ-हेवेन मांग के कारण अंतरराष्ट्रीय मूल्य आंदोलनों के कारण सोने की ऊंची कीमतों से प्रेरित रही।

5. मुद्रास्फीति के अन्य संकेतक

II.3.27 क्षेत्रीवार दृष्टिकोण से, औद्योगिक श्रमिकों के लिए सीपीआई (सीपीआई-आईडब्ल्यू) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान औसतन 5.3 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6.1 प्रतिशत थी। कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए सीपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल-फरवरी 2023-24 के दौरान औसत से अधिक क्रमशः 7.0 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत पर रही, जो मुख्य रूप से बढ़ी हुई खाद्य मुद्रास्फीति से प्रेरित रही।

II.3.28 थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) अप्रैल-अक्टूबर 2023-24 के दौरान अपस्फीति में रहा और उसके बाद थोड़ा सकारात्मक हो गया, जिसका कारण नवंबर में सब्जियों, विशेष रूप से प्याज और टमाटर की कीमतों में तेज वृद्धि और दिसंबर में प्रतिकूल आधार प्रभाव रहा। वर्ष के दौरान डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति के सामान्य होने और

वैश्विक मांग में मंदी के कारण वैश्विक कमोडिटी की कीमतों में सुधार को प्रतिबिंबित करता है, विशेष रूप से ऊर्जा, खाद्य और धातुओं में। कुल मिलाकर, 2023-24 के दौरान डबल्यूपीआई मुद्रास्फीति औसत (-) 0.7 प्रतिशत रही (एक साल पहले 9.4 प्रतिशत की तुलना में), जो औसत सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत से काफी कम थी।

II.3.29 निम्न डबल्यूपीआई मुद्रास्फीति सभी तीन प्रमुख समूहों द्वारा संचालित रही - प्राथमिक वस्तुएं (डबल्यूपीआई टोकरी में 22.6 प्रतिशत का भार); ईंधन और बिजली (13.2 प्रतिशत); और विनिर्मित उत्पाद (64.2 प्रतिशत)। प्राथमिक वस्तु डबल्यूपीआई मुद्रास्फीति 2023-24 के दौरान घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से गैर-खाद्य वस्तुओं और कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस में अपस्फीति को दर्शाती है, जो कि वैश्विक कीमतों में कमी के अनुरूप है, जबकि वर्ष के दौरान असमान और कम वर्षा के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव आया। इसके विपरीत, वैश्विक ऊर्जा कीमतों में कमी के अनुरूप ईंधन और बिजली में 2023-24 के दौरान औसतन (-) 4.5 प्रतिशत (एक साल पहले 28.1 प्रतिशत मुद्रास्फीति के मुकाबले) लगातार अपस्फीति दर्ज की गई। वैश्विक कमोडिटी कीमतों में व्यापक आधार पर नरमी ने विनिर्मित उत्पादों की कीमतों को 2023-24 के दौरान औसतन (-) 1.7 प्रतिशत (एक साल पहले 5.6 प्रतिशत मुद्रास्फीति के मुकाबले) अपस्फीति में रखा। यह मुख्यतः विनिर्मित खाद्य उत्पादों, बुनियादी धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की कीमतों के कारण था। डबल्यूपीआई और सीपीआई मुद्रास्फीति दोनों में नरमी को दर्शाते हुए, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) डिफ्लेटर मुद्रास्फीति 2022-23 की इसी अवधि में 8.2 प्रतिशत से घटकर 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) में 1.1 प्रतिशत हो गई।

II.3.30 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीफ फसलों के लिए 5.3-10.4 प्रतिशत और रबी फसलों के लिए 2.0-7.1 प्रतिशत की सीमा में बढ़ाया गया। खरीफ फसलों में मूंग के एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जबकि रबी फसलों में मसूर की दाल और गेहूँ के लिए सबसे अधिक वृद्धि हुई।

II.3.31 अप्रैल-फरवरी 2023-24 में सांकेतिक ग्रामीण मजदूरी वृद्धि औसतन 6.0 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले यह 5.4 प्रतिशत थी, जिसमें कृषि और गैर-कृषि मजदूरी वृद्धि दोनों 6 प्रतिशत के करीब रही। मुख्य रूप से कृषि मजदूरों की श्रेणी में जुताई, बागवानी और पैकेजिंग में तथा गैर-कृषि मजदूरों की श्रेणी में बीड़ी निर्माताओं और बांस/बेंत की टोकरी बुनकरों में मंदी होने कारण अक्टूबर से विकास की गति कम हुई है।

6. निष्कर्ष

II.3.32 संक्षेप में, खाद्य मूल्य के ओवरलैपिंग आघातों के बावजूद, हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति 2023-24 में कम हुई। यह नरमी निरंतर मुद्रास्फीति विरोधी मौद्रिक नीति रुख, सरकार द्वारा सक्रिय आपूर्ति प्रबंधन उपायों और वैश्विक कमोडिटी कीमतों में सुधार का परिणाम रही। कोर मुद्रास्फीति ने जून 2023 से व्यापक आधार पर अवस्फीति प्रदर्शित की और 2023 के अंत तक 4 प्रतिशत से नीचे चली गई। जबकि हेडलाइन मुद्रास्फीति 2023-24 (जुलाई-अगस्त को छोड़कर) में सहनशीलता बैंड में रही, यह मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर रहा। लंबे समय से चली आ रही भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक गतिविधियों के कारण नए सिरे से आपूर्ति शृंखला दबाव, निचले जलाशय स्तर और प्रमुख फसलों के उत्पादन में गिरावट से आगे चलकर मुख्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा हो गया है।

II.4 मुद्रा एवं ऋण

II.4.1 वर्ष के दौरान मौद्रिक नीति के रुख के अनुरूप मौद्रिक और ऋण स्थितियों की स्थितियाँ बनीं जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधि को समर्थन मिला। ₹2000 के बैंक-नोटों का आहरण (मई 2023), बैंक के साथ गैर-बैंक का विलय (जुलाई 2023) और वृद्धिशील नकद-आरक्षित-अनुपात (आई-सीआरआर)[31] [अगस्त 2023] के अस्थायी अधिरोपण ने वर्ष 2023-24 के दौरान उपर्युक्त स्थितियों के विकास को प्रभावित किया। बैंकिंग प्रणाली में ₹2000 रुपये के बैंक-नोटों के एक प्रमुख हिस्से की जमाराशियों के रूप में वापसी से आरक्षित मुद्रा और संचलनगत-मुद्रा का प्रसार कम हो गया। इन बैंक नोटों की वापसी और सावधि जमा दरों में वृद्धि ने कुल जमा और व्यापक मुद्रा (एम$_3$) में तेजी लाने में योगदान दिया। बैंक ऋण ने वर्ष 2023-24 में द्वि-अंकीय संधारणीय वृद्धि प्रदर्शित की। बैंकों ने ऋण-जमा अंतर को पाटने के लिए जमा प्रमाणपत्रों (सीडी) के माध्यम से अतिरिक्त संसाधन जुटाए।

II.4.2 इस पृष्ठभूमि में, उप-खंड 2 आरक्षित धन की गतिशीलता और भारतीय रिज़र्व बैंक के तुलन पत्र में बदलाव पर प्रकाश डालता है। इसके बाद, उप-खंड 3 और 4 में क्रमशः, निष्कर्षी टिप्पणियों के साथ, मुद्रा-आपूर्ति और बैंक-ऋण गतिविधियों की समीक्षा की गई है।

2. आरक्षित मुद्रा[32]

II.4.3 आरक्षित मुद्रा (आरएम) केंद्रीय बैंक के तुलन पत्र में मौद्रिक देयताओं की मात्रा को दर्शाती है (चार्ट II.4.1)। प्रतिवर्ती रेपो/स्थायी-जमा-सुविधा (एसडीएफ) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक में बैंकों की अधिशेष-चलनिधि के साथ, जोखिम बफर और पुर्नमूल्यन खाते [निवल गैर-मौद्रिक देनदारियों (एनएनएमएल) का बड़ा हिस्सा] तुलन पत्र के अन्य प्रमुख घटक हैं।

चार्ट II.4.1: रिज़र्व बैंक के तुलन पत्र के घटक (देनदारियां)



एनएनएमएल: निवल गैर-मौद्रिक देनदारियों में आर्थिक पूंजी (जैसे पूंजी, भंडार, आकस्मिक निधि, आस्ति विकास निधि, मुद्रा और स्वर्ण पुर्नमूल्यन खाता, निवश पुर्नमूल्यन खाता और विदेशी मुद्रा वायदा संविदा मूल्यन खाता), आरबीआई कर्मचारी भविष्य निधि खाता और आईएमएफ कोटा सदस्यता और अन्य भुगतान से अन्य आस्तियों को घटाकर शामिल किया गया है।

स्रोत: आरबीआई।

II.4.4 रिज़र्व बैंक के तुलन पत्र का आकार, मार्च 2023 के 23.5 प्रतिशत की तुलना में, मार्च 2024 के अंत में बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 24.1 प्रतिशत हो गया। तुलन पत्र अपने महामारी-पूर्व स्तर पर सामान्य हो गया है (चार्ट II.4.2)।

II.4.5 वर्ष 2023-24 के दौरान, आरएम[33] में वृद्धि, एक वर्ष पूर्व के 9.7 प्रतिशत से घटकर, 6.7 प्रतिशत हो गई (उक्त वृद्धि सीआरआर[34] में बदलाव के पहले दौर के प्रभाव के अनुसार समायोजित करने पर 7.4 प्रतिशत थी), जो कि इसके 12.9 प्रतिशत के दशकीय औसत[35] (2013-14 से 2023-24) से

[31] आई-सीआरआर के विवरण के लिए अध्याय III देखें।

[32] उप-खंड 2 में, विकास और अन्य अनुपात संबंधित वित्तीय वर्ष/तिमाही/महीने के अंतिम शुक्रवार से संबंधित हैं।

[33] इसमें संचलनगत मुद्रा, रिज़र्व बैंक में बैंकरों की जमाराशि, और और देनदारी पक्ष में रिज़र्व बैंक के पास अन्य जमा शामिल हैं।

[34] मई 2022 में सीआरआर को 4.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

[35] नोटबंदी के वर्ष 2016-17 को छोड़कर।

चार्ट II.4.2: केंद्रीय बैंक का तुलनपत्र (दिसंबर अंत तक)



स्रोत: आरबीआई, एफआरइडी (सेंट लुइस फेड), बीओई, आईएमएफ, सीइआइसी, भारत सरकार तथा आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

कम है। यह मुख्यतः ₹2000 बैंक-नोटों[36] के आहरण के प्रभाव को दर्शाता है (चार्ट II.4.3ए और परिशिष्ट सारणी 4)। आरएम वृद्धि ने अगस्त-अक्टूबर 2023 के दौरान आई-सीआरआर के अस्थायी अधिरोपण के कारण अगस्त 2023 में क्षणिक उछाल दर्ज की (चार्ट II.4.3बी)। ₹2000 बैंकनोट के आहरण के कारण, संचलनगत-मुद्रा(सीआईसी) में वृद्धि – जो 75.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ आरएम का प्रमुख घटक है – वर्ष 2023-24 के दौरान घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई, जो कि एक वर्ष पूर्व 7.8 प्रतिशत थी(चार्ट II.4.3ए और II.4.3सी)।

II.4.6 महामारी की अनिश्चितता और डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के साथ मुद्रा-जीडीपी अनुपात कम हो गया है।[37] खुदरा खंड में भारतीय केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) उत्तरोत्तर आगे बढ़ रही है (चार्ट II.4.4)।

चार्ट II.4.3: आरक्षित मुद्रा- घटक (देनदारियां)



स्रोत: आरबीआई।

[36] प्रचलन में ₹2000 बैंक-नोटों का कुल मूल्य दिनांक 19 मई, 2023 तक ₹3.56 लाख करोड़ था। दिनांक 29 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार, इनमें से 97.69 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं, जिनमें से अधिकांश जमाराशि के रूप में हैं।

[37] डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों (सीबीडीसी सहित) का विवरण इस रिपोर्ट के अध्याय VI, VIII और IX में शामिल हैं।

चार्ट : II.4.4: संचलनगत मुद्रा और डिजिटल भुगतान



$: 01 दिसंबर 2022 को लागू किए गए।
स्रोत: आरबीआई, भारत सरकार, सीईआईसी, स्टेटिस्टा, आईएमएफ और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

II.4.7 भारतीय रिज़र्व बैंक में बैंकरों की जमा राशि (आरएम में 22.9 प्रतिशत शेयर), अर्थात, बैंकों द्वारा अपनी सीआरआर आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु संधृत जमा-शेष में, वर्ष 2023-24 के दौरान बैंक-जमा में विस्तार के साथ 15.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह वृद्धि 15.9 प्रतिशत थी (चार्ट II.4.3ए)।

II.4.8 स्रोत पक्ष (आस्तियां) के संदर्भ में , आरएम में भारतीय रिज़र्व बैंक की निवल घरेलू आस्तियाँ (एनडीए)[38] और निवल विदेशी आस्तियां (एनएफए)[39] शामिल हैं। वर्ष 2023-24 में, आरएम में विस्तार मुख्य रूप से एनएफए द्वारा चालित था, जिसमें पिछले वर्ष की ₹2.2 लाख करोड़ की निवल बिक्री के मुकाबले अधिकृत डीलरों से ₹3.4 लाख करोड़ की निवल खरीद हुई थी। वर्ष के दौरान एनडीए में गिरावट आई क्योंकि सरकारी नकदी शेष में वृद्धि ने, बैंकों और वाणिज्यिक क्षेत्र को निवल ऋण में विस्तार की भरपाई से कहीं ज्यादा , सरकार पर भारतीय रिज़र्व बैंक के निवल दावों को कम कर दिया (चार्ट II.4.5)।

3. मुद्रा आपूर्ति[40]

II.4.9 व्यापक मुद्रा (एम$_3$) के अर्थों में मुद्रा आपूर्ति के अंतर्गत जनता के पास मुद्रा (सीडब्ल्यूपी) और घटकों के संदर्भ (देयताओं) में बैंकों की कुल जमाराशियां (एडी) शामिल होती हैं।

38 इसमें बैंकों, सरकार और वाणिज्यिक क्षेत्र (मुख्य रूप से प्राथमिक डीलरों) को निवल रिज़र्व बैंक द्वारा दिया गया ऋण शामिल है।

39 इसमें स्वर्ण विदेशी-मुद्रा-आस्ति (एफ़सीए) शामिल हैं। एफ़सीए में भारत सरकार (जीओआई) से हस्तांतरित विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) शामिल हैं। आईएमएफ में भारत सरकार और रिज़र्व ट्रांच पोजीशन (आरटीपी) के साथ शेष एसडीआर होल्डिंग्स, जो विदेशी मुद्रा में आईएमएफ में भारत के अंश-योगदान का प्रतिनिधित्व करती हैं, रिज़र्व बैंक के तुलन पत्र का हिस्सा नहीं हैं।

40 उप-खंड 3 और 4 में, विकास और अन्य अनुपात संबंधित वित्तीय वर्ष/तिमाही/महीने के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं। आंकड़ों में किसी बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को शामिल नहीं किया गया है।

चार्ट II.4.5: आरक्षित मुद्रा - स्रोत (आस्तियां)



स्रोत: आरबीआई।

दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार एम$_3$ ने 11.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (एक साल पहले 9.0 प्रतिशत) जो मुख्य रूप से, अन्य बातों के साथ-साथ नीतिगत-दर-वृद्धि के संचरण के कारण उच्च जमा दरों से लाभप्राप्त सावधि-जमा द्वारा चालित थी(चार्ट II.4.6)। बैंक-ऋण की निरंतर मांग ने बैंकों पर अधिक जमाराशि जुटाने के लिए दबाव डाला। लगातार दूसरे वर्ष, बैंक-जमा में विस्तार सीडब्ल्यूपी से अधिक हो गया।[41] एम$_3$ और जीडीपी का अनुपात अपने महामारी-पूर्व स्तरों पर वापस आ गया है (चार्ट II.4.7)।

II.4.10 स्रोत पक्ष (आस्तियां) के संदर्भ में, एम$_3$ में हुआ विस्तार मुख्य रूप से वाणिज्यिक क्षेत्र को दिए गए बैंक ऋण द्वारा चालित था, जो वर्ष 2023-24 में 15.6 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व के 14.4 प्रतिशत) तक बढ़ा था। सरकार को निवल बैंक-ऋण का विस्तार 2023-24 में अपने एक वर्ष पूर्व के 11.5 प्रतिशत से घटकर 5.7 प्रतिशत हो गया। दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार, एससीबी द्वारा सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) प्रतिभूतियों[42] की अतिरिक्त धारिताएँ निवल मांग और सावधि देयताओं(एनडीटीएल) का 10.4 प्रतिशत थीं, जबकि एक वर्ष पूर्व उक्त धारिताएँ 11.0 प्रतिशत थीं। बैंकिंग क्षेत्र की निवल

[41] मांग-जमा अस्थिर बने रहे, जो काफी हद तक जनता के साथ मुद्रा में विचलन को दर्शाता है।

[42] एसएलआर प्रतिभूतियों की अतिरिक्त धारिता बैंकों को चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत निधियां प्राप्त करने के लिए संपार्श्विक बफर प्रदान करती है और चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) का एक घटक भी है। रिज़र्व बैंक ने 8 अप्रैल, 2022 से प्रभावी परिपक्वता श्रेणी(एचटीएम) के तहत प्रतिभूतियों को रखने की सीमा को एनडीटीएल के 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 23 प्रतिशत कर दिया। एचटीएम सीमा को 31 मार्च, 2025 तक चरणबद्ध तरीके से 19.5 प्रतिशत पर बहाल किया जाएगा, जो 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही से शुरू होगा।

चार्ट II.4.6: मुद्रा आपूर्ति एवं एससीबी की सावधि जमाराशियां



*: 1 अप्रैल 2016 की तुलना में 31 मार्च 2017 तक।
टिप्पणी: एससीबी की बकाया रुपया सावधि जमा के लिए, सावधि जमा ब्याज दरें, भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों को संदर्भित करती हैं।
स्रोत: आरबीआई।

विदेशी आस्तियों में वृद्धि हुई, जो कि वर्ष के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के तुलन पत्र में एनएफ़ए के विस्तार को दर्शाता है (चार्ट II.4.5 और II.4.8; सारणी II.4.1)।

प्रमुख मौद्रिक-अनुपात

II.4.11 मौद्रिक लेन-देन कि गति, जो सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद को एम$_3$ से विभाजित करने पर प्राप्त होती है, स्थिर बनी हुई है। दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार, मुद्रा बहुगुणक(एमएम) 5.4 था, जो अपने दशकीय औसत[43] (2013-14 से 2023-24) से थोड़ा अधिक है। मुद्रा-जमा अनुपात वर्ष 2022-23 में 17.3 प्रतिशत से गिरकर 15.9 प्रतिशत हो गया, जो ₹2000 रुपये के बैंक-नोटों के आहरण और जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में उनकी वापसी को दर्शाता है। प्रतिवर्ती रेपो के लिए समायोजित

चार्ट II.4.7: एम$_3$ और जीडीपी अनुपात (दिसंबर अंत तक)



स्रोत: आरबीआई, भारत सरकार, आईएमएफ, सीईआईसी और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.4.8: मुद्रा आपूर्ति स्रोत-संवृद्धि



*: 1 अप्रैल 2016 की तुलना में 31 मार्च 2017 तक।
स्रोत: आरबीआई।

[43] इसमें नोटबंदी का वर्ष 2016-17 शामिल नहीं है।

सारणी II.4.1: मौद्रिक कुल राशियां

मद	22 मार्च 2024 को बकाया (₹ लाख करोड़ में)	वृद्धि दर (प्रतिशत)		
		2021-22	2022-23	2023-24 (22 मार्च, 2024 तक)
1	2	3	4	5
I. आरक्षित मुद्रा (आरएम)	46.8	12.3	9.7	6.7
II. मुद्रा आपूर्ति (एम$_3$)	248.3	8.7	9.0	11.2
III. एम$_3$ के प्रमुख घटक				
III.1. जनता के पास उपलब्ध मुद्रा	34.2	10.2	7.9	4.3
III.2. समग्र जमाराशियां	213.3	8.4	9.1	12.3
IV. एम$_3$ के प्रमुख स्रोत				
IV.1. सरकार को निवल बैंक ऋण	73.1	8.2	11.5	5.7
IV.2. वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	166.7	9.0	14.4	15.6
IV.3. बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी आस्तियां	55.1	8.8	-0.6	11.7
V. मुद्रा बहुगुणक (अनुपात)	5.4			

नोट: 1. आंकड़े अनंतिम हैं।
2. आरएम के आंकड़े 29 मार्च 2024 की अवधि के हैं।
स्रोत: आरबीआई।

मुद्रा बहुगुणक - विश्लेषणात्मक रूप से केंद्रीय बैंक में बैंक-जमा के समान – दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार एमएम और समायोजित एमएम के अभिसरण के साथ मामूली रूप से कम होकर 5.3 आ गया(चार्ट II.4.9ए) । सीआरआर में कोई बदलाव नहीं होने के कारण आरक्षित-जमा अनुपात स्थिर रहा (चार्ट II.4.9बी)।

4. ऋण

II.4.12 खुदरा और सेवा क्षेत्रों की मांग के कारण वर्ष 2023-24 में बैंक ऋण में द्वि-अंकीय वृद्धि बनी रही। दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार एससीबी के ऋण में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक वर्ष पूर्व 15.0 प्रतिशत थी (चार्ट II.4.10ए)। बैंक समूह-वार, निजी क्षेत्र के बैंकों (पीवीबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के

चार्ट II.4.9 : मौद्रिक अनुपात



स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.4.10 : बैंक समूह-वार ऋण



स्रोत: आरबीआई।

बैंकों (पीएसबी) से उच्चतर वृद्धि प्रदर्शित करना जारी रखा। दिनांक 22 मार्च, 2024 के अनुसार, पीवीबी में संवृद्धि एक वर्ष पूर्व के 17.8 प्रतिशत से बढ़कर 19.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) और पीएसबी में 13.8 प्रतिशत से बढ़कर 14.7 प्रतिशत हो गई। इसके परिणामस्वरूप कुल ऋण में पीएसबी के हिस्से में गिरावट आई, हालांकि ऋण में सबसे बड़ा हिस्सा अभी भी पीएसबी का है। (चार्ट II.4.10बी)।

II.4.13 क्षेत्रवार[44] देखें तो, मार्च 2024 में कृषि-क्षेत्र के लिए ऋण में 20.1 प्रतिशत का विस्तार हुआ (जो कि एक वर्ष पूर्व 15.4 प्रतिशत था)। बड़े उद्योगों में ऋण वृद्धि अपेक्षाकृत कम (6.4 प्रतिशत) थी जिसका कारण आंशिक रूप से उनकी लाभप्रदता और नकदी प्रवाह में सुधार होना था। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के ऋण में 14.1 प्रतिशत कि सुदृढ़ वृद्धि हुई जो कि संपार्श्विक-मुक्त ऋण[45] की उपलब्धता से समर्थित थी। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और व्यापार-क्षेत्र की मांग के चलते मार्च 2024 में सेवा क्षेत्र के बैंक ऋण में 20.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 16 नवंबर, 2023 को घोषित विनियामकीय उपायों के बाद एनबीएफसी को दिए जाने वाले बैंक ऋण की विस्तार-गति कम हुई (अध्याय VI देखें)। मार्च 2024 में निजी-ऋण में 17.7 प्रतिशत की सुदृढ़ वृद्धि हुई, जो कि आवास ऋण - इस खंड का आधे से अधिक हिस्सा- से समर्थित थी(चार्ट II.4.11 और सारणी II.4.2)।

II.4.14 वर्ष 2023-24 में एससीबी की जमा वृद्धि बैंक-ऋण से कम रही (चार्ट II.4.12ए और II.4.12बी)। इसके परिणामस्वरूप, वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात जून 2022-मई 2023 के दौरान 100 प्रतिशत से ऊपर बढ़ गया (चार्ट II.4.12सी)। तदनंतर, जमा वृद्धि में तेजी के कारण यह अनुपात गिर तो गया, लेकिन ऋण और जमा वृद्धि के बीच की खाई बनी हुई है। निधीयन के उक्त अंतर को पाटने के लिए बैंकों ने सीडी-निर्गम किए जो, पिछले वर्ष के ₹6.4 लाख करोड़ रुपये कि तुलना में, वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर ₹8.3 लाख करोड़ रुपये हो गए(चार्ट II.4.12डी)।

[44] गैर-खाद्य ऋण आंकड़े पाक्षिक धारा 42 रिटर्न पर आधारित हैं और सभी एससीबी को शामिल करते हैं। क्षेत्रीय गैर-खाद्य ऋण आंकड़े क्षेत्र-वार और उद्योग-वार बैंक-ऋण (एसआईबीसी) रिटर्न पर आधारित होते हैं, जिसमें, सभी एससीबी द्वारा दिए गए कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हिस्से को दर्शाने के लिए चुनिंदा बैंकों के हिसाब शामिल हैं। उक्त आंकड़े महीने के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित है।

[45] केंद्रीय बजट 2023-24 में, सरकार ने 1 अप्रैल, 2023 से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी योजना में सुधार की घोषणा की, जिसमें कॉर्पस में ₹9,000 करोड़ का निवेश किया गया ताकि ₹2 लाख करोड़ के अतिरिक्त संपार्श्विक-मुक्त गारंटीकृत ऋण को सक्षम किया जा सके और ऋण की लागत में लगभग 1 प्रतिशत की कमी की जा सके। इसके अलावा, गारंटी के लिए उच्चतर सीमा ₹2 करोड़ से बढ़ाकर ₹5 करोड़ कर दी गई है।

चार्ट II.4.11 एससीबी की खाद्येतर ऋण वृद्धि



स्रोत: आरबीआई।

II.4.15 सख्त वित्तीय स्थितियों के कारण फर्मों की कर्ज-चुकौती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभव है, लेकिन न्यून-ऋण-आश्रय और चलनिधि बफ़र्स का निर्माण कॉरपोरेट वित्त पर उच्चतर ब्याज दरों के प्रभाव को कम कर सकता है (बॉक्स II.4.1)।

सारणी II.4.2: क्षेत्रीय ऋण वृद्धि - एससीबी

(प्रतिशत, वर्ष दर वर्ष)

क्षेत्र	2022-23#	2023-24											
		अप्रैल	मई	जून	जुला	अग	सितं	अक्तू	नवं	दिसं	जन	फर	मार्च
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
खाद्येतर ऋण	**15.4**	**16.1**	**15.6**	**16.3**	**14.8**	**15.0**	**15.3**	**15.3**	**16.3**	**15.8**	**16.2**	**16.5**	**16.3**
I. कृषि और अनुषंगी गतिविधियाँ	**15.4**	**16.8**	**16.1**	**19.8**	**16.9**	**16.6**	**16.8**	**17.5**	**18.2**	**19.5**	**20.1**	**20.1**	**20.1**
II. उद्योग (सूक्ष्म और लघु, मध्यम और बड़े)	**5.6**	**7.0**	**6.0**	**8.0**	**5.1**	**6.0**	**6.6**	**5.4**	**6.1**	**8.1**	**7.9**	**8.8**	**8.5**
II.1. सूक्ष्म और लघु	13.2	9.9	9.8	13.2	10.2	10.8	10.1	16.5	16.8	14.7	16.0	15.1	14.6
II.2. मध्यम	12.0	11.2	10.4	13.4	9.1	9.3	9.1	12.0	11.9	8.6	9.9	12.7	13.1
II.3. बड़े	3.1	5.8	4.6	6.1	3.4	4.5	5.4	2.2	3.0	6.4	5.7	6.8	6.4
II.3.1 इंफ्रास्ट्रक्चर	0.4	3.2	1.9	1.7	0.3	1.0	1.9	-0.1	1.1	4.8	5.0	5.8	5.4
II.3.2 मूल धातु और धातु उत्पाद	19.6	19.9	17.1	22.0	18.1	18.5	18.6	17.0	17.9	15.0	11.5	11.9	11.4
II.3.3 रसायन और रसायनिक उत्पाद	10.0	4.9	4.5	6.5	0.2	1.7	2.9	0.4	5.8	9.5	8.9	11.8	11.5
II.3.4 वस्त्र	1.9	4.3	5.2	8.7	8.4	11.8	12.6	12.7	14.9	13.5	13.6	13.6	10.9
II.3.5 सभी इंजीनियरिंग	4.3	6.3	5.6	10.5	10.2	9.0	7.4	9.4	9.6	8.5	12.0	11.1	11.2
II.3.6 खाद्य प्रसंस्करण	5.1	2.4	3.7	5.9	4.1	8.0	8.0	10.6	11.4	10.3	13.5	13.7	14.9
III. सेवाएं	**19.6**	**21.4**	**21.1**	**26.5**	**19.4**	**20.6**	**21.2**	**19.9**	**21.7**	**19.4**	**20.5**	**20.9**	**20.2**
III.1. व्यापार	17.8	18.2	17.4	17.4	16.6	16.0	17.2	19.6	19.6	17.8	18.2	18.1	17.0
III.2. एनबीएफसी	29.9	28.7	27.3	34.7	19.4	20.9	21.4	17.9	18.5	14.7	15.2	14.4	15.0
IV. वैयक्तिक ऋण	**21.0**	**19.7**	**19.5**	**21.2**	**17.9**	**18.4**	**18.3**	**18.0**	**18.6**	**17.7**	**18.4**	**18.1**	**17.7**
IV.1. आवास	15.2	14.5	14.6	15.0	12.8	13.6	13.7	14.5	15.0	14.4	16.7	16.7	17.4
IV.2. वाहन ऋण	24.8	23.1	22.3	23.0	21.2	20.7	21.3	20.0	20.8	20.5	16.3	17.5	17.3

#: मार्च 2022 की तुलना में मार्च 2023।
टिप्पणी: डेटा अनंतिम है और बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को हटाने के बाद।
स्रोत: आरबीआई।

चार्ट II.4.12 : एससीबी के जमा एवं ऋण



स्रोत: आरबीआई।

बॉक्स II.4.1
भारत में मौद्रिक नीति और गैर-वित्तीय संस्थाएं

मौद्रिक नीति चक्रों से बनीं वित्तीय स्थितियां वित्त पोषण लागत, कर्ज-चुकौती और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट क्षेत्र के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं (शूलरिक और अन्य, 2021; बोइसे और अन्य, 2023)। वर्ष 2010 की पहली तिमाही से वर्ष 2023 की चौथी तिमाही की अवधि के 1,700 सूचीबद्ध भारतीय गैर-वित्तीय फर्मों के लिए सीएमआईई कौशल त्रैमासिक आंकड़ों का उपयोग करते हुए, औसत निधीयन लागत पर मौद्रिक नीति में बदलाव के प्रभाव का विश्लेषण स्थानीय रैखिक प्रक्षेपण (एलएलपी) मॉडल फ्रेमवर्क में किया जाता है। यह विश्लेषण, जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति, और तिमाही और फर्म-निश्चित प्रभावों को स्थिर रखते हुए, ब्याज-व्यय-अनुपात (आईईआर) [कुल ऋण पर सकल ब्याज व्यय] और ब्याज-कवरेज-अनुपात (आईसीआर) [सकल ब्याज व्यय पर परिचालन लाभ] का नीतिगत रेपो दर में से प्रतिगमन करके किया जाता है। नीतिगत दर में बदलाव का कर्ज-चुकौती संकेतकों पर एक धीमा प्रभाव पड़ता है और फर्मों पर चरम प्रभाव नीतिगत दर संबंधी कार्रवाई के 7-9 तिमाहियों के बाद होता है (चार्ट 1)।

कॉरपोरेट क्षेत्र का स्वास्थ्य – जो ऋण परिपक्वता संरचना और नकदी शेष जैसे संकेतकों में लक्षित है- कर्ज-चुकौती लागत पर नीतिगत दर कार्रवाइयों के प्रभाव को संभावित रूप से बढ़ा या घटा सकता है। भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र ने चलनिधि बफ़र्स के निर्माण के साथ अपने ऋण की परिपक्वता संरचना में बढ़त देखी है। यह फर्मों को कठिन वित्तीय परिस्थितियों में समुत्थानशील बनाता है (चार्ट 2)।

(जारी)

चार्ट 1 : मौद्रिक नीति और ऋण उपयोगिता
(रेपो रेट में 100 आधार अंकों की बढ़ोतरी का प्रभाव)



आईआरएफ: आवेग प्रतिक्रिया कार्य
टिप्पणी: छायित भाग 95 प्रतिशत कोन्फिडेंस बैंड को दर्शाता है।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट 2 : मौद्रिक दरों में वृद्धि के प्रभाव को कम करने वाले संस्था-विशिष्ट कारक



टिप्पणी: उक्त आंकड़े 900 फर्मों की कुल संख्या के वार्षिक आंकड़ों पर आधारित हैं।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान

संदर्भ:

1. शूलरिक, एम , स्टीगे, एल. टी., और वार्ड, एफ. (2021), 'लीनिंग अगेंस्ट द विंड एंड क्राइसिस रिस्क', *अमेरिकन इकोनॉमिक रिव्यू: इनसाइट्स*, 3(2), 199-214
2. बोइसे, एफ., कोलार्ड, एफ., मानेया, सी., और शापिरो, ए. (2023), 'मोनेटरी टाइटनिंग, इन्फ्लेशन ड्राइवर्स एंड फाइनेंशियल स्ट्रेस', बीआईएस वर्किंग पेपर्स, नं.1155, दिसंबर

5. निष्कर्ष

II.4.16 वर्ष के दौरान ₹2000 के बैंक-नोटों का आहरण और बैंक-जमा के रूप में उनकी वापसी से संचलनगत-मुद्रा के और आरक्षित मुद्रा में मंदी आई, जबकि उसी अवधि में जमा-वृद्धि में तेजी आई। आकर्षक रिटर्न से बैंक-जमा को भी बढ़ावा मिला। सेवा, कृषि, खुदरा और एमएसएमई क्षेत्रों के नेतृत्व में बैंक-ऋण में सुदृढ़ विस्तार बना रहा। उपभोक्ता और व्यावसाय दोनों की आशावादिता और बैंकों के सशक्त तुलन-पत्रों से ऋण-वृद्धि के बने रहने की उम्मीद है, और ऐसे में ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए जमाराशि-जुटाव हेतु प्रयासरत होना आवश्यक है।

II.5 वित्तीय बाजार

II.5.1 वैश्विक वित्तीय बाज़ार वर्ष 2023-24 के दौरान अस्थिर रहे, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अवस्फीति-गति की अनिश्चितता, प्रमुख केंद्रीय बैंकों के मौद्रिक-नीति प्रक्षेप-वक्र और तीव्र भू-राजनैतिक तनावों को दर्शाता है। ब्याज दरों के चरम पर पहुंचने की प्रत्याशा के कारण, केंद्रीय बैंकों के मार्गदर्शन और नवीनतम आंकड़ों के प्रति बाजार का उत्साह अत्यधिक संवेदनशील बना रहा, जिसके कारण बड़े उतार-चढ़ाव हुए।

II.5.2 समुत्थानशील आर्थिक गतिविधियों और मजबूत समष्टि-आर्थिक बुनियाद से सुदृढ़ता प्राप्त कर, घरेलू वित्तीय बाजार 2023-24 के दौरान एक व्यवस्थित तरीके से विकसित हुए। सरकारी नकदी शेष में निरंतर वृद्धि से चलनिधि अधिशेष कम होने के कारण वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही में मुद्रा बाजार दरें मजबूत हुईं। नकदी की तंगी और ऋण मांग में कमी के बीच जमा प्रमाणपत्रों (सीडी) के निर्गम में तेजी आई। वर्ष 2023-24 की पहली छमाही के दौरान संप्रभु बॉण्ड प्रतिफल अपने कार्यक्षेत्र में ही सीमित रहा, लेकिन कच्चे तेल की कम कीमतें, वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट, प्रमुख वैश्विक बॉण्ड सूचकांक में भारतीय संप्रभु बॉण्ड को शामिल करने की घोषणा, घरेलू मुद्रास्फीति में ढील और वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार द्वारा उम्मीद से कम ऋण लेने के बाद उक्त कार्यक्षेत्र बढ़ गया। कॉरपोरेट बॉण्ड प्रतिफल ने सामान्यतः वर्ष के अंत में स्प्रेड में बृहतीकरण के साथ जी-सेक प्रतिफल को ट्रैक किया। आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के प्रदर्शन में हुई तेजी के कारण शेयर बाजारों ने मजबूत लाभ दर्ज किया। घरेलू विकास की संभावनाओं में सुधार और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ़पीआई) के उच्चतर प्रवाह के चलते भारतीय रुपये (आईएनआर) में स्थिरता देखी गई।

II.5.3 उपर्युक्त पृष्ठभूमि के परिप्रेक्ष्य में, मुद्रा बाजार की गतिविधियां उप-खंड 2 में विस्तार से दी गई हैं। सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) और कॉरपोरेट बॉण्ड के बाजार खंड का उल्लेख क्रमशः उप-खंड 3 और 4 में है। इक्विटी और विदेशी मुद्रा बाजार की गतिविधियां, उप-खंड 7 में निष्कर्षी टिप्पणियों के साथ, उप-खंड 5 और 6 में शामिल हैं।

2. मुद्रा बाजार

II.5.4 वर्ष 2023-24 के दौरान मुद्रा बाजार दरें नीतिगत-गलियारे के आसपास बनी रहीं, जो कि चलनिधि की बदलती स्थितियों के अनुरूप थीं।[46] भारित औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) वर्ष की पहली छमाही में अपने कार्यक्षेत्र में ही सीमित रही। उक्त दर अक्टूबर-जनवरी के दौरान चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) कॉरिडोर की उच्चतम सीमा के करीब बनी रही क्योंकि सरकारी नकदी शेष में लगातार वृद्धि और संचलनगत-मुद्रा (सीआईसी) में त्योहारी परिवेश के कारण हुए विस्तार के परिणामस्वरूप चलनिधि स्थितियाँ सख्त हो गई थी [अध्याय III देखें]। फरवरी-मार्च के दौरान डब्ल्यूएसीआर में बढ़त हुई और यह नीतिगत रेपो दर के आसपास बनी रही। नीतिगत दर के सापेक्ष डब्ल्यूएसीआर का औसत प्रसार वर्ष 2022-23 के (-) 12 बीपीएस की तुलना में वर्ष 2023-24 में (+) 13 आधार अंक (बीपीएस) था (चार्ट II.5.1)।

II.5.5 डब्ल्यूएसीआर के परिवर्तन-गुणांक[47] द्वारा मापे गए कॉल मनी खंड में अस्थिरता पिछले वर्ष के 18.1 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में तेजी से घटकर 2.5 प्रतिशत हो गई। मुद्रा बाजार[48] में औसत-दैनिक-मात्रा 2023-24 के दौरान पिछले वर्ष के ₹5.36 लाख करोड़ रुपये से 6 प्रतिशत घटकर ₹5.04 लाख करोड़ रुपये रह गई। वर्ष के दौरान, सख्त-चलनिधि-स्थितियों के साथ, तीसरी और चौथी तिमाही में क्रमशः ₹5.1 लाख करोड़ और ₹5.2 लाख करोड़ तक पुनरुत्थान करने से पहले, औसत-दैनिक-मात्रा आरंभ में पहली तिमाही के ₹5.0 लाख करोड़ से वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में ₹4.9 लाख

[46] रिज़र्व बैंक द्वारा किए जा रहे चलनिधि प्रबंधन परिचालनों को इस रिपोर्ट के अध्याय-III में शामिल किया गया है।

[47] भिन्नता-गुणांक माध्य से मानक विचलन का अनुपात है।

[48] शनिवार को छोड़कर ओवरनाइट और आवधिक खंड दोनों के कॉल मनी, त्रिपक्षीय रेपो और मार्केट रेपो

चार्ट II.5.1 मुद्रा बाज़ार दरें और नीतिगत कॉरीडोर



स्रोत: आरबीआई, सीसीआईएल, सीसीआईएल-एफ़टीआरएसी, एफ़बीआईएल और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

चार्ट II.5.2: मुद्रा बाजार की मात्रा में प्रमुख क्षेत्रों का हिस्सा



स्रोत: सीसीआईएल और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

करोड़ तक गिर गई।[49] बाजार रेपो की हिस्सेदारी में 37 प्रतिशत से 31 प्रतिशत की सहगामी गिरावट के साथ, कुल मुद्रा-बाजार-मात्रा में से त्रिपक्षीय रेपो की हिस्सेदारी वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 61 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 67 प्रतिशत हो गई। गैर-संपार्श्विक कॉल मनी खंड का हिस्सा सभी तिमाहियों में लगभग 2 प्रतिशत पर बना रहा (चार्ट II.5.2)।

II.5.6 वर्ष के दौरान टी-बिल दरों की तुलना में जमा प्रमाणपत्र (सीडी) और वाणिज्यिक पेपर (सीपी) दरों का औसत दैनिक प्रसार बढ़ा (चार्ट II.5.3)। दिनांक 16 नवंबर, 2023 को रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) हेतु उपभोक्ता ऋण और बैंक ऋण पर विनियामकीय उपायों ने भी वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान एनबीएफसी के लिए सीपी दरों को सख्त करने में योगदान दिया।

II.5.7 बैंकों द्वारा सुदृढ़ क्रेडिट ऑफटेक के निधीयन की मांग के कारण, प्राथमिक बाजार में, नए सीडी का निर्गम वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के ₹1.5 लाख करोड़ और दूसरी तिमाही के ₹1.6 लाख करोड़ से बढ़कर तीसरी तिमाही में ₹2.6 लाख करोड़ हो गया। चौथी तिमाही में ₹3.0 लाख करोड़ रुपये का सीडी निर्गम हुआ। हालांकि, प्राथमिक बाजार में सीपी का नया निर्गम पहली तिमाही के ₹3.8 लाख करोड़ रुपये से घटकर दूसरी तिमाही में ₹3.3 लाख करोड़ रुपये और तीसरी तिमाही में ₹2.9 लाख करोड़ रुपये रह गया। तथापि, चौथी तिमाही में सीपी निर्गम फिर से बढ़कर ₹3.8 लाख करोड़ रुपये हो गया।

3. जी-सेक बाजार

II.5.8 वर्ष 2023-24 के दौरान जी-सेक प्रतिफल में उतार-चढ़ाव बना रहा। पहली तिमाही के दौरान मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने, मुद्रास्फीति के अनुकूल माहौल और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से प्रतिफल में गिरावट आई। 10-वर्षीय जेनेरिक जी-सेक प्रतिफल तिमाही के अंत में 7.12 प्रतिशत रहा, जो 31 मार्च, 2023 (चार्ट II.5.4) के अपने स्तर से 19 बीपीएस कम है। मार्च 2023 के अंत तक 5-वर्षीय और 10-वर्षीय दरों के बीच प्रसार 14 बीपीएस से 4 बीपीएस तक सीमित होने के कारण प्रतिफल-वक्र सपाट हो गया। वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के दौरान,

[49] कॉल मनी खंड में, औसत-दैनिक-मात्रा (शनिवार को छोड़कर) पहली तिमाही में ₹11,274 करोड़ से घटकर दूसरी तिमाही में ₹10,381 करोड़ हो गई थी जो कि तीसरी तिमाही में बढ़कर ₹11,441 करोड़ और चौथी तिमाही में बढ़कर ₹11,785 करोड़ हो गई थी।

चार्ट II.5.3: 91-दिवसीय टी-बिल दर पर 3 महीने की सीपी और सीडी दर का स्प्रेड



स्रोत: ब्लूमबर्ग, एफ़बीआईएल और आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

चार्ट II.5.4: 10-वर्षीय जी-सेक सामान्य प्रतिफल

स्रोत: ब्लूमबर्ग।

घरेलू जी-सेक प्रतिफल सख्त वैश्विक प्रतिफल, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और घरेलू मुद्रास्फीति में वृद्धि के साथ बढ़ गया, जो प्रमुख वैश्विक बॉण्ड सूचकांकों में भारतीय जी-सेक को शामिल करने के आशावाद को अनुचित्रित करता है।[50] पिछली तिमाही में अपने स्तरों की तुलना में, घरेलू 10 वर्षीय और 5 वर्षीय जेनेरिक जी-सेक प्रतिफल तिमाही के अंत में क्रमशः 10 बीपीएस और 15 बीपीएस की अधिकता पर पहुंचे। घरेलू जी-सेक प्रतिफल-वक्र आगे और सपाट हो गया एवं 5 वर्षीय और 10 वर्षीय जी-सेक प्रतिफल के बीच प्रसार 1 बीपीएस तक मामूली रूप से व्युत्क्रमित हो गया।

II.5.9 तीसरी तिमाही के दौरान 10 वर्षीय जेनरिक जी-सेक प्रतिफल 5 आधार अंक घटकर 7.17 प्रतिशत रह गया, जो बहुवर्षीय उच्च स्तरों से प्राप्त वैश्विक प्रतिफल में वृद्धि और घरेलू मुद्रास्फीति में तेजी के बावजूद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट को दर्शाता है। दीर्घान्त क्रम की तुलना में अल्पांत क्रम के प्रतिफल में हुई तेज गिरावट के साथ, प्रतिफल-वक्र अधोगामी हो गया। 5 वर्षीय जेनरिक जी-सेक प्रतिफल 10 आधार अंक की गिरावट के साथ 7.13 फीसदी पर बंद हुआ। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 में उम्मीद से कम सकल और निवल बाजार उधारी और घरेलू मुद्रास्फीति के कम होने के बीच वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के दौरान प्रतिफल और बढ़ गया। तिमाही के दौरान 10-वर्ष और 5-वर्ष का जेनरिक जी-सेक प्रतिफल क्रमशः 11 बीपीएस और 7 बीपीएस तक कम हो गया और दोनों मार्च 2024 के अंत में उक्त अवधि के दोनों प्रतिफल 7.06 प्रतिशत पर थे।

II.5.10 दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से पूर्ण प्राप्य मार्ग (एफएआर)[51] की शुरुआत के साथ, एफपीआई के पास निवेश के तीन चैनल हैं - मध्यम अवधि के फ्रेमवर्क (एमटीएफ) के तहत निर्धारित निवेश सीमाओं का सामान्य मार्ग; स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर); और एफएआर (सारणी II.5.1)। कुल मिलाकर, एफ़पीआई ने वर्ष 2023-24 में ऋण लिखतों में ₹1.3 लाख करोड़ का निवेश किया।

[50] 10 वर्षीय जेनेरिक अमेरिकी राजकोष-प्रतिफल 73 आधार अंक बढ़ा, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत उक्त अवधि में 27 प्रतिशत से अधिक बढ़ी और जुलाई और अगस्त में हेडलाइन मुद्रास्फीति ने ऊपरी सीमा के परे चली गई।

[51] एफएआर के तहत, केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की कुछ श्रेणियों को घरेलू निवेशकों को उपलब्ध होने के अलावा, बिना किसी प्रतिबंध के अनिवासी निवेशकों के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया था।

सारणी II.5.1 : ऋण लिखतों में एफपीआई निवेश

(राशि ₹ लाख करोड़ में)

निवेश का मार्ग/चैनल	मार्च 31, 2022			मार्च 31, 2023			मार्च 31, 2024		
	सीमा	बकाया	उपयोग (सीमा का प्रतिशत)	सीमा	बकाया	उपयोग (सीमा का प्रतिशत)	सीमा	बकाया	उपयोग (सीमा का प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(i) एमटीएफ़^	10.8	2.2	20.5	11.7	1.8	15.4	11.7	1.9	16.0
(ii) वीआरआर^$	1.5	1.5	100.0	2.5	2.1	82.0	2.5	1.8	70.1
(iii) एफ़एआर#	17.6	0.5	2.6	28.0	0.8	2.8	39.0	1.7	4.5

^: इसमें केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां (जी-सेक), राज्य सरकार की प्रतिभूतियां (एसजीएस) और कॉरपोरेट बॉण्ड शामिल हैं।
$: 2023-24 में उपयोग में कमी जुलाई 2023 से वीआरआर के तहत समाप्त सीमा को वापस लेने के कारण है।
#: केवल मार्ग के अंतर्गत शामिल निर्दिष्ट प्रतिभूतियों के लिए उपलब्ध है।
स्रोत: सीसीआईएल और एनएसडीएल।

4. कॉरपोरेट ऋण बाजार

II.5.11 वर्ष 2023-24 के दौरान कॉरपोरेट बॉण्ड प्रतिफल बढ़ा, जो कि जी-सेक प्रतिफिल को प्रतिबिंबित करता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), वित्तीय संस्थानों (एफआई) और बैंकों के एएए-रेटेड 3-वर्षीय बॉण्ड पर मासिक औसत प्रतिफल; एनबीएफसी; और कॉरपोरेट्स मार्च 2023 के स्तर की तुलना में मार्च 2024 में क्रमशः 12 बीपीएस, 14 बीपीएस और 12 बीपीएस तक बढ़े (सारणी II.5.2)। पहली छमाही के दौरान प्रतिफल बढ़ा और चलनिधि-स्थितियों के सख्त होने और एनबीएफसी को उपभोक्ता ऋण और बैंक ऋण के लिए विनियामकीय उपायों की घोषणा के बीच स्प्रेड-विस्तार के साथ सामान्यतः दूसरी छमाही में कम हुआ।

II.5.12 तदनुरूपी परिपक्वता के जी-सेक प्रतिफल पर एएए-रेटेड 3-वर्षीय बॉण्ड-प्रतिफल का प्रसार सामान्यतः मार्च 2023 और मार्च 2024 के बीच बढ़ गया। कॉरपोरेट बॉण्ड बाजार में औसत दैनिक द्वितीयक बाजार का कारोबार वर्ष 2023-24 के दौरान पिछले वर्ष के ₹5,549 करोड़ रुपये से मामूली रूप से बढ़कर ₹5,718 करोड़ रुपये हो गया (चार्ट II.5.5)।

II.5.13 विदेशी निर्गमों के माध्यम से लामबंदी में वृद्धि के साथ, वर्ष 2023-24 में सूचीबद्ध कॉरपोरेट बॉण्ड के प्राथमिक निर्गम बढ़े (सारणी II.5.3)। बॉण्ड बाजार के जरिए जुटाए गए कुल संसाधनों में निजी नियोजनों का हिस्सा 97.8 प्रतिशत रहा। कॉरपोरेट बॉण्ड में एफपीआई द्वारा निवेश वर्ष के दौरान मामूली रूप से बढ़ा, जिससे अनुमोदित सीमाओं का उपयोग एक वर्ष पूर्व के 15.5 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 16.2 प्रतिशत तक हो गया।

सारणी II.5.2: कॉरपोरेट बॉण्ड* - प्रतिफल और स्प्रेड

इकाई	प्रतिफल (प्रतिशत)			स्प्रेड (बीपीएस) [संबंधित जोखिम-मुक्त दर से अधिक]		
	मार्च 2023	मार्च 2024	परिवर्तन (बीपीएस)	मार्च 2023	मार्च 2024	परिवर्तन (बीपीएस)
1	2	3	4 (=3-2)	5	6	7 (=6-5)
(i) पीएसयू, एफआई और बैंक	7.75	7.63	-12	36	44	8
(ii) एनबीएफसी	8.12	7.98	-14	73	80	7
(iii) कॉरपोरेट्स	8.07	7.95	-12	68	77	9

*: एएए-रेटेड 3-वर्षीय बॉण्ड।
नोट: प्रतिफल और स्प्रेड की गणना मासिक औसत के रूप में की जाती है।
स्रोत: एफ़आईएमएमडीए।

चार्ट II.5.5: कॉरपोरेट बॉण्ड बाज़ार में एएए-रेटेड 3-वर्षीय प्रतिफल स्प्रेड और कुल कारोबार



स्रोत: सेबी और एफ़आईएमएमडीए।

5. इक्विटी बाजार

II.5.14 वर्ष 2023-24 में, भारतीय इक्विटी मार्केट मजबूत समष्टि-आर्थिक बुनियाद और कॉरपोरेट लाभप्रदता पर उद्गामी बना रहा। मार्च 2024 के अंत में 24.9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,651 पर बंद होकर बीएसई सेंसेक्स एक नए पायदान पर पहुंचा, जो अधिकांश वैश्विक समकक्षों (चार्ट II.5.6) के प्रदर्शन से बेहतर था। प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) निर्गमों के स्थिर प्रवाह और तरजीही आवंटन एवं योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से तीव्र गति से बढ़ते हुए संसाधन जुटाव के साथ द्वितीयक बाजार के उत्साह के कारण प्राथमिक बाजार में भी अधिक संसाधन जुटे।

II.5.15 वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के लिए ठोस कॉरपोरेट आय, उत्साहित घरेलू विनिर्माण प्रदर्शन, सुदृढ़ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और मई 2023 के लिए बढ़े हुए मुद्रास्फीति-प्रिंट से उत्साहित होकर वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में बाजार एक शुभ संकेत नोट पर शुरू हुआ। चीन के इक्विटी में हुई गिरावट के तनाव और उच्च वैश्विक ब्याज दरों की लंबी अवधि की बढ़ती चिंताओं के बावजूद, दूसरी तिमाही में बाजारों ने 2023-24 की पहली तिमाही के लिए सकारात्मक घरेलू कॉरपोरेट परिणामों और अनुकूल समष्टि-आर्थिक आंकड़ों पर उद्गामी प्रक्षेपवक्र बनाए रखा।

II.5.16 तीसरी तिमाही में, शुरू में बाजारों ने अक्टूबर 2023 में एफ़पीआई बहिर्वाह और मध्य-पूर्व युद्धस्थितियों के कारण नुकसान दर्ज किया। इसके बाद, घरेलू इक्विटी सूचकांकों में तीव्र प्रतिक्षेप हुआ, जो कि अमेरिका में प्रत्याशा से अधिक बढ़ी मुद्रास्फीति से मिले वैश्विक संकेतों और वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही की अनुकूल घरेलू कॉरपोरेट आय से प्रेरित था। वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में, बाजारों ने मामूली वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के मजबूत जीडीपी विकास आंकड़ों के बाद, बीएसई सेंसेक्स ने मार्च 2024 में 74,000 अंक – जो एक नया शिखर था- पार कर लिया।

II.5.17 बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में जोखिम-प्रवृत्ति बढ़ने पर वर्ष 2023-24 के दौरान क्रमशः 63.4 प्रतिशत और 60.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, व्यापक बाजार सूचकांकों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया(चार्ट II.5.7ए)। एफ़पीआई ने पिछले वित्तीय वर्ष में ₹0.4 लाख करोड़ की निवल बिक्री के मुकाबले वर्ष 2023-24 के दौरान घरेलू इक्विटी बाजार में ₹2.1 लाख करोड़ का निवल क्रय किया (चार्ट II.5.7बी)।

सारणी II.5.3: कॉरपोरेट बॉण्ड जारी करना

मद	राशि (₹ लाख करोड़)		परिवर्तन (कॉलम 3 की तुलना में कॉलम 2) [प्रतिशत]
	2022-23	2023-24	
1	2	3	4
(i) प्राथमिक कॉरपोरेट बॉण्ड निर्गमन	7.6	8.6	12.2
(ii) बकाया कॉरपोरेट बॉण्ड (मार्च-अंत)	43.1	47.3	9.6
(iii) कॉरपोरेट बॉण्ड में एफपीआई द्वारा निवेश (मार्च अंत)	1.04	1.08	4.4

स्रोत: सेबी और एनएसडीएल।

चार्ट II.5.6: इक्विटी बाजार



स्रोत : बीएसई, एनएसई और ब्लूमबर्ग।

म्यूचुअल फंड्स ने वर्ष 2023-24 में ₹2.0 लाख करोड़ का निवल क्रय किया।

प्राथमिक बाजार संसाधन जुटाव

II.5.18 इक्विटी बाजार के प्राथमिक खंड में, तरजीही आवंटन और क्यूआईपी के माध्यम से संसाधनों का जुटाव वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर ₹1.1 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष के दौरान ₹0.9 लाख करोड़ रुपये था। आईपीओ, अनुगामी सार्वजनिक प्रस्ताव (एफपीओ) और राइट्स इश्यू के माध्यम से संसाधनों का जुटाव 0.7 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 0.8 लाख करोड़ रुपये हो गया (चार्ट II.5.8ए और परिशिष्ट सारणी 5)। लघु एवं मध्यम उद्योग (एसएमई) खंड ने, एक वर्ष पूर्व 125 एसएमई आईपीओ/एफपीओ निर्गमों से जुटाए गए ₹2,333 करोड़ रुपये की तुलना में, वर्ष 2023-24 में 197 एसएमई आईपीओ/एफपीओ निर्गमों से ₹6,122 करोड़ रुपये प्राप्त किए।

II.5.19 म्यूचुअल फंड द्वारा जुटाए गए निवल संसाधन, वर्ष 2022-23 के ₹0.8 लाख करोड़ रुपये की तुलना में, वर्ष 2023-24 के दौरान चार गुना से अधिक बढ़कर ₹3.5 लाख करोड़ रुपये हो गए। इक्विटी-आधारित-अबाध- म्यूचुअल फंड-योजनाओं से निवल संसाधन जुटाव ₹1.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर ₹1.8 लाख करोड़ रुपये हो गया। सुनियोजित निवेश योजना (एसआईपी) मार्ग के माध्यम से म्यूचुअल फंड में औसत

चार्ट II.5.7: व्यापक बाज़ार और संस्थागत निवेश



स्रोत: सेबी, एनएसडीएल और ब्लूमबर्ग।

चार्ट II.5.8: संसाधन जुटाना



स्रोत: सेबी और एएमएफआई।

मासिक योगदान पिछले वर्ष के ₹12,998 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023-24 में ₹16,602 करोड़ हो गया (चार्ट II.5.8बी)। इक्विटी-आधारित- अबाध -म्यूचुअल फंड के प्रबंधन के तहत आस्तियां (एयूएम) मार्च 2024 के अंत में करीब 55 प्रतिशत बढ़कर ₹23.5 लाख करोड़ रुपये हो गईं ऋण-आधारित-अबाध योजनाओं में निवल प्रतिदान वर्ष 2023-24 के दौरान गिरकर ₹0.2 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष में ₹1.8 लाख करोड़ रुपये था।

6. विदेशी मुद्रा बाजार

II.5.20 भारतीय रुपए (आईएनआर) ने 2023-24 के दौरान घरेलू समष्टि-आर्थिक बुनियाद में सुधार, कमतर चालू खाता घाटे (सीएडी) और उच्च पूंजी अंतर्वाह के प्रति समुत्थानशीलता दिखाई। पहली तिमाही में, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और बड़े एफ़पीआई अंतर्वाह से भारतीय रुपए में मूल्यवृद्धि की उम्मीद मिली, जबकि मजबूत अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी ऋण-उच्चतम-सीमा समस्या के कारण भारतीय रुपए को मूल्यह्रास के दबाव और गतिरोध का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर, पहली तिमाही में 0.2 प्रतिशत बढ़कर भारतीय रुपए का मूल्य जून 2023 के अंत तक ₹82.04 प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में, यूएस डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र लाभ के चलते भारतीय रुपया मूल्यह्रास के दबाव में आ गया। यूएस एफ़ईडी द्वारा और अधिक मौद्रिक कसाव की उम्मीदों और लंबी अवधि के लिए उच्चतर ब्याज दर के अपने रुख के कारण, यूएस डॉलर सूचकांक (डीएक्सवाई) ने तिमाही के दौरान 3.2 प्रतिशत की बढ़त प्राप्त की जो कि सितंबर 2022 के बाद से इसका सबसे अच्छा प्रतिशत था। सितंबर 2023 में एफ़पीआई के बहिर्वाह ने भारतीय रुपए पर मूल्यह्रास दबाव डाला, जबकि जेपी मॉर्गन के *इमर्जिंग मार्केट ग्लोबल बॉण्ड इंडेक्स* में भारतीय बॉण्ड के शामिल होने की रिपोर्ट ने उसे सहायता प्रदान की। कुल मिलाकर, तिमाही के अंत में 1.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ भारतीय रुपए का मूल्य ₹83.04 प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया (चार्ट II.5.9)।

II.5.21 वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में, अमेरिकी राजकोष-प्रतिफल में वर्ष 2007 के बाद से हुई, उच्चतम स्तर की वृद्धि, मध्य-पूर्व एशिया के भू-राजनैतिक-तनाव-विस्फोट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और निरंतर एफ़पीआई बहिर्वाह का भारतीय रुपए पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके बाद, नवंबर और दिसंबर (यूएस $ 13 बिलियन) के दौरान अमेरिकी राजकोष-प्रतिफल की बढ़त और एफ़पीआई अंतर्वाह की बहाली से भारतीय रुपए को बल मिला। कुल मिलाकर, तिमाही के अंत में 0.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ भारतीय रुपए का मूल्य ₹83.21 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में, मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की उच्च कीमतों ने भारतीय रुपए पर मूल्यह्रास का दबाव डाला, जबकि करीब $10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एफ़पीआई अंतर्वाह ने भारतीय रुपए को बल दिया। तिमाही के अंत में 0.2

चार्ट II.5.9: रुपये, यूएस डॉलर, कच्चे तेल की कीमत और ईएम मुद्रा सूचकांक में उतार-चढ़ाव



स्रोत: ब्लूमबर्ग।

प्रतिशत की गिरावट के साथ भारतीय रुपए का मूल्य ₹83.40 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत और अमेरिका के बीच ब्याज़-दर-विभेदक के संकुचन के चलते कम वर्ष 2023-24 के दौरान, वायदा-लाभ में गिरावट आई।

II.5.22 40- सांकेतिक प्रभावी विनिमय दर (एनईईआर) में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) में वर्ष 2023-24 के दौरान 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

7. निष्कर्ष

II.5.23 सख्त वैश्विक वित्तीय स्थितियों से उत्पन्न प्रतिकूल वैश्विक स्पिलओवर, प्रमुख प्रणालीगत अर्थव्यवस्थाओं की मौद्रिक नीति के अनिश्चित प्रक्षेपवक्र, कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों और दीर्घस्थायी भू-राजनैतिक तनावों के बावजूद, भारतीय वित्तीय बाजारों में वर्ष 2023-24 के दौरान व्यवस्थित उतार-चढ़ाव देखे गए। मुद्रा बाजार दरों में कम अस्थिरता देखी गई। घरेलू जी-सेक प्रतिफल में उतार-चढ़ाव देखा गया। भारतीय रुपए का मूल्य स्थिर रहा। भारतीय इक्विटी मार्केट को नए शिखर मिले और प्राथमिक बाजारों में संसाधन जुटाव को गति मिली।

II.6 सरकारी वित्त

II.6.1 सरकारी वित्त - केंद्र और राज्य दोनों - 2023-24 के दौरान मजबूत हुए। कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी और कम राजस्व व्यय के कारण सामान्य सरकारी घाटे (जीडीपी का प्रतिशत) में गिरावट आई। पूंजीगत परिव्यय में विस्तार के साथ व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ। इस पृष्ठभूमि में, उपखंड 2 और 3 क्रमशः 2023-24 और 2024-25 में केंद्र सरकार के वित्त का विश्लेषण करते हैं। उपखंड 4 और 5 इन वर्षों के दौरान राज्य सरकार के वित्त पर केंद्रित हैं। उपखंड 6 में सामान्य सरकारी वित्त पर चर्चा की गई है। अंतिम खंड समापन टिप्पणियाँ निर्धारित करता है।

2. 2023-24 में केंद्र सरकार का वित्त

II.6.2 केंद्र सरकार ने बजट अनुमान (चार्ट II.6.1) के अनुरूप, संशोधित अनुमान (आरई)[52] में 2023-24 के लिए अपने सकल राजकोषीय घाटे (जीएफडी) को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 प्रतिशत पर सीमित रखा ।

चार्ट II.6.1: बीई की तुलना में आरई का 2023-24 में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण में योगदान



बीई: बजट अनुमान। आरई: संशोधित अनुमान।
टिप्पणी: नकारात्मक योगदान, प्राप्तियों में वृद्धि या व्यय में कटौती या जीडीपी में बीई से आरई तक ऊर्ध्वगामी संशोधन को दर्शाता है क्योंकि ये बजटीय राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करते हैं। इसके विपरीत, सकारात्मक योगदान, कम प्राप्तियों या बीई से आरई तक उच्च व्यय को दर्शाता है, क्योंकि ये बजटीय राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से फिसलन में योगदान करते हैं।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

[52] 2023-24 के लिए सांकेतिक जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान (29 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी) 293.9 लाख करोड़ रुपये रखा गया, जबकि पहले का अनुमान 296.6 लाख करोड़ रुपये (अंतरिम बजट 2024-25 में इस्तेमाल किया गया) था। तदनुसार, 2023-24 (आरई) के लिए सकल राजकोषीय घाटा अंतरिम यूनियन बजट 2024-25 में दिए गए 5.85 प्रतिशत के संशोधित अनुमान के मुकाबले जीडीपी का 5.90 प्रतिशत है ।

II.6.3 2023-24 (आरई) में राजस्व व्यय, बजट अनुमान से सकल घरेलू उत्पाद का 0.1 प्रतिशत (₹38,103 करोड़) अधिक हो गया, यह अतिरिक्त व्यय उपायों को प्रतिबिंबित करता है जैसे कि ₹200 प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी (अगस्त 2023 में घोषित); प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) योजना (अक्टूबर 2023 में घोषित) के लाभार्थियों के लिए प्रति सिलेंडर ₹100 की अतिरिक्त सब्सिडी; प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) का पांच साल तक विस्तार; महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना के तहत अधिक धन का आवंटन और पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी (एनबीएस) के तहत उच्च व्यय। दूसरी ओर, पूंजीगत व्यय, बजटीय ऋण और अग्रिम (₹20,640 करोड़) तथा पूंजी परिव्यय[53] (₹30,075 करोड़) कम होने के कारण बजट अनुमान (बीई) से ₹50,715 करोड़ कम हो गया। फिर भी, पूंजीगत व्यय 2023-24 (आरई) में 28.4 प्रतिशत की मजबूत गति से बढ़ा और 2022-23 के 2.7 प्रतिशत से बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 3.2 प्रतिशत हो गया।

II.6.4 प्राप्तियों के मामले में, सकल कर राजस्व बजट अनुमान बीई से बढ़कर ₹76,353 करोड़ हो गया, जो उच्च आयकर राजस्व से प्रेरित है, जो उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में कमी की भरपाई करता है। आयकर ने बजट अनुमान (बीई) के 1.0 की तुलना में 2023-24 (आरई) में 2.5 की उछाल दर्ज की। हालाँकि, राज्यों को अधिक हस्तांतरण के कारण निवल कर राजस्व सकल घरेलू उत्पाद (₹6,713 करोड़) के बीई से 0.02 प्रतिशत कम हो गया। रिज़र्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा उच्च लाभांश हस्तांतरण के कारण गैर-कर राजस्व संग्रह सकल घरेलू उत्पाद (₹74,145 करोड़) के बीई से 0.3 प्रतिशत अधिक हो गया। हालाँकि, 2023-24 (आरई) में विनिवेश प्राप्तियाँ ₹30,000 करोड़ थीं, जो बीई (चार्ट II.6.2) से कम थीं।

चार्ट II.6.2: विनिवेश – वास्तविक बनाम बजट



स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज।

3. 2024-25 में केंद्र सरकार का वित्त

II.6.5 अंतरिम यूनियन बजट 2024-25 ने उच्च पूंजीगत व्यय के माध्यम से विकास गति का समर्थन करते हुए राजकोषीय समेकन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। 2024-25 के लिए जीएफडी का बजट सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रखा गया है, जो 2023-24 के लिए आरई पर 76 आधार अंक (बीपीएस) का समेकन है, जिसका मकसद सकल घरेलू उत्पाद के 11.2 प्रतिशत पर राजस्व व्यय को नियंत्रित करना है, साथ ही पूंजीगत व्यय को 2023-24 (आरई) के 3.2 प्रतिशत से बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत करने का बजट रखा गया है [सारणी II.6.1 और परिशिष्ट सारणी 6]।

II.6.6 व्यय के मोर्चे पर, प्रमुख सब्सिडी पर भुगतान 2024-25 (बीई) में 7.8 प्रतिशत तक संकुचन होने की उम्मीद है, जिससे राजस्व व्यय वृद्धि 3.2 प्रतिशत तक सीमित हो जाएगी। 2024-25 में पूंजीगत व्यय मजबूत रहने की उम्मीद है (16.9 प्रतिशत की वृद्धि), जो सड़कों और रेलवे पर खर्च से प्रेरित है (चार्ट II.6.3)। पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना को 2024-25 तक बढ़ा दिया गया

[53] पूंजीगत व्यय से ऋण और अग्रिम को कम करके।

सारणी II.6.1: केंद्र सरकार का राजकोषीय प्रदर्शन

(जीडीपी का प्रतिशत)

मद	2015-16 से 2018-19 तक का औसत	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24 (बीई)	2023-24 (आरई)	2024-25 (बीई)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
I. गैर-कर्ज प्राप्तियाँ	9.1	8.7	8.5	9.4	9.1	9.0	9.4	9.4
II. सकल कर राजस्व (ए+बी)	11.0	10.0	10.2	11.5	11.3	11.1	11.7	11.7
ए) प्रत्यक्ष कर	5.7	5.2	4.8	6.0	6.2	6.0	6.6	6.7
बी) अप्रत्यक्ष कर	5.3	4.8	5.5	5.5	5.2	5.1	5.1	5.0
III. निवल कर राजस्व	7.1	6.7	7.2	7.6	7.8	7.7	7.9	7.9
IV. गैर-कर राजस्व	1.5	1.6	1.0	1.5	1.1	1.0	1.3	1.2
V. गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियाँ	0.5	0.3	0.3	0.2	0.3	0.3	0.2	0.2
VI. कुल व्यय	12.6	13.4	17.7	16.1	15.6	14.9	15.3	14.5
VII. राजस्व व्यय	10.9	11.7	15.5	13.6	12.8	11.6	12.0	11.2
VIII. पूंजीगत व्यय	1.7	1.7	2.1	2.5	2.7	3.3	3.2	3.4
IX. राजस्व घाटा	2.4	3.3	7.3	4.4	4.0	2.9	2.9	2.0
X. सकल राजकोषीय घाटा	3.5	4.6	9.2	6.7	6.4	5.9	5.9	5.1

बीई: बजट अनुमान। आरई: संशोधित अनुमान।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज़।

है। 2024-25 (बजट अनुमान) में पूंजीगत परिव्यय के बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है और राजस्व व्यय/पूंजी परिव्यय अनुपात में और गिरावट आएगी, जिससे खर्च की गुणवत्ता में सुधार होगा (चार्ट II.6.4)।

II.6.7 प्राप्तियों के मामले में, सकल कर राजस्व में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, इसमें हाल के रुझानों के अनुरूप 1.09 की उछाल है [सारणी II.6.2]। 2024-25 में प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात जीडीपी का 6.7 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो तीन दशकों में सबसे अधिक है (चार्ट II.6.5)। गैर-कर प्राप्तियों में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का बजट रखा गया है, जबकि विनिवेश लक्ष्य ₹0.5 लाख करोड़ निर्धारित किया गया है।

चार्ट II.6.3: 2024-25 में पूंजीगत व्यय का मंत्रालय-वार विभाजन (कुल का प्रतिशत)



स्रोत: यूनियन बजट दस्तावेज़।

चार्ट II.6.4: व्यय की गुणवत्ता



स्रोत: यूनियन बजट दस्तावेज़।

सारणी II.6.2 : कर उछाल

	औसत कर उछाल (2010-11 to 2018-19)	2023-24 (बीई)	2023-24 (आरई)	2024-25 (बीई)
1	2	3	4	5
1. सकल कर राजस्व	1.11	0.99	1.39	1.09
2. प्रत्यक्ष कर	1.03	1.00	1.90	1.24
i) कॉर्पोरेशन कर	0.92	1.00	1.30	1.24
ii) आय कर	1.27	1.00	2.49	1.25
3. अप्रत्यक्ष कर	1.25	0.99	0.77	0.89
i) जीएसटी	-	1.14	1.40	1.11
ii) सीमा शुल्क	0.31	1.05	0.27	0.55
iii) उत्पाद शुल्क	0.91	0.57	-0.50	0.48

-: अनुपलब्ध जीएसटी : वस्तु एवं सेवा कर
टिप्पणी: कर उछाल को सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन तथा कर नीतियों में विवेकाधीन परिवर्तनों के प्रति कर राजस्व की प्रतिक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है।
स्रोत: विभिन्न वर्षों के यूनियन बजट दस्तेवाजों पर आधारित आरबीआई स्टाफ अनुमान।

II.6.8 2024-25 के लिए सकल बाजार उधार ₹14.1 लाख करोड़ (जीडीपी का 4.3 प्रतिशत) आंका गया है, जो 2023-24 आरई (जीडीपी का 5.3 प्रतिशत) के ₹15.4 लाख करोड़ से कम है। 2024-25 (बीई)[54] में निवल बाजार उधार जीएफडी के वित्तपोषण का मुख्य स्रोत बना हुआ है, इसके बाद छोटी बचतें (चार्ट II.6.6) है।

4. 2023-24 में राज्य वित्त

II.6.9 राज्यों ने 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद का 3.1 प्रतिशत का संयुक्त जीएफडी बजट रखा है, जो इस वर्ष के लिए केंद्र की 3.5 प्रतिशत की सीमा के भीतर है (सारणी II.6.3)। 2023-24 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के पास उपलब्ध 22 राज्यों के आंकड़ों के अनुसार, राज्यों का जीएफ़डी बजट अनुमान का 92.0 प्रतिशत था जो एक साल पहले (88.1 प्रतिशत) से अधिक था। प्राप्तियों के मोर्चे पर, उच्च हस्तांतरण के कारण राज्यों के कुल कर राजस्व में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उनके स्वयं की कर राजस्व वृद्धि कम हो गई। राज्यों के अपने कर राजस्व के भीतर, राज्य वस्तु एवं सेवा कर, बिक्री कर/मूल्य वर्धित कर और राज्य उत्पाद

चार्ट II.6.5: कर-जीडीपी अनुपात



स्रोत: यूनियन बजट दस्तावेज़।

चार्ट II.6.6: सकल राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के स्रोत



स्रोत: यूनियन बजट दस्तावेज़।

[54] 2024-25 (बीई) के लिए निवल बाजार उधार 11.75 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.6 प्रतिशत) रखा गया है, जबकि 2023-24 (आरई) में 11.80 लाख करोड़ रुपये [जीडीपी का 4.0 प्रतिशत] था ।

सारणी II.6.3: राज्यों/यूटी की राजकोषीय स्थिति

(राशि ₹ लाख करोड़ में)

	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (आरई)	2023-24 (बीई)
1	2	3	4	5	6
I. राजस्व प्राप्तियाँ	26.7	25.9	32.3	39.1	43.1
	(13.3)	(13.0)	(13.7)	(14.4)	(14.3)
II. गैर कर पूंजीगत प्राप्तियाँ	0.6	0.2	0.2	0.1	0.4
	(0.3)	(0.1)	(0.1)	(0.1)	(0.1)
III. राजस्व व्यय	27.9	29.6	33.3	40.4	43.4
	(13.9)	(14.9)	(14.2)	(14.8)	(14.4)
IV. पूंजीगत व्यय	4.6	4.6	5.8	8.1	9.6
	(2.3)	(2.3)	(2.4)	(3.0)	(3.2)
ए. पूंजीगत परिव्यय	4.2	4.1	5.3	7.3	8.7
	(2.1)	(2.1)	(2.3)	(2.7)	(2.9)
बी. राज्यों द्वारा ऋण और अग्रिम	0.4	0.4	0.4	0.8	0.9
	(0.2)	(0.2)	(0.2)	(0.3)	(0.3)
V. राजकोषीय घाटा	5.3	8.1	6.6	9.2	9.5
	(2.6)	(4.1)	(2.8)	(3.4)	(3.1)
VI. राजस्व घाटा	1.2	3.7	1.0	1.3	0.4
	(0.6)	(1.9)	(0.4)	(0.5)	(0.1)
VII. प्राथमिक घाटा	1.7	4.2	2.3	4.5	4.3
	(0.9)	(2.1)	(1.0)	(1.7)	(1.4)

टिप्पणी: कोष्ठक में दिये गए आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत हैं।

स्रोत: राज्य सरकारों के बजट दस्तावेज़।

शुल्क में कमी हुई। गैर-कर राजस्व में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राज्यों को जीएसटी मुआवजे की समाप्ति और वित्त आयोग अनुदान में कमी के बाद केंद्र से अनुदान में 21.7 प्रतिशत की कमी आई।

II.6.10 खर्च के मोर्चे पर, 2023-24 में राजस्व व्यय वृद्धि (8.1 प्रतिशत) रही, जो एक साल पहले (11.2 प्रतिशत) की तुलना में कम थी। पूंजीगत खर्च पर जोर (19.4 फीसदी वृद्धि) जारी रहा, जिसे पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता देने की केंद्र की योजना से सहायता मिली।

5. 2024-25 में राज्य वित्त

II.6.11 2024-25 के लिए 27 राज्यों की उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उनका सकल घरेलू उत्पाद के 3.0 प्रतिशत के समेकित जीएफ़डी के लिए बजट रखा है (सारणी II.6.4)। 2024-25 (बीई) के दौरान केंद्र से सकल हस्तांतरण के बजट में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण कर हस्तांतरण में वृद्धि और पूंजीगत व्यय के लिए ऋण में वृद्धि है। राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण की योजना 2024-25 में जारी रहेगी, जिसमें कुल परिव्यय 1.3 लाख करोड़ रुपये होगा - 2023-24 में संशोधित अनुमान (आरई) के स्तरों पर 23.2 प्रतिशत की वृद्धि। हालांकि, वित्त आयोग के अनुदान में 2024-25 में गिरावट की उम्मीद है, मुख्य रूप से हस्तांतरण के बाद राजस्व घाटा अनुदान के तहत कम अंतरण के कारण।

सारणी II.6.4: राज्य सरकार वित्त 2024-25*: प्रमुख घाटा संकेतक

(जीएसडीपी का प्रतिशत)

मद	2022-23	2023-24 (आरई)	2024-25 (बीई)
1	2	3	4
राजस्व घाटा	0.3	0.5	0.2
सकल राजकोषीय घाटा	2.7	3.3	3.0
प्राथमिक घाटा	1.0	1.6	1.3

*: डेटा 27 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित है, जिनमें से 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने अपना अंतिम बजट पेश कर दिया है और शेष राज्यों ने 2024-25 के लिए लेखानुदान बजट पेश किया है।

स्रोत: राज्य सरकारों के बजट दस्तावेज़।

6. सामान्य सरकारी वित्त

II.6.12 सामान्य सरकारी घाटा और ऋण 2023-24 (बीई) में कम होकर क्रमशः सकल घरेलू उत्पाद का 8.6 प्रतिशत और 81.6 प्रतिशत हो गया, जो 2022-23 (आरई) में क्रमशः 9.6 प्रतिशत और 82.5 प्रतिशत था (चार्ट II.6.7 और परिशिष्ट सारणी 7)। 2023-24 में सामान्य सरकारी घाटे में कमी को कर राजस्व में वृद्धि [2022-23 (आरई) में सकल घरेलू उत्पाद के 17.9 प्रतिशत से 2023-24 (बीई) में 18.2 प्रतिशत तक] के साथ-साथ राजस्व व्यय में कमी (जीडीपी का 25.8 प्रतिशत से 24.0 प्रतिशत तक) से समर्थन मिला।

II.6.13 वैश्विक स्तर पर, धीमी वृद्धि, बढ़ती वास्तविक ब्याज दरों और विस्तारवादी राजकोषीय नीति (आईएमएफ़, 2023)[55] के कारण 2023 में सरकारी वित्त दबाव में रहा। सामान्य सरकारी राजकोषीय घाटा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (AE) में 2022 में सकल घरेलू उत्पाद के 3.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 5.6 प्रतिशत और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (EME) में 4.9 प्रतिशत से बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गया [चार्ट II.6.8]। भले

चार्ट II.6.7: सामान्य सरकारी ऋण और घाटा संकेतक



स्रोत: आरबीआई और यूनियन बजट दस्तावेज़।

चार्ट II.6.8: राजकोषीय अधिशेष और सकल ऋण



यूएस : संयुक्त राज्य अमेरिका यूके: यूनाइटेड किंगडम ईयू: यूरोपीय संघ

टिप्पणी: अन्य देशों के साथ तुलना सुनिश्चित करने के लिए भारत का डेटा वर्ल्ड ईकोनोमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ), आईएमएफ से लिया गया है। हालाँकि, यह यूनियन बजट दस्तावेजों या रिजर्व बैंक प्रकाशनों में बताए गए आंकड़ों से भिन्न हो सकता है क्योंकि आईएमएफ भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली लेखांकन प्रथाओं और परंपराओं की तुलना में विभिन्न लेखांकन प्रथाओं और परंपराओं का पालन करता है।

स्रोत: वर्ल्ड ईकोनोमिक आउटलुक, अप्रैल 2024, आईएमएफ।

[55] आईएमएफ फिस्कल मॉनिटर, अक्टूबर 2023।

ही 2024 में समग्र घाटे के कम रहने का अनुमान है, वैश्विक ऋण/जीडीपी अनुपात ऊंचा रहेगा और एई और ईएमई दोनों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है।

7. निष्कर्ष

II.6.14 वर्ष 2024-25 का अंतरिम यूनियन बजट उच्च पूंजी परिव्यय के माध्यम से खर्च की गुणवत्ता में सुधार करते हुए सुदृढ़ीकरण को जारी रखता है। 2024-25 में सकल बाजार उधार को कम रखा गया है, जिससे निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि होगी। 2024-25 के लिए राज्य सरकार के बजट में राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण की भी परिकल्पना की गई है। तदनुसार, 2024-25 में सामान्य सरकारी घाटे में और गिरावट आने की उम्मीद है, जो व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए अच्छा संकेत है।

II.7 बाह्य क्षेत्र

II.7.1 वर्ष 2023-24 के दौरान वैश्विक व्यापार की मात्रा में तेज गिरावट से उत्पन्न होने वाली कई वैश्विक प्रतिकूलताओं, प्रणालीगत केंद्रीय बैंकों की आक्रामक कठोर मौद्रिक नीति कार्रवाइयों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वित्तीय बाजार में उत्पन्न अस्थिरता के बीच भारत का बाह्य क्षेत्र मजबूत हुआ। कमोडिटी की कीमतों में सुधार और कमजोर बाहरी मांग के कारण व्यापारिक निर्यात और आयात (अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में) में संकुचन हुआ और पण्य व्यापार घाटा कम हुआ। सेवा निर्यात और निजी अंतरण प्राप्तियों में उछाल ने चालू खाता घाटे (सीएडी) को कम कर दिया। पोर्टफोलियो प्रवाह और बैंकिंग पूंजी के कारण निवल पूंजी प्रवाह पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहा, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई।

II.7.2 इस पृष्ठभूमि में, उपखंड 2 वैश्विक आर्थिक और वित्तीय स्थितियों का एक संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत करता है, इसके बाद खंड 3 में भारत के व्यापारिक निर्यात और आयात का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। अदृश्य मदों का रुख उपखंड 4 में प्रस्तुत किया गया है। निवल पूंजी प्रवाह पर विवरण उपखंड 5 में दिए गए हैं, जबकि बाह्य भेद्यता संकेतकों का मूल्यांकन उपखंड 6 में किया गया है, जिसके पश्चात निष्कर्ष अवलोकन किया गया है।

2. वैश्विक आर्थिक स्थितियां

II.7.3 तंग वित्तीय स्थितियों, उच्च मुद्रास्फीति, भू-आर्थिक विखंडन और भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2023 के दौरान असमान विस्तार बनाए रखा। अमेरिका और कई बड़े उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में समुत्थानशीलता के कारण जीडीपी वृद्धि कुछ हद तक अनुमानों से अधिक रही [चार्ट II.7.1ए]। वैश्विक व्यापार की मात्रा में वृद्धि बढ़ती व्यापार

चार्ट II.7.1: वास्तविक जीडीपी और विश्व व्यापार* मात्रा वृद्धि



*वस्तुएं एवं सेवाएं
स्रोत: आईएमएफ।

चार्ट II.7.2: ईएमई के लिए पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह



स्रोत: अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान।

चार्ट II.7.3: वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार में परिवर्तन*



*: आधिकारिक आरक्षित आस्तियों में तिमाही-दर-तिमाही परिवर्तन को इंगित करता है।
स्रोत: आईएमएफ।

बाधाओं, महामारी के कम होने के साथ वैश्विक मांग का वस्तुओं से कम-व्यापार गहन सेवाओं की ओर घूमना, कमज़ोर निवेश मांग और अमेरिकी डॉलर की मजबूती (चार्ट II.7.1बी) के कारण बाधित हुई। अवस्फीति में लगातार बढ़ोतरी के साथ, बाजार 2024 में वैश्विक मौद्रिक चक्र में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं, जो वित्तीय बाजारों के रुख को बढ़ा रहा है।

II.7.4 बढ़ती अस्थिरता के बीच 2023 में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में पोर्टफोलियो प्रवाह में सुधार हुआ (चार्ट II.7.2)। 2023 के दौरान वैश्विक विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई, जो वर्ष के दौरान सोने की ऊंची कीमतें और 2023 की चौथी तिमाही में निम्न बॉण्ड प्रतिफल को दर्शाता है (चार्ट II.7.3)।

3. पण्य व्यापार

II.7.5 भारत में, 2023-24 के दौरान पण्य निर्यात के साथ-साथ आयात (अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में) में भी गिरावट आई (सारणी II.7.1)। निर्यात से अधिक आयात में गिरावट के साथ, 2023-24 में व्यापारिक व्यापार घाटा कम हो गया, जो वैश्विक मांग की कमजोरी को दर्शाता है (बॉक्स II.7.1)।

सारणी II.7.1: भारत का पण्य वस्तु व्यापार

	यूएस $ बिलियन में मूल्य				विकास दर (वर्ष-दर-वर्ष)			
	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5	6	7	8	9
निर्यात								
ति1	51.5	95.5	121.0	103.9	-36.4	85.7	26.6	-14.1
ति2	74.2	102.7	110.7	107.2	-5.2	38.5	7.8	-3.2
ति3	75.8	106.8	104.6	105.6	-4.2	41.0	-2.1	1.0
ति4	90.4	117.0	114.8	120.4	20.4	29.3	-1.9	4.9
वार्षिक	291.8	422.0	451.1	437.1	-6.9	44.6	6.9	-3.1
आयात								
ति1	61.3	127.0	183.5	160.1	-52.9	107.2	44.5	-12.8
ति2	90.7	147.5	189.0	170.3	-23.1	62.7	28.1	-9.9
ति3	110.8	167.0	176.1	174.4	-4.6	50.7	5.4	-1.0
ति4	131.7	171.6	167.3	170.7	19.1	30.3	-2.5	2.0
वार्षिक	394.4	613.1	716.0	675.4	-16.9	55.4	16.8	-5.7
व्यापार शेष								
ति1	-9.8	-31.4	-62.6	-56.2				
ति2	-16.5	-44.8	-78.3	-63.1				
ति3	-35.1	-60.2	-71.5	-68.8				
ति4	-41.2	-54.6	-52.6	-50.3				
वार्षिक	-102.6	-191.0	-264.9	-238.3				

टिप्पणी : तिमाही आंकड़े वार्षिक आंकड़ों में शामिल नहीं है।
स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

बॉक्स II.7.1
निर्यात में गिरावट: संरचनात्मक या चक्रीय?

भारत का पण्य निर्यात 2000-01 के 45 बिलियन अमेरिकी डॉलर से लगभग दस गुना बढ़कर 2023-24 में 437.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसमें बीच-बीच में संकुचन और तेजी दर्ज की गई। वर्ष 2009 की पहली तिमाही से वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही तक की अवधि के लिए एक ऑटोरेग्रेसिव डिस्ट्रीब्यूटेड लैग (एआरडीएल) मॉडल इंगित करता है कि विश्व पण्य व्यापार मात्रा के संबंध में भारत की पण्य निर्यात मात्रा की दीर्घकालिक मूल्य-सापेक्षता लगभग 1.4 है।लगभग (-) 0.5 की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) लोचनीयता के साथ निर्यात भी सापेक्ष कीमतों के प्रति संवेदनशील है (सारणी 1)।

अल्पावधि व्यापार लोच इसकी दीर्घकालिक मात्रा से ऊपर है, जो बताता है कि वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव का अल्पावधि में भारत के निर्यात पर अधिक प्रभाव पड़ता है। समायोजन की गति (ईसीएम शब्द) अधिक है, यानी, प्रवृत्ति से विचलन के बाद निर्यात वृद्धि तेजी से अपने संतुलन पथ पर लौट आती है। उपरोक्त परिणामों का उपयोग करते हुए, भारत की पण्य निर्यात वृद्धि संरचनात्मक और चक्रीय घटकों (कॉन्स्टेंटिनेस्कु एट अल, 2020) में विघटित हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि चक्रीय घटक हाल की तिमाहियों में पण्य निर्यात मात्रा में संकुचन का प्रमुख चालक रहा है (चार्ट 1)।

चार्ट 1: भारत के निर्यात मात्रा में वृद्धि का अपघटन



स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान।

सारणी 1 : भारत के व्यापारिक निर्यात की अनुमानित मूल्य सापेक्षता
आश्रित चर: लॉग (निर्यात मात्रा सूचकांक)

व्याख्यात्मक चर	गुणक
1	2
अल्पकालिक (त्रुटि सुधार परिणाम)	
D [लॉग (भारत का निर्यात मात्रा सूचकांक) $_{t-1}$]	-0.173** (0.076)
D [लॉग (भारत का निर्यात मात्रा सूचकांक) $_{t-2}$]	0.123* (0.064)
D [लॉग (भारत का निर्यात मात्रा सूचकांक) $_{t-3}$]	0.272*** (0.061)
D [लॉग (विश्व व्यापार मात्रा सूचकांक) $_{t}$]	2.132*** (0.155)
त्रुटि सुधार $_{t-1}$	-0.567*** (0.099)
दीर्घकालिक (संयुक्त संबंध)	
स्थिर	1.263 (0.933)
लॉग (विश्व व्यापार मात्रा सूचकांक)	1.369*** (0.106)
लॉग (निर्यात भारित आरईईआर)	-0.544** (0.265)
बाउंड टेस्ट, एफ-सांख्यिकी	7.779
ब्रूश-गॉडफ्रे एलएम टेस्ट, पी-वैल्यू	0.339
ब्रूश-पेगन-गॉडफ्रे टेस्ट, पी-वैल्यू	0.455
समायोजित आर-वर्ग	0.818

***, ** और * क्रमशः 1 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत पर महत्व स्तर दर्शाते हैं।
नोट: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े मानक त्रुटियां हैं।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ अनुमान।

संदर्भ:

कॉन्स्टेंटिनेस्कु, सी., मट्टू, ए., और रूटा, एम. (2020), 'द ग्लोबल ट्रेड स्लोडाउन: साइक्लिकल और स्ट्रक्चरल ?', द वर्ल्ड बैंक ईकोनोमिक रिव्यू, 34(1), 121-142।

II.7.6 2023-24 में निर्यात में गिरावट व्यापक थी, निर्यात टोकरी के लगभग आधे हिस्से में गिरावट दर्ज की गई। यह संकुचन पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई के पदार्थों (पीओएल) तथा रत्न एवं आभूषणों द्वारा प्रेरित था। दूसरी और, गैर-तेल, गैर-रत्न और आभूषण निर्यात में विस्तार देखा गया (चार्ट II.7.4)।

II.7.7 पेट्रोलियम उत्पादों तथा रत्न और आभूषणों के अलावा, सभी वस्त्रों के रेडीमेड परिधान (आरएमजी), कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों और चावल ने पण्य निर्यात में गिरावट में योगदान दिया। दूसरी ओर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान, लौह अयस्क और सूती धागे/फैब्स/मेड-अप्स में वृद्धि दर्ज की गई (चार्ट II.7.5)।

चार्ट II.7.4: भारत का पण्य वस्तु निर्यात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

चार्ट II.7.5: निर्यात वृद्धि में प्रमुख क्षेत्रों का सापेक्ष योगदान (2022-23 की तुलना में 2023-24)



टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन प्रतिशत हैं।
स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई स्टाफ अनुमा।

II.7.8 तेल की कीमतों में नरमी के कारण 2023-24 में अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 13.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की गिरावट आई, जिससे मात्रा के संदर्भ में वृद्धि की भरपाई हो गई (चार्ट II.7.6ए)। शीर्ष दस निर्यात गंतव्यों में से, पांच में आपूर्ति में वृद्धि देखी गई (चार्ट II.7.6बी)।

II.7.9 इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात - कुल निर्यात टोकरी का एक-चौथाई - 2023-24 के दौरान 2.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, जो विमान, अंतरिक्ष यान और कल-पुर्जों, और इलेक्ट्रिक मशीनरी और उपकरणों द्वारा समर्थित है। दूसरी ओर, लोहा और इस्पात, एल्यूमीनियम और उसके उत्पाद, और जस्ता

चार्ट II.7.6 : भारत का पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

चार्ट II.7.7: भारत के इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात – सापेक्ष योगदान (2022-23 की तुलना में 2023-24)



टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन प्रतिशत हैं।
स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.7.8: भारत का चावल निर्यात



एमईपी : न्यूनतम निर्यात मूल्य
स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

और उसके उत्पादों ने समग्र निर्यात वृद्धि को नीचे खींच लिया (चार्ट II.7.7)।

II.7.10 2023-24 के दौरान कृषि निर्यात में 9.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की गिरावट दर्ज की गई और यह 46.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। घरेलू आपूर्ति में सुधार के लिए निर्यात पर प्रतिबंध के कारण 2023-24 के दौरान चावल निर्यात 6.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) घटकर 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया (चार्ट II.7.8)।

II.7.11 2023-24 के दौरान 29.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में 23.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जो मोबाइल फोन (कुल इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात का आधे से ज्यादा) द्वारा संचालित है, जो बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण (एलएसएमई)[56] के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से लाभान्वित है [चार्ट II.7.9]। स्मार्टफोन के लिए प्रमुख निर्यात बाजार अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, नीदरलैंड और इटली रहे।

चार्ट II.7.9: इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

[56] सरकार ने अप्रैल 2020 में एलएसईएम के लिए पीएलआई योजना शुरू की यह पात्र कंपनियों को पांच साल की अवधि के लिए आधार वर्ष पर निवल वृद्धिशील बिक्री पर 4-6 प्रतिशत का प्रोत्साहन प्रदान करती है। एलएसईएम के लिए पीएलआई का दूसरा दौर मार्च 2021 में इलेक्ट्रॉनिक घटकों के लिए लॉन्च किया गया, जिसमें चार साल की अवधि के लिए 3-5 प्रतिशत का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

चार्ट II.7.10: दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

II.7.12 दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात, भारत के व्यापारिक निर्यात का 6.4 प्रतिशत है, 2023-24 में सभी उप-घटकों के उच्च शिपमेंट पर 9.7 प्रतिशत बढ़ गया, जिसमें दवा फॉर्मूलेशन, जैविक और शल्य चिकित्सा में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई (चार्ट II.7.10)।

II.7.13 2023-24 के दौरान 675.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पण्य आयात में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण कम कीमतें रही (चार्ट II.7.11)। आयात में गिरावट पीओएल, कोयला, मोती, कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों, उर्वरकों और कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों से प्रेरित रही। दूसरी ओर, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, स्वर्ण, मशीनरी, दालों और अलौह धातुओं ने समग्र आयात वृद्धि का समर्थन किया (चार्ट II.7.12)।

II.7.14 पीओएल आयात (कुल पण्य आयात का 26.6 प्रतिशत) 2023-24 के दौरान 14.2 प्रतिशत घटकर 179.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसका मुख्य कारण कम

चार्ट II.7.11: भारत का पण्य आयात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

चार्ट II.7.12: आयात वृद्धि में प्रमुख क्षेत्रों का सापेक्ष योगदान (2022-23 की तुलना में 2023-24)



टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष परिवर्तन प्रतिशत हैं।
स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.7.13: पीओएल



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस।

कीमतें रही क्योंकि मात्रा में 0.8 प्रतिशत का विस्तार हुआ (चार्ट II.7.13ए)। भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति में रूस की हिस्सेदारी 2022-23 में 22.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 के दौरान 38.1 प्रतिशत हो गई, जबकि मध्य पूर्व क्षेत्र से आपूर्ति में कमी आई (चार्ट II.7.13बी)।

चार्ट II.7.14: भारत का उर्वरक आयात



स्रोत: डीजीसीआई&एस और विश्व बैंक।

II.7.15 घरेलू खपत का लगभग एक तिहाई उर्वरक आयात, कम कीमतों पर 2023-24 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान 39.2 प्रतिशत घटकर 10.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया (चार्ट II.7.14)।

II.7.16 2023-24 के दौरान कोयला आयात 21.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) गिर कर 38.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, इसमें कम कीमतों से लाभ हुआ, यहां तक कि अंतर्निहित मात्रा में 11.3 प्रतिशत[57] की वृद्धि हुई (चार्ट II.7.15)।

II.7.17 2023-24 के दौरान सोने का आयात 30.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 45.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो मात्रा (17.2 प्रतिशत) के साथ-साथ कीमतों (10.2 प्रतिशत) में वृद्धि पर आधारित है [चार्ट II.7.16]।

II.7.18 2023-24 के दौरान 87.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक सामानों के आयात में 13.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई जो इलेक्ट्रॉनिक कल-पुर्जों, दूरसंचार उपकरणों और कंप्यूटर हार्डवेयर द्वारा चालित रही (चार्ट II.7.17)।

II.7.19 2023-24 के दौरान पण्य व्यापार घाटा 10.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) गिरकर 238.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। तेल घाटा लगभग 40.1 प्रतिशत रहा (चार्ट II.7.18ए)।

[57] वैश्विक मांग में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत कोयले का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है [कोल 2023, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए)]।

चार्ट II.7.15: कोयला आयात और कीमत



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और विश्व बैंक।

प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में, रूस, स्विट्जरलैंड और चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ गया, जबकि अमेरिका, नीदरलैंड और यूके के संबंध में व्यापार अधिशेष में बढ़ोतरी हुई (चार्ट II.7.18बी)।

4. अदृश्य मदें

II.7.20 अदृश्य मदों से शुद्ध प्राप्तियां - सेवाओं, आय और अंतरण में सीमा पार लेनदेन - पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान बढ़ीं। सॉफ्टवेयर सेवाओं और व्यावसायिक सेवाओं का निर्यात कुल मिलाकर भारत के सेवा निर्यात का लगभग 70 प्रतिशत रहा, और समान अवधि के दौरान उनमें 11.0 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई है [चार्ट II.7.19]। अन्य सेवाओं में, यात्रा सेवाओं के निर्यात में 27.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, इसे महामारी से संबंधित आवाजाही प्रतिबंधों के हटने का लाभ मिला है। परिवहन प्राप्तियों में 23.9 प्रतिशत की

चार्ट II.7.16: स्वर्ण आयात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और विश्व बैंक।

चार्ट II.7.17: इलेक्ट्रॉनिक सामानों का आयात



स्रोत: डीजीसीआईएंडएस और विश्व बैंक।

चार्ट II.7.18 : भारत का पण्य व्यापार घाटा



टीबी : व्यापार संतुलन
नोट : एक सकारात्मक Δ निर्यात/Δ आयात का अर्थ अधिक निर्यात / आयात है और यह विलोमत: भी सही है।
स्रोत : डीजीसीआईएंडएस और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

गिरावट आई, जो मुख्य रूप से वैश्विक माल ढुलाई दरों में नरमी के कारण हुई: अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान औसत बाल्टिक ड्राई इंडेक्स[58] पिछले वर्ष की तुलना में 19.3 प्रतिशत गिर गया। निजी हस्तांतरण प्राप्तियाँ, मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा विप्रेषण का प्रतिनिधित्व करती हैं, अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान इसमें 3.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई। प्राथमिक आय खाते पर निवल व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उच्च ब्याज और लाभांश भुगतान को दर्शाता है।

चार्ट II.7.19 : भारत के सेवा निर्यात की संरचना



* इसमें बीमा सेवाएँ और संचार शामिल हैं, जिन्हें अन्यत्र शामिल नहीं किया गया है।
स्रोत : आरबीआई।

II.7.21 कमजोर वैश्विक मांग के कारण 2023-24 में सेवा निर्यात वृद्धि में गिरावट आई। वैश्विक वाणिज्यिक सेवाओं के मूल्य में वृद्धि 2023 में 9.0 प्रतिशत से कम रही जो 2022 में 15.1 प्रतिशत थी। भारत ने 2023 के दौरान शीर्ष पांच निर्यातक देशों में अपना स्थान बरकरार रखा (चार्ट II.7.20)। गार्टनर[59] के अनुसार, वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) खर्च 2023 के 4.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024 में 5.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है, जिससे भारत के सॉफ्टवेयर सेवाओं के निर्यात को समर्थन मिलना चाहिए।

II.7.22 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) में भारत में आवक विप्रेषण 86.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। भारत वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक विप्रेषण प्राप्त करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है

[58] बाल्टिक एक्सचेंज (लंदन) द्वारा बनाया गया एक शिपिंग और व्यापार सूचकांक, जो कोयला, लोहा और स्टील जैसे सूखे थोक कच्चे माल के परिवहन की लागत को मापता है।

[59] गार्टनर इंक एक अमेरिकी तकनीकी अनुसंधान और परामर्श फर्म है, जो आईटी उद्योग पर अपने शोध और रिपोर्ट और दुनिया भर में आईटी खर्च पर पूर्वानुमान के लिए जानी जाती है।

चार्ट II.7.20 : सेवाओं के देश-वार निर्यात में वृद्धि



स्रोत : डबल्यूटीओ और आरबीआई।

(चार्ट II.7.21ए)। विश्व बैंक के अनुसार, 2024 में वैश्विक विप्रेषण में 15.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारत का आवक विप्रेषण 135 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। अमेरिका और यूरोप जैसी प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत श्रम बाजारों ने भारत में विप्रेषण प्रवाह का समर्थन किया है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, भारत में 200 अमेरिकी डॉलर विप्रेषण की औसत लागत 2020 की चौथी तिमाही में 5.51 प्रतिशत (2019 की पहली तिमाही के बाद से उच्चतम) से घटकर 2023 की तीसरी तिमाही में 4.95 प्रतिशत हो गई। आम तौर पर, विप्रेषण प्राप्तियों की राशि और विप्रेषण की लागत में नकारात्मक संबंध होता है (चार्ट II.7.21बी)।

II.7.23 आय खाते[60] के तहत, 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान भुगतान में बढ़ोतरी प्राप्तियों से अधिक होने के कारण घाटा बढ़ गया। विदेशों में अपनी विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) के निवेश पर रिज़र्व बैंक की उच्च ब्याज/छूट की कमाई बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), बाहरी सहायता, अल्पकालिक क्रेडिट और अनिवासी जमाओं, तथा अनिवासी शेयरधारक (प्रत्यक्ष और पोर्टफोलियो निवेशक दोनों) को लाभांश के भुगतान जैसी देनदारियों पर ब्याज के व्यय से ऑफसेट हो गई।

II.7.24 भारत का सीएडी 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) में कम होकर 31.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.2 प्रतिशत) हो गया, जो एक साल पहले 65.6 बिलियन अमेरिकी

चार्ट II.7.21 आवक विप्रेषण



*: भारत के बीओपी आंकड़ों पर आधारित।
^ : वर्ष 2011 की पहली तिमाही से वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही तक की अवधि के लिए 200 अमेरिकी डॉलर प्राप्त करने की औसत लागत के आधार पर।
टिप्पणी: आवक विप्रेषण पर आंकड़े मिलियन अमेरिकी डॉलर में है, जबकि विप्रेषण लागत कुल लेनदेन राशि के प्रतिशत के संदर्भ में है।
स्रोत: आरबीआई और विश्व बैंक।

60 सीमा पार निवेश पर आय और कर्मचारियों का मुआवजा जो घरेलू निवासी संस्थाएं शेष दुनिया से कमाती हैं/भुगतान करती हैं।

चार्ट II.7.22: भारत के चालू खाता शेष (सीएबी) की संरचना



स्रोत: आरबीआई।

डॉलर (जीडीपी का 2.6 प्रतिशत) था (चार्ट II.7.22)। यह पण्य व्यापार घाटे में गिरावट के साथ-साथ सेवा व्यापार में उच्च अधिशेष का परिणाम था।

5. बाह्य वित्तपोषण

II.7.25 2023-24 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान, पूंजी प्रवाह मजबूत रहा, जो विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) प्रवाह में बदलाव से प्रेरित था। अनिवासी जमा और बाहरी वाणिज्यिक उधार के तहत निवल प्रवाह एक साल पहले की तुलना में अधिक था। हालाँकि, भारत से एफडीआई के प्रत्यावर्तन में वृद्धि के कारण निवल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह कम था। कुल मिलाकर, निवल पूंजी प्रवाह अधिक रहा, जबकि सीएडी में कमी आई, जिससे अप्रैल-दिसंबर के दौरान बीओपी आधार (मूल्यांकन प्रभाव को छोड़कर) पर विदेशी मुद्रा भंडार में 32.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई (चार्ट II.7.23 और परिशिष्ट सारणी 8)।

II.7.26 निवल एफडीआई (यानी, निवल आवक एफडीआई तथा निवल जावक एफडीआई का अंतर) प्रवाह 2023-24 के दौरान एक साल पहले के 28.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर से गिरकर 10.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। जबकि अनिवासियों द्वारा सकल प्रवाह समुत्थानशील बना रहा, भारत में एफडीआई का प्रत्यावर्तन/विनिवेश बढ़ा (सारणी II.7.2)। 2023-24 के दौरान, शीर्ष एफडीआई स्रोत देश सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड और जापान रहें, जिन्होंने 73.9 प्रतिशत का योगदान दिया (चार्ट II.7.24)। क्षेत्र-वार, सेवा क्षेत्र (वित्तीय सेवाओं, कंप्यूटर सेवाओं, व्यापार सेवाओं और संचार सेवाओं सहित) का भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में बड़ा हिस्सा रहा, इसके बाद विनिर्माण, बिजली और अन्य ऊर्जा, खुदरा और थोक व्यापार और परिवहन क्षेत्र आते है (परिशिष्ट सारणी 9)

II.7.27 वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 2023-24 के दौरान भारत से बाहरी एफडीआई में 13.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। सिंगापुर,

चार्ट II.7.23: चालू खाता घाटे का वित्तपोषण



स्रोत : आरबीआई।

सारणी II.7.2 : प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)

मदें	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5
1. निवल एफडीआई (1.1 - 1.2)	44.0	38.6	28.0	10.6
1.1 निवल आवक एफडीआई (1.1.1 - 1.1.2)	54.9	56.2	42.0	26.5
1.1.1 सकल अंतर्वाह	82.0	84.8	71.4	71.0
1.1.2 प्रत्यावर्तन/विनिवेश	27.0	28.6	29.3	44.4
1.2 निवल जावक एफडीआई	11.0	17.6	14.0	16.0

स्रोत : आरबीआई।

अमेरिका, यूके, यूएई और नीदरलैंड प्रमुख गंतव्य देश रहे। 2023-24 के दौरान वित्तीय, बीमा और व्यावसायिक सेवाएँ, विनिर्माण, थोक और खुदरा व्यापार, रेस्तरां और होटल भारत के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्र थे।

II.7.28 विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक 2022-23 में निवल विक्रेता बने रहने के बाद 2023-24 में घरेलू बाजार में बड़े निवल खरीदार बन गए। 2023-24 के दौरान, निवल एफपीआई अंतर्वाह 41.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2022-23 के दौरान 5.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बहिर्वाह था (चार्ट II.7.25)। मजबूत घरेलू जीडीपी वृद्धि, उज्ज्वल मध्यम अवधि संभावनाओं और मजबूत कॉरपोरेट आय के दम पर भारत ने 2023-24 में समकक्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे अधिक एफपीआई अंतर्वाह को आकर्षित किया।

II.7.29 इक्विटी बाजार में एफपीआई अंतर्वाह मुख्य रूप से वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल, पूंजीगत सामान, तेल, गैस और उपभोग्य ईंधन और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दर्ज किया गया (चार्ट II.7.26)। वर्ष के दौरान ऋण बाजार में एफपीआई द्वारा निवेश बढ़ने के बावजूद, उपयोग उपलब्ध निवेश सीमा से कम बना हुआ है।

चार्ट II.7.24 : एफडीआई (इक्विटी) का स्रोत देश-वार अंतर्वाह



स्रोत : आरबीआई।

चार्ट II.7.25 : भारत में निवल विदेशी पोर्टफोलियो प्रवाह



स्रोत : एनएसडीएल।

चार्ट II.7.26 : इक्विटी बाजार में एफपीआई के एक्सपोजर में बदलाव



नोट : अन्य क्षेत्र में तेजी से बिकने वाले उपभोक्ता सामान, स्वास्थ्य सेवा, बिजली, रसायन और उपभोक्ता सेवाएं जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
स्रोत : एनएसडीएल।

चार्ट II.7.27: भारत की ईसीबी (निवल)



स्रोत : आरबीआई।

II.7.30 ईसीबी प्रवाह ने 2023-24 के दौरान 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवल अंतर्वाह के साथ एक बदलाव प्रदर्शित किया, जबकि एक साल पहले 4.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का शुद्ध बहिर्वाह हुआ था (चार्ट II.7.27)।

II.7.31 ईसीबी समझौते की राशि के चार-पाँचवें भाग से अधिक का उपयोग ऑन-लेंडिंग/सब-लेंडिंग, स्थानीय पूंजीगत वस्तुओं के लिए रुपया व्यय, आधुनिकीकरण, पहले के ईसीबी के पुनर्वित्त और नई परियोजनाओं के लिए किया गया था (चार्ट II.7.28)। ईसीबी के भीतर, रुपये मूल्यवर्ग वाले ऋण और रुपये मूल्यवर्ग वाले बॉण्ड का हिस्सा 2023-24 के दौरान कुल समझौता राशि का 5.3 प्रतिशत रहा, जबकि एक साल पहले यह 8.0 प्रतिशत था। 2023-24 के दौरान कुल समझौता राशि में से 50.8 प्रतिशत ऋण स्पष्ट रूप से हेज किए गए, 15.3 प्रतिशत ऋण एफडीआई मूल कंपनियों (आईएनआर ऋण को छोड़कर) से थे और 5.3 प्रतिशत आईएनआर में मूल्यवर्गित थे। शेष 28.6 प्रतिशत में अन्य ईसीबी शामिल हैं, जिनमें स्वाभाविक रूप से हेज्ड ऋण (यानी, विदेशी मुद्रा में उधारकर्ताओं की व्यावसायिक आय) शामिल हैं।

II.7.32 पण्य आयात में संकुचन के अनुरूप 2023-24 के दौरान अल्पकालिक व्यापार ऋण में गिरावट आई, अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्वाह हुआ, जबकि एक साल पहले 6.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल प्रवाह हुआ था। व्यापार ऋण का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल, सोना, कोयला और तांबे के आयात के लिए उठाया गया था।

चार्ट II.7.28: 2022-23 के दौरान ईसीबी का अंतिम उपयोग (कुल अंतर्वाह में हिस्सेदारी)



एलओ सीजी : स्थानीय पूंजीगत माल
स्रोत : आरबीआई।

सारणी II.7.3 : अनिवासी जमा खातों के अंतर्गत प्रवाह

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)

मदें	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5
1. अनिवासी बाह्य (रुपया) खाता	8.8	3.3	2.5	4.2
2. अनिवासी साधारण खाता	2.3	3.5	4.0	4.2
3. विदेशी मुद्रा अनिवासी (बी) खाता	-3.8	-3.6	2.4	6.4
अनिवासी जमाराशियाँ (1+2+3)	**7.4**	**3.2**	**9.0**	**14.7**

स्रोत : आरबीआई।

II.7.33 अनिवासी जमा के तहत निवल अंतर्वाह 2023-24 के दौरान बढ़कर 14.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 9.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, सभी तीन योजनाओं के तहत अभिवृद्धि के साथ - अनिवासी (बाह्य) रुपया (एनआरई) जमा; अनिवासी साधारण (एनआरओ) खाते; और विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) [एफसीएनआर(बी)] जमा (सारणी II.7.3)।

6. भेद्यता संकेतक

II.7.34 दिसंबर 2023 के अंत में, भारत का विदेशी ऋण मार्च 2023 के अंत के स्तर से 23.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ गया। हालाँकि, सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में, इसमें गिरावट आई और यह उभरते बाज़ार प्रतिस्पर्धियों के बीच सबसे कम रहा (सारणी II.7.4)।

II.7.35 भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2023-24 के दौरान बढ़ा, जिससे बाहरी जोखिमों और स्पिलओवर को कम करने के लिए

सारणी II.7.4 : बाह्य क्षेत्र की संवेदनशीलता के संकेतक (मार्च के अंत में)

(प्रतिशत, जब तक अन्यथा इंगित न किया गया हो)

संकेतक	2013	2022	2023	दिसंबर अंत में 2023
1	2	3	4	5
1. जीडीपी में बाहरी कर्ज का अनुपात	22.4	20.0	19.0	18.7
2. कुल कर्ज में अल्पकालिक कर्ज (मूल परिपक्वता) का अनुपात	23.6	19.7	20.6	19.5
3. कुल कर्ज में अल्पकालिक ऋण (अवशिष्ट परिपक्वता) का अनुपात	42.1	43.2	44.0	43.9
4. कुल कर्ज में रियायती कर्ज का अनुपात	11.1	8.3	8.2	7.7
5. कुल कर्ज में आरक्षित निधियों का अनुपात	71.3	98.1	92.7	96.0
6. आरक्षित निधियों में अल्पकालिक कर्ज (मूल परिपक्वता) का अनुपात	33.1	20.0	22.2	20.3
7. आरक्षित निधियों में अल्पकालिक कर्ज (अवशिष्ट परिपक्वता) का अनुपात	59.0	44.0	47.4	45.7
8. आयात का रिज़र्व कवर (महीनों में)*	7.0	11.8	9.6	11.0 (11.4)
9. कर्ज चुकौती अनुपात (चालू प्राप्तियों की तुलना में)	5.9	5.2	5.3	6.5
10. बाह्य कर्ज (बिलियन अमेरिकी डॉलर)	409.4	619.0	624.3	648.2
11. निवल अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (एनआईआईपी) (बिलियन अमेरिकी डॉलर)	-326.7	-358.2	-367.5	-370.3
12. एनआईआईपी/जीडीपी अनुपात	-17.8	-11.6	-11.3	-10.8
13. सीएबी/जीडीपी अनुपात	-4.8	-1.2	-2.0	-1.2

*: बीओपी आंकड़ों में प्रकाशित नवीनतम चार तिमाहियों के पण्य आयातों पर आधारित।
#: कॉलम 5 में सीएबी/जीडीपी अनुपात अप्रैल-दिसंबर 2023 से संबंधित है।
टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े मार्च 2024 के अंत से संबंधित हैं।
स्रोत : आरबीआई और भारत सरकार।

बफर मजबूत हुए। मार्च 2024 के अंत में उन्हें 646.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर रखा गया, जिसमें मार्च 2023 के अंत में 68.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। दिसंबर 2023 के अंत में, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मूल परिपक्वता के आधार पर अल्पकालिक विदेशी ऋण से पांच गुना अधिक और अवशिष्ट परिपक्वता के आधार पर अल्पकालिक विदेशी ऋण का दो गुना से अधिक रहा। मार्च 2024 के अंत में, विदेशी मुद्रा भंडार ने 2023-24 के लिए 11.4 महीने के आयात का कवर प्रदान किया।

7. निष्कर्ष

II.7.36 भारत का बाह्य क्षेत्र 2023-24 के दौरान मजबूत हुआ। चालू खाते का घाटा कम हुआ, धारणीय बना रहा और अच्छी तरह से वित्तपोषित रहा। पूंजी प्रवाह में सुधार हुआ और विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में मदद मिली। तदनुसार, प्रतिकूल वैश्विक समष्टि-वित्तीय आघातों के प्रसार को झेलने की अर्थव्यवस्था की क्षमता में वृद्धि हुई, जिसने समग्र व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में योगदान दिया।

भाग दो : भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्य और परिचालन

III मौद्रिक नीति परिचालन

वर्ष 2022-23 में संचयी ब्याज दर में की गई 250 आधार अंकों (बीपीएस) की वृद्धि के साथ, हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी आई और 2023-24 के दौरान बीच-बीच में खाद्य कीमतों में उछाल के साथ सहनीयता दायरे (टोलरेंस बैंड) में पहुंच गई, भले ही आर्थिक गतिविधि में समुत्थानशीलता दिखाई दी। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा और 2023-24 तक समायोजन वापस लेने के रुख को बनाए रखा। बैंकों की जमा और उधार दरों में संचरण की गति धीमी हो गई। मौद्रिक नीति के रुख के अनुरूप चलनिधि की स्थिति विकसित हुई।

III.1 2022-23 के दौरान, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने पॉलिसी रेपो दर में संचयी 250 बीपीएस की वृद्धि की। रेपो दर में वृद्धि और इनपुट लागत दबाव में नरमी का प्रभाव कोर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई) में लगातार गिरावट के रूप में परिलक्षित हुआ। सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति भी सहनीयता सीमा (टोलरेंस बैंड) में कम हो गई, हालांकि सब्जियों की कीमतों से क्षणिक झटके ने इसे कभी-कभी ऊपरी सहनीयता सीमा से ऊपर धकेल दिया। विकट वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद घरेलू आर्थिक गतिविधि के समुत्थानशीलता से अवस्फीति की लागत कम हो गई। तदनुसार, एमपीसी ने पॉलिसी रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रखी और 2023-24 के दौरान समायोजन वापस लेने के रुख पर कायम रही।

III.2 वर्ष के दौरान, मौद्रिक नीति रुख के अनुरूप चलनिधि की स्थितियाँ विकसित हुईं। बैंकिंग प्रणाली में ₹2000 के बैंक नोटों की वापसी के परिणामस्वरूप, अधिशेष चलनिधि को अवशोषित करने के लिए 12 अगस्त से 7 अक्टूबर, 2023 के दौरान एक अस्थायी उपाय के रूप में वृद्धिशील नकद आरक्षित अनुपात (आई-सीआरआर) लागू किया गया था। सरकारी नकदी शेष और त्यौहार संबंधी मुद्रा व्यय के निर्माण के कारण दूसरी तिमाही में प्रणालीगत चलनिधि घाटे में बदलने के साथ, अल्पकालिक मुद्रा बाजार दरें मजबूत हो गईं। लंबी अवधि के प्रतिफल मोटे तौर पर स्थिर रहे। रिज़र्व बैंक ने दो-तरफ़ा चलनिधि परिचालन किया। 2022-23 की नीतिगत दर में बढ़ोतरी का बैंकों की जमा और उधार दरों में संचरण जारी रहा, हालांकि वर्ष के दौरान इसकी गति धीमी हो गई।

III.3 इस पृष्ठभूमि में, खंड 2 वर्ष के दौरान प्रमुख गतिविधियों के साथ-साथ 2023-24 के लिए निर्धारित कार्यसूची की कार्यान्वयन स्थिति प्रस्तुत करता है, जबकि खंड 3 में 2024-25 के लिए कार्यसूची निर्धारित की गई है। अंतिम खंड में समापन टिप्पणियां दी गई हैं।

2. 2023-24 की कार्यसूची

III.4 विभाग ने पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में 2023-24 के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की नाउकास्टिंग और पूर्वानुमान में सुधार के लिए मशीन लर्निंग (एमएल) तकनीकों का अनुप्रयोग (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ III.5]
- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की उधार दरों और उनके द्वारा क्षेत्रीय उधार के संचरण के विश्लेषण को मजबूत करना (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ III.5]; तथा

- मौद्रिक नीति संचरण में ऋण के लिए बाह्य बेंचमार्क प्रणाली के कामकाज की समीक्षा (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ III.5]।

कार्यान्वयन स्थिति

III.5 जीडीपी के अल्पकालिक अनुमानों के लिए प्रयुक्त वर्तमान और पूर्वानुमान मॉडल को उच्च आवृत्ति संकेतकों का उपयोग करते हुए रैखिक और गैर-रैखिक एमएल तकनीकों को नियोजित करके संवर्धित किया गया। प्रमुख एनबीएफसी से ऋण के संचरण और क्षेत्रीय परिनियोजन पर डेटा एकत्र किया जा रहा है तथा केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस) के तहत डेटा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। बाह्य बेंचमार्क-आधारित उधार दर (ईबीएलआर) प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैंकों से प्राप्त प्रतिक्रियाएँ और सुझाव प्राप्त हुए।

III.6 वर्ष के दौरान (i) हाल के वर्षों में बार-बार मुद्रास्फीति के आघातों को देखते हुए विभिन्न प्रमुख मुद्रास्फीति उपायों के गुणों का आकलन करने; (ii) मुद्रा मांग पर डिजिटल भुगतान में वृद्धि के प्रभाव का आकलन करने; (iii) 2 महीने के ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप (ओआईएस) से नीति दर पर प्रत्याशा निकालने; (iv) स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) की शुरूआत के एक वर्ष के बाद इसके प्रचालन का मूल्यांकन करने; (v) मौजूदा सख्ती चक्र में मौद्रिक संचरण की तुलना पिछले सहजता चरण से करने; और (vi) क्रॉस-कंट्री ढांचे में इनपुट कीमतों के आउटपुट कीमतों तक पहुंचने की जांच करने के लिए अध्ययन किए गए।

प्रमुख गतिविधियां

मौद्रिक नीति

III.7 जब अप्रैल में एमपीसी की 2023-24 की पहली बैठक हुई, तो कई खाद्य उप-समूहों में उच्च मुद्रास्फीति के बीच सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति दिसंबर 2022 में 5.7 प्रतिशत से फरवरी 2023 में 6.4 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि, इनपुट लागत के दबाव का आउटपुट कीमतों पर विलंबित असर, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता और विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों से आयातित मुद्रास्फीति जोखिमों की पृष्ठभूमि में मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण अनिश्चित बना हुआ है। कच्चे तेल की वार्षिक औसत कीमत (भारतीय बास्केट) 85 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और सामान्य मानसून को मानते हुए, सीपीआई मुद्रास्फीति 2023-24 के लिए 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसमें पहली तिमाही 5.1 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 5.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 5.4 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत थी, इसमें जोखिम समान रूप से संतुलित था। 2023-24 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जो अच्छी *रबी* फसल, संपर्क-गहन सेवाओं में निरंतर उछाल, पूंजीगत व्यय पर सरकार का जोर और दोहरे अंकों में ऋण वृद्धि द्वारा समर्थित थी। एमपीसी ने सर्वसम्मति से 2022-23 के दौरान छह अनुक्रमिक दर वृद्धि के बाद, अप्रैल 2023 में नीति रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। एमपीसी ने इस बात पर जोर दिया कि वह उभरती मुद्रास्फीति और विकास के दृष्टिकोण पर कड़ी निगरानी रखना जारी रखेगी और यदि आवश्यक हो तो आगे की कार्रवाई करेगी। एमपीसी ने 5-1 वोट के साथ विकास का समर्थन करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए उदारता बरतने को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्णय लिया कि मुद्रास्फीति उत्तरोत्तर लक्ष्य के अनुरूप हो।

III.8 मार्च-अप्रैल 2023 के दौरान मुद्रास्फीति के सहनीयता दायरे में आने के साथ, मौद्रिक सख्ती और आपूर्ति बढ़ाने के उपायों के संयुक्त प्रभाव के तहत, और घरेलू गतिविधि के लचीले बने रहने के साथ, एमपीसी ने सर्वसम्मति से नीति दर पर *यथास्थिति बनाए रखी* और जून 2023 की बैठक में 5-1 वोट के साथ रुख बनाए रखा। यह नोट किया गया कि अतीत की संचयी दर वृद्धि अभी भी अर्थव्यवस्था में फैल रही है और इसके पूर्ण प्रभाव से आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव को नियंत्रित रखना चाहिए। एमपीसी ने मुद्रास्फीति की उम्मीदों को मजबूती से बनाए रखने और मुद्रास्फीति को लक्ष्य तक लाने के लिए,

आवश्यकतानुसार आगे की मौद्रिक कार्रवाई करने का संकल्प लिया।

III.9 अगस्त 2023 में जब एमपीसी की बैठक हुई, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग विकास प्रक्षेपवक्र के साथ धीमी गति से चल रही थी। मुद्रास्फीति कम हो रही थी, लेकिन लक्ष्य से ऊपर थी। सख्त वित्तीय परिस्थितियाँ, बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्ष और भू-आर्थिक विखंडन मुख्य जोखिम थे। घरेलू सीपीआई मुद्रास्फीति मई में 4.3 प्रतिशत से बढ़कर जून में 4.8 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से टमाटर में कीमतों के दबाव से प्रेरित थी । असमान दक्षिण-पश्चिम मानसून, प्रतिकूल भू-राजनीतिक वातावरण के कारण वैश्विक खाद्य कीमतों पर ऊपर की ओर दबाव और उत्पादन में कटौती के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए जोखिम पैदा किया। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए और सामान्य मानसून मानते हुए, सीपीआई मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को 2023-24 के लिए 5.4 प्रतिशत तक संशोधित किया गया जिसमें समान रूप से संतुलित जोखिम के साथ, सीपीआई मुद्रास्फीति पूर्वानुमान दूसरी तिमाही 6.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 5.7 प्रतिशत और चौथी तिमाही 5.2 प्रतिशत था। अर्थव्यवस्था में रेपो दर में वृद्धि का असर अभी भी देखने को मिल रहा है, इसलिए एमपीसी ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है, ताकि स्थिति के अनुसार नीतिगत अनुवर्ती कार्रवाई की तैयारी की जा सके। एमपीसी ने 5-1 बहुमत से उदारता बरतने को वापस लेने के अपने रुख को भी दोहराया।

III.10 अक्टूबर 2023 की बैठक के समय, वैश्विक विकास गति खो रहा था लेकिन घरेलू वास्तविक जीडीपी ने ति.1: 2023-24 में मजबूत वृद्धि दर्ज की थी। सब्जियों की कीमतों में उछाल के कारण सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति 2.6 प्रतिशत अंक बढ़कर जुलाई में 7.4 प्रतिशत पर पहुंचने के बाद अगस्त में घटकर 6.8 प्रतिशत पर आ गई। जुलाई-अगस्त में कोर मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रही। एमपीसी ने देखा कि अभूतपूर्व खाद्य मूल्य झटके मुद्रास्फीति के विकसित मार्ग को प्रभावित कर रही थे और इस तरह के परस्पर-व्यापक आघातों की आवर्ती घटनाएं सामान्यीकरण और दृढ़ता प्रदान कर सकती हैं। इसने पाया कि, सहनीयता दायरे से ऊपर हेडलाइन मुद्रास्फीति के साथ, मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से अवस्फीतिकारी बने रहने की आवश्यकता है। एमपीसी ने सर्वसम्मति से 5-1 वोट के साथ अपने रुख को बरकरार रखते हुए नीति रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया।

III.11 दिसंबर 2023 में एमपीसी की बैठक तब घरेलू आर्थिक गतिविधि ने मजबूत निवेश और सरकारी खपत के आधार पर समुत्थानशीलता बनाए रखी थी। 2023-24 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया गया। कुछ सब्जियों की कीमतों में तेज सुधार, ईंधन में अपस्फीति और प्रमुख कीमतों में तेज और व्यापक आधार पर अवस्फीति के कारण अक्टूबर में सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत अंक गिरकर 4.9 प्रतिशत हो गई। 2023-24 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान तीसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत के साथ 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया । 2024-25 के लिए सामान्य मानसून मानते हुए, 2024-25 की पहली तिमाही के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 5.2 प्रतिशत; दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत; और तीसरी तिमाही में 4.7 प्रतिशत पर अनुमानित की गई थी। एमपीसी ने सर्वसम्मति से आवश्यकता पड़ने पर उचित नीतिगत कार्रवाई करने की तैयारी के साथ, नीति रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया और और 5-1 बहुमत के साथ अपना रुख बरकरार रखा।

III.12 आर्थिक गतिविधियों में निरंतर गति की पृष्ठभूमि में, एमपीसी ने अपनी फरवरी की बैठक में 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया। मुख्य रूप से सब्जी की कीमत में वृद्धि के कारण, सीपीआई मुद्रास्फीति नवंबर और दिसंबर में बढ़ी थी, यहां तक कि ईंधन अपस्फीति बहुत अधिक बढ़ी और कोर मुद्रास्फीति दिसंबर 2023 में चार साल के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई। सीपीआई मुद्रास्फीति चौथी तिमाही के लिए 5.0 प्रतिशत के साथ 2023-24 के लिए 5.4 प्रतिशत अनुमानित थी। सामान्य मानसून मानते हुए, 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति पहली तिमाही में 5.0 प्रतिशत; दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशत; तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत; और चौथी तिमाही में 4.7

चार्ट III.1: मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मतदान का स्वरूप



स्रोत: आरबीआई।

प्रतिशत के साथ 4.5 प्रतिशत पर अनुमानित थी, जिसमें जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। जहां घरेलू गतिविधि अच्छी तरह से पकड़ में थी, वहां बड़े और बारंबार आनेवाले खाद्य मूल्य झटके अवस्फीति की गति को बाधित कर रहे थे। एमपीसी ने अवस्फीति के मार्ग को बनाए रखने के लिए 5-1 बहुमत के साथ नीतिगत रेपो दर को 6.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। एमपीसी ने गौर किया कि मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं और पूर्ण संचरण की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मौद्रिक नीति को सक्रिय रूप से अवस्फीतिकारी बनाए रखना चाहिए। एमपीसी ने 5-1 बहुमत से उदारता बरतने को वापस लेने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्णय किया।

सारणी III.1: नीति दरें – प्रमुख केंद्रीय बैंक

वर्ग	देश	नीतिगत दर (प्रतिशत) (31 मार्च 2024 तक)	ठहराव से
1	2	3	4
एई	यूएस	5.50	जुलाई 2023
	यूके	5.25	अगस्त 2023
	यूरो क्षेत्र	4.50	सितंबर 2023
	कनाडा	5.00	जुलाई 2023
	स्वीडन	4.00	सितंबर 2023
	न्यूज़ीलैंड	5.50	मई 2023
ईएमई	भारत	6.50	फरवरी 2023
	थाईलैंड	2.50	सितंबर 2023
	मलेशिया	3.00	मई 2023
	दक्षिण अफ्रीका	8.25	मई 2023

यूएस : संयुक्त राज्य अमेरिका। यूके: यूनाइटेड किंगडम।
एई: उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ। ईएमई: उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं।
स्रोत: केंद्रीय बैंक की वेबसाइटें।

III.13 2023-24 के दौरान एमपीसी के निर्णयों में फरवरी की बैठक को छोड़कर, दर संबंधी कार्रवाईयों पर सर्वसम्मति लेकिन रुख में विविधता देखी गई (चार्ट III.1)।

III.14 वैश्विक स्तर पर, कई केंद्रीय बैंकों ने 2023 के मध्य से दरें बरकरार रखी हैं (सारणी III.1)।

III.15 आर्थिक घटकों की प्रत्याशाओं को स्थिर रखने में मौद्रिक नीति संप्रेषण प्रभावी रहा है (बॉक्स III.1)।

परिचालन ढांचा : चलनिधि प्रबंधन

III.16 मौद्रिक नीति के रुख के अनुरूप, 2023-24 के दौरान चलनिधि प्रबंधन परिचालनों का उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में चलनिधि के स्तर को संतुलित करना था। विभिन्न कारकों (नीचे चर्चा की गई है) के कारण अधिशेष चलनिधि में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, रिज़र्व बैंक ने 19 मई से 28 जुलाई 2023 के बीच सभी अनुसूचित बैंकों की निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) में वृद्धि पर 10 प्रतिशत का वृद्धिशील आरक्षित नकदी निधि अनुपात (आई-सीआरआर) लगाया, जो

बॉक्स III.1
भारत में मौद्रिक नीति संप्रेषण

संप्रेषण, केंद्रीय बैंकों की एक महत्वपूर्ण रणनीति है जो उनकी नीति घोषणाओं की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बढ़ावा देती है। मौद्रिक नीति पर रिज़र्व बैंक के संप्रेषण में एमपीसी के संकल्प, एमपीसी की बैठकों के कार्यवृत्त, गवर्नर का वक्तव्य, मौद्रिक नीति रिपोर्ट (एमपीआर), नीति की घोषणा के दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस और विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषण शामिल हैं।

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) तकनीकों का उपयोग करके एमपीसी के संकल्पों के विश्लेषण से पता चलता है कि परिस्थितियों के आधार पर संप्रेषण का प्रभाव अलग-अलग होता है; अक्टूबर 2016 से अक्टूबर 2023 के दौरान सात प्रमुख विषय उभर कर सामने आए (चार्ट 1)। मुद्रास्फीति चर्चा का केंद्रीय विषय बनी रही, बाद के पूर्व-कोविड-19 अवधि (अक्टूबर 2016 से फरवरी 2020) के दौरान इसकी जगह संवृद्धि ने ली। हालाँकि, यह क्रम महामारी (मार्च 2020 से फरवरी 2022) के दौरान उलट गया; चलनिधि और कोविड विषयों पर भी ध्यान दिया गया। 2022 में भू-राजनीतिक संकट और परिणामी मुद्रास्फीति के दबाव ने बाद की एमपीसी चर्चाओं को उचित दिशा दी, जिसमें मुद्रास्फीति मुख्य विषय के रूप में वापिस सामने आई (मार्च 2022 से अक्टूबर 2023); विदेशी सहलग्नता पर भी ध्यान बढ़ा।

चूंकि संप्रेषण, नीति रेपो दर में मात्रात्मक परिवर्तनों के लिए सहायक हो सकता है और वित्तीय बाजारों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए विश्लेषण के लिए मौद्रिक नीति की संप्रेषण भाषा पद्धति का उपयोग किया गया[1]। मुद्रास्फीति पर संप्रेषण का यह स्वर नीति चक्र के साथ अच्छी तरह मेल खाता है; सख्ती की अवधि के दौरान, नकारात्मक था, जबकि सहजता चक्र के दौरान यह सकारात्मक था। मौजूदा आर्थिक स्थितियों के आधार पर संवृद्धि की भाषा पद्धति सकारात्मक या नकारात्मक रही।

चार्ट 1: विषय विकास



नोट: 1. विषय मॉडलिंग के लिए लेटेंट डिरिचलेट एलोकेशन (एलडीए) पद्धति का उपयोग किया गया है।
2. विषय लेबलिंग किसी विषय के प्रमुख शब्दों पर आधारित होती है।
स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

एक घटना-अध्ययन दृष्टिकोण(नीति घोषणा से पहले और बाद में पांच दिनों की विंडो) में ओवरनाइट इंडेक्स स्वैप (ओआईएस) दरों पर भारित औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) (जो पॉलिसी रेपो दर में बदलाव को प्रतिबिंबित करता है), मुद्रास्फीति (एमपीसी_आईएनएफ़) और विकास (एमपीसी _जीआर) संप्रेषण स्वर के प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। विश्लेषण से पता चलता है कि डब्ल्यूएसीआर अल्पकालिक ओआईएस दरों को संचालित करता है, लेकिन अवधि बढ़ने के साथ इसका प्रभाव कम हो जाता है (सारणी-1)। ओआईएस दरें विकास पर संप्रेषण स्वर के साथ कमजोर और महत्वहीन सहसंबंध दर्शाती हैं। इसके विपरीत, उनका मुद्रास्फीति के स्वर के साथ महत्वपूर्ण विपरीत संबंध है। इसके अलावा, सख्त नीति चरणों के दौरान मुद्रास्फीति पर संप्रेषण अधिक मायने रखता है (सारणी 2)।

पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं के मुद्रास्फीति दृष्टिकोण के विश्लेषण से पता चलता है कि मुद्रास्फीति अनुमान (मात्रात्मक) और मुद्रास्फीति स्वर दोनों उनके पूर्वानुमानों को प्रभावित करते हैं। जब प्रक्षेपण कम होता है और स्वर सकारात्मक होता है, तो पेशेवरों के पूर्वानुमानों में परिनियमन और इसके विपरीत देखा जाता है (सारणी 3)।

सारणी 1: ओआईएस दरों पर संप्रेषण का प्रभाव

मद	ओआईएस_1एम	ओआईएस_2एम	ओआईएस_3एम	ओआईएस_6एम	ओआईएस_9एम	ओआईएस_1व
1	2	3	4	5	6	7
डब्ल्यूएसीआर	0.484***	0.373***	0.327***	0.279*	0.287*	0.290*
एमपीसी_आईएनएफ	-0.102	-0.112	-0.144	-0.199*	-0.218*	-0.237*
स्थिर	-0.032	-0.016	-0.012	-0.006	-0.003	0.001

*** और * क्रमशः 1 प्रतिशत और 10 प्रतिशत स्तर पर महत्त्व दर्शाते हैं।
नोट : विश्लेषण में अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2023 तक के आंकड़े शामिल हैं।
स्रोत : आरबीआई स्टाफ अनुमान।

(जारी)

[1] संप्रेषण के भाषा पद्धति के लिए, मुद्रास्फीति के लिए आक्रामक-नरमी शब्दों और संवृद्धि के लिए विस्तारवादी-संकुचनवादी शब्दों से युक्त अनुकूलित शब्दकोष का उपयोग किया गया है।

सारणी 2: ओआईएस दरों पर संप्रेषण का प्रभाव - विभिन्न नीति चक्र

मद	ओआईएस_1एम	ओआईएस_2एम	ओआईएस_3एम	ओआईएस_6एम	ओआईएस_9एम	ओआईएस_1व
1	2	3	4	5	6	7
डब्ल्यूएसीआर	0.401***	0.261*	0.213	0.136	0.157	0.147
एमपीसी _आईएनएफ़ _ईजिंग	-0.199	-0.232	-0.219	-0.179	-0.163	-0.197
एमपीसी _आईएनएफ़ _सख्ती	-0.239	-0.306*	-0.391**	-0.639***	-0.657***	-0.698***
एमपीसी _आईएनएफ़ _यथास्थिति	-0.040	-0.029	-0.057	-0.081	-0.108	-0.118
स्थिर	-0.032	-0.016	-0.018	-0.028	-0.027	-0.023

***, ** और * क्रमशः 1 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत स्तर पर महत्व दर्शाते हैं।

स्रोत: आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

कुल मिलाकर, विश्लेषण से पता चलता है कि प्रभावी संप्रेषण आर्थिक घटकों की प्रत्याशाओं को दिशा दे सकता है।

सारणी 3: पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं के मुद्रास्फीति दृष्टिकोण पर संप्रेषण का प्रभाव

मद	आईएनएफ़ _दृष्टिकोण
1	2
मुद्रास्फीति	0.731***
एमपीसी _आईएनएफ़	0.340
आईएनएफ़ _प्रक्षेपण_1#	-0.156**
आईएनएफ़ _प्रोजेक्शन_2&	0.047*
स्थिर	1.422***

#: एमपीसी _आईएनएफ़ स्वर सकारात्मक है और आईएनएफ़ प्रक्षेपण 5 प्रतिशत से नीचे है।
&: एमपीसी _आईएनएफ़ स्वर नकारात्मक है और आईएनएफ़ प्रक्षेपण 5 प्रतिशत से ऊपर है।
***, ** और * क्रमशः 1 प्रतिशत, 5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत स्तर पर महत्व दर्शाते हैं।
स्रोत : आरबीआई स्टाफ का अनुमान।

सन्दर्भ:

1. ब्लाइंडर, ए.एस., एहरमन, एम., फ्रैट्ज़चर, एम., डी हान, जे., और जानसन, डी.जे. (2008)। केंद्रीय बैंक संचार और मौद्रिक नीति: सिद्धांत और साक्ष्य का एक सर्वेक्षण। जर्नल ऑफ इकोनॉमिक लिटरेचर, 46(4), 910-945।
2. दास, शक्तिकांत (2022), 'मोनेटरी पॉलिसी एंड सेंट्रल बैंक कम्यूनिकेशन', राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में भाषण, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 4 मार्च।
3. पात्रा, एम.डी. (2022), 'दी लाइटर साइड ऑफ मेकिंग मोनेटरी पॉलिसी', 9वें एसबीआई बैंकिंग और अर्थशास्त्र कॉन्क्लेव में भाषण, मुंबई, 24 नवंबर।
4. लेगार्ड, सी.(2023), 'कम्यूनिकेशन और मोनेटरी पॉलिसी', यूरोपीय अर्थशास्त्र और वित्तीय केंद्र, लंदन द्वारा 4 सितंबर को आयोजित विशिष्ट वक्ताओं के सेमिनार में भाषण।

12 अगस्त 2023 से शुरू होने वाले पखवाड़े से प्रभावी होगा।[2] आई-सीआरआर की 8 सितंबर 2023 को समीक्षा की गई और इसे चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया गया ताकि प्रणाली में उपलब्ध चलनिधि को आकस्मिक आघात न लगें और मुद्रा बाजार व्यवस्थित तरीके से काम कर सके। तदनुसार, जब्त आई-सीआरआर निधि का 25 प्रतिशत 9 सितंबर को, अन्य 25 प्रतिशत 23 सितंबर को तथा शेष 50 प्रतिशत 7 अक्टूबर, 2023 को जारी किया गया।

चलनिधि के कारक और प्रबंधन

III.17 2023-24 के दौरान सरकारी नकदी शेष, मुद्रा में उतार-चढ़ाव और पूंजी प्रवाह चलनिधि के प्रमुख कारकों के रूप में उभरकर आए (सारणी III.2)। 2023-24 की पहली तिमाही की शुरुआत में, सरकारी नकदी शेष के निर्माण और अप्रैल 2020 में आयोजित किए गए लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) के तहत बैंकों द्वारा प्राप्त शेष धनराशि के पुनर्भुगतान के कारण अप्रैल में चलनिधि स्थितियां सख्त हो गई।[3]

2 हालाँकि, मौजूदा नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) 4.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा।

3 कुल उपलब्ध ₹ 1,12,900 करोड़ की धनराशि में से बैंकों ने अप्रैल 2023 के दौरान ₹ 61,113 करोड़ चुकाए।

सारणी III.2: चलनिधि - प्रमुख चालक और प्रबंधन

(₹ करोड़)

वस्तु	2022-23	2023-24	ति1:2023-24	ति2: 2023-24	ति3: 2023-24	ति4: 2023-24
1	2	3	4	5	6	7
चालक						
(i) सीआईसी [आहरण (-) / प्रतिलाभ (+)]	-2,44,804	-1,37,011	18,103	71,253	-73,831	-1,52,536
(ii) निवल विदेशी मुद्रा खरीद (+) / बिक्री (-)	-2,17,259	3,39,528	1,60,738	-16,071	-2,348	1,97,209
(iii) भारत सरकार के नकद शेष [बिल्ड-अप (-) / ड्रॉडाउन (+)]	84,028	-2,75,156	-2,37,937	-1,79,913	-6,606	1,49,301
(iv) अतिरिक्त आरक्षित निधियाँ [बिल्ड-अप (-) / ड्रॉडाउन (+)]	1,17,393	-11,961	31,485	3,440	-1,217	-45,669
प्रबंधन						
(i) निवल ओएमओ खरीद (+) / बिक्री (-)	-31,360	-18,505	-	-8,480	-10,025	-
(ii) आवश्यक आरक्षित निधि [एनडीटीएल और सीआरआर में परिवर्तन दोनों में सहित आई-सीआरआर]	1,62,701	-1,27,716	-33,712	-1,01,508	30,605	-23,101
मदें :						
अंतिम अवधि में दैनिक निवल अवशोषण (+) / अंतर्वेशन (-)	1,28,497	-52,918	1,29,194	-97,015	-1,82,679	-52,918

सीआईसी: प्रचलन में मुद्रा। जीओआई : भारत सरकार। -:शून्य।
नोट: 1. बैंकिंग प्रणाली से आने-जाने वाला प्रवाह (+)/बहिर्वाह (-)।
2. आंकड़े संबंधित अवधि के अंतिम शुक्रवार से संबंधित हैं।
स्रोत: आरबीआई।

इसके बाद, (i) संचलन से ₹2000 के बैंक नोटों की वापस लेने के परिणामस्वरूप, बैंकिंग प्रणाली में मुद्रा की वापसी ; (ii) मानसून सीज़न की शुरुआत से पहले शीघ्रता से किया गया सरकारी खर्च; और (iii) रिज़र्व बैंक के बाज़ार परिचालन के मद्देनजर मई में चलनिधि की स्थिति आसान हो गई । जून में, अग्रिम कर भुगतान और माल और सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित बहिर्वाह ने अधिशेष चलनिधि को कम कर दिया, यद्यपि,बैंकिंग प्रणाली में मुद्रा की मौसमी वापसी ने कुछ दबाव कम कर दिया। चलनिधि की स्थितियों में क्षणिक तंगी को कम करने के लिए 19 मई, 2023 को 14-दिवसीय परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी (मुख्य परिचालन) आयोजित की गई थी, जिसके बाद जून में एक फाइन-ट्यूनिंग वीआरआर परिचालन किया गया।

III.18 दूसरी तिमाही में, जुलाई और अगस्त के पहले पखवाड़े के दौरान चलनिधि की स्थिति काफी हद तक सुविधाजनक रही क्योंकि सरकारी व्यय ने बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष चलनिधि को संवर्धित किया । आई-सीआरआर को लागू किए जाने के बाद, 12 अगस्त, 2023 से अधिशेष चलनिधि में कमी आई जिसने बैंकिंग प्रणाली से लगभग ₹1.1 लाख करोड़ अवरुद्ध किए। अग्रिम कर संग्रह और जीएसटी भुगतान के कारण सरकारी नकदी शेष में वृद्धि ने चलनिधि की स्थिति को और कड़ा कर दिया और औसत निवल चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ़) मई 2019 के बाद पहली बार सितंबर में घाटे की स्थिति में चली गई। नतीजतन, औसत निवल एलएएफ़ अवशोषण 2023-24 की पहली तिमाही में ₹ 1.26 लाख करोड़ से कम होकर दूसरी तिमाही में ₹ 0.89 लाख करोड़ हो गया।

III.19 अक्टूबर-नवंबर में त्योहार संबंधी मुद्रा मांग और दिसंबर 2023 में अग्रिम कर और जीएसटी भुगतान के कारण सरकारी नकदी शेष में वृद्धि से प्रेरित, तीसरी तिमाही में ₹ 0.76 लाख करोड़ के औसत निवल एलएएफ अंतर्वेशन साथ चलनिधि घाटे में बदल गई। चलनिधि दबाव को कम करने के लिए, रिज़र्व बैंक ने चार फाइन-ट्यूनिंग वीआरआर परिचालन किए।

III.20 चौथी तिमाही में, निवल एलएएफ अंतर्वेशन औसतन ₹1.36 लाख करोड़ रहा, जिसमें जनवरी-फरवरी की तुलना में मार्च 2024 में अंतर्वेशन काफी कम हो गया। आरबीआई के विदेशी मुद्रा परिचालन के साथ-साथ सरकारी खर्च में वृद्धि ने मुद्रा निकासी के कारण चलनिधि अपवाह को कुछ हद तक संतुलित

किया। 8 मार्च, 2022 को रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए यूएसडी/आईएनआर बिक्री-खरीद स्वैप नीलामी के रिटर्न-लेग ने भी 11 मार्च, 2024 को कुल ₹42,800 करोड़ की चलनिधि अंत:क्षेपित की। चौथी तिमाही के दौरान, रिज़र्व बैंक ने छह मुख्य और उन्नीस फाइन-ट्यूनिंग वीआरआर परिचालनों के माध्यम से चलनिधि अंत:क्षेपित की। साथ ही, अतिरिक्त चलनिधि को अवशोषित करने के लिए फाइन-ट्यूनिंग परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामियों का बीच-बीच में आयोजन किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुद्रा बाजार दरें मौद्रिक नीति रुख के अनुरूप विकसित हों।

III.21 संचलन में मुद्रा आमतौर पर बैंकिंग प्रणाली में संरचनात्मक चलनिधि का एक प्रमुख कारक है। 19 मई, 2023 को ₹2000 के बैंकनोटों को संचलन से वापस लेने के निर्णय के कारण बैंकिंग प्रणाली में मुद्रा वापसी से 2023-24 के दौरान संचलन में मुद्रा में सामान्य वृद्धि कम हो गयी थी (चार्ट III.2)।

चार्ट III.2: संचलनगत मुद्रा



स्रोत: आरबीआई।

चलनिधि परिचालन

III.22 2023-24 के दौरान, एसडीएफ के तहत अवशोषण औसतन ₹0.90 लाख करोड़ था, जो एलएएफ के तहत दैनिक कुल अवशोषण औसतन (₹1.16 लाख करोड़) का 78 प्रतिशत था, जबकि शेष 22 प्रतिशत राशि वीआरआरआर नीलामी - मुख्य और फाइन-ट्यूनिंग दोनों परिचालनों के माध्यम से अवशोषित की गयी (चार्ट III.3ए और III.3.बी)। चलनिधि की तंग स्थिति को दर्शाते हुए, बैंकों की सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ़) की ओर झुकाव बढ़ गया, 2023-24 के दौरान सीमांत स्थायी सुविधा के तहत दैनिक उधार औसतन ₹0.50 लाख करोड़ था, जो 22 नवंबर, 2023 को ₹2.34 लाख करोड़ के उच्च स्तर पर पहुंच गया। एमएसएफ का बड़े पैमाने पर सहारा लेते हुए एसडीएफ के तहत पर्याप्त धनराशि एक साथ लगाना कुछ हद तक विरोधाभासी

चार्ट III.3: चलनिधि परिचालन



स्रोत: आरबीआई और सीसीआईएल।

है। बैंकों द्वारा बेहतर निधि प्रबंधन को सक्षम करने के लिए, 30 दिसंबर 2023 से सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान भी एसडीएफ और एमएसएफ दोनों के तहत चलनिधि सुविधाओं को वापिस लेने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया। इससे बैंकों को अपने परिचालन में अधिक लचीलापन प्रदान किया, सप्ताहांत के दौरान चलनिधि की स्थितियों में तंगी दूर हुई और चलनिधि प्रबंधन में अधिक कार्यक्षमता प्रदान की गयी।

III.23 2023-24 के दौरान, वीआरआरआर फाइन-ट्यूनिंग परिचालन और पाक्षिक 14-दिवसीय मुख्य परिचालन ने क्रमशः 0.47 और 0.38 के औसत ऑफर-कवर अनुपात प्राप्त किए। इसके विपरीत, वीआरआर फाइन-ट्यूनिंग और मुख्य परिचालन में क्रमशः 2.07 और 1.75 का औसत बोली-कवर अनुपात था, जो सख्त चलनिधि स्थितियों को दर्शाता है।

III.24 चलनिधि की बदलती गतिशीलता से प्रेरित, भारित औसत कॉल दर (डबल्यूएसीआर) - मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य - अक्टूबर 2023-जनवरी 2024 के दौरान ऊंचा रहा। वर्ष के अंत में सख्त होने से पहले, फरवरी 2024 के मध्य और मार्च के तीसरे सप्ताह के बीच इसमें कमी आयी (चार्ट III.4)।

चार्ट III.4: पॉलिसी कॉरिडोर और भारित औसत कॉल दर



स्रोत: आरबीआई और सीसीआईएल।

- मौजूदा भेद्यता आकलन और प्रवेश परीक्षण (VAPT) नीति की समग्र समीक्षा करना, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वीएपीटी के दृष्टिकोण, अनुपालन, मानकों, साधनों और जोखिम स्वीकृति मानदंडों जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। इस समीक्षा में अनुप्रयोगों की परिवर्तन प्रबंधन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और अनुपालन निगरानी प्रणाली का संचालन भी शामिल होगा (पैराग्राफ XI.47);
- आरएमडी की संगठनात्मक संरचना और संचालन को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं की *तुलना* में बेंचमार्क करना और चरणबद्ध तरीके से विश्लेषण के परिणाम के आधार पर कार्य करना *(उत्कर्ष* 2.0*)* [पैराग्राफ XI.48];
- ज्ञात अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर रिज़र्व बैंक के साइबर सुरक्षा नियंत्रणों को बेंचमार्क करना *(उत्कर्ष* 2.0*)* [पैराग्राफ XI.49];
- रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा पोर्टफोलियो के लिए एक चलनिधि-जोखिम मॉडल विकसित करना *(उत्कर्ष* 2.0*)* [पैराग्राफ XI.49];
- रिज़र्व बैंक के उद्देश्यों के लिए उभरते जोखिमों के आकलन के लिए एक ढांचे का परिचालन करना *(उत्कर्ष* 2.0*)* [पैराग्राफ XI.49]; तथा
- रिज़र्व बैंक में जोखिम संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक ढांचे का परिचालन करना *(उत्कर्ष* 2.0*)* [पैराग्राफ XI.49]।

कार्यान्वयन की स्थिति

XI.44 घटना रिपोर्टिंग ढांचे को व्यापक रूप से संशोधित किया गया है और *20* नवंबर*, 2023* से रिज़र्व बैंक में 'जोखिम घटनाओं की पहचान और रिपोर्टिंग के लिए ढांचा' लागू किया गया है। जोखिम रजिस्टर ढांचे की समीक्षा प्रक्रियाधीन है।

XI.45 'जोखिम अधिकारियों के लिए निर्देशों का संग्रह' के रूप में जोखिम अधिकारियों के लिए हैंडबुक 24 जुलाई, 2023 को जारी की गई थी। हैंडबुक में आरएमडी द्वारा जारी किए गए सभी दिशानिर्देश शामिल हैं, जिसमें रिज़र्व बैंक के विभिन्न विभागों/कार्यालयों के जोखिम अधिकारियों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां शामिल हैं।

XI.46 विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों के लिए प्रमुख जोखिम संकेतकों के निर्माण और ट्रांसवर्सल जोखिमों के प्रबंधन के लिए एक ढांचा तैयार करने के संबंध में नीतियां तैयार की गई हैं।

XI.47 विभाग द्वारा एप्लिकेशन के अभिभावक विभागों (ओनर डिपार्टमेंट्स) और लेखा परीक्षकों सहित विभिन्न हितधारकों से प्राप्त इनपुट के आधार पर वर्तमान वीएपीटी नीति की समीक्षा की गई। स्टेकधारकों से प्राप्त सुझावों को मसौदा नीति में शामिल कर लिया गया है और उनकी जांच की जा रही है।

XI.48 विभाग ने दुनिया भर में कई केंद्रीय बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा अपनाई जा रही ईआरएम प्रथाओं पर एक अध्ययन किया, और सीओएसओ[2] - ईआरएम फ्रेमवर्क (2017)

[1] ऐसी गतिविधियों/प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम जो अनेक कारोबारी क्षेत्रों से जुड़े हैं या जिनके घटने पर उससे संबंधित जोखिम वाले क्षेत्र या प्रक्रिया से परे हटकर विभिन्न कार्यों, क्षेत्रों या गतिविधियों को प्रभावित कर सकते हैं।

और आईएसओ 31000 - जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देश (2018) के तहत निर्धारित ईआरएम पर बेंचमार्क प्रथाओं पर भी एक अध्ययन किया। अध्ययन के परिणामों को रिज़र्व बैंक के ईआरएम ढांचे की समीक्षा में एकीकृत किया जा रहा है।

XI.49 राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएसटी) साइबर सुरक्षा ढांचे के साथ विभाग में साइबर सुरक्षा नियंत्रण के संरेखण पर अध्ययन किया गया था। विदेशी मुद्रा बॉण्ड पोर्टफोलियो में चलनिधि जोखिम के आकलन के लिए एक चलनिधि समायोजित अपेक्षित कमी (एलएईएस) मॉडल विकसित और कार्यान्वित किया गया है। उभरते जोखिमों के शीघ्र मूल्यांकन के लिए एक उभरता हुआ जोखिम स्कैनिंग ढांचा तैयार किया गया है जो रिज़र्व बैंक के जनादेश की उपलब्धि को प्रभावित कर सकता है और इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिज़र्व बैंक में जोखिम संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक रूपरेखा लागू की गई है, जिसमें एक जोखिम संस्कृति नीति और एक जोखिम संस्कृति स्व-मूल्यांकन ढांचा शामिल है।

अन्य पहल

रिज़र्व बैंक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की जांच

XI.50 जोखिम प्रबंधन केंद्रीय बैंकों के कामकाज का अभिन्न अंग होने के कारण, रिज़र्व बैंक जोखिम प्रबंधन के संपूर्ण जीवनचक्र का प्रबंधन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संभावित अनुप्रयोगों की खोज कर रहा है (बॉक्स XI.2)।

बॉक्स XI.2

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और जोखिम प्रबंधन

विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अत्याधुनिक उपकरणों/ प्रौद्योगिकियों के साथ महत्वपूर्ण चौराहे पर है, जो प्रौद्योगिकियां वास्तविक दुनिया के कई अनुप्रयोगों में बदलाव का अग्रदूत बन रही हैं। मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग, जो एआई का पर्याय हैं, आवश्यक मूल्य निर्माण उपकरण बन गए हैं, जो विभिन्न प्रक्रियाओं और कार्यों में परिचालन दक्षता को बढ़ा रहे हैं।

केंद्रीय बैंक एआई के अनुप्रयोगों का लाभ नीति निर्माण और पर्यवेक्षी प्रक्रियाओं के इनपुट के रूप में और एक प्रमुख प्रौद्योगिकी-आधारित बल गुणक (सारणी I) के रूप में भी उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बाजार के बुनियादी ढांचे और भुगतान, नकदी प्रबंधन और संचालन, मानव संसाधन, कानूनी और सूचना प्रणाली, कारोबार निरंतरता, लेखा परीक्षा और विश्लेषण के क्षेत्र में एआई के अनुप्रयोग को तलाशा जा रहा है।

सारणी I: केंद्रीय बैंकों में एआई का उपयोग-कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्र

पर्यवेक्षण	आईटी	अर्थशास्त्र, वित्त, सांख्यिकी, जोखिम प्रबंध	मीडिया और संचार
1	2	3	4
1. प्रवृत्ति और जोखिम पहचान; 2. विसंगति का पता लगाना; 3. आंकड़ों का संग्रह और प्रोसेसिंग; 4. जोखिम अलर्ट और 5. प्रणालीगत निगरानी।	1. साइबर सुरक्षा; 2. सुरक्षा परिचालन केंद्र विश्लेषिकी; 3. एंटी-वायरस और फाइल स्कैनिंग; 4. धोखाधड़ी का पता लगाना और 5. क्लाउड।	1. दबाव परीक्षण; 2. वित्तीय और गैर-वित्तीय जोखिम प्रबंधन; 3. समष्टि-आर्थिक और वित्तीय चरों का पूर्वानुमान; 4. वेब स्क्रैपिंग और नाउकास्टिंग; 5. मॉडलिंग; 6. पोर्टफोलियो प्रबंधन; 7. आंकड़ों का संकलन; 8. टेक्स्ट माइनिंग और प्राकृतिक भाषा की प्रोसेसिंग; और 9. वैकल्पिक आंकड़ों का विश्लेषण।	1. केंद्रीय बैंक की प्रतिष्ठा का आकलन; 2. चैटबॉट; 3. मीडिया की निगरानी और 4. समाचारों की निगरानी।

(जारी)

[2] ट्रेडवे कमीशन के प्रायोजक संगठनों की समिति (सीओएसओ) संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित एक स्वैच्छिक निजी क्षेत्र का संगठन है, जो संगठनात्मक अभिशासन, व्यावसायिक नैतिकता, आंतरिक नियंत्रण, उद्यम जोखिम प्रबंधन, धोखाधड़ी और वित्तीय रिपोर्टिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्यकारी प्रबंधन और अभिशासन संस्थाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए समर्पित है। सीओएसओ ने एक सामान्य आंतरिक नियंत्रण मॉडल स्थापित किया है जिसकी सहायता से कंपनियां और संगठन अपने नियंत्रण प्रणालियों का आकलन कर सकते हैं।

वैश्विक स्तर पर, ऋण जोखिम प्रबंधन (डिफॉल्ट/डाउनग्रेड पूर्वानुमान), बाजार जोखिम प्रबंधन (अस्थिरता विश्लेषण), आस्ति आवंटन, पोर्टफोलियो जोखिम अनुकूलन, परिदृश्य और संवेदनशीलता विश्लेषण जैसे पारंपरिक जोखिम प्रबंधन क्षेत्रों में पहले से ही एआई-आधारित उपकरणों के उपयोग में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है। भविष्य में, स्वैच्छिक डेटा का विश्लेषण करने और पैटर्न की पहचान करने, डेटा-संचालित सक्रिय जोखिम प्रबंधन के लिए एआई-आधारित उपकरणों की क्षमता पर विचार करते हुए एआई के अनुप्रयोग का जोखिम प्रबंधन के पूर्ण जीवनचक्र पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

एआई का उपयोग रिपोर्ट की गई जोखिम घटनाओं के विश्लेषण या विभिन्न नियंत्रण कार्यों में लेखा-परीक्षा टिप्पणियों के एकत्रीकरण के लिए किया जा सकता है ताकि प्रवृत्तियों/पैटर्न/संभावित कमजोरियों की पहचान की जा सके। जोखिम प्रबंधन में अन्य संभावित एआई अनुप्रयोगों में नियंत्रण स्व-मूल्यांकन, जोखिम रिपोर्टिंग में सहायता के लिए चैटबॉट्स का उपयोग, जोखिम की घटनाओं के लिए पिछली प्रतिक्रियाओं पर संस्थागत स्मृति का निर्माण, गुणवत्ता जांच, अतिरेक की पहचान और जोखिम उपकरणों के कार्यान्वयन के लिए प्रासंगिक मार्गदर्शन प्रदान करना शामिल है। एआई का उपयोग साइबर सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करके थ्रेट हंटिंग और निगरानी के माध्यम से और कारोबार निरंतरता प्रबंधन के लिए क्लाउड-आधारित उपकरणों के माध्यम से केंद्रीय बैंकों की परिचालनात्मक समुत्थानशीलता में सुधार करने में भी योगदान दे सकता है।

एआई की पूर्व सूचना देने की क्षमताएं केंद्रीय बैंकों के लिए अपेक्षाकृत नए क्षेत्रों जैसे कि व्यापक वित्तीय प्रणाली में उभरते जोखिमों की पहचान, तृतीय पक्षकार के जोखिम मूल्यांकन और जलवायु तथा प्राकृतिक आपदा जोखिम मूल्यांकन में जोखिमों के आकलन को भी मजबूत कर सकती हैं।

संदर्भ:

1. बर्गट, जोस्ट वैन डेर (2019), 'वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए सामान्य सिद्धांत', डी नेदरलैंडशे बैंक, एम्स्टर्डम।
2. अमेरिकी वाणिज्य विभाग (2023), 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क', नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड एंड टेक्नोलॉजी (एनआईएसटी), वाशिंगटन डी.सी.

जोखिम प्रबंधन नीति की आउटसोर्सिंग

XI.51 रिज़र्व बैंक में उद्यम-व्यापी आउटसोर्सिंग जोखिम प्रबंधन नीति लागू की हुई है, जो आउटसोर्सिंग जोखिमों के प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान करती है और इसमें वेंडर/सेवा प्रदाता से संबंधित जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया जाता है जैसे आउटसोर्स किए गए कार्यकलापों से जोखिम मूल्यांकन, समुचित सावधानी और चयन, आउटसोर्सिंग करार, आंकड़ों की गोपनीयता और सुरक्षा, आउटसोर्स गतिविधियों की चालू निगरानी और नियंत्रण, कार्यनिष्पादन मानक और उप-अनुबंध।

वर्ष 2024-25 के लिए कार्यसूची

XI.52 वर्ष 2024-25 के लिए, विभाग के लिए निम्नलिखित लक्ष्य प्रस्तावित किए गए हैं:

- सभी कारोबारी क्षेत्रों की अनुमोदित जोखिम सहनशीलता सीमाओं (आरटीएल) का विश्लेषण किया जाएगा जिससे कि अंतर-सहबद्धता की पहचान की जा सके और विभागों में समान आरटीएल के बाद के सामंजस्य की पहचान की जा सके;
- रिज़र्व बैंक की सूचना सुरक्षा नीति, 2022 में संशोधन किया जाएगा जिससे कि नीति के वर्तमान संस्करण को और परिष्कृत किया जा सके और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके ताकि इसे तेजी से विकसित हो रहे एआई, क्लाउड, एनालिटिक्स और उन्नत एनालिटिक्स को अपनाने के अनुरूप बनाया जा सके;
- बाजार दबाव की ऐतिहासिक अवधि से प्राप्त परिदृश्यों के आधार पर विनिमय दर और ब्याज दर के एक साथ संचलन के संदर्भ में तुलनपत्र का दबाव परीक्षण किया जाएगा, जो भविष्य के दबाव परिदृश्यों द्वारा संवर्धित है;
- ईआरएम (*उत्कर्ष 2.0*) की अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना; और
- रिज़र्व बैंक में उभरते जोखिमों का आकलन (*उत्कर्ष* 2.0)।

5. आंतरिक लेखापरीक्षा/निरीक्षण

XI.53 रिज़र्व बैंक का निरीक्षण विभाग आंतरिक नियंत्रण और अभिशासन प्रक्रियाओं की जांच, मूल्यांकन और रिपोर्टिंग करता है और जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) ढांचे के माध्यम से शीर्ष प्रबंधन और केंद्रीय बोर्ड को जोखिम आश्वासन प्रदान करता है। इस प्रकार, विभाग रिज़र्व बैंक में उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) कार्य के तहत सुरक्षा की तीसरी पंक्ति[3] (अर्थात, जोखिम आश्वासन) के रूप में कार्य करता है और केंद्रीय बोर्ड की लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंधन उप-समिति (एआरएमएस) को रिपोर्ट करता है। विभाग रिज़र्व बैंक में समवर्ती लेखापरीक्षा (सीए) प्रणाली के कामकाज की देखरेख और स्व-मूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए) को नियंत्रित करता है। आरबीआईए, सीए और सीएसएए कार्य लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली (एएमएस) नामक एक स्वचालित प्रणाली के माध्यम से किए जाते हैं। विभाग आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की देखरेख में केंद्रीय बोर्ड के एआरएमएस के सचिवालय के रूप में और कार्यकारी निदेशकों की समिति (ईडीसी) के रूप में भी कार्य करता है। इसके अलावा, पांच क्षेत्रों में स्थित आंचलिक निरीक्षणालय (जेडआई) विभिन्न लेखापरीक्षाओं के अनुपालन की गुणवत्ता सुनिश्चित करके रिज़र्व बैंक में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने में लेखापरीक्षा कार्यालयों (एओ) की सहायता करते हैं और रिज़र्व बैंक के विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों के परिचालनों पर शीर्ष प्रबंधन को स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ जोखिम आश्वासन प्रदान करने के अपने अधिदेश को पूरा करने में विभाग की सहायता करते हैं।

वर्ष 2023-24 के लिए कार्यसूची

XI.54 विभाग ने 2023-24 के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- 2022-23 के दौरान शुरू किए गए उपायों के अनुसार आरबीआईए को अधिक जोखिम केंद्रित बनाना *(उत्कर्ष 2.0) [पैराग्राफ* XI.55];
- जोखिम आश्वासन पर सामग्री के योगदान की दिशा में क्षेत्रीय निरीक्षणालयों के कामकाज का स्थिरीकरण (पैराग्राफ XI.56);
- प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) के लिए डैशबोर्ड और दृश्य विश्लेषण रिपोर्ट का विकास *(उत्कर्ष 2.0) [*पैराग्राफ *XI.57]*;
- लेखापरीक्षा प्रबंधन और जोखिम निगरानी प्रणाली (एएमआरएमएस) में ऑफ-साइट रिपोर्टिंग स्थापित करना (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ XI.58];
- आरबीआईए के उच्च और मध्यम जोखिम पैराग्राफ का सुलभ संदर्भ (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ XI.59];
- अनुपालन लेखापरीक्षा और परियोजना लेखापरीक्षा के लिए विभिन्न मॉड्यूलों का विकास (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ XI.59];
- सांख्यिकीय विश्लेषिकी प्रणाली (एसएएस) - एंटरप्राइज अभिशासन जोखिम और अनुपालन (ईजीआरसी) 6.1 को एसएएस में अपग्रेड करना - 2,000 उपयोगकर्ता लाइसेंस के साथ एएमआरएमएस के लिए अभिशासन और अनुपालन प्रबंधक (जीसीएम) 7.4 मंच, [अनुच्छेद XI.59]; और
- बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के तत्वावधान में केंद्रीय बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षकों के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करना [पैराग्राफ XI.60]।

कार्यान्वयन की स्थिति

XI.55 आरबीआईए को अधिक जोखिम केन्द्रित बनाने के लिए निरीक्षण पूर्व अध्ययनों, स्कोपिंग नोट्स, सहभागिता और ध्यानकेंद्रण क्षेत्रों के दायरे को परिभाषित करने, विषयगत अध्ययन और नमूना परीक्षण सहित विभिन्न उपाय कार्यान्वित किए गए थे।

[3] सुरक्षा की पहली पंक्ति कारोबारी क्षेत्र है जो मुख्य रूप से कार्य क्षेत्र से उत्पन्न जोखिमों की पहचान और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है, जबकि सुरक्षा की दूसरी पंक्ति आरएमडी है जो केंद्रीकृत जोखिम निगरानी का कार्य करता है और सुरक्षा की तीसरी पंक्ति निरीक्षण विभाग है जो निरीक्षण और लेखा परीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से जोखिम आश्वासन की भूमिका निभाता है।

XI.56 क्षेत्रीय निरीक्षणालयों (जेडआई) ने लेखापरीक्षा कार्यालयों (एओ) के अनुपालन का विश्लेषण किया है और अनुपालन में कथित खामियों के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, जेडआई ने लेखापरीक्षा कार्यालयों में देखे गए जोखिमों की मुख्य विशेषताओं के साथ-साथ दस्तावेज तैयार करने के लिए विशिष्ट जानकारी प्रदान की।

XI.57 एमआईएस के लिए डैशबोर्ड और विज़ुअल एनालिटिक्स रिपोर्ट को एएमआरएमएस के उन्नत संस्करण में विकसित किया गया है, जिसे लेखा-परीक्षा प्रबंधन प्रणाली (एएमएस) का नाम दिया गया है, और इसे 21 दिसंबर, 2023 को चालू किया गया।

XI.58 ऑफ-साइट निगरानी मॉड्यूल को एएमआरएमएस में लाइव किया गया था और उन्नयन के पश्चात एएमएस में हस्तांतरित कर दिया गया था।

XI.59 रिज़र्व बैंक के सभी लेखापरीक्षा कार्यालयों में सभी उच्च और मध्यम जोखिम टिप्पणियों (डिजाइन अंतराल टिप्पणियों सहित) की रिपोर्ट एएमएस में उपलब्ध कराई गई है। विभाग द्वारा अनुपालन लेखा परीक्षा और परियोजना लेखापरीक्षा मॉड्यूल का विकास पूरा कर लिया गया है।

XI.60 विभाग ने 26-28 अप्रैल, 2023 के दौरान नई दिल्ली में बीआईएस के तत्वावधान में केंद्रीय बैंकों के आंतरिक लेखापरीक्षक (सीबीआईए) समूह की 35वीं वार्षिक बैठक का आयोजन किया। बीआईएस के आंतरिक ऑडिट (आईए) के अलावा सीबीआईए सचिवालय, यूरोपीय सेंट्रल बैंक, फेडरल रिज़र्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क और एशिया, यूरोप, उत्तर और लैटिन अमेरिका के 13 केंद्रीय बैंकों के आंतरिक लेखा परीक्षा विभागों के प्रमुखों ने बैठक में भाग लिया।

प्रमुख गतिविधियां

XI.61 विभाग ने 1 जनवरी, 2024 को अपना व्यापक आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण मैनुअल जारी किया।

2024-25 के लिए कार्यसूची

XI.62 वर्ष के दौरान, विभाग निम्नलिखित लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा:

- लेखापरीक्षा प्राप्तकर्ता इकाइयों द्वारा किए गए "मूल" और "महत्वपूर्ण" परिचालनों के आधार पर मौजूदा आरबीआईए की फाइन ट्यूनिंग और प्रक्रिया को अधिक जोखिम केंद्रित बनाना;
- आंचलिक निरीक्षणालयों के कामकाज की समीक्षा जिससे कि रिज़र्व बैंक में आंतरिक नियंत्रण तंत्र को मजबूत करने में उनकी प्रभावकारिता का अध्ययन किया जा सके;
- नियंत्रण स्व-मूल्यांकन लेखा परीक्षा की प्रभावकारिता और दक्षता पर विषयगत अध्ययन करना; और

6. कॉरपोरेट कार्यनीति और बजट प्रबंधन

X.63 सीएसबीडी रिज़र्व बैंक की मध्यावधि कार्यनीति रूपरेखा (*उत्कर्ष*) का समन्वय और निर्माण करता है, इसका वार्षिक व्यय बजट तैयार करता है और बजटीय अनुशासन सुनिश्चित करने की दृष्टि से इसकी निगरानी करता है। विभाग अपने महत्वपूर्ण परिचालनों के लिए रिज़र्व बैंक की कारोबार निरंतरता योजना तैयार करता है और निष्पादित भी करता है और रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तपोषित बाहरी संस्थानों के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करता है। यह विभिन्न सेवानिवृत्ति निधियों और कर्मचारी कल्याण निधियों का भी रखरखाव करता है।

वर्ष 2023-24 के लिए कार्यसूची

XI.64 वर्ष 2023-24 के लिए, विभाग ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- भारतीय रिज़र्व बैंक व्यय नियमों का संशोधन (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ XI.65];
- रिज़र्व बैंक की कारोबारी इकाइयों के लिए कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) निष्पादन मूल्यांकन टेम्पलेट तैयार करना (पैराग्राफ XI.65); और
- भारतीय रिज़र्व बैंक कर्मचारी भविष्य निधि (आरबीआई ईपीएफ) विनियम, 1935 की समीक्षा (पैराग्राफ XI.65)।

कार्यान्वयन की स्थिति

XI.65 रिज़र्व बैंक की व्यय नियमावली, 2018 की समीक्षा की गई और संशोधित व्यय नियमावली, 2023 को 1 अक्टूबर, 2023 से लागू किया गया। बीसीएम उपायों की प्रभावशीलता निर्धारित करने के लिए, 2023-24 से एक बीसीएम कार्यनिष्पादन मूल्यांकन (पीई) टेम्पलेट लागू किया गया था। भारतीय रिज़र्व बैंक कर्मचारी भविष्य निधि (आरबीआई ईपीएफ) विनियम, 1935 की व्यापक समीक्षा इस उद्देश्य के लिए गठित एक आंतरिक कार्य समूह द्वारा की गई थी।

प्रमुख गतिविधियां

XI.66 रिज़र्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की कार्यनीति उप-समिति (एस-एससी) की छठी बैठक 31 अगस्त, 2023 को *उत्कर्ष* 2.0 के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा के लिये आयोजित की गई थी। 31 मार्च तक पूर्ण किए जाने वाले कुल 93 महत्वपूर्ण लक्ष्यों (माईलस्टोन) में से 68 (73 प्रतिशत) पूर्ण किए जा चुके हैं, 7 महत्वपूर्ण लक्ष्य (8 प्रतिशत) पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं और 18 महत्वपूर्ण लक्ष्यों (19 प्रतिशत) के लिए निर्धारित तिथियों को बढ़ाया गया है जो लक्ष्य 31 मार्च, 2024 तक पूर्ण करने के लिए देय नहीं थे।

XI.67 वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग समाधान में सामान्य खाता बही खातों की व्यापक समीक्षा की गई। बज़ट इकाइयों द्वारा व्यय के सही शीर्षों के तहत उचित लेखांकन सुनिश्चित करने के लिए अप्रयुक्त खातों को निष्क्रिय/बंद कर दिया गया था।

XI.68 विभाग ने रिज़र्व बैंक में महत्वपूर्ण प्रणालियों और व्यावसायिक प्रक्रियाओं के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने में वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा। आईएसओ 22301: 2019 मानकों के लिए बीसीएम नीति की समीक्षा करके और व्यावसायिक इकाइयों की समय संवेदनशील महत्वपूर्ण गतिविधियों (टीएससीए) को अद्यतन करके कारोबार निरंतरता ढांचे को मजबूत किया गया था।

XI.69 कॉरपोरेट कार्यनीति के हिस्से के रूप में और उत्तर पूर्वी राज्यों के सामान्य आर्थिक विकास का ध्यान रखने के लिए और वित्तीय समावेशन को गहन बनाने के लिए, रिज़र्व बैंक के उप-कार्यालय जून 2023 और अक्टूबर 2023 में क्रमशः कोहिमा (नागालैंड) और ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में खोले गए थे। इसके साथ, रिज़र्व बैंक ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।

XI.70 वर्ष के दौरान, विभाग ने सभी चार बाह्य वित्त पोषित संस्थानों (ईएफआई) अर्थात, सीएएफआरएएल, आईजीआईडीआर, आईआईबीएम और एनआईबीएम के बोर्डों की सभी उप-समितियों की समीक्षा की गई। विभाग ने अपने नियंत्रण बोर्डों और उप-समितियों की बैठकों के माध्यम से ईएफआई के अभिशासन को मजबूत किया, जिसमें रिक्तियों को समय पर भरना और उनकी समीक्षा समितियों की सिफारिशों को लागू करना शामिल है। अनुसंधान और प्रशिक्षण, वित्तीय और अभिशासन से संबंधित ईएफआई में प्रमुख घटनाक्रमों, उपलब्धियों और मुद्दों की तिमाही आधार पर निगरानी के लिए एक तंत्र स्थापित किया गया था।

XI.71 रिज़र्व बैंक के कर्मचारियों के लिए विभिन्न स्थानों पर और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में कार्यनीति, कारोबार निरंतरता और बजट दिशानिर्देशों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वर्ष 2024-25 के लिए कार्यसूची

XI.72 वर्ष के लिए विभाग की कार्यसूची में निम्नलिखित शामिल हैं:

- रिज़र्व बैंक की समय-संवेदनशील महत्वपूर्ण गतिविधियों (टीएससीए) की त्रिवार्षिक समीक्षा (*उत्कर्ष* 2.0);
- रिज़र्व बैंक की बीसीएम प्रणालियों की समीक्षा;
- *उत्कर्ष 2.0* की मध्यावधि समीक्षा;
- बज़ट रेटिंग ढांचे की समीक्षा; और
- बज़ट इकाइयों के बज़ट प्रबंधन की समीक्षा।

7. राजभाषा

XI.73 राजभाषा विभाग रिज़र्व बैंक में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करता है। विभाग ने व्यापक कार्य योजना तैयार करके और प्रभावी निगरानी प्रणाली स्थापित करके रिज़र्व बैंक में हिंदी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित किया जिससे कि राजभाषा अधिनियम, 1963; राजभाषा नियम, 1976 के प्रावधानों; भारत के राष्ट्रपति के आदेश और भारत सरकार (जीओआई) और राजभाषा पर संसद की समिति के अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। विभाग ने हिंदी प्रशिक्षण, व्याख्यान और वेबिनार आयोजित करके और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से हिंदी के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए ठोस प्रयास किए। इसने हिंदी के उपयोग के लिए अनुकूल वातावरण बनाने का भी प्रयास किया। वर्ष के दौरान, राजभाषा नीति की आवश्यकताओं और वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूरा करने के अलावा, विभाग ने रिज़र्व बैंक के प्रकाशनों और इसकी वेबसाइट के द्विभाषीकरण की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखा और अपने प्रकाशनों अर्थात 'कृति-अनुकृति' और 'बैंकिंग चिंतन-अनुचिंतन' के माध्यम से हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित किया।

वर्ष 2023-24 की कार्यसूची

XI.74 विभाग ने वर्ष के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- दिसंबर 2023 तक 'बैंकिंग ग्लोसरी (बैंकिंग शब्दावली)' के एक नए संस्करण का प्रकाशन (*उत्कर्ष* 2.0) [पैराग्राफ XI.75]।

कार्यान्वयन की स्थिति

XI.75 'बैंकिंग शब्दावली' (बैंकिंग ग्लोसरी) का नया संस्करण 3 फरवरी, 2024 को आरबीएससी, चेन्नै में आयोजित राजभाषा सम्मेलन के दौरान जारी किया गया।

प्रमुख गतिविधियाँ

रिज़र्व बैंक में माननीय संसदीय राजभाषा समिति के दौरे

XI.76 राजभाषा संबंधी माननीय संसदीय समिति की तीसरी उप-समिति ने वर्ष के दौरान शिमला, रायपुर, लखनऊ, कानपुर, पटना, रांची, जयपुर, नई दिल्ली, अहमदाबाद और पणजी कार्यालयों का निरीक्षण किया।

XI.77 राजभाषा अधिकारियों के लिए वार्षिक राजभाषा सम्मेलन 3-4 फरवरी, 2024 के दौरान आरबीएससी, चेन्नै में आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान, हिंदी भाषा और राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित समकालीन और महत्वपूर्ण विषयों पर आलेख प्रस्तुत किए गए और एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई।

प्रशिक्षण

XI.78 वर्ष के दौरान, 311 नए कर्मचारियों ने हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, भारत सरकार (जीओआई) द्वारा आयोजित पारंगत परीक्षा उत्तीर्ण की। रिज़र्व बैंक स्टाफ के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 20 नवंबर, 2023 को निजी सचिवों के लिए एक हिंदी कार्यशाला, 4-5 दिसंबर, 2023 के दौरान राजभाषा अधिकारियों के लिए संसदीय समिति के निरीक्षणों पर प्रशिक्षण और 15-17 जनवरी, 2024 के दौरान राजभाषा अधिकारियों के लिए एक संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है।

प्रकाशन

XI.79 कर्मचारियों के लिए हिंदी में रचनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, एक अर्धवार्षिक ई-पत्रिका '*कृति-अनुकृति*' प्रकाशित की गई, जिसने राजभाषा नीति और इसके विभिन्न वैधानिक पहलुओं के आधार पर विभिन्न गतिविधियों को व्यापक कवरेज दिया, और केंद्रीय कार्यालय विभागों (सीओडी) और क्षेत्रीय कार्यालयों में अन्य प्रचार कार्यक्रम

आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान हिंदी पत्रिका *'बैंकिंग चिंतन-अनुचिंतन'* का नया संस्करण भी प्रकाशित किया गया था, जिसमें बैंकिंग और वित्त के वर्तमान विषयों पर लेख शामिल थे। हिंदी में रचनात्मक लेखन को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिकाओं का मूल्यांकन किया गया और 22 नवंबर, 2023 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में ए, बी और सी क्षेत्रों में विजेता क्षेत्रीय कार्यालयों को पुरस्कार दिए गए।

वार्षिक कार्य योजना

XI.80 राजभाषा विभाग, भारत सरकार सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है जिसमें राजभाषा नीति से संबंधित सांविधिक प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हिंदी उपयोग के विभिन्न क्षेत्रों के लिए विभिन्न लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित सभी निर्देशों और कार्यान्वयन लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, राजभाषा विभाग द्वारा एक विस्तृत 'वार्षिक कार्य योजना 2023-24' तैयार की गई। नीति के कार्यान्वयन के सभी क्षेत्रों को कवर करने वाली यह लक्ष्योन्मुखी व्यापक कार्य योजना 28 अप्रैल, 2023 को प्रकाशित की गई थी और सभी क्षेत्रीय कार्यालयों/केंद्रीय कार्यालय विभागों को परिचालित की गई थी।

वर्ष 2024-25 की कार्यसूची

XI.81 वर्ष के दौरान, विभाग निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहा है:

- अपना संपूर्ण कार्य हिंदी में करने के लिए निर्दिष्ट अनुभागों की संख्या में दिसंबर 2024 तक 120 अनुभागों को जोड़ना (*उत्कर्ष* 2.0);
- 'परांगत' पाठ्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदान करके हिंदी में कुशल स्टाफ सदस्यों की संख्या में वृद्धि करना;
- राजभाषा पर माननीय संसद समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर क्षेत्रीय निदेशकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करना;
- आरबीएससी, चेन्नै और सीएबी, पुणे के संकाय के सदस्यों को हिंदी प्रशिक्षण प्रदान करना;
- RBI@90 समारोह के हिस्से के रूप में अधिक जागरूकता उत्पन्न करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों और केंद्रीय कार्यालय विभागों के स्तर पर अधिकारियों के लिए आर्थिक, बैंकिंग और वित्तीय विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित करना;
- नए भर्ती किए गए स्टाफ सदस्यों को हिंदी का अनिवार्य कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना;
- राजभाषा अधिकारियों के लिए विभिन्न राजभाषा निरीक्षणों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना; और
- राजभाषा अधिकारियों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित करना।

8. परिसर विभाग

XI.82 परिसर विभाग का दृष्टिकोण उच्चतम स्तर की स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए रिज़र्व बैंक के परिसर में ग्रीन रेटिंग के साथ वास्तुशिल्प उत्कृष्टता और सौंदर्य अपील को एकीकृत करके 'श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ' और पर्यावरण के अनुकूल भौतिक अवसंरचना प्रदान करना है।

वर्ष 2023-24 के लिए कार्यसूची

XI.83 पिछले वर्ष, विभाग ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए थे:

- *उत्कर्ष* 2.0 (पैराग्राफ XI.84) के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना;
- देहरादून कार्यालय और रायपुर कार्यालय परियोजनाओं का निर्माण पूरा करना (पैराग्राफ XI.85);
- कार्यालय/आवासीय स्थान का अधिग्रहण संबंधी कार्य पूरा करना (पैराग्राफ XI.85);

- 25वीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय भवन का नवीनीकरण संबंधी कार्य पूरा करना (पैराग्राफ XI.86);
- विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में वर्तमान में नियोजन चरण में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं को आगे बढ़ाना(पैराग्राफ XI.86);
- परिसर विभाग के मैनुअल (पैराग्राफ XI.87) के संशोधित संस्करण का प्रकाशन करना।

कार्यान्वयन की स्थिति

XI.84 विभाग ने *उत्कर्ष* 2.0 *के तहत निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त किया है*: (i) दिसंबर 2025 तक कम से कम 9 कार्यालय भवनों और 16 आवासीय भवनों के लिए आईजीबीसी/जीआरआईएचए[4] से प्रासंगिक ग्रीन रेटिंग प्राप्त करने के लक्ष्य की तुलना में, आईजीबीसी से 5 कार्यालय भवनों और 6 आवासीय भवनों (दिसंबर 2023 के अंत तक) के लिए ग्रीन रेटिंग प्राप्त हुई है; (ii) दिसंबर 2023 (आधार वर्ष जून 2018) को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्धारित खपत के 6.5 प्रतिशत पर नवीकरणीय स्रोतों से बिजली की खपत प्राप्त करने के लक्ष्य की तुलना में, सभी कार्यालय परिसरों में 7.5 प्रतिशत हासिल किया गया है; और (iii) रिज़र्व बैंक ने दिसंबर 2023 (आधार वर्ष जून 2018) को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्धारित 5.5 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 13.9 प्रतिशत की ऊर्जा बचत हासिल की है।

XI.85 देहरादून में रिज़र्व बैंक के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन 25 अक्टूबर, 2023 को किया गया। रायपुर कार्यालय भवन के संबंध में, कार्य वर्ष 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। मुंबई में कुल अतिरिक्त कार्यालय स्थान की आवश्यकता का आकलन किया गया था। मझगांव (मुंबई) और कर्का गांव (गोवा) में आवासीय स्थान का अधिग्रहण किया गया है।

XI.86 केंद्रीय कार्यालय भवन की 25वीं मंजिल का नवीनीकरण पूरा हो चुका है और नवीकृत तल का उद्घाटन 28 जून, 2023 को गवर्नर, रिज़र्व बैंक द्वारा किया गया था और विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों और खारघर में जेडटीसी-सह-आवासीय क्वार्टरों में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में प्रगति हो रही है।

XI.87 परिसर विभाग (पीडी) के मैनुअल के संशोधित संस्करण के प्रकाशन के लक्ष्य के संबंध में, काम पूरा हो चुका है और संशोधित पीडी मैनुअल (2024 संस्करण) को उद्यम ज्ञान पोर्टल (ईकेपी) पर अपलोड किया गया है।

प्रमुख गतिविधियां

XI.88 रिज़र्व बैंक विभिन्न कार्यालयों और आवासीय कॉलोनियों में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। मार्च 2024 के अंत तक, 28 कार्यालय परिसरों और 58 आवासीय परिसरों में 4,028 kWp (किलोवाट पीक) पर सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र थे।

XI.89 ग्रीन[5] डेटा प्लेटफॉर्म, जिसे *उत्कर्ष* 2.0 के तहत विभाग के लक्ष्यों का आकलन करने के लिए डेटा के समेकन और विश्लेषण के उद्देश्य से पिछले वर्ष पूरी तरह से चालू किया गया था, को कई नए कार्यात्मक मॉड्यूल जोड़कर और मजबूत किया गया है।

अन्य पहल

XI. 90 विभाग विभिन्न कार्यात्मक पहलुओं पर लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से रिज़र्व बैंक के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित संपदा विभागों के अधिकारियों के कौशल संवर्धन को प्राथमिकता दे रहा है, इसमें निर्धारित आस्ति पॉलिसी, एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ई-टेंडरिंग, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से खरीद, आस्तियों का केंद्रीकृत बीमा, उद्यम परियोजना प्रबंधन सॉफ्टवेयर[6] के सुचारू कार्यान्वयन के लिए परिचय और वॉकथ्रू प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कवर किया गया। विभाग समय-समय पर वेंडरों

[4] इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी)/ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (जीआरआईएचए)।

[5] ऊर्जा दक्षता/संरक्षण में सुधार लाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त *उत्कर्ष* डेटा और अन्य हरित पहलों और ऊर्जा/जल लेखा परीक्षा पर जानकारी के समेकन और विश्लेषण के लिए आरईबीआईटी के परामर्श से जीआरईईएन (नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन, ऊर्जा संरक्षण और *नीर* संरक्षण) नामक एक वेब-आधारित प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है।

[6] सॉफ्टवेयर जो परियोजनाओं की निगरानी और कुशलता से प्रबंधन में मदद करता है।

के कार्यनिष्पादन मानकों की समीक्षा करता है ताकि उन्हें सुदृढ़ किया जा सके।

XI.91 विभाग अपनी खरीद नीति और अधिशेष संपत्ति की निपटान नीति को अद्यतन करने के अंतिम चरण में है। प्रक्रिया 2024 में पूरी होने की उम्मीद है।

वर्ष 2024-25 के लिए कार्यसूची

XI.92 वर्ष 2024-25 के लिए, विभाग ने निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए हैं:

- दिसंबर 2024 के लिए *उत्कर्ष 2.0* के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करना;
- रायपुर कार्यालय परियोजना का निर्माण पूरा करना;
- विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में वर्तमान में योजना चरण में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं को आगे बढ़ाना; और
- मुंबई में आवासीय स्थान का अधिग्रहण पूरा करना.

9. निष्कर्ष

XI.93 रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2023-24 के दौरान अभिशासन, मानव संसाधन, आंतरिक लेखा परीक्षा और रिज़र्व बैंक की कॉरपोरेट कार्यनीति के क्षेत्रों में विभिन्न पहल कीं और साथ ही अपने जोखिम प्रबंधन कार्यों को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ संरेखित करने के उपाय किए। अपने मानव संसाधनों की आंतरिक क्षमताओं के उन्नयन, संवर्धन और विविधता के उपायों के अलावा, रिज़र्व बैंक ने उच्च कार्यनिष्पादन करने वाली टीमों के निर्माण के लिए वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता कार्यशालाओं जैसी नई पहलों का भी पता लगाया। विभागों ने वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष अपने कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया है और रिज़र्व बैंक की मध्यावधि कार्यनीति ढांचे (*उत्कर्ष* 2.0) के अनुरूप 2024-25 के लिए कार्यसूची भी निर्धारित की है।

सारणी XI.1: 1 अप्रैल 2023 - 31 मार्च 2024 के दौरान केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में उपस्थिति

सदस्य का नाम	आरबीआई अधिनियम, 1934 के तहत नियुक्त/नामित	आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया गया
1	2	3	4
शक्तिकान्त दास	8(1)(ए)	6	6
महेश कुमार जैन*	8(1)(ए)	1	1
माइकल देवब्रत पात्र	8(1)(ए)	6	6
एम. राजेश्वर राव	8(1)(ए)	6	6
टी. रबी शंकर	8(1)(ए)	6	6
स्वामीनाथन जे.#	8(1)(ए)	5	5
रेवती अय्यर	8(1)(बी)	6	6
सचिन चतुर्वेदी	8(1)(बी)	6	5
सतीश काशीनाथ मराठे	8(1)(सी)	6	4
स्वामीनाथन गुरुमूर्ति	8(1)(सी)	6	2
आनंद गोपाल महिंद्रा	8(1)(सी)	6	3
वेणु श्रीनिवासन	8(1)(सी)	6	2
पंकज रमणभाई पटेल	8(1)(सी)	6	4
रवीन्द्र एच. ढोलकिया	8(1)(सी)	6	6
अजय सेठ	8(1)(सी)	6	5
विवेक जोशी	8(1)(सी)	6	3

*: 21 जून 2023 तक उप गवर्नर।   #: 26 जून 2023 से उप गवर्नर।

सारणी XI.2: 1 अप्रैल, 2023 - 31 मार्च, 2024 के दौरान केंद्रीय बोर्ड की समितियों की बैठक में उपस्थिति

सदस्य का नाम	आरबीआई अधिनियम, 1934 के तहत नियुक्त/नामित	आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया
1	2	3	4
I. केंद्रीय बोर्ड की समिति (सीसीबी)			
शक्तिकान्त दास	8(1)(ए)	46	39
महेश कुमार जैन*	8(1)(ए)	11	8
माइकल देवब्रत पात्र	8(1)(ए)	46	39
एम. राजेश्वर राव	8(1)(ए)	46	39
टी. रबी शंकर	8(1)(ए)	46	43
स्वामीनाथन जे.#	8(1)(ए)	35	31
रेवती अय्यर	8(1)(बी)	15	15
सचिन चतुर्वेदी	8(1)(बी)	14	8
सतीश काशीनाथ मराठे	8(1)(सी)	37	37
स्वामीनाथन गुरुमूर्ति	8(1)(सी)	13	2
आनंद गोपाल महिंद्रा	8(1)(सी)	16	16
वेणु श्रीनिवासन	8(1)(सी)	12	6
पंकज रमणभाई पटेल	8(1)(सी)	21	21
रवीन्द्र एच. ढोलकिया	8(1)(सी)	41	41
अजय सेठ	8(1)(डी)	2	2

*: 21 जून, 2023 तक उप गवर्नर। #: 26 जून, 2023 से उप गवर्नर।

II. वित्तीय पर्यवेक्षण बोर्ड (बीएफएस)			
शक्तिकान्त दास	अध्यक्ष	15	15
महेश कुमार जैन*	उपाध्यक्ष	3	2
स्वामीनाथन जे.#	उपाध्यक्ष	12	12
माइकल देवब्रत पात्र	सदस्य	15	10
एम. राजेश्वर राव	सदस्य	15	12
टी. रबी शंकर	सदस्य	15	12
सतीश काशीनाथ मराठे	सदस्य	15	10
सचिन चतुर्वेदी	सदस्य	15	11
रवीन्द्र एच. ढोलकिया	सदस्य	15	11
रेवती अय्यर@	सदस्य	4	3

*: 21 जून, 2023 तक उप गवर्नर।
#: 26 जून 2023 से उप गवर्नर और 23 अगस्त 2023 से उपाध्यक्ष के रूप में नामित।
@: 1 जनवरी 2024 से बीएफएस के सदस्य के रूप में नामित।

III. भुगतान और निपटान प्रणाली के विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए बोर्ड (बीपीएसएस)			
शक्तिकान्त दास	अध्यक्ष	1	1
टी. रबी शंकर	उपाध्यक्ष	1	1
महेश कुमार जैन*	सदस्य	Nil	Nil
माइकल देवब्रत पात्र	सदस्य	1	1
एम. राजेश्वर राव	सदस्य	1	1
स्वामीनाथन जे.#	सदस्य	1	1
सचिन चतुर्वेदी	सदस्य	1	1
वेणु श्रीनिवासन$	सदस्य	1	1
रवीन्द्र एच. ढोलकिया@	सदस्य	1	1

*: 21 जून, 2023 तक उप गवर्नर। #: 26 जून 2023 से उप गवर्नर।
@: 1 जनवरी 2024 से बीबीएसएस के सदस्य के रूप में नामित। $:1 मार्च 2024 तक सदस्य

सारणी XI.3: 1 अप्रैल, 2023 – 31 मार्च, 2024 के दौरान बोर्ड की उप-समितियों की बैठक में उपस्थिति

सदस्य का नाम	आरबीआई अधिनियम, 1934 के तहत नियुक्त/नामित	आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया
1	2	3	4
I. लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंधन उप-समिति (एआरएमएस)			
रेवती अय्यर	अध्यक्ष	7	7
वेणु श्रीनिवासन	सदस्य	7	2
पंकज रमणभाई पटेल	सदस्य	7	4
सचिन चतुर्वेदी @	सदस्य	1	1
एम. राजेश्वर राव*	सदस्य	2	2
स्वामीनाथन जे.#	सदस्य	5	5

*: 25 जून 2023 तक सदस्य। #: 26 जून 2023 से एआरएमएस के सदस्य।
@: 1 जनवरी 2024 से एआरएमएस के सदस्य के रूप में नामित।

II. भवन उप-समिति (बीएससी)			
पंकज रमणभाई पटेल	अध्यक्ष	2	2
आनंद गोपाल महिंद्रा	सदस्य	2	2

III. मानव संसाधन प्रबंधन उप-समिति (एचआरएम-एससी)			
आनंद गोपाल महिंद्रा	अध्यक्ष	2	2
पंकज रमणभाई पटेल	सदस्य	2	2

IV. सूचना प्रौद्योगिकी उप-समिति (आईटी-एससी)			
सचिन चतुर्वेदी	अध्यक्ष	3	3
वेणु श्रीनिवासन@	सदस्य	3	Nil

@: 21 फरवरी 2024 तक सदस्य

V. कार्यनीति उप-समिति (एस-एससी)			
रेवती अय्यर	अध्यक्ष	1	1
आनंद गोपाल महिंद्रा	सदस्य	1	1
माइकल देवब्रत पात्र	सदस्य	1	1
वेणु श्रीनिवासन@	सदस्य	Nil	Nil

@: 1 जनवरी 2024 से एस-एससी के सदस्य के रूप में नामित।

सारणी XI.4: 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के दौरान स्थानीय बोर्ड/बोर्डों के बदले केंद्रीय निदेशक मंडल की स्थायी समिति की बैठक में उपस्थिति*		
सदस्य का नाम	आयोजित बैठकों की संख्या	बैठकों की संख्या जिसमें भाग लिया
1	2	3
रेवती अय्यर, अध्यक्ष	8	8
सतीश काशीनाथ मराठे, सदस्य	8	8

***:** केंद्रीय बोर्ड की स्थायी समिति उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र के स्थानीय बोर्डों के बदले कार्य कर रही है।

नोट: उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र के लिए दो-दो बैठकें आयोजित की गईं।

XII वर्ष 2023-24 के लिए रिज़र्व बैंक का लेखा

31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए रिज़र्व बैंक के तुलन-पत्र का आकार 11.08 प्रतिशत बढ़ा है। इस वर्ष आय में 17.04 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि व्यय में 56.30 प्रतिशत की कमी आई। वर्ष की समाप्ति पर कुल अधिशेष ₹2,10,873.99 करोड़ रुपये था, जो पिछले वर्ष ₹87,416.22 करोड़ रुपये था, जिसके परिणामस्वरूप इसमें 141.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

XII.1 रिज़र्व बैंक का तुलन-पत्र, मुद्रा निर्गम के साथ-साथ मौद्रिक नीति और आरक्षित निधि प्रबंधन उद्देश्यों सहित इसके विभिन्न कार्यों के अनुसरण में की गई गतिविधियों को दर्शाता है।

XII.2 वर्ष 2023-24 के दौरान, रिज़र्व बैंक के परिचालनों के मुख्य वित्तीय परिणाम निम्नलिखित अनुच्छेदों (पैराग्राफों) में प्रस्तुत किए गए हैं।

XII.3 तुलन-पत्र के आकार में ₹7,02,946.97 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, अर्थात इसका आकार 31 मार्च 2023 के ₹63,44,756.24 करोड़ रुपये से 11.08 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹70,47,703.21 करोड़ रुपये हो गया। विदेशी निवेश, स्वर्ण, और ऋण तथा अग्रिम में क्रमश: 13.90 प्रतिशत, 18.26 प्रतिशत और 30.05 प्रतिशत की वृद्धि के कारण आस्ति पक्ष में वृद्धि हुई। देयता पक्ष में जारी किए गए नोटों, जमाराशियों और अन्य देनदारियों में क्रमश: 3.88 प्रतिशत, 27.00 प्रतिशत और 92.57 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 मार्च 2024 तक कुल आस्तियों में घरेलू आस्तियों की हिस्सेदारी 23.31 प्रतिशत थी, जबकि विदेशी मुद्रा आस्तियों और स्वर्ण (जमा स्वर्ण और भारत में रखा स्वर्ण मिलाकर) भारत के बाहर के वित्तीय संस्थानों को ऋण और अग्रिम मिलाकर कुल हिस्सेदारी 76.69 प्रतिशत थी, जो 31 मार्च 2023 को क्रमशः 26.08 प्रतिशत और 73.92 प्रतिशत थी।

XII.4 ₹42,819.91 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया और उसे आकस्मिकता निधि (सीएफ) में अंतरित किया गया। आस्ति विकास निधि (एडीएफ) के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। आय, व्यय, निवल आय और केन्द्र सरकार को अंतरित अधिशेष के संबंध में प्रवृत्ति विवरण सारणी XII.1 में दिया गया है।

XII.5 वर्ष 2023-24 के लिए स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, तुलन-पत्र और आय विवरण; अनुसूचियों, महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों की विवरणी और लेखा संबंधी अनुपूरक टिप्पणियों सहित नीचे प्रस्तुत है:

सारणी XII.1 : आय, व्यय, निवल आय और केंद्र सरकार को अंतरित अधिशेष की प्रवृत्ति

(राशि ₹ करोड़ में)

मद	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	2	3	4	5	6
ए) आय	1,49,672.46	1,33,272.75	1,60,112.13	2,35,457.26	2,75,572.32
बी) कुल व्यय[1]	92,540.93[2]	34,146.75[3]	1,29,800.68[4]	1,48,037.04[5]	64,694.33[6]
सी) निवल आय (ए-बी)	57,131.53	99,126.00	30,311.45	87,420.22	2,10,877.99
डी) निधियों को अंतरण[7]	4.00	4.00	4.00	4.00	4.00
ई) केंद्र सरकार को अंतरित अधिशेष (सी-डी)	57,127.53	99,122.00	30,307.45	87,416.22	2,10,873.99

टिप्पणी: 1. इसमें सीएफ और एडीएफ के लिए किया गया प्रावधान शामिल है।
2. सीएफ को हस्तांतरण के लिए ₹73,615 करोड़ का प्रावधान शामिल है।
3. सीएफ को हस्तांतरण के लिए ₹20,710.12 करोड़ का प्रावधान शामिल है।
4. सीएफ और एडीएफ में स्थानांतरण के लिए क्रमशः ₹1,14,567.01 करोड़ और ₹100 करोड़ के प्रावधान शामिल है।
5. सीएफ को हस्तांतरण के लिए ₹1,30,875.75 करोड़ का प्रावधान शामिल है।
6. सीएफ को हस्तांतरण के लिए ₹42,819.91 करोड़ का प्रावधान शामिल है।
7. पांच वर्ष के दौरान प्रत्येक वर्ष में हरेक को ₹1 करोड़ की राशि राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि, राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि, राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि और राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि, में अंतरित की गई।

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
भारत के राष्ट्रपति

भारतीय रिज़र्व बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट

अभिमत

हम, भारतीय रिज़र्व बैंक (जिसे आगे "बैंक" कहा गया है) के अधोहस्ताक्षरी लेखा परीक्षक, इसके द्वारा केंद्र सरकार को, 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, बैंक के तुलन-पत्र और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय विवरण (इसके बाद "वित्तीय विवरण" कहा गया है), जो कि हमारे द्वारा लेखा-परीक्षित है, पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

हमारे अभिमत और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और जैसा कि बैंक के लेखा बहियों से स्पष्ट है, अनुसूचियों और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के साथ पठित, यह तुलन पत्र पूर्ण और निष्पक्ष तुलन पत्र है, जिसमें सभी आवश्यक विवरण शामिल हैं; और यह भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 ("आरबीआई अधिनियम, 1934") के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए विनियमों की अपेक्षाओं के अनुसार उचित रूप से तैयार किया गया है, ताकि 31 मार्च 2024 तक बैंक के कार्य और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए उसके परिचालन के परिणाम की सच्ची और वास्तविक स्थिति प्रदर्शित की जा सके।

अभिमत का आधार

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों ("एसए") के अनुसार हमने यह लेखा परीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारे दायित्वों को हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण खंड में उल्लिखित लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक के दायित्व विषय के तहत विस्तृत रूप में दिए गए हैं। लेखा परीक्षा की नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार हम बैंक से निरपेक्ष हैं, जो हमारे द्वारा की गई वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हेतु प्रासंगिक हैं तथा हमने इन अपेक्षाओं के अनुसरण में अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को भी निभाया है। हमें विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय विवरणों के संबंध में हमारे अभिमत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय विवरण और उसके साथ संलग्न लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

अन्य सूचनाओं की ज़िम्मेदारी बैंक प्रबंधन की है। अन्य सूचनाओं में लेखांकन की टिप्पणियों को शामिल किया गया है, परंतु इसमें वित्तीय विवरण और हमारी रिपोर्ट शामिल नहीं है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारियों को शामिल नहीं करती है और हम किसी भी रूप में किसी निष्कर्ष का आश्वासन नहीं देते हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी यही है कि हम अन्य जानकारी को पढ़ें और इस प्रक्रिया में यह देखें कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों अथवा लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारी सूचनाओं के साथ तात्विक रूप से असंगत है अथवा अन्यथा तात्विक रूप से गलत उल्लिखित प्रतीत होती हैं। हमने जो कार्य किया है, उसके आधार पर यदि हमारा निष्कर्ष है कि यह अन्य जानकारी तात्विक रूप से गलत उल्लिखित है, तो उस तथ्य को यहाँ रिपोर्ट करना हमारे लिए आवश्यक है।

हमें इस संबंध में रिपोर्ट करने लायक कुछ भी नहीं मिला है।

प्रबंधन और वित्तीय विवरणों के लिए अभिशासन प्रभार वहन करने वालों के दायित्व

बैंक के प्रबंध-तंत्र तथा इन विवरणों का अभिशासन करने वालों का यह उत्तरदायित्व है कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों की अपेक्षाओं तथा उसके अंतर्गत बनायी गयी विनियमावली और बैंक द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीतियों और प्रथाओं के अनुसार बैंक के कार्यों की और बैंक के कार्य परिणामों की सच्ची और सही स्थिति प्रस्तुत करने वाले वित्तीय विवरण तैयार करें। इस जिम्मेदारी में निम्नलिखित भी शामिल हैं: पर्याप्त लेखा परीक्षा अभिलेखों का रखरखाव और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकना और उनका पता लगाना; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; ऐसे निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हों और वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव जो सच्चा व सही अभिमत दें और गंभीर विवरणात्मक भूल से मुक्त हों, चाहे वह धोखाधड़ी के इरादे से या त्रुटि के कारण हो।

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार, बैंक का परिसमापन केंद्र सरकार द्वारा आदेश से और निदेशित किसी अन्य तरीके से किया जा सकता है। इसके अलावा, बैंक के वित्तीय विवरण तैयार करने का मौलिक आधार जहां आरबीआई अधिनियम, 1934 और उसके तहत बनाए गए विनियमों के प्रावधानों पर आधारित है, वहीं प्रबंधन ने लेखांकन नीतियों और प्रथाओं को अपनाया है जो एक कार्यशील संस्था के रूप में इसकी निरंतरता को दर्शाता है।

बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख की ज़िम्मेदारी भी उनकी है, जिन्हें इसके अभिशासन का प्रभार दिया गया है।

वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के संबंध में लेखा परीक्षक के दायित्व

इस बारे में हमारा उद्देश्य यथेष्ट रूप से इस संबंध में आश्वस्त होना है कि वित्तीय विवरण पूरी तरह से किसी प्रकार की तथ्यात्मक गलती, चाहे वह धोखाधड़ी से अथवा त्रुटिवश हुई हो, से मुक्त है तथा अपने अभिमत के साथ लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना है। यथेष्ट आश्वासन एक उच्च स्तरीय आश्वासन है, किन्तु यह

इस बात की गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की गई लेखा परीक्षा में हमेशा तात्विक गलती, यदि यह मौजूद हो, का पता चल ही जाए। गलत विवरण किसी प्रकार की धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है, और उसे तात्विक माना जाता है यदि इससे, अलग-अलग अथवा समग्र रूप से, इन वित्तीय विवरणों के आधार पर इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णय यथोचित रूप से प्रभावित होने की संभावना हो।

इस लेखा परीक्षा के एक भाग के रूप में, लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार, हम पेशेवर रुख अपनाते हैं और पूरी लेखा परीक्षा में पेशेवर संशय को बनाए रखते हैं। इसके अलावा हम :

- वित्तीय विवरणों के संबंध में तात्विक गलती, भले ही वह धोखाधड़ी के इरादे से अथवा त्रुटिवश हुई हो, से उत्पन्न होने वाले जोखिमों की पहचान और मूल्यन करते हैं, इन जोखिमों के लिए अनुक्रियाशील लेखा परीक्षा प्रक्रिया बनाते और निष्पादित करते हैं और अपने अभिमत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और यथेष्ट लेखा परीक्षा साक्ष्य जुटाते हैं। धोखाधड़ी से उत्पन्न तात्विक गलती का पता न लगा पाने का जोखिम त्रुटिवश हुई गलती से उत्पन्न जोखिम से कहीं बड़ा है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन चूक, मिथ्या प्रस्तुति अथवा आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।
- लेखा परीक्षा के लिए संगत आंतरिक नियंत्रण को समझते हैं ताकि परिस्थितियों के अनुसार उचित लेखा परीक्षा पद्धति तैयार की जा सके। लेकिन इसका प्रयोग बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की प्रभावशीलता के बारे में अभिमत व्यक्त करने के प्रयोजन से नहीं किया जाता।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य और लेखांकन अनुमानों की यथेष्टता तथा प्रबंध-तंत्र द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरणों का मूल्यन करते हैं।
- प्रबंधन द्वारा अपनाए गए लेखांकन के आधार की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालते हैं और यह देखते हैं कि क्या लेखांकन नीतियां और जानकारी इसे कार्यशील संस्था के रूप में दर्शाती है और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर, क्या लेखांकन के आधार के उपयोग से संबंधित कोई ठोस अनिश्चितता मौजूद है। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि ठोस अनिश्चितता मौजूद है, तो हमसे अपेक्षित है कि हम वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरणों के बारे में अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इस तरफ ध्यान आकर्षित करें, अथवा ऐसे प्रकटीकरणों के अपर्याप्त होने पर हम अपने अभिमत में संशोधन करें। हमारे निष्कर्ष उन लेखा परीक्षा साक्ष्यों पर आधारित होते हैं जो लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए हों।
- वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और तथ्य का मूल्यन करते हैं, और यह देखते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त हो सके।

हम अभिशासन का प्रभार संभालने वालों के साथ विचार-विमर्श करते हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ लेखा परीक्षा के नियोजित दायरे, समय और लेखा-परीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के बारे में चर्चा की जाती है, जिसमें आंतरिक नियंत्रण की वे महत्वपूर्ण कमियां भी शामिल होती हैं, जिनकी पहचान हम लेखा परीक्षा के दौरान करते हैं।

हम अभिशासन का प्रभार संभालने वालों को एक विवरणी भी देते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं, और उन सभी संबंधों और उन अन्य मामलों को सूचित करने के लिए, जो हमारी स्वतंत्रता पर यथोचित प्रभाव डालते हों, एवं जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों का पालन किया है।

अन्य मामले

हम सूचित करते हैं कि लेखा परीक्षा के प्रयोजन से आवश्यक समझी गई जो भी जानकारी और स्पष्टीकरण रिज़र्व बैंक से हमने माँगा, उस समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण से हम संतुष्ट हैं।

हम यह भी सूचित करते हैं कि इस वित्तीय विवरण में रिज़र्व बैंक की 25 लेखांकन इकाइयों का लेखा–जोखा शामिल है, जिनकी लेखा परीक्षा सांविधिक शाखा-लेखा परीक्षकों द्वारा की गयी है और इस बारे में हमने उनकी रिपोर्ट पर भरोसा किया है।

कृते चंदाभॉय और जासुभॉय
सनदी लेखाकार
(आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 101647डब्ल्यू)

अम्बेश दवे
भागीदार
सदस्यता संख्या 049289
यूडीआईएन: 24049289BKDHQQ9690

कृते फोर्ड रोड्स पार्क्स एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
(आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 102860डब्ल्यू / डब्ल्यू 100089)

आस्था कारिया
भागीदार
सदस्यता संख्या 122491
यूडीआईएन:24122491BKHBBJ4500

स्थान: मुंबई
दिनांक : 22 मई 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक
31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र

(राशि ₹ करोड़ में)

देयताएं	अनुसूची	2022-23	2023-24	आस्तियां	अनुसूची	2022-23	2023-24
पूंजी		5.00	5.00	**बैंकिंग विभाग (बीडी) की आस्तियां**			
आरक्षित निधि		6,500.00	6,500.00	नोट, रुपया सिक्का, छोटे सिक्के	6	9.50	10.13
अन्य आरक्षित निधियां	1	238.00	240.00	स्वर्ण-बैंकिंग विभाग	7	2,30,733.95	2,74,714.27
जमाराशियाँ	2	13,54,217.22	17,19,838.56	निवेश-विदेशी-बैंकिंग विभाग	8	10,08,993.26	14,89,081.42
जोखिम प्रावधान				निवेश-घरेलू-बैंकिंग विभाग	9	14,06,422.89	13,63,368.97
आकस्मिकता निधि		3,51,205.69	4,28,621.03	खरीदे तथा भुनाये गए बिल		0.00	0.00
आस्ति विकास निधि		22,974.68	22,974.68	ऋण और अग्रिम	10	2,88,813.53	3,75,593.49
पुनर्मूल्यन खाता	3	11,26,088.12	11,30,963.71	सहयोगी संस्थाओं में निवेश	11	2,063.60	2,063.60
अन्य देयताएं	4	1,35,282.86	2,60,520.73	अन्य आस्तियां	12	59,474.84	64,831.83
निर्गम विभाग की देयताएं				**निर्गम विभाग (आईडी) की आस्तियां (नोट निर्गम के समर्थन के रूप में)**			
जारी किए गए नोट	5	33,48,244.67	34,78,039.50	स्वर्ण- आईडी	7	1,40,765.60	1,64,604.91
				रुपया सिक्का		277.29	458.54
				निवेश-विदेशी-आईडी	8	32,07,201.78	33,12,976.05
				निवेश-घरेलू-आईडी	9	0.00	0.00
				घरेलू विनिमय बिल और अन्य वाणि-ज्यिक-पत्र		0.00	0.00
						33,48,244.67	**34,78,039.50**
	कुल देयताएं	**63,44,756.24**	**70,47,703.21**		**कुल आस्तियां**	**63,44,756.24**	**70,47,703.21**

संगीता लालवानी	स्वामीनाथन जे.	टी. रबी शंकर	एम. राजेश्वर राव	एम. डी. पात्र	शक्तिकान्त दास
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक	उप गवर्नर	उप गवर्नर	उप गवर्नर	उप गवर्नर	गवर्नर

भारतीय रिज़र्व बैंक
31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष का आय विवरण

(राशि ₹ करोड़ में)

आय	अनुसूची	2022-23	2023-24
ब्याज	13	1,43,073.11	1,88,605.73
अन्य आय	14	92,384.15	86,966.59
Total		**2,35,457.26**	**2,75,572.32**
व्यय			
नोटों का मुद्रण		4,682.80	5,101.40
मुद्रा विप्रेषण पर व्यय		118.19	128.39
एजेंसी प्रभार	15	4,068.62	3,976.31
कर्मचारी लागत		6,003.93	7,890.11
ब्याज		1.92	2.19
डाक और संचार प्रभार		191.18	242.75
मुद्रण और लेखन-सामग्री		26.97	29.53
किराया, कर, बीमा, विद्युत, आदि		161.47	254.14
मरम्मत और रखरखाव		126.21	173.07
निदेशकों और स्थानीय बोर्ड सदस्यों के शुल्क और व्यय		4.15	5.75
लेखापरीक्षक के शुल्क और व्यय		7.44	7.37
विधिक प्रभार		16.88	18.06
मूल्यह्रास		303.18	370.62
विविध व्यय		1,448.35	3,674.73
प्रावधान		1,30,875.75	42,819.91
कुल		**1,48,037.04**	**64,694.33**
उपलब्ध शेष राशि		**87,420.22**	**2,10,877.99**
घटाना :			
(a) निम्नलिखित में अंशदान:			
(i) राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि		1.00	1.00
(ii) राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि		1.00	1.00
(b) नाबार्ड को अंतरण योग्य:			
(i) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि[1]		1.00	1.00
(ii) राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि[1]		1.00	1.00
(c) **अन्य**			
केंद्र सरकार को देय अधिशेष राशि		**87,416.22**	**2,10,873.99**

1. ये निधियां राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के पास हैं।

संगीता लालवानी	स्वामीनाथन जे.	टी. रबी शंकर	एम. राजेश्वर राव	एम. डी. पात्र	शक्तिकान्त दास
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक	उप गवर्नर	उप गवर्नर	उप गवर्नर	उप गवर्नर	गवर्नर

अनुसूचियां जो तुलन-पत्र और आय विवरण का हिस्सा हैं

(राशि ₹ करोड़ में)

		2022-23	2023-24
अनुसूची 1:	**अन्य आरक्षित निधियाँ**		
	(i) राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि	32.00	33.00
	(ii) राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि	206.00	207.00
	कुल	**238.00**	**240.00**
अनुसूची 2:	**जमाराशियाँ**		
	(ए) सरकार		
	(i) केंद्र सरकार	5,000.93	5,000.30
	(ii) राज्य सरकार	42.49	42.46
	उप योग	***5,043.42***	***5,042.76***
	(बी) बैंक		
	(i) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	8,68,939.67	9,56,010.64
	(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	8,100.09	10,934.25
	(iii) अन्य अनुसूचित सहकारी बैंक	11,530.78	12,272.97
	(iv) गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	5,177.27	6,515.91
	(v) अन्य बैंक	36,729.16	39,714.96
	उप योग	***9,30,476.97***	***10,25,448.73***
	(सी) भारत से बाहर की वित्तीय संस्थाएं		
	(i) रेपो उधार-विदेशी	1,00,952.11	1,61,402.27
	(ii) रिवर्स रेपो मार्जिन- विदेशी	1,255.08	2,146.54
	उप योग	***1,02,207.19***	***1,63,548.81***
	(डी) अन्य		
	(i) आरबीआई कर्मचारी भविष्य निधि खाते के प्रशासक	4,642.35	4,778.94
	(ii) जमाकर्ता शिक्षण और जागरूकता निधि	62,224.89	78,212.53
	(iii) विदेशी केंद्रीय बैंकों की शेष राशियाँ	1,059.02	1,702.86
	(iv) भारतीय वित्तीय संस्थाओं की शेष राशियाँ	6,796.52	7,727.18
	(v) अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं की शेष राशियाँ	507.06	501.00
	(vi) म्यूचुअल फंड	1.34	1.33
	(vii) अन्य	2,41,258.46	4,32,874.42
	उप योग	***3,16,489.64***	***5,25,798.26***
	कुल	**13,54,217.22**	**17,19,838.56**
अनुसूची 3:	**पुनर्मूल्यन खाता**		
	(i) मुद्रा एवं स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए)	11,24,733.16	11,30,793.34
	(ii) निवेश पुनर्मूल्यन खाता- विदेशी प्रतिभूतियाँ (आईआरए-एफ़एस)	0.00	0.00
	(iii) निवेश पुनर्मूल्यन खाता- रुपया प्रतिभूतियाँ (आईआरए-आरएस)	0.00	0.00
	(iv) विदेशी मुद्रा वायदा संविदा पुनर्मूल्यन खाता (एफ़सीवीए)	1,354.96	170.37
	कुल	**11,26,088.12**	**11,30,963.71**
अनुसूची 4:	**अन्य देयताएं**		
	(i) वायदा संविदा पुनर्मूल्यन खाते के लिए प्रावधान (पीएफ़सीवीए)	0.00	0.00
	(ii) देय राशियों के लिए प्रावधान	3,665.97	4,827.02
	(iii) उपदान और अधिवर्षिता निधि	30,892.24	33,321.37
	(iv) केंद्र सरकार को देय अधिशेष	87,416.22	2,10,873.99
	(v) देय बिल	0.11	11.35
	(vi) विविध	13,308.32	11,487.00
	कुल	**1,35,282.86**	**2,60,520.73**
अनुसूची 5:	**जारी नोट**		
	(i) बैंकिंग विभाग में धारित नोट	9.43	10.06
	(ii) संचलन में नोट	33,48,218.85	34,77,795.32
	(iii) सीबीडीसी-डब्ल्यू	10.69	0.08
	(iv) सीबीडीसी-आर	5.70	234.04
	कुल	**33,48,244.67**	**34,78,039.50**

		2022-23	2023-24
अनुसूची 6:	**नोट, रुपया सिक्का, छोटे सिक्के**		
	(i) नोट	9.43	10.06
	(ii) रुपया सिक्का	0.06	0.06
	(iii) छोटे सिक्के	0.01	0.01
	कुल	**9.50**	**10.13**
अनुसूची 7:	**स्वर्ण**		
	(ए) बैंकिंग विभाग		
	(i) स्वर्ण	2,04,401.58	2,60,537.16
	(ii) स्वर्ण जमा	26,332.37	14,177.11
	उप योग	***2,30,733.95***	***2,74,714.27***
	(बी) निर्गम विभाग	1,40,765.60	1,64,604.91
	कुल	**3,71,499.55**	**4,39,319.18**
अनुसूची 8:	**निवेश-विदेशी**		
	(i) निवेश-विदेशी -बीडी	10,08,993.26	14,89,081.42
	(ii) निवेश-विदेशी -आईडी	32,07,201.78	33,12,976.05
	कुल	**42,16,195.04**	**48,02,057.47**
अनुसूची 9:	**निवेश-घरेलू**		
	(i) निवेश-घरेलू -बीडी	14,06,422.89	13,63,368.97
	(ii) निवेश-घरेलू -आईडी	0.00	0.00
	कुल	**14,06,422.89**	**13,63,368.97**
अनुसूची 10:	**ऋण और अग्रिम**		
	(ए) निम्नलिखित को ऋण और अग्रिम:		
	(i) केंद्र सरकार	48,677.00	0.00
	(ii) राज्य सरकार	791.72	6,599.94
	उप योग	***49,468.72***	***6,599.94***
	(बी) निम्नलिखित को ऋण और अग्रिम:		
	(i) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	1,12,731.34	1,93,341.00
	(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	0.00	0.00
	(iii) अन्य अनुसूचित सहकारी बैंक	0.00	0.00
	(iv) गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	0.00	0.00
	(v) नाबार्ड	0.00	0.00
	(vi) अन्य	24,485.36	12,397.51
	उप योग	***1,37,216.70***	***2,05,738.51***
	(बी) भारत से बाहर वित्तीय संस्थाओं को ऋण और अग्रिम		
	(i) रिवर्स रेपो उधार-विदेशी	1,01,968.98	1,62,822.88
	(ii) रेपो मार्जिन-विदेशी	159.13	432.16
	उप योग	***1,02,128.11***	***1,63,255.04***
	कुल	**2,88,813.53**	**3,75,593.49**
अनुसूची 11:	**सहयोगी/सहायक संस्थाओं में निवेश**		
	(i) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी)	50.00	50.00
	(ii) भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण (प्रा.) लि. (बीआरबीएनएमपीएल)	1,800.00	1,800.00
	(iii) रिज़र्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी (प्रा.) लि. (आरईबीआईटी)	50.00	50.00
	(iv) राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफ़ई)	30.00	30.00
	(v) भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी एवं संबद्ध सेवाएं (आईएफ़टीएएस)	33.60	33.60
	(vi) रिज़र्व बैंक नवोन्मेष केंद्र (आरबीआईएच)	100.00	100.00
	कुल	**2,063.60**	**2,063.60**

		2022-23	2023-24
अनुसूची 12:	**अन्य आस्तियां**		
	(i) अचल आस्तियां (कुल मूल्यह्रास को घटाकर)	981.57	2,042.64
	(ii) **उपचित आय (ए + बी)**	**55,217.80**	**58,878.51**
	ए. कर्मचारियों को दिए गए ऋण पर	*383.70*	*421.47*
	बी. अन्य मदों पर	*54,834.10*	*58,457.04*
	(iii) स्वैप परिशोधन लेखा (एसएए)	0.00	0.00
	(iv) वायदा संविदा लेखा का पुनर्मूल्यन (आरएफ़सीए)	1,354.96	170.37
	(v) विविध	1,920.51	3,740.31
	कुल	**59,474.84**	**64,831.83**
अनुसूची 13:	**ब्याज**		
	(ए) घरेलू स्रोत		
	(i) रुपया प्रतिभूतियों की धारिता पर ब्याज	96,516.05	92,589.51
	(ii) एलएएफ़ परिचालन पर निवल ब्याज	-9,068.41	-7,052.08
	(iii) एसडीएफ़ पर ब्याज	-7,444.71	-5,616.80
	(iv) एमएसएफ़ परिचालन पर ब्याज	361.02	3,413.37
	(v) ऋणों और अग्रिमों पर ब्याज	2,411.98	2,094.09
	उप योग	***82,775.93***	***85,428.09***
	(बी) विदेशी स्रोत		
	(i) विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय	43,649.26	65,327.93
	(ii) रेपो/रिवर्स रेपो लेनदेन पर निवल ब्याज	228.25	228.64
	(iii) जमाराशियों पर ब्याज	16,419.67	37,621.07
	उप योग	***60,297.18***	***1,03,177.64***
	कुल	**1,43,073.11**	**1,88,605.73**
अनुसूची 14:	**अन्य आय**		
	(ए) घरेलू स्रोत		
	(i) विनिमय	0.00	0.00
	(ii) बट्टा	0.00	0.00
	(iii) कमीशन	3,469.14	3,886.95
	(iv) प्राप्त किराया	8.99	9.19
	(v) रुपया प्रतिभूतियों की बिक्री और मोचन पर लाभ/हानि	-222.86	859.32
	(vi) रुपया प्रतिभूतियों के अंतर पोर्टफोलियो अंतरण पर मूल्यह्रास	-110.67	-68.74
	(vii) रुपया प्रतिभूतियों के प्रीमियम/डिस्काउंट का परिशोधन	-2,264.19	-2,394.71
	(viii) बैंक की संपत्ति की बिक्री से लाभ/हानि	2.45	1.73
	(ix) प्रावधान जिनकी अब आवश्यकता नहीं और विविध आय	-330.07	379.29
	उप योग	***552.79***	***2,673.03***
	(बी) विदेशी स्रोत		
	(i) विदेशी प्रतिभूतियों के प्रीमियम/डिस्काउंट का परिशोधन	-9,972.25	2,235.86
	(ii) विदेशी प्रतिभूतियों की बिक्री और मोचन पर लाभ/हानि	-1,740.59	-630.56
	(iii) विदेशी विनिमय से विदेशी मुद्रा लाभ/हानि	1,03,308.35	83,615.86
	(iv) विविध आय	235.85	-927.60
	उप योग	***91,831.36***	***84,293.56***
	कुल	**92,384.15**	**86,966.59**
अनुसूची 15:	**एजेंसी प्रभार**		
	(i) सरकारी लेनदेन पर एजेंसी कमीशन	3,873.06	3,806.71
	(ii) प्राथमिक व्यापारियों को अदा किया गया हामीदारी कमीशन	107.47	48.47
	(iii) विविध (राहत/बचत बॉण्डों के अभिदान; एसबीएलए आदि के लिए बैंको को अदा किया गया संचालन प्रभार और टर्नओवर कमीशन)	20.98	28.12
	(iv) बाह्य आस्ति प्रबंधक, अभिरक्षकों, ब्रोकर आदि को अदा किया गया शुल्क	67.11	93.01
	कुल	**4,068.62**	**3,976.31**

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष में अपनायी गयी महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का विवरण

(ए) सामान्य

1.1 अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 (आरबीआई अधिनियम, 1934) के अंतर्गत की गई थी जिसका उद्देश्य ''बैंक नोटों के निर्गम को विनियमित करना और भारत में मौद्रिक स्थायित्व सुनिश्चित करने की दृष्टि से आरक्षित निधि रखना और सामान्यतः देश के हित में मुद्रा और ऋण प्रणाली परिचालित करना" है।

1.2 रिज़र्व बैंक के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं:

- ए) बैंक नोट का निर्गमन एवं सिक्कों का संचलन;
- बी) मौद्रिक प्राधिकारी के रूप में कार्य करना और मौद्रिक नीति का निर्धारण, कार्यान्वयन और निगरानी करना एवं अंतिम ऋणदाता के रूप में कार्य करना;
- सी) वित्तीय प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण;
- डी) भुगतान और निपटान प्रणालियों का विनियमन और पर्यवेक्षण;
- ई) विदेशी मुद्रा के प्रबंधकर्ता के रूप में कार्य करना;
- एफ) देश के विदेशी मुद्रा भंडार का अनुरक्षण और प्रबंधन;
- जी) बैंकों और सरकारों के बैंकर के रूप में कार्य करना;
- एच) सरकारों के ऋण प्रबंधक के रूप में कार्य करना;
- आई) राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति में सहयोग हेतु विकासात्मक गतिविधियां संचालित करना।

1.3 आरबीआई अधिनियम, 1934 में अपेक्षा की गई है कि बैंक नोटों का निर्गमन रिज़र्व बैंक के निर्गम विभाग द्वारा किया जाना चाहिए जो एक अलग विभाग होगा और इसे बैंकिंग विभाग से पूर्णतः अलग रखा जाएगा, और निर्गम विभाग की आस्तियां निर्गम विभाग की देयताओं को छोड़कर किसी अन्य देयता के अधीन नहीं होंगी। आरबीआई अधिनियम, 1934 में अपेक्षा की गई है कि निर्गम विभाग की आस्तियों में स्वर्ण के सिक्के, स्वर्ण बुलियन, विदेशी प्रतिभूतियां, रुपया

सिक्के और रुपया प्रतिभूतियां शामिल होंगी और इनकी समग्र राशि निर्गम विभाग की कुल देयताओं से कम नहीं होनी चाहिए। आरबीआई अधिनियम, 1934 की अपेक्षा है कि निर्गम विभाग की देयताएं तत्समय संचलनगत भारत सरकार के करेंसी नोटों तथा बैंक नोटों के योग के बराबर होंगी।

(बी) महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

2.1 परिपाटी (कन्वेंशन)

वित्तीय विवरण भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 और उसके तहत जारी अधिसूचनाओं के अनुसार और भारतीय रिज़र्व बैंक सामान्य विनियम, 1949 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में तैयार किए जाते हैं। ये ऐतिहासिक लागत पर आधारित होते हैं, सिवाय इसके कि जहां पुनर्मूल्यन और/या परिशोधन को प्रतिबिंबित करने के लिए इसे संशोधित किया गया हो। वित्तीय विवरण तैयार करने में अपनायी जाने वाली लेखा नीतियां पिछले वर्ष में अपनायी गई नीतियों के अनुरूप हैं जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो।

2.2 राजस्व निर्धारण

- ए) आय और व्यय को बैंकों से लिए जाने वाले दंडात्मक ब्याज को छोड़कर उपचय के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जिसका हिसाब तभी दिया जाता है जब वसूली की निश्चितता हो। शेयरों पर लाभांश आय को, जब इसे प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो, उपचय आधार पर निर्धारित किया जाता है,।
- बी) ड्राफ्ट देय खाते, भुगतान आदेश खाता, विविध जमा खाता- विविध-बीडी, विप्रेषण समाशोधन खाता, अग्रिम

राशि जमा खाता और प्रतिभूति जमा खाते सहित कुछ ट्रांजिट खातों में तीन से अधिक लगातार पूर्ण लेखांकन वर्षों के लिए बकाया और अदावी शेष जमाराशि की समीक्षा की जाती है और आय में प्रतिलेखित किया जाता है। दावे, यदि कोई हों, पर विचार किया जाता है और भुगतान के वर्ष में आय पर अधिरोपित किया जाता है।

सी) विदेशी मुद्रा में आय और व्यय, उस दिन के प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है।

डी) विदेशी मुद्राओं और स्वर्ण की बिक्री पर विनिमय लाभ/हानि की लागत निकालने के लिए भारित औसत लागत पद्धति का उपयोग कर हिसाब में लिया जाता है।

2.3 स्वर्ण और विदेशी मुद्रा आस्तियां एवं देयताएं

स्वर्ण और विदेशी मुद्रा आस्तियों और देनदारियों में लेनदेन का हिसाब निपटान तिथि के आधार पर किया जाता है।

ए) **स्वर्ण**

स्वर्ण (जमा स्वर्ण सहित) का पुनर्मूल्यन, दैनिक आधार पर, अमेरिकी डॉलर में लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) के स्वर्ण की कीमत के नब्बे (90) प्रतिशत और रुपया-अमेरिकी डॉलर बाजार विनिमय दर पर किया जाता है। अप्राप्त मूल्यन लाभ/हानि को मुद्रा और स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए) में शामिल किया जाता है।

बी) **विदेशी मुद्रा आस्तियां और देयताएं**

विदेशी मुद्रा की सभी आस्तियां और देयताएं (स्वैप के तहत रेपो और संविदाओं, जहां दरें संविदागत रूप में निर्धारित होती हैं, के रूप में प्राप्त विदेशी मुद्रा को छोड़कर) उस दिवस को विद्यमान विनिमय दरों पर दैनिक आधार पर दर्शायी जाती हैं। विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं के इस प्रकार के अंतरण से होने वाले लाभ/हानि का लेखांकन सीजीआरए में किया जाता है।

विदेशी प्रतिभूतियां, ट्रेजरी बिल (टी-बिल), वाणिज्यिक पत्र और कुछ 'परिपक्वता तक धारित' प्रतिभूतियों (जैसे कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी नोटों में निवेश और इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसी), यूके द्वारा जारी बॉण्ड, जो लागत पर मूल्यांकित हैं) के अलावा दैनिक मार्क-टू-मार्केट होते हैं। पुनर्मूल्यन पर अप्राप्त लाभ/हानि 'निवेश पुनर्मूल्यन खाता - विदेशी प्रतिभूति' (आईआरए-एफएस) में दर्ज किए जाते हैं। आईआरए-एफएस में क्रेडिट शेष को अगले वर्ष के लिए आगे ले जाया जाता है। तुलन-पत्र की तारीख को आईआरए-एफएस में डेबिट शेष, यदि कोई हो, आकस्मिक निधि (सीएफ) से वसूल किया जाता है और उसे अगले लेखा वर्ष के पहले कार्य दिवस पर वापस कर दिया जाता है।

विदेशी टी-बिल और वाणिज्यिक पत्रों को डिस्काउंट/प्रीमियम के दैनिक परिशोधन द्वारा समायोजित लागत पर ले जाया जाता है। विदेशी प्रतिभूतियों पर प्रीमियम या डिस्काउंट का दैनिक परिशोधन किया जाता है। विदेशी प्रतिभूतियों की बिक्री पर लाभ/हानि को परिशोधित बही मूल्य के संबंध में निर्धारित किया जाता है।

सी) **फॉरवर्ड / स्वैप संविदा**

रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए वायदा संविदाओं का पुनर्मूल्यन अर्धवार्षिक आधार पर किया जाता है। बाजार मूल्य पर (एमटीएम) निवल लाभ को 'विदेशी मुद्रा वायदा संविदा मूल्यन खाता' (एफसीवीए) में जमा किया जाता है और इसकी प्रति-प्रविष्टि 'वायदा संविदा पुनर्मूल्यन खाते (आरएफसीए)' में नामे डालते हुए की जाती है, जबकि बाजार मूल्य पर निवल हानि को एफसीवीए में नामे डाला जाता है और इसकी प्रति-प्रविष्टि 'वायदा संविदा मूल्यन हेतु प्रावधान खाता ' (पीएफसीवीए) को क्रेडिट करते हुए की जाती है। संविदा की अवधि पूर्ण होने पर वास्तविक लाभ या हानि को आय खाते में दर्शाया जाता है तथा एफसीवीए, आरएफसीए एवं पीएफसीवीए

में पहले दर्ज किए गए अप्राप्त लाभ/हानि रिवर्स किए जाते हैं। अर्धवार्षिक पुनर्मूल्यन के समय, उस दिन तक एफसीवीए और आरएफसीए या पीएफसीवीए में मौजूद शेष राशि रिवर्स कर दी जाती है और सभी बकाया वायदा संविदाओं का नए सिरे से पुनर्मूल्यन किया जाता है।

तुलन पत्र की तारीख पर एफसीवीए में डेबिट शेष, यदि कोई हो, को सीएफ से प्रभारित किया जाता है और अगले वर्ष के पहले कार्य दिवस पर रिवर्स कर दिया जाता है। आरएफसीए और पीएफसीवीए में शेष राशि वायदा संविदाओं के मूल्यन पर क्रमशः निवल अप्राप्त लाभ और हानियों का प्रतिनिधित्व करती है।

बाजार से भिन्न दरों पर की जाने वाली स्वैप के मामले में, जो रेपो के रूप में होती है, फ्यूचर संविदा दर तथा संविदा किए जाने की तय दर के बीच के अंतर का परिशोधन संविदा की अवधि के दौरान किया जाता है और उसे आय विवरण में दर्ज किया जाता है जिसकी प्रतिप्रविष्टि 'स्वैप परिशोधन खाते' (एसएए) में की जाती है। अंतर्निहित संविदा की परिपक्वता अवधि पूर्ण होने पर एसएए में दर्ज राशि रिवर्स की जाती है। इसके अलावा, इस तरह के स्वैप के माध्यम से प्राप्त राशि का आवधिक पुनर्मूल्यन नहीं किया जाता है।

जहाँ, एफसीवीए 'पुनर्मूल्यन खातों' का हिस्सा है, वहीं पीएफसीवीए 'अन्य देनदारियों' का हिस्सा है, और आरएफसीए और एसएए 'अन्य आस्तियों' का हिस्सा हैं।

डी) **पुनर्खरीद लेनदेन**

आरक्षित निधि प्रबंधन परिचालन के एक हिस्से के रूप में रिज़र्व बैंक विदेशी पुनर्खरीद लेनदेन (रेपो और रिवर्स रेपो) में सहभागिता करता है। रेपो लेनदेन को विदेशी मुद्राओं के उधार लेने के रूप में माना जाता है और 'जमा' के तहत दिखाया जाता है, जबकि रिवर्स रेपो लेनदेन को विदेशी मुद्राओं के उधार देने के रूप में माना जाता है और 'ऋण और अग्रिम' के तहत दिखाया जाता है।

ई) **डेरिवेटिव में लेनदेन**

आरक्षित निधि प्रबंधन परिचालनों के हिस्से के रूप में, ब्याज दर फ्यूचर्स, मुद्रा फ्यूचर्स, ब्याज दर स्वैप और ओवरनाइट इंडेक्सड स्वैप, जैसे डेरिवेटिव में लेनदेन को आवधिक आधार पर बाजार भाव पर दर्शाया (मार्क्ड टू मार्केट) जाता है और परिणामी लाभ/हानि को आय खाते में डाला जाता है।

एफ) **प्रतिभूति उधार देने संबंधी लेनदेन**

आरक्षित निधि प्रबंधन परिचालनों के हिस्से के रूप में रिज़र्व बैंक प्रतिभूति उधार देने संबंधी लेनदेन में सहभागिता करता है। उधार दी गई प्रतिभूतियां रिज़र्व बैंक के निवेशों के रूप में रहती हैं और इन्हें परिशोधित किया जाता है, ये ब्याज अर्जित करती हैं और बाजार भाव पर दर्शाई (मार्क्ड टू मार्केट) जाती हैं।

2.4 एक्सचेंज ट्रेडेड करेंसी डेरिवेटिव्स (ईटीसीडी) में लेनदेन

रिज़र्व बैंक द्वारा अपने हस्तक्षेप कार्यों के हिस्से के रूप में किए गए ईटीसीडी लेनदेन दैनिक आधार पर मार्क-टू-मार्केट होते हैं और परिणामी लाभ / हानि को आय खाते में दर्ज किया जाता है।

2.5 घरेलू निवेश

ए) रुपया प्रतिभूतियां और तेल बॉण्ड, टी-बिल और (डी) में उल्लिखित को छोड़कर, शुक्रवार को समाप्त होने वाले प्रत्येक सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन और प्रत्येक महीने के अंतिम कारोबारी दिन के अनुसार बाजार दर पर दर्ज किए जाते हैं। पुनर्मूल्यन पर अप्राप्त लाभ/हानि को 'निवेश पुनर्मूल्यन खाता-रुपया प्रतिभूतियां' (आईआरए-आरएस) में शामिल किया जाता है। आईआरए-आरएस के क्रेडिट शेष को अगले लेखा वर्ष में आगे ले जाया जाता है। तुलन-पत्र की तारीख को आईआरए-आरएस में डेबिट बैलेंस, यदि कोई हो, को सीएफ से प्रभारित किया जाता है और इसे अगले लेखांकन वर्ष के पहले कार्य दिवस पर रिवर्स कर दिया जाता है। रुपया प्रतिभूतियों/तेल बॉण्डों की बिक्री/मोचन पर मूल्यन लाभ/हानि और आईआरए-आरएस में पड़े बेचे गए तेल बॉण्ड आय खाते

में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं। रुपया प्रतिभूतियां और तेल बॉण्ड भी दैनिक परिशोधन के अधीन हैं।

बी) टी-बिल को डिस्काउंट/प्रीमियम के दैनिक परिशोधन द्वारा समायोजित लागत पर ले जाया जाता है।

सी) अनुषंगियों के शेयरों में निवेश का मूल्यन लागत पर किया जाता है।

डी) विभिन्न स्टाफ निधियों [(जैसे उपदान और अधिवर्षिता, भविष्य निधि, अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा सहायता निधि)] डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (डीईए फंड) और पेमेंट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (पीआईडीएफ) के लिए निर्धारित तेल बॉण्ड और रुपया प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता के लिए धारित' माना जाता है और इन्हें परिशोधन लागत पर धारित किया जाता है।

ई) घरेलू निवेश में लेनदेन का हिसाब निपटान तिथि के आधार पर किया जाता है।

2.6 चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), रेपो/रिवर्स रेपो, सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) और स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ)

एलएएफ और एमएसएफ के तहत रेपो लेनदेन उधार के रूप में माने जाते हैं और तदनुसार 'ऋण और अग्रिम' के तहत दिखाये जा रहे हैं, जबकि एलएएफ और एसडीएफ के तहत रिवर्स रेपो लेनदेन जमाराशियों के रूप में माने जा रहे हैं और 'जमाराशियां-अन्य' के तहत दर्शाये जा रहे हैं।

2.7 अचल आस्तियां

अचल आस्तियों में, लागत पर धारित कला और चित्र तथा पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि (फ्रीहोल्ड लैंड) को छोड़कर, अन्य सभी को लागत मूल्य में से मूल्यह्रास घटाकर प्राप्त लागत पर नियत किया गया है।

2.7.1 भूमि और भवनों के अलावा अचल आस्तियां

ए) ₹1 लाख तक की अचल आस्तियों (लैपटॉप/ई-बुक रीडर जैसी आसानी से उठाने-योग्य इलेक्ट्रॉनिक आस्तियों को छोड़कर) को अधिग्रहण के वर्ष में आय में प्रभारित किया जाता है। आसानी से उठाने-योग्य इलेक्ट्रॉनिक आस्तियों, जैसे लैपटॉप, आदि, जिनकी कीमत ₹10,000 से अधिक है, को पूंजीकृत किया जाता है और मूल्यह्रास की गणना लागू दर पर मासिक आनुपातिक आधार पर की जाती है।

बी) ₹1 लाख और उससे अधिक की लागत वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की अलग-अलग मदों को पूंजीकृत किया जाता है और मूल्यह्रास की गणना लागू दरों पर मासिक आनुपातिक आधार पर की जाती है।

सी) लेखांकन वर्ष के दौरान अर्जित और पूंजीकृत अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास की गणना, पूंजीकरण के महीने से मासिक आनुपातिक आधार पर की जाएगी और अनुप्रयुक्त आस्तियों के उपयोगी जीवन-काल के आधार पर निर्धारित दरों के अनुसार छमाही आधार पर प्रभावी होगी।

डी) एक आस्ति के उपयोगी जीवन-काल के आधार पर, अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास एक सीधी रेखा पद्धति के आधार पर निम्नलिखित तरीके से दर्शाया जाता है:

आस्ति की श्रेणी	उपयोगी जीवन-काल (मूल्यह्रास की दर)
1	2
विद्युत संस्थापना, यूपीएस, मोटर वाहन, फर्नीचर, फिक्स्चर, सीवीपीएस / एसबीएस मशीनें, इत्यादि।	5 वर्ष (20 प्रतिशत)
कंप्यूटर, सर्वर, माइक्रो प्रोसेसर, प्रिंटर, सॉफ्टवेयर, लैपटॉप, ई-बुक रीडर/आई-पैड इत्यादि	3 वर्ष (33.33 प्रतिशत)

ई) मासिक यथानुपात आधार पर छमाही के अंत में अचल आस्तियों की शेष राशि पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है। आस्तियों के परिवर्धन/विलोपन के मामले में, ऐसी आस्तियों के परिवर्धन/विलोपन के माह सहित मासिक आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास की गणना की जाती है।

एफ) बाद के *व्यय* पर मूल्यह्रास:

i. एक मौजूदा अचल आस्ति पर उपगत बाद का व्यय, जिसे खाता बहियों में पूरी तरह से मूल्यह्रासित नहीं किया गया है, उसका मूल आस्ति के शेष उपयोगी जीवन-काल पर मूल्यह्रास किया जाता है;

ii. मौजूदा अचल आस्ति के आधुनिकीकरण/परिवर्धन/ओवरहालिंग पर किए गए बाद के व्यय, जिनका पहले से ही खाता बहियों में पूरी तरह से मूल्यह्रास किया गया है, को पहले पूंजीकृत किया जाता है और जिस वर्ष में व्यय होता है, उसके बाद उस वर्ष में पूर्ण मूल्यह्रास किया जाता है।

2.7.2 **भूमि एवं भवन:** भूमि एवं भवन के संबंध में लेखांकन प्रक्रिया निम्नानुसार है :

ए) भूमि

i. 99 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए पट्टे पर ली गई भूमि के संबंध में यह माना जाता है कि यह सदा के लिए पट्टे पर ली गई है। इस प्रकार के पट्टों को पूर्ण स्वामित्व वाली आस्तियाँ माना जाता है और तदनुसार इनका परिशोधन नहीं किया जाता है।

ii. 99 वर्ष तक की अवधि के लिए पट्टे पर ली गई भूमि का परिशोधन, पट्टे की अवधि के दौरान किया जाता है।

iii. पूर्ण स्वामित्व आधार पर ली गई भूमि का किसी प्रकार का परिशोधन नहीं किया जाता है।

भवन

i. सभी भवनों का जीवन-काल तीस वर्ष का माना जाता है और इन पर तीस वर्षों के दौरान 'सीधी रेखा पद्धति (स्ट्रेट-लाइन)' आधार पर मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है। पट्टे पर ली गई भूमि (जहां पट्टे की अवधि 30 वर्षों से कम है) पर बनाए गए भवनों पर मूल्यह्रास, भूमि के पट्टे की अवधि के दौरान 'स्ट्रेट-लाइन' आधार पर प्रभारित किया जाता है।

ii. भवनों को हुई क्षति: क्षति के आकलन के लिए भवनों को निम्नानुसार दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

- *ऐसे भवन जो प्रयोग में लाए जा रहे हों किंतु जो भविष्य में ढहाए जाने के लिए चिह्नित किए गए हों या जिनका उपयोग भविष्य में बंद कर दिया जाएगा:* ऐसे भवनों की प्रयोग में लाई जा रही कीमत, उसके छोड़े जाने/ढहाए जाने की संभावित तारीख तक की भावी अवधि के लिए समग्र मूल्यह्रास की राशि होगी। इस प्रकार प्राप्त समग्र मूल्यह्रास की राशि और बही मूल्य के अंतर को मूल्यह्रास के रूप में प्रभारित किया जाता है।

- *जिन भवनों का उपयोग बंद कर दिया गया है/ जिन्हें खाली कर दिया गया है:* ये भवन, वसूली-योग्य मूल्य (निवल बिक्री मूल्य - यदि भविष्य में आस्ति को बेचे जाने की संभावना है) अथवा अवशिष्ट (स्क्रैप) मूल्य में से भवन ढहाए जाने की लागत को घटाकर प्राप्त राशि (यदि भवन को ढहाया जाना हो) पर दर्शाये गए हैं। यदि यह परिणामी राशि ऋणात्मक हो, तो इस प्रकार के भवनों का रखाव मूल्य ₹1 दर्शाया जाता है। बही में दर्ज मूल्य और वसूली-योग्य मूल्य (निवल बिक्री मूल्य)/ स्क्रैप मूल्य में से ढहाए जाने की लागत को घटाकर प्राप्त राशि को मूल्यह्रास के रूप में प्रभारित किया जाता है।

2.8 कर्मचारी लाभ

ए) बैंक अपने पात्र कर्मचारियों के लिए प्रत्येक माह एक निश्चित दर पर भविष्य निधि में अंशदान करता है और इन अंशदानों को संबंधित वर्ष में आय खाते में प्रभारित किया जाता है।

बी) दीर्घावधि कर्मचारी लाभों से संबंधित अन्य देयता का प्रावधान 'पूर्वानुमानित इकाई क्रेडिट' पद्धति के अंतर्गत बीमांकिक मूल्यन के आधार पर किया जाता है।

लेखा संबंधी टिप्पणियां

XII.6 रिज़र्व बैंक की देयताएं

XII.6.1 पूंजी

रिज़र्व बैंक की स्थापना निजी शेयर धारकों के बैंक के रूप में 1935 में की गई थी जिसकी प्रारंभिक चुकता पूंजी ₹5 करोड़ थी। रिज़र्व बैंक को 1 जनवरी 1949 को राष्ट्रीयकृत किया गया था और इसके साथ ही उसका संपूर्ण स्वामित्व भारत सरकार के पास निहित रहा। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 4 के अनुसार बैंक की चुकता पूंजी ₹5 करोड़ बनी हुई है।

XII.6.2 आरक्षित निधि

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 46 के अनुसार ₹5 करोड़ की मूल आरक्षित निधि का सृजन, रिज़र्व बैंक द्वारा अधिग्रहीत तत्कालीन सरकार की मुद्रा देयताओं के प्रति केंद्र सरकार से अंशदान लेकर किया गया था। उसके पश्चात अक्टूबर 1990 तक स्वर्ण के आवधिक पुनर्मूल्यन से प्राप्त होने वाली ₹6,495 करोड़ की लाभ राशि को इस निधि में जमा किया गया जिससे यह निधि बढ़कर ₹6,500 करोड़ हो गई। उसके बाद से इस निधि में राशि जमा नहीं की गई है क्योंकि स्वर्ण तथा विदेशी मुद्रा के मूल्यन से होने वाले अप्राप्त लाभ-हानि को मुद्रा एवं स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए) में तब से दर्ज किया जाता रहा है जो 'पुनर्मूल्यन खाता' शीर्ष के अंतर्गत आता है।

XII.6.3 अन्य आरक्षित निधियां

इसमें राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि और राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि शामिल हैं।

ए) *राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि*

इस निधि का सृजन जुलाई 1964 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 46सी के अनुसार ₹10 करोड़ की प्रारंभिक राशि के साथ किया गया था। इस निधि में रिज़र्व बैंक द्वारा पात्र वित्तीय संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए वार्षिक अंशदान दिया जाता है। वर्ष 1992-93 से, प्रतिवर्ष ₹1 करोड़ की सांकेतिक राशि का अंशदान किया जा रहा है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार इस निधि में शेष राशि ₹33 करोड़ थी।

बी) *राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि*

यह निधि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 46डी के अनुसार राष्ट्रीय आवास बैंक को वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनवरी 1989 में स्थापित की गई थी। ₹50 करोड़ की आरंभिक मूल पूंजी को रिज़र्व बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले वार्षिक सहयोग के माध्यम से बाद में बढ़ाया गया। वर्ष 1992-93 से, इस निधि में प्रतिवर्ष ₹1 करोड़ की सांकेतिक राशि का ही अंशदान किया जा रहा है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार इस निधि में ₹207 करोड़ की शेष राशि थी।

टिप्पणी : अन्य निधियों में अंशदान

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 46ए के तहत दो अन्य निधियों, नामतः राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (दीर्घावधि प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय ग्रामीण ऋण (स्थिरीकरण) निधि की स्थापना की गई है जो राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की देखरेख में है। इन दोनों निधियों के लिए, प्रति निधि प्रत्येक वर्ष ₹1 करोड़ की टोकन राशि अलग रखी जाती है, जिसे नाबार्ड को अंतरित किया जाता है।

XII.6.4 जमाराशियां

ये बैंकों, केंद्र और राज्य सरकारों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, जैसे, निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक), नाबार्ड इत्यादि, विदेशी केंद्रीय बैंकों, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, आरबीआई कर्मचारी भविष्य निधि के प्रशासकों की जमाराशि, और जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि (डीईए निधि), रिवर्स रेपो, एसडीएफ, चिकित्सा सहायता निधि (एमएएफ), पीआईडीएफ आदि के बदले बकाया जमाराशियों द्वारा रिज़र्व बैंक के पास रखी जाने वाली शेष राशि को दर्शाते हैं। कुल जमाराशि में 27.00 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 31 मार्च 2023 को ₹13,54,217.22 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 तक ₹17,19,838.56 करोड़ हो गई।

ए. *जमाराशियां - सरकार*

रिज़र्व बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 20 और 21 के तहत केंद्र सरकार के बैंकर के रूप में तथा धारा 21ए के तहत हुए आपसी समझौते के तहत राज्य सरकारों के बैंकर के रूप में कार्य करता है। तदनुसार, केंद्र और राज्य सरकारें रिज़र्व बैंक के पास जमाराशियां रखती हैं। 31 मार्च 2023 के ₹5,000.93 करोड़ और ₹42.49 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2024 को केंद्र और राज्य सरकारों की धारित शेषराशियां क्रमश: ₹5000.30 करोड़ और ₹42.46 करोड़ थीं।

बी. *जमाराशियां - बैंक*

आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने एवं भुगतान और निपटान संबंधी दायित्वों का निर्वाह करने हेतु कार्यशील पूंजी बनाए रखने के लिए बैंक, रिज़र्व बैंक में धारित चालू खातों में राशि जमा रखते हैं। बैंकों द्वारा धारित जमाराशि में 10.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2023 के ₹9,30,476.97 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2024 को ₹10,25,448.73 करोड़ हो गई। इस शीर्ष में वृद्धि बैंकों की निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) में वृद्धि के कारण हुई।

सी. *जमाराशियां – भारत के बाहर वित्तीय संस्थाएं*

वर्ष के दौरान रेपो लेनदेन की मात्रा में वृद्धि के कारण, इस शीर्ष के तहत शेष राशि 31 मार्च 2023 को ₹1,02,207.19 करोड़ से 60.02 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹1,63,548.81 करोड़ हो गई।

डी. *जमाराशियां - अन्य*

'जमाराशियां - अन्य' में भारतीय रिज़र्व बैंक कर्मचारी भविष्य निधि के प्रशासकों की जमाराशियां, जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता निधि (डीईए निधि) की जमाराशियां, विदेशी केंद्रीय बैंकों, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, चिकित्सा सहायता निधि (एमएएफ), पीआईडीएफ, रिवर्स रेपो के अंतर्गत बकाया राशियां, एसडीएफ आदि शामिल होते हैं। मुख्य रूप से रिवर्स रेपो जमाराशियों में वृद्धि के कारण, 'जमाराशियां-अन्य' 31 मार्च 2023 को ₹3,16,489.64 करोड़ से 66.13 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹5,25,798.26 करोड़ हो गई।

XII.6.5 जोखिम प्रावधान

रिज़र्व बैंक आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 47 के अनुसार जोखिम प्रावधान करता है। रिज़र्व बैंक द्वारा बनाए गए जोखिम प्रावधानों में आकस्मिकता निधि (सीएफ) और आस्ति विकास निधि (एडीएफ) शामिल हैं। पूंजी और आरक्षित निधि के साथ ये जोखिम प्रावधान, रिज़र्व बैंक द्वारा अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे[1] (ईसीएफ) के तहत रिज़र्व बैंक की उपलब्ध वास्तविक इक्विटी (एआरई) के घटक हैं। पूंजी और आरक्षित निधि का विवरण पिछले पैराग्राफ में दिया गया है। दो जोखिम प्रावधानों का विवरण निम्नानुसार है:

ए. *आकस्मिकता निधि (सीएफ)*

यह एक विशिष्ट प्रावधान है जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित और अनदेखी आकस्मिकताओं से निपटना है, जिसमें प्रतिभूतियों का मूल्यह्रास, मौद्रिक/विनिमय दर नीतिगत परिचालन से उत्पन्न जोखिम, प्रणालीगत जोखिम और रिज़र्व बैंक को सौंपी गई विशेष जिम्मेदारियों के कारण उत्पन्न होने वाला कोई भी जोखिम शामिल है। 31 मार्च, 2024 तक, आईआरए -एफ़एस और आईआरए -आरएस

[1] भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा आर्थिक पूंजी ढांचे की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर, ईसीएफ को अगस्त 2019 में रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड द्वारा अपनाया गया था।

में डेबिट बैलेंस के कारण क्रमशः ₹1,43,220.82 करोड़ और ₹7,090.29 करोड़ की राशि सीएफ़ पर चार्ज की गई थी। अगले लेखा वर्ष के पहले कार्य दिवस पर सीएफ़ पर प्रभार प्रत्यावर्तित किया जाता है। इसके अलावा, उपलब्ध प्राप्त इक्विटी (एवेलेबल रियलाइज़्ड इक्विटी) को तुलन पत्र के आकार के 6.50 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखने के लिए सीएफ के लिए ₹42,819.9 करोड़ की राशि भी प्रदान की गई। तदनुसार, 31 मार्च 2024 तक सीएफ में शेष राशि ₹4,28,621.03 करोड़ थी, जबकि 31 मार्च 2023 को यह ₹3,51,205.69 करोड़ थी।

बी. *आस्ति विकास निधि (एडीएफ़)*

आस्ति विकास निधि (एसेट डेवलेपमेंट फंड) 1997-98 में बनाया गया और उसकी शेष राशि विशेष रूप से सहायक कंपनियों और सहयोगी संस्थानों में निवेश और आंतरिक पूंजीगत व्यय को पूरा करने के लिए आज तक किए गए प्रावधान को दर्शाती है। वर्ष 2023-24 में एडीएफ़ के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। 31 मार्च 2023 की तरह, 31 मार्च 2024 तक एडीएफ़ की शेष राशि ₹22,974.68 करोड़ बनी रही (सारणी XII.2)।

XII.6.6 पुनर्मूल्यन खाते

अप्राप्त बाजार मूल्य पर अंकित लाभ/हानि पुनर्मूल्यन शीर्षों *जैसे कि* मुद्रा और स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए), निवेश पुनर्मूल्यन खाते (आईआरए) और विदेशी मुद्रा वायदा संविदा मूल्यन खाता (एफ़सीवीए) में दर्ज किए जाते हैं। इनका विवरण यहाँ दिया गया है:

ए . *मुद्रा और स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए)*

रिज़र्व बैंक के सामने आने वाले बाज़ार जोखिम के प्रमुख स्रोत मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम और स्वर्ण की कीमतों में उतार-चढ़ाव हैं। विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफ़सीए) और स्वर्ण के मूल्यन पर अप्राप्त लाभ/हानि को आय खाते में दर्ज न करके सीजीआरए में दर्ज किया जाता है। इसलिए, सीजीआरए में निवल शेष, आस्ति आधार के आकार, उसके मूल्यन और विनिमय दरों और स्वर्ण की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ परिवर्तित होता रहता है। सीजीआरए विनिमय दर/ स्वर्ण की कीमत में उतार-चढ़ाव के खिलाफ एक बफर प्रदान करता है। अगर रुपया अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में महंगा होता है या स्वर्ण की कीमतों में गिरावट आती है तो यह दबाव में आ सकता है। जब सीजीआरए विनिमय घाटे को पूरी तरह से

सारणी XII.2: पूंजी, आरक्षित निधि और जोखिम प्रावधानों में संतुलन (उपलब्ध वास्तविक इक्विटी)

(₹ करोड़)

को स्थिति	पूंजी	आरक्षित निधि	सीएफ	एडीएफ	एआरई	तुलन पत्र के प्रतिशत के रूप में एआरई
1	2	3	4	5	6 = (2+3+4+5)	7
जून 30, 2020	5.00	6,500.00	2,64,033.94	22,874.68	2,93,413.62	5.50
मार्च 31, 2021	5.00	6,500.00	2,84,542.12@	22,874.68	3,13,921.80	5.50
मार्च 31, 2022	5.00	6,500.00	3,10,986.94$	22,974.68$$	3,40,466.62	5.50
मार्च 31, 2023	5.00	6,500.00	3,51,205.69*	22,974.68	3,80,685.37	6.00
मार्च 31, 2024	5.00	6,500.00	4,28,621.03^	22,974.68	4,58,100.71	6.50

@ : सीएफ में वृद्धि ₹20,710.12 करोड़ के प्रावधान और एफसीवीए में ₹6,127.35 करोड़ की राशि के नामे शेष पर प्रभार लगाने का निवल प्रभाव है।

$: सीएफ में वृद्धि ₹1,14,567.01 करोड़ के प्रावधान और आईआरए-एफएस में ₹94,249.54 करोड़ की राशि के नामे शेष पर प्रभार लगाने का निवल प्रभाव है।

$$: एडीएफ में वृद्धि आरबीआईएच में निवेश के कारण ₹100 करोड़ के प्रावधान से है।

* : सीएफ़ में वृद्धि ₹1,30,875.75 करोड़ के प्रावधान और आईआरए-एफ़एस तथा आईआरए-आरएस में क्रमशः ₹1,65,488.93 करोड़ और ₹19,417.61 करोड़ राशि के नामे शेष पर प्रभार लगाने का निवल प्रभाव है।।

^ : सीएफ में वृद्धि ₹42,819.91 करोड़ के प्रावधान और आईआरए-एफएस और आईआरए-आरएस में क्रमशः ₹1,43,220.82 करोड़ और ₹7,090.29 करोड़ के नामे शेष राशि पर प्रभार लगाने का निवल प्रभाव है।

पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होता है, तो इसकी भरपाई सीएफ़ से की जाती है।

बी. *निवेश पुनर्मूल्यन खाता-विदेशी प्रतिभूतियाँ (आईआरए-एफ़एस)*

विदेशी दिनांकित प्रतिभूतियों को दैनिक आधार पर बाजार मूल्य पर अंकित किया जाता है और उनसे होने वाले अप्राप्त लाभ/हानि को आईआरए -एफ़एस में अंतरित किया जाता है। लगभग सभी प्रमुख बाजारों की परिपक्वता अवधि के प्रतिफल में नरमी के कारण, आईआरए-एफ़एस में शेष राशि 31 मार्च, 2023 के ₹ (-)1,65,488.93 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹ (-)1,43,220.82 करोड़ हो गई। मौजूदा नीति के अनुसार, आईआरए -एफ़एस में ₹1,43,220.82 करोड़ की नामे शेष राशि को 31 मार्च, 2024 को सीएफ़ के साथ समायोजित किया गया जिसे अगले लेखा वर्ष के पहले कार्य दिवस पर प्रत्यावर्तित किया गया। तदनुसार, 31 मार्च, 2024 तक आईआरए-एफ़एस में शेष राशि शून्य रही।

सी. *निवेश पुनर्मूल्यन खाता-रुपया प्रतिभूतियां (आईआरए-आरएस)*

बैंकिंग विभाग की आस्तियों के रूप में रखी गयी रुपया प्रतिभूतियां और तेल बॉण्ड (महत्वपूर्ण लेखांकन नीति के तहत उल्लिखित अपवादों के साथ) को शुक्रवार को समाप्त होने वाले प्रत्येक सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन और प्रत्येक माह के अंतिम कारोबारी दिन में बाजार मूल्य पर अंकित किया जाता है और उससे होने वाले अप्राप्त लाभ/हानि का लेखा आईआरए -आरएस में किया जाता है। आईआरए-आरएस में शेष राशि 31 मार्च, 2023 को ₹(-)19,417.61 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹ (-)7,090.29 करोड़ हो गई, जिसका कारण वक्र पर प्रतिफल में नरमी का आना था। मौजूदा नीति के अनुसार, आईआरए -आरएस में ₹ 7,090.29 करोड़ की नामे शेष राशि 31 मार्च, 2024 को सीएफ़ के सामने समायोजित की गई जिसे अगले लेखा वर्ष के पहले कार्य दिवस पर प्रत्यावर्तित किया गया। तदनुसार, 31 मार्च, 2024 को आईआरए-आरएस में शेष राशि शून्य थी।

डी. *विदेशी मुद्रा वायदा संविदा मूल्यन खाता (एफसीवीए)*

31 मार्च, 2023 तक ₹1,354.96 करोड़ के निवल अप्राप्त लाभ की तुलना में 31 मार्च, 2024 तक बकाया वायदा संविदा को बाजार मूल्य पर अंकित करने के परिणामस्वरूप, ₹170.37 करोड़ का निवल अप्राप्त लाभ हुआ, जिसे वायदा संविदा के पुनर्मूल्यन खाते (आरएफसीए) में प्रतिपक्षी नामे के साथ एफसीवीए में जमा किया गया।

XII.6.7 अन्य देयताएं

'अन्य देयताएं' 31 मार्च, 2023 के ₹1,35,282.86 करोड़ से 92.57 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 तक ₹2,60,520.73 करोड़ हो गई, जिसका मुख्य कारण केंद्र सरकार को देय अधिशेष में वृद्धि है।

i. वायदा संविदा मूल्यन खाते (पीएफसीवीए) के लिए प्रावधान

31 मार्च 2024 के साथ-साथ 31 मार्च 2023 को भी इस खाते में शेष राशि शून्य थी।

पिछले पांच वर्षों के पुनर्मूल्यन खातों और पीएफसीवीए में शेष राशि सारणी XII.3 में दी गई है।

ii. देयताओं के लिए प्रावधान

यह वर्ष के अंत में किए गए व्यय जिनका भुगतान नहीं किया गया है और यदि अग्रिम/देय प्राप्त आय हो तो उसके लिए किए गए प्रावधान को दर्शाता है। इस मद के अंतर्गत शेष राशि 31 मार्च, 2023 को ₹3,665.97 करोड़ से 31.67 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹4,827.02 करोड़ हो गई।

सारणी XII.3: मुद्रा और स्वर्ण पुनर्मूल्यन खाता (सीजीआरए में बकाया), निवेश पुनर्मूल्यन खाता-विदेशी प्रतिभूतियां (आईआरए-एफ़एस), निवेश पुनर्मूल्यन खाता-रुपया प्रतिभूतियां (आईआरए-आरएस), विदेशी मुद्रा वायदा संविदा मूल्यन खाता (एफ़सीवीए) और वायदा संविदा मूल्यन खाते के लिए प्रावधान (पीएफ़सीवीए) में शेष राशि

(₹ करोड़)

निम्नलिखित तिथि को	सीजीआरए	आईआरए-एफएस	आईआरए-आरएस	एफसीवीए	पीएफसीवीए
1	2	3	4	5	6
30 जून 2020	9,77,141.23	53,833.99	93,415.50	0.00	5,925.41
31 मार्च 2021	8,58,877.53	8,853.67	56,723.79	0.00	6,127.35
31 मार्च, 2022	9,13,389.29	0.00	18,577.81	2,576.90	0.00
31 मार्च, 2023	11,24,733.16	0.00	0.00	1,354.96	0.00
31 मार्च, 2024	11,30,793.34	0.00	0.00	170.37	0.00

iii. केंद्र सरकार को देय अधिशेष

आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 47 के तहत अशोध्य और संदिग्ध कर्जों, आस्तियों में मूल्यह्रास, कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति निधियों में योगदान और उन सभी मामलों के लिए जिनके लिए अधिनियम द्वारा या उसके तहत प्रावधान किए जाने हैं या जो आमतौर पर बैंकरों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, उसके लिए प्रावधान करने के बाद, रिज़र्व बैंक के मुनाफे का शेष केंद्र सरकार को भुगतान किया जाना है। आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 48 के तहत, रिज़र्व बैंक अपनी किसी भी आय, लाभ या लाभ पर आयकर या सुपर टैक्स का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है। तदनुसार, सीएफ के लिए प्रावधान और चार सांविधिक निधियों में ₹4 करोड़ के योगदान सहित व्यय को समायोजित करने के बाद, वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को देय अधिशेष ₹2,10,873.99 करोड़ था (पिछले वर्ष के ₹424.07 करोड़ के मुकाबले ₹291.42 करोड़ सहित, विशेष प्रतिभूतियों को विपणन योग्य प्रतिभूतियों में परिवर्तित करने के परिणामस्वरूप सरकार द्वारा वहन किए गए ब्याज व्यय के अंतर के लिए देय)।

iv. देय बिल

रिज़र्व बैंक अपने घटकों को डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) और भुगतान आदेश (पीओ) (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तंत्र के अलावा) जारी करके प्रेषण की सुविधाएं प्रदान करता है। इस मद के अंतर्गत शेष राशि दावा न किए गए डीडी/पीओ को दर्शाती है। इस मद के अंतर्गत बकाया राशि 31 मार्च, 2023 को ₹0.11 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹11.35 करोड़ हो गई।

v. विविध

यह एक अवशिष्ट शीर्ष है, जिसमें निर्धारित प्रतिभूतियों पर अर्जित ब्याज, अवकाश नकदीकरण के कारण देय राशि, कर्मचारियों के लिए चिकित्सा प्रावधान, वैश्विक प्रावधान आदि जैसी मदें शामिल हैं। इस शीर्ष के अंतर्गत शेष राशि 31 मार्च 2023 को ₹13,308.32 करोड़ से घटकर 31 मार्च 2024 को ₹11,487.00 करोड़ हो गई।

XII.6.8 निर्गम विभाग की देयताएं-जारी किए गए नोट

निर्गम विभाग की देयताएं प्रचलन में मौजूद मुद्रा नोटों की मात्रा को दर्शाती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 34(1) के अनुसार, 1 अप्रैल, 1935 से भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सभी बैंक नोट और भारतीय रिज़र्व बैंक के परिचालन शुरू होने से पहले भारत सरकार द्वारा जारी सभी मुद्रा नोट निर्गम विभाग की देयताओं का हिस्सा होंगे। 31 मार्च, 2023 को जारी किए गए नोट ₹33,48,244.67 करोड़ से 3.88 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹34,78,039.50

करोड़[2] हो गए। डिजिटल रूप में संचलन में बैंक नोटों का मूल्य यानी ई-थोक (ई₹-डब्ल्यू) और ई-खुदरा (ई₹-आर) 31 मार्च, 2024 को क्रमशः ₹0.08 करोड़ और ₹234.04 करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च, 2023 को यह क्रमशः ₹10.69 करोड़ और ₹5.70 करोड़ था।

पहले, 30 जून 2018 तक भुगतान न किए गए विनिर्दिष्ट बैंक नोटों (एसबीएन) के मूल्य का प्रतिनिधित्व करनेवाली ₹10,719.37 करोड़ की राशि, 'अन्य देयताओं' में स्थानांतरित कर दी गई। रिज़र्व बैंक ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान पात्र निविदाकारों को एसबीएन के विनिमय मूल्य के लिए ₹5.93 करोड़ तक का भुगतान किया है और इस शीर्ष के लिए किया गया संचयी भुगतान ₹36.14 करोड़ रहा।

XII.7 रिज़र्व बैंक की आस्तियां

XII.7.1 बैंकिंग विभाग की आस्तियां

i) नोट, रुपया सिक्का, छोटा सिक्का

यह मद बैंक नोटों, एक रुपये के नोटों, ₹1, 2, 5, 10 और 20 रुपये के सिक्कों और छोटे सिक्कों से संबंधित है जो रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित बैंकिंग कार्यों की दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रखे जाते हैं। 31 मार्च 2024 को यह शेष राशि ₹10.13 करोड़ थी, जो 31 मार्च 2023 को ₹9.50 करोड़ थी।

ii) स्वर्ण-बैंकिंग विभाग (बीडी)

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार रिज़र्व बैंक के पास कुल स्वर्ण 822.10 मीट्रिक टन था, जबकि 31 मार्च 2023 को यह 794.63 मीट्रिक टन था। यह वृद्धि वर्ष के दौरान स्वर्ण में 27.47 मीट्रिक टन की अतिरिक्त बढ़ोतरी के कारण हुई।

सारणी XII.4: स्वर्ण की भौतिक धारिता

	31 मार्च 2023 तक	31 मार्च 2024 तक
	मीट्रिक टन में मात्रा	मीट्रिक टन में मात्रा
1	2	3
जारी किए गए नोटों के समर्थन के रूप में रखा गया स्वर्ण (भारत में रखा हुआ)	301.09	308.03
बैंकिंग विभाग की आस्ति के रूप में रखा गया स्वर्ण (स्वर्ण जमा सहित) (विदेश में रखे हुए स्वर्ण सहित)	493.54	514.07#
कुल	**794.63**	**822.10**

#: 100.28 मीट्रिक टन भारत में और 413.79 मीट्रिक टन विदेश में रखा गया।

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार 822.10 मीट्रिक टन में से 308.03 मीट्रिक टन स्वर्ण जारी नोटों के बदले में रखा गया है जो 31 मार्च 2023 को 301.09 मीट्रिक टन था और इसे निर्गम विभाग की आस्तियों के रूप में अलग से दर्शाया गया है। शेष स्वर्ण को बैंकिंग विभाग की आस्तियां माना जाता है जो 31 मार्च 2023 के 493.54 मीट्रिक टन की तुलना में 31 मार्च 2024 को 514.07 मीट्रिक टन था (सारणी XII.4)।

बैंकिंग विभाग की आस्ति के रूप में रखे गए स्वर्ण (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च 2023 के ₹2,30,733.95 करोड़ से 19.06 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹2,74,714.27 करोड़ हो गया। यह वृद्धि 20.53 मीट्रिक टन स्वर्ण की बढ़ोतरी होने, स्वर्ण की कीमत में वृद्धि और अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपये के अवमूल्यन के कारण हुई।

iii) क्रय किए और भुनाए गए बिल

यद्यपि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बिलों को खरीद और भुना सकता है, लेकिन 2023-24 में ऐसी कोई गतिविधि नहीं की गई। अत:, 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार रिज़र्व बैंक के बही-खातों में ऐसी कोई आस्ति नहीं थी।

[2] इसमें भौतिक और डिजिटल रूप में बैंक नोट शामिल हैं।

iv) **निवेश-विदेशी-बैंकिंग विभाग (बीडी)**

रिज़र्व बैंक की विदेशी मुद्रा (एफसीए) इस प्रकार हैं: (i) अन्य केंद्रीय बैंकों में रखी जमाराशियां; (ii) अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) के पास रखी जमाराशियां; (iii) विदेशों में स्थित वाणिज्यिक बैंकों में रखी जमाराशियां; (iv) विदेशी टी-बिलों और प्रतिभूतियों में निवेश; एवं (v) भारत सरकार (जीओआई) से प्राप्त विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर)।

एफसीए को तुलन पत्र में दो प्रमुखों मदों के तहत दर्शाया गया है: (ए) 'निवेश-विदेशी-बीडी' को बैंकिंग विभाग की आस्तियों के रूप में दिखाया गया है और (बी) 'निवेश-विदेशी-आईडी' को निर्गम विभाग की आस्तियों के रूप में दिखाया गया है।

'निवेश-विदेशी आईडी' एफसीए हैं, जो आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 33 (6) के अनुसार पात्र हैं, जिनका उपयोग जारी किए गए नोटों के समर्थन के लिए किया जाता है। एफसीए का शेष हिस्सा 'निवेश-विदेशी-बीडी' है।

एफसीए की पिछले दो वर्षों की स्थिति सारणी XII.5 में दी गई है।

V) **निवेश-घरेलू-बैंकिंग विभाग (बीडी)**

इस निवेश में दिनांकित सरकारी रुपया प्रतिभूतियां, राज्य सरकार की प्रतिभूतियां और विशेष तेल बॉण्ड शामिल हैं। रिज़र्व बैंक की घरेलू प्रतिभूतियों की धारिता, जो 31 मार्च 2023 को ₹14,06,422.89 करोड़ थी, 3.06 प्रतिशत घटकर 31 मार्च 2024 को ₹13,63,368.97 करोड़ हो गई। यह गिरावट मुख्य रूप से चलनिधि प्रबंधन परिचालन हेतु सरकारी प्रतिभूतियों की निवल बिक्री और निवेश सूची में धारित प्रतिभूतियों के मोचन के कारण आई।

सारणी XII.5: विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) का विवरण

(₹ करोड़)

विवरण		31 मार्च तक	
		2023	2024
1		2	3
I	निवेश-विदेशी-बीडी*	10,08,993.26	14,89,081.42
II	निवेश-विदेशी-आईडी	32,07,201.78	33,12,976.05
कुल		**42,16,195.04**	**48,02,057.47**

*: इसमें बीआईएस और सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फिनान्शियल टेलीकम्यूनिकेशन्स (स्विफ्ट) और भारत सरकार द्वारा हस्तांतरित एसडीआर शामिल हैं, जिनका मूल्य 31 मार्च 2024 को ₹12,553.70 करोड़ रुपये था जबकि 31 मार्च 2023 को यह राशि ₹12,096.82 करोड़ थी।

टिप्पणी:
1. रिज़र्व बैंक आईएमएफ की 'उधार लेने की नई व्यवस्था' (एनएबी) के तहत संसाधन उपलब्ध कराने पर सहमत हो गया है। 01 जनवरी 2021 से एनएबी के तहत भारत की प्रतिबद्धता एसडीआर 8.88 बिलियन (₹98,080.69 करोड़ / 11.76 बिलियन अमेरिकी डॉलर) है। 31 मार्च 2024 तक एनएबी के तहत बकाया कोई निवेश नहीं है।
2. रिज़र्व बैंक, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (यूके) लिमिटेड द्वारा जारी बॉण्ड में निवेश के लिए सहमत हो गया है, तथापि समग्र रूप से यह राशि 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर (₹41,701.05 करोड़) से अधिक नहीं हो। 31 मार्च 2024 तक रिज़र्व बैंक ने ऐसे बॉण्ड में 0.93 बिलियन अमेरिकी डॉलर (₹7,773.08 करोड़) का निवेश किया है।
3. वर्ष 2013-14 के दौरान, रिज़र्व बैंक और भारत सरकार ने चरणबद्ध तरीके से एसडीआर धारिता को भारत सरकार से आरबीआई को हस्तांतरित करने के लिए एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। 31 मार्च 2024 तक 1.11 बिलियन (₹12,225.23 करोड़ / 1.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य का एसडीआर रिज़र्व बैंक के पास था।
4. क्षेत्रीय वित्तीय और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने की दृष्टि से, रिज़र्व बैंक सार्क सदस्य देशों को सार्क स्वैप व्यवस्था के तहत विदेशी मुद्रा और भारतीय रुपये, दोनों में 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि देने के लिए सहमत हो गया है। 31 मार्च 2024 तक सार्क और एसीयू मुद्रा विनिमय व्यवस्था के तहत उधार दी गई राशि 2.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर (₹20,214.68 करोड़) थी।
5. पुनर्खरीद और आईआरएफ लेनदेन में संपार्श्विक और मार्जिन के रूप में दर्शायी गई विदेशी प्रतिभूतियों का नाममात्र मूल्य 31 मार्च 2024 तक ₹ 1,62,047.22 करोड़/ 19.43 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और प्रतिवर्ती पुनर्खरीद लेनदेन के तहत प्राप्त प्रतिभूतियों का नाममात्र मूल्य ₹1,76,406.05 करोड़ / 21.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
6. 31 मार्च 2024 को प्रतिभूति उधार देने की व्यवस्था के तहत उधार दी गई विदेशी प्रतिभूतियों का नाममात्र मूल्य ₹81,283.23 करोड़ / 9.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

निवेश-घरेलू-बीडी का एक हिस्सा विभिन्न स्टाफ फंड, डीईए फंड और पीआईडीएफ के लिए भी निर्धारित किया गया है जैसा कि पैरा 2.5 (डी) में बताया गया है। 31 मार्च 2024 तक, विभिन्न स्टाफ फंड और डीईए फंड के लिए ₹1,19,173 करोड़ (अंकित मूल्य) निर्धारित किए गए थे।

vi) **ऋण और अग्रिम**

ए) केंद्र और राज्य सरकारें

ये ऋण भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(5) के तहत केंद्र सरकार को अर्थोपाय अग्रिम (डब्ल्यूएमए) और ओवरड्राफ्ट (ओडी) के रूप में और राज्य सरकारों को डब्ल्यूएमए, ओडी और विशेष आहरण सुविधा (एसडीएफ) के रूप में दिए जाते हैं। केंद्र सरकार के मामले में डब्ल्यूएमए सीमा समय-समय पर भारत सरकार के परामर्श से निर्धारित की जाती है और राज्य सरकारों के मामले में इस प्रयोजनार्थ गठित सलाहकार समिति/समूह की सिफारिशों के आधार पर अलग-अलग राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए सीमा निर्धारित की जाती है। 31 मार्च 2023 तक केंद्र सरकार की डब्ल्यूएमए के तहत बकाया ऋण राशि ₹48,677.00 करोड़ थी, जबकि 31 मार्च 2024 को यह राशि शून्य थी। राज्य सरकारों को दिया गया ऋण और अग्रिम 31 मार्च 2023 को ₹791.72 करोड़ था जो बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹6,599.94 करोड़ गया।

बी) *वाणिज्यिक, सहकारी बैंकों, नाबार्ड और अन्य को ऋण और अग्रिम*

- *वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों को ऋण और अग्रिम:* इनमें चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) और बैंकों को विशेष चलनिधि सुविधा के तहत बकाया रेपो राशि शामिल है। वर्ष के दौरान प्रणालीगत चलनिधि कम रहने की वजह से एलएएफ के तहत और बैंकिंग प्रणाली में प्रणालीगत चलनिधि अस्थिर रहने से एमएसएफ के तहत बैंकों द्वारा लिए गए ऋण में वृद्धि के कारण बकाया राशि, जो 31 मार्च 2023 को ₹1,12,731.34 करोड़ थी, बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹1,93,341.00 करोड़ हो गई।

- *नाबार्ड को ऋण और अग्रिम:*

  रिज़र्व बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (4ई) के तहत नाबार्ड को ऋण दे सकता है। 31 मार्च 2023 के साथ-साथ 31 मार्च 2024 को कोई ऋण और अग्रिम बकाया नहीं था और तदनुसार इस खाते में शेष राशि 'शून्य' थी।

- *अन्य को ऋण और अग्रिम:*

  इस मद के तहत शेष राशि राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) को ऋण और अग्रिम और प्राथमिक व्यापारियों (पीडी) को प्रदान की गई चलनिधि सहायता से संबंधित है। इस मद में बकाया राशि 31 मार्च 2023 के ₹24,485.36 करोड़ से 49.37 प्रतिशत घटकर 31 मार्च 2024 को ₹12,397.51 करोड़ हो गई, जिसका मुख्य कारण 31 मार्च 2024 तक वित्तीय संस्थानों द्वारा चलनिधि सुविधा सहायता के अंतर्गत कम ऋण लिया जाना है।

सी) *भारत के बाहर वित्तीय संस्थाओं को ऋण और अग्रिम*

वर्ष के दौरान रिवर्स रेपो लेनदेन की मात्रा में वृद्धि के कारण इस मद के तहत शेष 31 मार्च 2023

के ₹1,02,128.11 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 को ₹1,63,255.04 करोड़ हो गया।

vii) **सहायक कंपनियों/सहयोगी संस्थानों में निवेश**

31 मार्च 2023 और 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार सहायक कंपनियों/सहयोगी संस्थानों में निवेश की तुलनात्मक स्थिति सारणी XII.6 में दी गई है। 31 मार्च 2024 को कुल धारित राशि ₹2,063.60 करोड़ थी। समान राशि 31 मार्च 2023 को भी थी।

viii) **अन्य आस्तियां**

'अन्य आस्तियों' में अचल आस्तियां (मूल्यह्रास का निवल), अर्जित आय, स्वैप परिशोधन खाता (एसएए), वायदा संविदा खाते का पुनर्मूल्यन (आरएफसीए) और विविध आस्तियां शामिल हैं। विविध आस्तियों में मुख्य रूप से कर्मचारियों को दिए गए ऋण और अग्रिम, पूरा होने के लिए लंबित परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि, भुगतान की गई सुरक्षा जमाराशि आदि शामिल हैं। 'अन्य आस्तियों' के तहत बकाया राशि, जो 31 मार्च 2023 को ₹59,474.84 करोड़ थी, 9.01 प्रतिशत बढ़ कर 31 मार्च 2024 को ₹64,831.83 करोड़ हो गई।

ए. स्वैप परिशोधन खाता (एसएए)

31 मार्च 2024 और 31 मार्च 2023 को एसएए में शेष राशि शून्य थी क्योंकि स्वैप की कोई बकाया संविदा नहीं थी जो बाजार से अलग रेपो दर पर हो।

बी. वायदा संविदा खाते का पुनर्मूल्यन (आरएफ़सीए)

आरएफसीए में शेष राशि 31 मार्च 2024 को ₹170.37 करोड़ थी, जो 31 मार्च 2023 की ₹1,354,96 करोड़ की बकाया वायदा संविदा पर निवल बाज़ार अंकित लाभ को दर्शाती है।

XII.7.2 निर्गम विभाग की आस्तियां

जारी किए गए नोटों को समर्थन प्रदान करने के लिए निर्गम विभाग द्वारा धारित पात्र आस्तियों में स्वर्ण के सिक्के, स्वर्ण के बुलियन, विदेशी प्रतिभूतियां, रुपया सिक्का, रुपया प्रतिभूतियां और देशी विनिमय बिल तथा अन्य वाणिज्यिक पत्र शामिल किए जाते हैं। रिज़र्व बैंक के पास 822.10 मीट्रिक टन स्वर्ण है जिसमें से 308.03 मीट्रिक टन 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार जारी किए गए नोटों के समर्थन के रूप में रखा गया है (सारणी XII.4)। निर्गम विभाग की आस्ति के रूप में धारित स्वर्ण का मूल्य 31

सारणी XII.6: सहायक कंपनियों/सहयोगी संस्थाओं में धारित राशि

(₹ करोड़)

		2022-23	2023-24	31 मार्च 2024 तक धारित राशि प्रतिशत में
1		2	3	4
ए)	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी)	50.00	50.00	100
बी)	भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल)	1,800.00	1,800.00	100
सी)	रिज़र्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी (पी) लिमिटेड (आरईबीआईटी)	50.00	50.00	100
डी)	राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफ़ई)	30.00	30.00	30
ई)	भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाएं (आईएफटीएएस)	33.60	33.60	100
एफ़)	रिज़र्व बैंक नवोन्मेष हब (आरबीआईएच)	100.00	100.00	100
कुल		**2,063.60**	**2,063.60**	

मार्च, 2023 के ₹1,40,765.60 करोड़ से 16.94 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च,2024 को ₹1,64,604.91 करोड़ हो गया।

वर्ष के दौरान स्वर्ण के मूल्य में यह वृद्धि स्वर्ण की मात्रा में 6.94 मीट्रिक टन की वृद्धि, स्वर्ण की कीमत में वृद्धि और यूएस डालर की तुलना में रुपये के अवमूल्यन के कारण हुई है।

निर्गमित नोटों में वृद्धि के परिणामस्वरूप, इसके समर्थन में रखा गया निवेश-विदेशी-आईडी 31 मार्च, 2023 के ₹32,07,201.78 करोड़ से 3.30 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2024 को ₹33,12,976.05 करोड़ हो गया।

